वेद पुराण,उपनिषद् रामायण,महाभारत आदि में प्राप्त हुए वर्णन से इस नगरी की प्राचीनता विशिष्टता तथा श्रेष्ठता स्वयं ही सिद्ध हो जाती है। महर्षि व्यास जैसे विद्धानें का यहां रहना और पुराण जैसे महनीय साहित्यकी रचना करना कोई साधारण बात नही है अपितु इस नगरी की अपनी कुछ ऐसी विशेषताएं रही होगी जिनसे प्रभावित हो महर्षि यहाँ निवास किया तथा पुराण आदि की रचना की। न केवल ऋषि,महर्षि अपितु परवर्ती विद्वानों ने भी यहां रह कर पर्याप्त साहित्य सृजन किया तथा अपनी कृतियों में इस नगरी की विशिष्टताओं को भी उल्लिखित किया । श्रीहर्ष जैसे महाकवि भी इस नगरी से प्रभावित हुए तथा यहां रहकर स्वयं को गौरवान्वित महसुस करते हुए काशी नरेश से दो पान तथा आसन प्राप्त करने का उल्लेख अपने महाकाव्य में किया। वाराणसी को मोक्षपूरी कहकर कवियों ने इसकी महिमा को और अधिक बढ़ा दिया। काशी में साहित्य सृजन की परम्परा तथा संस्कृत साहित्य में काशी के वर्णन की परम्परा यही समाप्त नही होती अपितु वर्तमान काल मे भी इसी गति से चल रही है। प्रो0 रेवाप्रसाद द्विवेदी, प्रो0 शिवजी उपाध्याय इस परम्पराको आगे बढाने वाले विद्वानों के जीवन्त उदाहरण कहे जा सकते है।

सन्दर्भ सूची

1 बुद्वचरित, 15/10

2 अथर्ववेद 5/22/14

3 संस्कृत वांगमय का बृहद् इतिहास,बलदेव उपाध्याय प्रथम खण्ड पृ0सं0540

4 पद्मपुराण,1/33/38

5 मत्स्यपुराण, 185/15–16

6 बाल्मीकि रामायण, बालकाण्ड 13/23

7 बाल्मीकि रामायण, बालकाण्ड 10/37–38

8 बाल्मीकि रामायण, उत्तरकाण्ड 38/18

9 काशी की पाडित्य परम्परा,बलदेव उपाध्याय पृ0सं0 6

10 महाभारत ,वनपर्व 84/78–79

11 काशी खण्ड,62/84

12 काशी की पाडित्य परम्परा,बलदेव उपाध्याय पृ0सं0 6

13 महाभारत ,आदिपर्व 102/56,64–65

14 प्राचीन भारत का राजनैतिक तथा सांस्कृतिक इतिहास पृ0सं0 245

15 काशी की पाडित्य परम्परा,बलदेव उपाध्याय पृ0सं0 7

16 काशी की पाडित्य परम्परा,बलदेव उपाध्याय पृ0सं0 7

17 बुद्वचरित, 15/10

18 काशी की पाडित्य परम्परा,बलदेव उपाध्याय पृ0सं0 7

19 बुद्वचरित, 15/19

20 बुद्वचरित, 15/18

21 काशी की पाडित्य परम्परा,बलदेव उपाध्याय पृ0सं0 9

22 काशी की पाडित्य परम्परा,बलदेव उपाध्याय पृ0सं0 9

23 नैषधीयचरितम् 22/153

24 नैषधीयचरितम् 11/113

25 नैषधीयचरितम् 11/114

26 नैषधीयचरितम् 11/116

27 नैषधीयचरितम् 11/117

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# योगविद्या के प्रमुख दार्शनिक तत्त्वों का वैदिक संदर्भ

**डॉ0 राजेश सरकार**
एसो0प्रो0 संस्कृत
विभाग–संस्कृत,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

योग एक महत्त्वपूर्ण भारतीय विद्या है। इस विद्या का मूल स्त्रोत वैदिक वाङ्मय में दृष्टिगोचर होता है। योगविद्या शरीर तथा मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ बनाने वाली तथा दुःखनिवृत्ति करने वाली है।[1] योगविद्या प्रत्येक आश्रम के प्रत्येक पुरुष के लिए उपयोगी है। यह विद्या उपनयन संस्कार के साथ प्रारंभ हो जाती है तथा सन्यासपर्यन्त चलने वाली विद्या है। यह विद्या सहयोग की भावना, समन्वय की भावना, नैतिकता की वृद्धि करने वाली, आत्मिक एवं मानसिक शान्ति बढ़ाने वाली एवं भारतदेश को जगद्गुरू की पद्वी देने वाली सर्वोत्तम विद्या है। योगयुक्त पुरुष समस्त पदार्थों में आत्मा का निवास देखता है, उसे संसार की वास्तविक एकता का ज्ञान हो जाता है और वह समदर्शी हो जाता है। यही योगविद्या की उपादेयता है।

वेदों में योगमूलक अनेक ऋचाएँ प्राप्त होते हैं जिनका अर्थ सहित सन्दर्भ यहाँ चिन्तन हेतु प्रस्तुत है–

''यस्मादृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चन। स धीनां योगमिन्वति।।[2]

ऋचा के अनुसार योग शब्द का अर्थ संयोग या जुड़ना है। जिस देव के बिना ज्ञानी, विद्वान, योगी का जीवन रूपी यज्ञ सिद्ध नहीं होता। उस देव में ज्ञानियों को अपनी बुद्धि एवं कर्मों का योग करना चाहिए।

अभ्युदय तथा निःश्रेयस की प्राप्ति के लिए मन की एकाग्रता रूप योग की परम आवश्यकता है। वेदों में परमेश्वर से पवित्र मन की कामना भी की गयी है।

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदुसुप्तस्य तथैवेति।
दूरंगमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।।[3]

यजुर्वेद का यह मन्त्र भी मन को सर्वप्रथम परमेश्वर में युक्त करने की प्रेरणा देता है–

''युंजानः प्रथमं मनस्तत्वाय सविता धियम्''[4]

अर्थात् तत्त्वज्ञान के लिए मनुष्य अपने मन को पहले परमेश्वर से युक्त करते हैं, तब परमेश्वर उनकी बुद्धि को अपनी कृपा से अपने में युक्त कर लेता है, जिससे वे परमेश्वर के प्रकाश का यथावत् धारण कर आनन्द की अनुभूति करते हैं। यही वास्तविक योग है। परमात्मा से अपनी आत्मा को जोड़ना ही योग है।

---

1 योगो भवति दुःखहा – गीता 6/17
2 ऋ0 1/18/7
3 यजुर्वेद 34/1
4 यजुर्वेद 11/1

उपनिषद् भी इन्द्रियों की स्थिरता को महत्त्व देता है– स्थिर इन्द्रियों की धारण ही योग है।[5] कठोपनिषद् में ही अन्यत्र मनसहित ज्ञानेन्द्रियों का परमेश्वर में स्थिर होना भी योग है– यदा पंचावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।[6] संयोगो योग इत्युक्तो जीवात्मा परमात्मा[7] कहकर स्मृतिकार ने भी आत्मा और परमात्मा के इस संयोग में इन्द्रिय स्थिरता को प्रमुख माना है। इसीलिए महर्षि पतंजलि ने वैदिक परम्परा का अनुशीलन करते हुए 'योगश्चित्तवृत्ति निरोधः'' अर्थात् चित्त या मन को प्राप्य विषयों के अतिरिक्त विषयों से रोकना योग कहा है। गीता में समत्वं योग उच्यते[8]तथा योगः कर्मसु कौशलम्[9] कहकर प्रत्येक परिस्थितियों में समत्वभाव से रहकर कार्य करना एवं कार्य में कुशलता प्राप्त करना योग है।

वैदिक योगविद्या की परम्परा को शाश्वत् रखने वाले प्राचीन ऋषियों तथा महर्षियों ने योगविद्या का अवलम्बन लेकर ही ऐहिक तथा पारलौकिक दोनों प्रकार के सुख प्राप्त किए, जिसकी पुष्टि परवर्ती महाकवियों ने अपनी कृतियों के माध्यम से की है। महाकवि कालिदास ने 'प्राणानामनिलेन वृत्तिरुचिता सत्कल्पवृक्षे वने ... तपस्यन्त्यमी'[10] यह कहकर स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि मुनि एवं ऋषि योगविद्या के अनुष्ठान से अपनी प्राणवायु को स्थिर करते हुए दीर्घजीवन प्राप्त करते थे। तथा कुमारसंभव में ''सती सती योगविसृष्टदेहा''[11] तथा रघुवंश में ''योगेनान्ते तनुत्यज्याम्''[12] कहकर योग के माध्यम से देहत्याग का भी संकेत किया है।

**<u>गीता में निहित योग का वैदिक संदर्भः</u>**

**ज्ञानयोग** अथर्ववेद में भी ज्ञानयोग का उल्लेख प्राप्त होता है।[13] भगवद्गीता में ज्ञानयोग को 'सांख्ययोग' एवं 'संन्यास योग' के नाम से भी पुकारा गया है। ज्ञानयोग के अन्तर्गत तत्त्वज्ञान को मानव मुक्ति का आधार बनाया गया है। गीताकार के अनुसार– **ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिम्**[14] अर्थात् ज्ञान को पाकर मनुष्य तत्काल शान्ति को प्राप्त हो जाता है। ज्ञानयोग के अनुसार मनुष्य के भवबन्धन का मूल कारण है– अज्ञानता। अज्ञानता के वशीभूत पुरुष स्वयं को कर्म का कर्ता मान लेता है। इसी अहम् वृत्ति के कारण वह जन्मचक्र के बन्धन में फंस जाता है। ज्ञानयोग के अन्तर्गत इस अहम् को पूर्णतः गिराने का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन का मूलाधार सांख्य प्रणीत वह तत्त्वज्ञान है, जिसके अनुसार चेतन पुरुष, द्रष्टा या साक्षी स्वरूप वाला

---

5 तां योगमिति मन्यते स्थिरामिन्द्रयधारणाम्– कठो0 2/3/11

6 कठो0 2/3/10

7 याज्ञवल्क्य स्मृति

8 गीता 2/48

9 गीता 2/50

10 अभिज्ञान शाकुन्तलम् 7/12

11 कुमारसंभवम् 1/21

12 रघुवंशम् 80

13 अथर्ववेद 6/91/1

14 भगवद्गीता 4/39

है। जबकि जड़ प्रकृति त्रिगुणात्मक है। सभी सांसारिक क्रियायें तीनों गुणों की आपसी क्रीड़ा है, परन्तु प्रकृति के संग दोष के कारण पुरुष स्वयं को कर्त्ता मान लेता है।[15]

न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठात्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः।।

इस तत्त्वचिन्तन का मूलाधार वेदों में दृष्टिगोचर होता है। इस सन्दर्भ में ऋग्वेद की यह ऋचा द्रष्टव्य है–

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समान वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्य पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।।[16]

अर्थात् प्रकृति रूपी वृक्ष पर जीवात्मा और परमात्मा रूपी दो पक्षी विराजमान हैं। इनमें परमात्मा केवल देखता है–द्रष्टाभाव में स्थित है। इसीलिए प्रकृति के पाश में नहीं फंसता। जबकि जीवात्मा उसके फलों का भोग करता है। इसलिए प्रकृति के बन्धन में पड़ जाता है। अतएव वेद की दृष्टि में प्रकृति से मुक्ति पाने का उपाय है– द्रष्टा या साक्षी भाव में स्थित होना। ज्ञान योग में इसी तात्त्विक दृष्टि को आधार बनाया गया है।

**कर्मयोग**

भगवद्गीता में कर्मवाद का प्रमुख आधार यह श्लोक है– **कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन**[17] अर्थात् तेरा कर्म करने मात्र में अधिकार है उसके फल में नहीं। यहाँ यह प्रश्न उठ सकता है कि कर्मफल के प्रति कर्त्ता क्या दृष्टि अपनाये? इस विषय में गीताकार का मन्तव्य है कि कर्मफल को ईश्वर के प्रति समर्पित कर दे।

कर्मयोग के वैदिक आधार को जानने के लिए यजुर्वेद के निम्न दो मन्त्रों पर दृष्टिपात करना आवश्यक है–**ईशवास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्।**[18] **कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छत समाः।**[19]

प्रथम मन्त्र में ईश्वर को सर्वव्यापक बतलाया गया है। द्वितीय मन्त्र में मनुष्य को संसार में सौ वर्षों तक भी अपने निर्धारित कर्मों को करते रहना चाहिए। अन्यथा जीवन उसके लिए बन्धन रूप हो जाएगा। वैदिक दर्शन के अन्तर्गत शास्त्रोक्त कर्म ही यज्ञ है। यज्ञ की दो प्रमुख कसौटी है– (1) स्वाहा (2) इदन्न मम 'स्वाहा' त्याग का प्रतीक है। जबकि 'इदन्न मम' त्याग जति फल और अहंकार से मुक्ति पाने की अनुभूत कसौटी है। इस आलोक में देखने पर कर्मयोग का वैदिक आधार भलीभाँति विदित हो जाता है।

**भक्तियोग**

---

15 भगवद्गीता 3/5
16 ऋग्वेद 1/64/20
17 भगवद्गीता 2/47
18 ऋग्वेद 1.64.20
19 यजुर्वेद 40/2

भगवद्गीता के द्वादशाध्याय में वर्णित यह तीसरा योग है। इसे शरणागत 'प्रपत्ति योग' भी कहा जाता हे। योगसूत्रकार ने भक्तियोग को 'ईश्वर–प्रणिधान' कहा है। जबकि उपनिषदों एवं वेदों में यही 'उपासना' के नाम से जाना जाता है। इस योग के अन्तर्गत सब कुछ अपने आराध्य देव के प्रति समर्पित करना होता है। स्वयं भी भक्त उपासक उसके इंगित कठपुतलीवत् नृत्य करता रहता है। इसी में अपने जीवन की सार्थकता समझता है।

इस सन्दर्भ में दृष्टिगत वेदों का अनुशीलन करते हुए हजारों मन्त्र सामने आते हैं। जिनके माध्यम से प्रभु का गुणगान किया जा सकता है। स्वयं को उसकी भक्ति उपासना का पात्र बनाया जा सकता है। जैसा कि यजुर्वेद 13.14, 25.13, 23.03, 32.06, इन वेद मन्त्रों में **'कस्मै देवाय हविषा विधेम'** जैसा उच्चतम भक्ति मूलक पद बार–बार आया है।

इन मन्त्रों के अतिरिक्त प्रभु भक्ति मूलक निम्न मन्त्र भी यहाँ द्रष्टव्य है– (1) **त्वमस्माकं तव स्मसि**[20] अर्थात् हे ईश! तुम हमारे हो, हम तुम्हारे हैं।

(2) **न म इन्द्रेण सख्यं वि योषत्**[21] अर्थात् प्रभु से मेरी प्रीति न टूटे।

(3) **रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव**[22] अर्थात् संसार के सारे रूपों में उस प्रभु का रूप समाया हुआ है।

अस्तु उपर्युक्त साधना मूलक पद्धतियों का वेदमूलक सन्दर्भों पर दृष्टिपात करने से यह निष्कर्ष प्रमाण संगत प्रतीत होता है कि योगविद्या का मूल आधार वेद है। वह आधार भी इतना समृद्ध है कि हर किसी शोध अध्येता को योग सम्बन्धी मौलिक दृष्टि, कसौटी एवं दिशा प्रदान कर सकता है।

**योगविद्या के प्रमुख दार्शनिक तत्त्व और उनका वैदिक आधारः**

योगविद्या के प्रमुख प्रमाणिक एवं चर्चित ग्रन्थ के रूप में पातंजल योगसूत्र का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। इस उल्लेखनीय ग्रन्थ में तीन मौलिक दार्शनिक तत्त्व दृष्टिगोचर होते हैं– (1) प्रकृति (2) पुरुष (3) पुरुष विशेष ईश्वर। इन दार्शनिक तत्त्वों के सैद्धान्तिक अध्ययन में सांख्य दर्शन की मुख्य भूमिका है जो योग का सैद्धान्तिक पक्ष होने के नाते योग की समग्रता के अन्तर्गत विचारणीय भी है। सांख्य चिन्तन प्राचीन और सैद्धान्तिक विवेचन तक सीमित है। इसलिए उसके व्यावहारिक पक्ष को जानने के लिए योग का ज्ञान आवश्यक है।

सांख्य में प्रकृति का दो रूपों में प्रयोग हुआ है– मूल और व्यक्त प्रकृति। मूल प्रकृति त्रिगुणात्मक है, जबकि व्यक्त प्रकृति संसार रूप में विस्तारित है। योग के अन्तर्गत प्रकृति के दोनों रूपों की चर्चा है। पुरुष की प्रकृति से मुक्ति का प्रसंग में मूल प्रकृति का उल्लेख मिलता है। यथा–

---

20 ऋ0 9/92/32

21 ऋ0 2/18/8

22 ऋ0 6/47/18

**पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः केवल्यं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति।।**[23]

अर्थात् गुणों की प्रवृत्ति पुरुष के भोग और अपवर्ग का सम्पादन करने के लिए है। इसी काम को पूरा करने के लिए वे बुद्धि, अहंकार, तन्मात्रा, मन इन्द्रियों और शब्दादि विषयों के आकार में परिणत होते हैं। जिस पुरुष के लिए ये गुण भोग भुगताकर अपवर्ग सम्पादन कर देते हैं। उसके लिए उनका कोई कर्तव्य शेष नहीं रहता, तब वे अपने प्रयोजन को पूरा कर चुकने वाले कार्य और कारण रूप में विभक्त हुए गुण प्रतिलोम परिणाम को प्राप्त होकर अपने कारण में विलीन हो जाते हैं, यही गुणों का कैवल्य अर्थात् पुरुष से अलग हो जाना है तथा उन गुणों के साथ पुरुष का जो अनादि सिद्ध अविद्याकृत संयोग था, उसका अभाव हो जाने पर अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाना, यह पुरुष का कैवल्य अर्थात् प्रकृति से सर्वथा अलग हो जाना है, किन्तु मूल प्रकृति के अलावा व्यक्त या परिणामी प्रकृति का जो सांसारिक रूप हमारे सामने है और जिसका एक–एक अंग का वर्ण सांख्यकार ने किया है, वैसा वर्णन योग परम्परा में उपलब्ध नहीं होता। इस परम्परा के अन्तर्गत परिणामी प्रकृति चित्त और उसकी नाना प्रवृत्तियों के रूप में ही योगदर्शन के अन्तर्गत विचारणीय है।

प्रकृति से मुक्ति पाने के लिए योगसूत्रकार ने यह आवश्यक समझा है कि चित्त के कार्य व्यापारों को पूर्णतः रोका जाए– क्योंकि चित्त सूक्ष्म प्रकृति का ही वह रूप है जिसके धरातल पर खड़ा होकर योग साधक धारणा, ध्यान आदि में प्रवेश करता है। गतिशील चित्त बन्धन है, जबकि चित्तवृत्तियों की निरुद्धावस्था शास्त्रकार की सृष्टि में योग है।[24] योग भाष्यकार व्यास ने इस अवस्था को समाधि बतलाया है।

वेदों में चित्त से सम्बन्धित निम्न सन्दर्भ वेदों से प्राप्त होते हैं **चित्तं च स्वाहा।**[25] **मम चित्तमनु चित्तं ते अस्तु।**[26]

इनके अलावा मन, धी, मेधा, सुमेधा, प्रज्ञा, ऋतम्भरा जैसे अन्तःकरण बोधक अनेक शब्द वेदों में बार बार प्रयुक्त हुए हैं। प्रकृति के लिए भी स्वधा, सम्भूति, असम्भूति आदि अनेक शब्दों का प्रयोग वेदों में मिलता है।

जड़ प्रकृति के अलावा दूसरी चेतन सत्ता पुरुष की है। सांख्य चिन्तन परम्परा के अन्तर्गत चेतन पुरुष जड़ प्रकृति के बन्धन में कैसे फॅस जाता है? इसके लिए उसका प्रकृति के साथ संयोग जन्य कारण माना गया है। इस सम्पर्क के कारण जड़–प्रकृति चेतनवत् प्रतीत होने लगती है। जबकि पुरुष स्वयं को कर्मों का कर्ता समझने लगता है। इसी कर्तापन से उत्पन्न भोग के कारण वह प्रकृति के बन्धन में आ जाता है। वेदों में एक मनोहारी रूपक के जरिए इस तत्त्वज्ञान का प्रतिपादन किया गया है। वेदों में इस चेतन सत्ता के लिए अनेक शब्दों का प्रयोग हुआ है यथा पुरुष आत्मा इन्द्र, कर्त्ता, अंग आदि।

---

23 पातंजल योगसूत्र 4/34

24 पातंजल योगसूत्र 1/2

25 महर्षि दयानन्द सरस्वती संस्कार विधि पृ0 137

26 ,, पृ0 15

योगदर्शन में पुरुष के इस जन्मचक्र रूपी पाश को काटने के लिए अनेक साधनों का प्रतिपादन किया गया है। जिनके ऊपर इससे पूर्ववर्त्ती अध्ययन में उल्लेख भी किया जा चुका है। इन सभी साधनों का मुख्य अवलम्ब परमात्मा है। जिसे महर्षि पतंजलि ने पुरुष विशेष नाम से सम्बोधित किया है अर्थात् जो सभी जीवात्माओं से विशिष्ट स्तर को प्राप्त है। क्योंकि वह सामान्य जीवात्माओं की भाँति किसी भी प्रकार के सांसारिक दुःख, कर्म, कर्मफल और कर्म संस्कारों के समुदायों से पूर्णतः अलग है।[27] और सर्वज्ञ तथा कालातीत नित्य सत्ता है।[28] वह गुरुओं का भी गुरू–परम गुरू है। उसका वाचक तथा ग्राहक निज नाम' 'ओऊम्' है।[29]

वेदों में इस अद्भुत गुणों का वर्णन अनेक ऋचाओं के माध्यम से हुआ है। उदाहरण के तोर पर–

1– **ओऊम् खं ब्रह्म**[30] अर्थात् वह ब्रह्म प्रणरूप और आत्मवत् है।

2– **कविर्मनीषी परिभूः स्वयंभूः**[31] अर्थात् ईश्वर क्रान्तदर्शी, विद्वान सर्वव्यापक और स्वयंभू है।

3– तदपश्चत् तदभवत् तदासीत्[32] अर्थात् आत्मदर्शन से सद्रूप और आत्मरूप हो जाता है।

4– धामाग्नि वेद भुवनानि विश्वा[33] अर्थात् वह ईश्वर सारे स्थानों और लोकों को जानता है।

संक्षेप में, उपर्युक्त विषय वस्तु पर दृष्टिपात करने से यह प्रमाणस›त निष्कर्ष सामने आता है कि वेदों में योगमूलक तत्त्वचिन्तन बीज रूप में निहित है। आवश्यकता इस बात की है कि उसे व्यवस्थित और विकसित रूप प्रदान करते हुए सुसंगत अनुशासन के अन्तर्गत लाया जाये ताकि योगविद्या के वैदिक आधार को अधिक प्रमाणिकता के साथ प्रस्तुत किया जा सके।

---

27 पातंजल योगसूत्र 1–24

28 उपर्युक्त 1.25

29 उपर्युक्त 1.27

30 यजुर्वेद 40.17

31 यजुर्वेद 40.8

32 यजुर्वेद 40.8

33 यजुर्वेद 32.12

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# अभिनयसन्दर्भे भवभूतेः रंगदृष्टिः सूक्ष्मा सुमनोहरा च

**डॉ0 भरत वर्मा**
**अतिथि प्रवक्ता**
**विभाग–संस्कृत**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।**

महाकविभवभूतिः प्रसिद्धः सिद्धश्च नाटककारः अस्ति, इति विश्रुतमेव। भवभूतेः रंगनाट्यदृष्टिः सफला, सिद्धा मनोहरा च। यथा सः सिद्धनाटककारः आसीत् तथैव तस्य अभिनयदृष्टिः तथैव नाट्यदृष्टिः अपि सूक्ष्मा सुमनोहरा सिद्धा च वर्तते। महाकवेः भवभूतेरभिनयस्य साफल्यं अनेनैव प्रतीयते यत् तेन विरचिते द्वे रूपके महावीरचरितम् मालतीमाधवं च तस्य समये एव कालप्रियनाथस्य यात्रा समये त्वभिनीते। यथा अनेनोल्लेखेन स्पष्टम्–

**''प्राचेतसो मुनिवृषा पतयः कवीनां**
**यत्पावनं रघुपतेः प्रणिनाय वृत्तम्।**
**भक्तस्य तत्र समरंसत मेऽपिवाच**
**स्ताः सुप्रसन्नमनसः कृतिनो भजन्ताम्।।**

– महावीरचरितम् 1/7

अस्य भवभूतेः रचनात्वेन त्रीणि नाटकानि प्रसिद्धानि, तत्र महावीरचरितम्, मालतीमाधवम्, उत्तररामचरितम् च।

भवभूतिः यथा पदवाक्यप्रमाणज्ञः अस्ति। तथैव सः नाट्यशास्त्रज्ञः अपि अस्ति। नाट्यशास्त्रस्य निर्देशान् अवलम्बयैव तेन रूपकाणां रचना कृतम्। अभिनयदृष्ट्या एव रूपकाणां प्रणयनं तेन कृतमस्ति। तस्य नाट्यवैभवस्य चर्चा विश्लेषणं वा नाट्यशास्त्राधारेणैव कर्तुं शक्यते।

भरतमुनेः नाट्यशास्त्रे स्पष्टीकृतानि यत्र दृश्यं श्रव्यं च भेदेन काव्यं द्विधा भवति। श्रव्यकाव्यस्य पुनः भेदत्रय भवति– गद्यं पद्यं मिश्रं च। अभिनवगुप्तचार्येण कथितं यत् दृश्यमिति हृद्यं श्रव्यमिति व्युत्पत्तिप्रदमिति प्रीतिव्युत्पत्तिदमित्यर्थं इति।[1] अतएव उक्तिरियं प्रसिद्धा ''काव्येषु नाटकं रम्यम्[2]।

श्रव्यकाव्यस्य केवलं श्रवणं भवति किन्तु दृश्यकाव्यस्य श्रवणेन सह दर्शनमपि भवति। दर्शनं अभिनयेन भवति अतः नाटके रूपकेषु वा अभिनयः प्रमुखः भवति। महामुनिना भरतेन 'अभिनय' इति शब्दस्य लक्षणं एवं प्रकारेण कथितम्–

**अभिनयपूर्वस्य णीञ् धातुराभिमुख्यार्थ निर्णये।**
**यस्मात् प्रयोगं नयति तस्मादभिनयः स्मृतः।।[3]**

**विभावयाति यस्माच्च नानार्थान् हि प्रयोगतः।**

**शाखांगोपांगसंयुक्तस्तस्मादभिनयः स्मृतः।।**[4]

अनेकान् अर्थान् नाट्यप्रयोगेन सांगोपांगेन अभिव्यंजयति अतः अभिनय इति कथ्यते। शब्दोऽयं 'अभि' उपसर्गेण सह 'णीञ्' धातोः योगेन निष्पन्नः भवति। अभिनवगुप्तेन 'अभिनय' इत्यस्य विषये उक्तम्–

अभिनय इति कस्मात्? अत्रोच्यते–अभित्युपसर्गः। णीञित्ययं धातुः प्रापणार्थः। साहित्यदर्पणे 'भवेदभिनयोऽवस्थानुकारः' इति अभिनयस्य स्वरूपं कथतमस्ति।[5] अभिनयोऽयं चतुर्विधः भवति– आंगिक, वाचिकः, आहार्यः सात्विकश्च।

**आंगिको वाचिकश्चैव ह्याहार्थः सात्त्विकस्तथा।**

**ज्ञेयस्त्वभिनयो विपाश्चतुर्द्धा परिकीर्तितः।।**[6]

**आर्य नन्दिकेश्वर चतुर्विध अभिनयस्य सम्बन्धं शिवेन सह करोति–**

**आंगिकं भुवनं यस्य वाचिकं सर्ववाङ्मयम्।**

**आहार्य चन्द्रतारादित्तंनुमः सात्विकं शिवम्।।**[7]

अस्मिन् वाचिकाभिनये षट्त्रिशत् लक्षणानां समायोजनं भवति। एतानि नाट्यलक्षणानि एवं प्रकारेण सन्ति–

(1) भूषणम् (2) अक्षरसङ्घतम् (3) शोभा (4) उदाहरणम् (5) हेतुः (6) संशयः (7) दृष्टान्तः (8) प्राप्तिः (9) अभिप्रायः (10) निदर्शनम् (11) निरुक्तम् (12) सिद्धिः (13) विशेषणम् (14) गुणनिपातः (15) अतिशयः (16) तुल्यतर्कः (17) पदोच्चयः (18) दिष्टम् (19) उपदिष्टम् (20) विचारः (21) विपर्ययः (22) भ्रंशः (23) अनुनयः (24) माला (25) दाक्षिण्यम् (26) गर्हणम् (27) अर्थापत्तिः (28) प्रसिद्धि (29) पृच्छा (30) सारुप्यम् (31) मनोरथः (32) लेशः (33) क्षोभः (34) गुणकीर्तनम् (35) अनुक्तसिद्धि (36) प्रियोक्तिः।[8]

महाकविभवभूतेः त्रिषु रूपकेषु एतानि लक्षणानि समुचितरूपेण विन्यस्तानि सन्ति। एतेषु लक्षणेषु पदोच्चयप्राप्तिसिद्धितुल्यतर्कदृष्टान्तविचार– गुणनिपातगर्हणभ्रंशदाक्षिण्यादीनि लक्षणानि प्रमुख्येन विन्यस्तानि सन्ति। तानि एवं प्रकारेण सन्ति–

उदाहरणम्–

उदाहरणनामकं लक्षणं उत्तररामचरितस्य द्वितीयाऽङ्के प्राप्यते। अस्मिन् अंकस्य विष्कम्भके आत्रेय्याः कथने उदाहरणस्य प्रयोगः दृश्यते। कथनं इत्थमस्ति–

**वितरति गुरुः प्राज्ञे विद्यां यथैव तथा जडे**

**न तु खलु तयोर्ज्ञाने शक्तिं करोत्यपहन्ति वा।**

**भवति हि पुनर्भूयान् भेदः फलं प्रति तद्यथा।**

**प्रभवति शुचिर्बिम्बग्राहे मणिर्न मृदादयः।।**[9]

कथनेऽस्मिन् समानार्थकैः वाक्यैः अन्यस्य अर्थस्य प्रकटनं कृत्वा स्वप्रयोजनं साधितमस्ति। अतः उदाहरणनामकं लक्षणम् अत्रास्ति। उदाहरणस्य स्वरूपं नाट्यशास्त्रे एवं प्रकारेण वर्णितमस्ति।

**यत्र तुल्यार्थयुक्तेन वाक्येनाभिप्रदर्शनात्।**

**साध्यते निपुणैरर्थस्तदुदाहरणं स्मृतम्।।**[10]

हेतुः–

उत्तररामचरितस्य प्रथमाऽङ्के रामस्य इयं उक्तिः 'हेतु' इति नाट्यलक्षणस्य उदाहरणमस्ति।

**सतां केनापि कार्येण लोकस्याराधनं मतम्।**

**यत्पूरितं हि तातेन मां च प्राणांश्च मुज्जता।।**[11]

रामस्य कथनेऽस्मिन् इष्टस्य प्राप्तिः या उल्लिखिता सा प्राप्तिः समासेन हृदयग्राहि–रीत्या वर्णिताऽस्ति, अतः अत्र हेतुर्नामकं नाट्यलक्षणं अस्ति इति वक्तुं शक्यते।[12]

दृष्टान्तम्– नाट्यशास्त्रे दृष्टान्तनाट्यलक्षणस्य स्वरूपं एवं प्रकारेण कथितमस्ति यत्–

**यत्र कस्यापि विषयस्य पक्षस्य वा समर्थनं हेतूदाहरणाभ्यां**

**मनोरंजकस्वरूपेण क्रियते तदा दृष्टान्तनाट्यलक्षणं भवति।**[13]

रामचरितस्य षष्ठे अंके रामस्य कथनमिदं दृष्टान्तनाट्यलक्षणस्य उदाहरणमस्ति। कथनेऽस्मिन् रामेण लवस्य कृतपरांकमस्य समर्थनं सोदाहरणं कृतमस्ति–

**न तेजस्तेजस्वी प्रसृतमपरेषा विषहते।**

**न तस्य स्वो भावः प्रकृतिनियतत्वादकृतकः।**

**मयूखैरश्रान्तं तपति यदि देवो दिनकरः**

**किमाग्नेयो ग्रावा निकृत इव तेजांसि वमति।।**[14]

महावीरचरितेऽपि द्वितीयांके क्रोधाविष्टपरशुरामः जनकस्य अन्तःपुरे रामस्य यदा अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति तदा रामः 'अयमहं भोः! इतो इतो भवान्' कथयन् स्वयं तस्य पुरतः उपस्थितः भवति। प्रसंगेऽस्मिन् परशुरामस्य उक्तिरियं दृष्टान्तनाट्यलक्षणस्य निर्मितं करोति–

**अन्विष्यतः प्रमथनाय ममापि दर्पा–**

**दात्मानमर्पयसि जातिविशुद्धसत्त्वः।**

**गन्धद्विपेन्द्रकलभः करिकुम्भकूट–**

**कुट्टाकपाणिकुलिशस्य यथा मृगारेः।**[15]

पदोच्चयः–

एकस्य अर्थस्य प्रकटनार्थं यदा अनेकानां शब्दानां प्रयोगः क्रियते तदा पदोच्चयनाट्यलक्षणं भवति। अस्य नाट्यलक्षणस्य स्वरूपं नाट्यशास्त्रे एवं प्रकारेण दत्तमस्ति।[16]

रामचरितस्य तृतीयांके वासन्त्याः कथनमिदं पदोच्चयनाट्यलक्षणस्य उदाहरणमस्ति। कथनं एवं प्रकारेण अस्ति–

**त्वं जीवितं त्वमसि में हृदयं द्वितीयं**

**त्वं कौमुदी नयनोयोरमृतं त्वमंके।**

**इत्यादिभिः प्रियशतैरनुरुध्य मुग्धां**

**तामेव शान्तमथवा किमतःपरेण।।**[17]

महावीरचरितेऽपि परशुरामस्य वर्णनप्रसंगे रामेण तथैव रामस्य वर्णनप्रसंगे परशुरामेण पदोच्चयस्य प्रयोगः कृतः–

परशुरामस्य वर्णनं रामेण एवं प्रकारेण कृतमस्ति–

**अयं स भृगुननन्दनस्त्रिभुवनैकवीरो मुनि–**

**र्य एष निवहो महानिव दुरासदस्तेजसाम्।**

**प्रतापतपसोरिव व्यतिकरस्फुरन्मूर्तिमान्–**

**प्रचण्ड इव पिण्डतामुपगतश्च वीरो रसः।।**[18]

एवमेव रामस्य वर्णनं परशुरामेण एवं प्रकारेण कृतमस्ति–

**त्रातुं लोकानिव परिणतः कायथानस्त्रवेदः**

**क्षात्रो धर्मः श्रित इव तनु ब्रह्मकोशस्य गुप्त्यै।**

**सामर्थ्यानामिव समुदयः संचयो व गुणानां**

**प्रादुर्भूय स्थित इस जगत्पुण्यनिर्माणराशिः।।**[19]

मालतीमाधवेऽपि माधवस्य उक्तिरियं पदोच्चय नाट्यलक्षणस्य उदाहरणमस्ति–

**लीनेव प्रतिबिम्बितेव लिखितेवोत्कीर्णरूपेण च।**

**प्रत्युप्तेव च वज्रलेपघटितेवान्तर्निखातेव च।**

**सा नश्चेतसि कीलितेव विशिखैश्चेतो भुवः पंचभि–**

**श्चिन्तासततिन्तुजालनिबिडस्यूतेव लग्ना प्रिया।**[20]

प्राप्तिः–

प्राप्ति इति नाट्यलक्षणस्य स्वरूपं–

**दृष्ट्वैवायवान् कांश्चिद्भावो यत्रानुमीयते।**

**प्राप्तिं तामभिजानीयाल्लक्षणं नाटकाश्रयम्।।**[21]

चेष्टां दृष्ट्वा सूचनाभिः वा कस्यापि भावस्य अनुमानं यदा क्रियते तदा प्राप्तिर्नामकं नाट्यलक्षणं भवति। 'श्री बाबूलालशुक्ल–शास्त्री महोदयेन' इदं श्रेष्ठनाट्यलक्षणमस्ति' इति निरूपितं स्वसंपादिते नाट्यशास्त्रग्रन्थे।[22]

महावीरचरितस्य पंचांकप्रारम्भे सम्पातिः जटायोः आगमनस्य अनुमानं करोति तत्र 'प्राप्ति' इति नाट्यलक्षणं भवति–

**पर्यायात्क्षणदृष्टयनष्टककुभः संवर्तविस्तारयो–**

**र्नीहारीकृतमेघमोचितधुताव्यक्तस्फुरद्विद्युतः।**

**आरात्कीर्णकणात्फणीकृतगुरुग्रावोच्चयश्रेणयः**

**रयै नेयस्य बृहत्पतत्रधुतयः प्रश्चापयन्त्यागमम्।।**[23]

उत्तररामचरितस्य तृतीयांके रामस्य कथनमिदं 'प्राप्ति' इति नाट्यलक्षणस्य उदाहरणमस्ति–

**ए एषायं तस्यास्तदतिकरौपम्यसुभगो**

**मया लब्धः पाणिर्ललितलवलीकन्दलनिभः।**[24]

सिद्धिः

उत्तररामचरितस्य तृतीयाङ्के सिद्धिर्नामकं नाट्यलक्षणमस्ति। अस्मिन् अंके समसावासन्त्यौ सीतारामाभ्यां प्रति कथयति–

अवनिरमरसिन्धुः सार्धमस्मद्विधाभिः

**स च कुलपनिराधश्छदसां य प्रयोक्ता।**

**स च मुनिरनुयातारुन्धतीको वसिष्ठ–**

**स्तव वितरतु भद्रं भूयसे मंगलाय।।**[25]

महावीरचरितेऽपि पूर्णताज्ञापनाय यत्र अनेकानां जेष्ठानां नामसंकीर्तनं भवति तत्र 'सिद्धि' इति नाट्यलक्षणं भवति–

**बहूनान्तु प्रधानानां नाम यत्राभिकीर्त्यते**

**अभिप्रेतार्थसिद्धर्थ्यं सा सिद्धिरभिधीयते।**[26]

पृच्छाः–

अस्य नाट्यलक्षणस्य स्वरूपं नाट्यशास्त्रे एवं प्रकारेण वर्णितं अस्ति–

**यत्राकारोद्भवैवाक्यैरात्मानमथवा परम्।**

**पृच्छन्निवाभिधत्तेऽर्थं सा पृच्छेत्यभिसंज्ञिता।।**[27]

भवभूतेः त्रिषु रूपकेषु अस्य नाट्यलक्षणस्य प्रयोगः दृश्यते।

महावीरचरितस्य पंचमांके वालिसुग्रीवयोः सम्भाषणे पृच्छाऽस्ति। पंचमांकस्य अन्ते सम्भाषणमिदमस्ति। सम्भाषणेऽस्मिन् वाली सुग्रीवं प्रति प्रश्नं करोति। सुग्रीवः तेषां प्रश्नानां उत्तरं ददाति। कानिचित् प्रश्नोत्तरणि एव प्रकारेण सन्ति–

वाली– वत्स! कथय कस्तवास्मि?

सुग्रीवः – गुरुः स्वमी च।

वाली – त्वं तु मम कः?

सुग्रीवं – शिष्यः प्रेष्यश्च।

वाली – वत्स! कथय क आवयोरन्योन्य धर्मः?

सुग्रीवः – वशित्वं वो वश्यता च मम।[28]

मालतीमाावस्य नवमांके 'पृच्छा' इति नाट्यलक्षणस्य निदर्शनं भवति। माधवः मालतीविषयकान् प्रश्नान् पृच्छति–

**भवद्भिः सर्वांगप्रकृतिरमणीया कुलवधू–**
**रिहस्थैर्दृष्टा व विदितमथवास्याः किमभवत्।**
**वयोऽवस्थां तस्याः श्रृणुत,सुहृदो यत्र मदनः**
**प्रगल्भव्यापारश्चरति हृदि मुग्धश्च वपुषि।।**

उत्तररामचरितस्य चतुर्थांके लवः कौशल्याजनकायोः प्रश्नानां उत्तराणि ददाति। एते प्रश्नाः 'पृच्छा' इति नाट्यलक्षणस्य सर्जनं कुर्वन्ति। प्रश्नोत्तराणि एवं प्रकारेण सन्तिः–

कौसल्या– जात! अस्ति ते माता? स्मरसि वा तातम्।

लवः– नहि।

कौसल्या– ततः स्य त्वम्?

लवः भगवतः सुगृहीतनामधेयस्य वाल्मीकेः।

कौसल्या– अयि तात! कथयितव्यं कथय।

लवः – तावदेव जानामि।

लवः – आर्य! क एष चन्द्रकेतुर्नाम?

जनकः – जानामि रामलक्ष्मणौ दाशरथी?

लवः – एतावेव रामायणकथापुरुषौ?

जनकः – अथ किम्?

लव :– तत्कथं न जानामि?[29]

एवं प्रकारेण भवभूतेः रूपकेषु नाट्यलक्षणानाम् अन्वेषणं कर्तुं शक्यते। नाट्यलक्षणं गुणालंकाराभ्यां पृथग् अस्ति। काव्यस्य शब्दार्थगतशरीरे पृथग्रूपेण यत्पदं सिद्धं भवति तत् लक्षणम् इति वक्तुं शक्यते। लक्षणेनानेन अरसात्मककाव्यात् रसात्मककाव्यं भिन्नं भवति। गुणालंकारयोः सम्बन्धः शब्दार्थाभ्यां सह भवति परन्तु लक्षणं पूर्णतः कविव्यापारेण सहसम्बद्धः अस्ति। यतोहि काव्ये शब्दार्थगतवैचित्रस्य आधानं कविप्रयत्नेननैव भवति। काव्ये वैचित्र्यस्य आधानं येन प्रयत्नेन सम्भवति तत्समग्रं लक्षणमित्यैव। एतस्मात् कारणात् काव्यं 'कविकर्म' इत्युच्यते। लौकिकानां तत्वानाम् अलौककस्वरूपे प्रकटनं लक्षणेनैव सम्भवति। काव्येषु आलकाराणां स्थानं लक्षणानां

आश्रयेणैव सम्भवति। एवं प्रकारेण अर्थालंकाराणां बीजभूत तथा च कथाशरीरे वैचित्र्यप्रदायकं वक्रोक्तिरूपसम्पन्नं समस्तचमत्काराणां 'लक्षण' इति शब्देन व्यह्रियते।

दृश्यकाव्ये नाट्यलक्षणानि स्वमहिम्ना स्वयमेव प्रोद्भासितानि भवन्ति। गुणालंकारयोः अपेक्षा तत्रः भवति। लक्षणानि काव्ये सौन्दर्यस्य आधानं कुर्वन्ति। कथाशरीरेण मण्डिते दृश्यकाव्ये लक्षणानां संयोजन आवश्यमेव क्रियते। मुक्तकादि खण्डकाव्येषु एतेषां प्रयोगः न भवति। अतएव भरतेन मुक्तकेभ्यः भेदप्रदर्शनाय 'काव्यबन्धास्तु कर्त्तव्या' इत्युक्तम्। चमत्कारवैशिष्टत्वात् भरतेन षट्त्रिंशलक्षणानाम् उल्लेखः कृतः। लक्षणानि अनेकविधानि भवितुं अर्हन्ति।

एवं प्रकारेण भवभूतेः त्रिषु रूपकेषु षट्त्रिंशत्नाट्यलक्षणानां यथास्थान प्रयोगः दृश्यते। यदा भवभूतेः रूपकाणां नाट्यवैभवस्य चर्चा भवति तदा वाचिकाभिनयान्तर्गतानां एतेष.. नाट्यलाणानां अनुशीलनम् अपेक्षितं भवति।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. नाट्यशास्त्रं 1/1 अभि0शा0
2. गद्यं पद्यं च मिश्रं तत् त्रिधैव व्यवस्थितम्– (काव्यादर्शः 1/11)
3. नाट्यशास्त्रं 14/71
4. नाट्यशास्त्रं 8/6–7
5. सा0द0 6/2
6. ना0शा0 8/9
7. अभिनय दर्पण, 1
8. ना0शा0 17/1–5
9. उत्तररामचरितम् 2/4
10. ना0शा0 10/9
11. उत्तररामचरितम् 1/41
12. यत्प्रयोजनसामर्थ्याद्वाक्यमिष्टार्थसाधनम्।
    समासोक्तं मनोग्राही सह हेतुरिति संज्ञितः।। (ना0शा0 17/10)
13. सर्वलोक मनोग्राही यस्तु पक्षार्थसाधकः।
    हेतनिदर्शनकृतः स दृष्टान्त इति स्मृतः – ना0शा0 17/12
14. उत्तररामचरितम् 6/41
15. महावीरचरितम् 2/31
16. बहूनान्तु प्रयुक्तानां पदानां बहुभिः पदैः। उच्चयः सदृशार्थो यः स विज्ञेयः पदोच्चयः।। ना0शा0 17/22

17. उत्तररामचरितम् 3/26

18. महावीरचरितम् 2/23

19. 19. महावीरचरितम् 2/41

20 मालतीमाधवम 5/10

21.ना0शा0 17/13

22.नाट्यशास्त्रम् 'प्रदीप' हिन्दी व्याख्योपेतम्, द्वितीयो भागः, पृष्ठांक 278

23.महावीरचरितम्, 5/1

24.उत्तररामचरितम् 3/40

25. उत्तररामचरितम् 3/48

26 महावीरचरितम् 2/23

27 ना0शा0 17/17

28. महावीरचरितम्, पंचमांके

29. उत्तररामचरितम्– चतुर्थांके

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# दलित साहित्य और नारी

नागदेव यादव
शोध–छात्र
हिन्दी विभाग
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
बिहार

भारतीय साहित्य में दलित व नारी जीवन पर केन्द्रित रचनाएँ न सिर्फ आधुनिक काल में मिलती है,वरन् भारतीय साहित्य में आरम्भ से ही जीवन के इन पक्षों की अभिव्यक्ति होती रही है। संस्कृत, पाली व प्राकृत साहित्य में भी दलित व नारी जीवन पर केन्द्रित रचनाएँ मिलती है और आधुनिक भारतीय भाषाओं के आदि,मध्य व आधुनिक काल में भी इन रचनाओं की प्रचुरता है। ''संस्कृत के आदि कवि वाल्मीकि को दलित जीवन का अनुभव प्राप्त था तो मध्यकालीन संत व भक्त कवि–कबीर,रविदास,तुकाराम,नामदेव आदि भी दलित जीवन की पीड़ाओ से परिचित थे''[1] आदि व मध्यकालीन भारतीय साहित्य में नारी भावनाओं को अक्का महादेवी नल दयद व मीराबाई आदि ने वाणी प्रदान की। लेकिन आज जिन अर्थो में दलित साहित्य व नारीवादी या नारी केन्द्रित साहित्य की चर्चा होती है, उसका आरम्भ बीसवीं सदी के छठवें या सातवें दशक में होता है।

ग्रामीण जीवन में दलित स्त्री पर अत्याचार की घटनाओं की संख्या को देखकर लगता नहीं कि हम सभ्य समाज में रह रहे है। जातिवादी समाज की बर्बरता जाति श्रेष्ठता के दर्शाने का पर्याय बनी हैं। भारतीय अभिजात्यवादी सभ्यता, संस्कृति और वर्णवर्चस्व की यह न खत्म होने वाली प्रवृत्ति है। सोलह वर्षीय फूलन देवी पर बेहमई के बीस ठाकुरों द्वारा लगातार कई दिनों तक बलात्कार किया गया था। उसे नग्न करके सम्पूर्ण गाँव के लोगों के समक्ष कुएँ से पानी भरने पर मजबूर किया गया था। दलित स्त्री के स्त्रीत्व पर अमानुष अत्याचार करके उसके अस्तित्व मिटा देने की बेहमई के ठाकुरों की जाति अहं और वर्चस्व की निरंकुशता,जातिवादी घृणा की पराकाष्ठा थी। एक अबोध, असहाय किशोरी,कामान्ध बर्बर पशुओं के आगे बेबस थी। लेकिंन स्त्री के अस्तित्व और अस्मिता को नकारने उसे अपमानित करने के कारण जो आग फूलन में भड़की थी, वह बीस से बाईस वहशी ठाकुरों को गोलियों का निशाना बनाकर ही ठंडी हो पाई थी। फूलन को इस समाज ने नहीं चंबल कें बीहड़ों ने सहारा दिया था। समाज के कथित सवर्णों की वेरहमी, बर्बरता ,पाशविकता ने फूलन को दस्यु सुन्दी बनने पर मजबूर किया था। एक स्त्री की अस्मिता का अपमान उसे क्या से क्या बना दे सकता है, इसका यह एक जीवन्त उदाहरण है। इससे सवर्ण जाति अहं से ग्रस्त समाज को बोध लेना चाहिए।

स्त्री का उत्पीड़न वर्गगत सन्दर्भ में भी होता है व लिंग के आधार पर भी। दलितों का उत्पीड़न वर्गगत स्तर पर भी है व जाति के आधार पर भी। दलित स्त्री का उत्पीड़न वर्ग,जाति व लिंग तीनों स्तरों पर होता है। नारी उत्पीड़न विश्व के उन्नत देशों में भी होता है, लेकिन एशिया अफ्रीका व लातिनी अमेरिका के पिछड़े हुए देशों में यह उत्पीड़न अधिक गंभीर है। दलितों के उत्पीड़न की तुलना उन्नत देशों में काले लोगों से रंगभेद

के आधार पर किए जा रहे उत्पीड़न से भी हो सकती है, इसलिए दलित साहित्य विश्व के नीग्रों साहित्य से अपनी निकटता महसूस करता है।

दलित समूह व नारी दोनों उत्पीड़ित है किन्तु उत्पीड़न के ढ़ग व तौर–तरीके भिन्न हो सकते है। दलित नारी व उच्चवर्गीय नारी, लिंग भेद के आधार पर समान रूप से उत्पीड़ित है, किन्तु वर्गीय आधार पर दलित नारी,उच्चवर्गीय नारी के हाथों उत्पीड़ित होती है। इसी प्रकार दलित समूह वर्गीय व जातिगत आधार पर कथित उच्च वर्गो से उत्पीड़ित होते है, किन्तु उनकी अपनी सामाजिक संरचनाएँ दलितों द्वारा ही दलितों के उत्पीड़न की स्थितियाँ भी पैदा करती हैं।

दलित स्त्री के सामाजिक संन्दर्भो पर विचार करते हुए कहा जा सकता है कि भारतीय सम्मान में समाजिक, आर्थिक, नैतिक मापदन्ड़ों के मध्य स्त्री की स्थिति निचले पायदान पर रही है एवं लगभग अपरिवर्तनीय। ''हिन्दू समाज उस बहुमंजिला इमारत की तरह है जिसमें प्रवेश के दरवाजे बन्द है तथा जो व्यक्ति जिस मंजिल पर जन्म लेता है उसे उसी में मरना होता है''[2] डॉ0 भीमराव अम्बेडकर में इस कथन को दलित स्त्री के सन्दर्भ में विशेष तौर पर देखा जा सकता है। स.त्री की स्थिति हिन्दू वर्ण व्यवस्था में दलितों की स्थिति के समकक्ष है। यद्यपि यह विषय लम्बी बहस की अपेक्षा रखता है कि उच्चवर्गीय सवर्ण स्त्री भी क्या दलित की भाँति शोषित है और इसी श्रेणी में आती है। वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में जहाँ अधिकांशतः दलित और स्त्री दोनों ही प्रताड़ित है, दलित स्त्री का संघर्ष दोहरा तिहरा हो जाता है। उसका संघर्ष एक ओर मनुवादी व्यवस्था से है तो दूसरी ओर पितृसतात्मक व्यवस्था से भी। जैसा कि प्रज्ञा लोखण्डे का विचार है– हिन्दू वर्णव्यवस्था के कारण दलित स्त्री एक ओर पुरूष सत्ता की तो दूसरी ओर जाति व्यवस्था की शिकार बनी। उस पर लिगभेद और जातिभेद दोनों की वजह से अत्याचार हुए। इनके कारण दलित स्त्री ने जो कुछ सहा, उसकी सृजनात्मक अभिव्यक्ति अभी आना बाकी है। दलित पुरुषों की स्थिति एवं मानसिकता एक ओर दलित होने के नाते शोषित प्रताड़ित की है तो पुरूष होने के नाते स्त्री से उसकी अपेक्षा पारम्परिक आदर्श भारतीय स्त्री की रही हैं। दलित लेखन में भी पुरूष रचनाकारों द्वारा दलित स्त्री के वर्णन में स्त्री की छवि बहुत साफ नहीं है और उन पर आरोप लगें है कि वे स्त्री को एक स्वतंत्र व्यक्ति की हैसियत बहाल नहीं करते स्त्री की भी अपनी संवेदनाएॅ होती हे। प्रज्ञा खेतान के शब्दों में ''स्त्री न गुलाम रहना चाहती है न ही पुरुष को गुलाम बनाना चाहती है। व चाहती है मानवीय अधिकार''।[3]

दलित लेखकों और चिन्तकों का नजरिया स्त्री के सम्बन्ध में हिन्दूवादियों या हिन्दू धर्मशास्त्रों जैसा ही अमानवीय तथा उत्पीड़न भरा है। राजेन्द्र यादव के शब्दों में '' जो जितना ही दबा, कुचला गुलाम है, उसका आदर्श आदमी उतना ही निरंकुश,अत्याचारी,अमानवीय है। पहला अवसर यह छूट मिलते ही वह दलित आदमी बनने की उतावली में ठीक अपने मालिक का प्रतिरूप बन जाता है।''[4] दलित पुरुषों साहित्यकारो और चिन्तकों का जो स्त्री सम्बन्धी दृष्टकोण है वह उस समाज और संस्कृति से प्रभावित है, जिसमें वह शताब्दियों से रहता चला आ रहा है और कहना न होगा कि वह समाज और संस्कृति भी हिन्दुवादी है, जहॉ स्त्री सदैव ही संपत्ति और पॉव की जूती तथा भोग की वस्तु रही है। इसी कारण दलित स्त्री घर और बाहर दोनों जगह उत्पीड़ित रही है। यदि नैतिकता की बात हम रहनें भी दें तो भी घर में भी और सड़क पर भी जिसकी अस्मत चीर–चीर होती है, वह तो औरत ही है, लेकिन दलित औरत कमजोर होकर भी मूक नहीं है, वह प्रतिकार करती है, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती अवश्य है, भले ही समाज सुने या न सुने, भले ही उसे स्वयं ही प्रतिहिंसा का शिकार होना पडें। वरिष्ठ दलित साहित्यकार माता प्रसाद ने लिखा है कि ''दलित स्त्री अपेक्षाकृ त ज्यादा पीड़ित प्रताडित और उपेक्षित रही हैं। दलित समाज में होने के कारण उसे ज्यादा पीडाएॅ झेलनी

पड़ी। वे घर मजदूर रहीं, खेत मजदूर है, भवन निर्माण में मजदूर है, यहॉ इनका कई तरह का शोषण होता है। इनकी तालीम की किसी को चिन्ता नहीं है। स्थिति यहाँ तक है कि जब दाई बच्चा पैदा कराती है ,तो न केवल मुॅह में उँगली डालती है, कई बार अपना दूध तक पिला देती है। लेकिन बड़ा होते ही वही बच्चा उसे चौका तो दूर आँगन में भी नही घुसने देता।''[5]

स्वतंत्रता के बाद भारतीय समाज में अनेक परिवर्तन आये। उनमें से एक महत्वपूर्ण यह है कि दलित स्त्रियों के लिये विद्यालयों के द्वार खुल गये। वह अब शिक्षित होकर अपनी अस्मिता की खोज में लगी है। जहाँ शिक्षा व्यक्ति को और बहुत सारी चीजें प्रदान करती है, वही वह भय से भी मुक्ति दिलाती है। कहा गया है कि संसार का सृजन इन्सान ने ही किया है और वह खुद ही अपनी ज्योति,खुद अपना नेता है। उसे स्वयं ही सब करना है। उसे अपने अधिकारों के लिये स्वयं लडना पड़ता है। गौतम बुद्ध ने भी यही तो कहा था ''अप्प दीपो भव ''यानी अपना दीपक खुद बनो। कलीमेंट एटली ने बुद्ध की शिक्षाओं को अनुसरण करते हुए कहा है–'' चूँकि जंगों का आरम्भ इन्सान के अन्तर्मन से होता है, इसलिए अमन की रक्षा की रचना भी इन्सान के अन्तर्मन में ही होना चाहिए।''[6] इस प्रकार अपने शोषण के विरूद्ध तथा अपने अधिकारों के लिये दलित नारियों को स्वयं ही आगे आना होगा।

**सन्दर्भ**


1 –दलित साहित्यः एक मूल्यांकन, प्रो0 चमनलाल,पृष्ठ 73

2 –भारतीय दलित साहित्य : परिप्रेक्ष्य सं0 पुन्नी सिंह, कमला प्रसाद, राजेन्द्र शर्मा पृ0496

3 –स्त्री मुक्ति : संघर्ष और इतिहास,रमणिका गुप्ता पृ0 70

4 –दलित साहित्य के प्रतिमान डॉ0 एन0 सिंह पृ0 240

5 – दलित साहित्य के प्रतिमान डॉ0 एन0 सिंह पृ0 244

6 –स्त्री मुक्ति : संघर्ष और इतिहास,रमणिका गुप्ता पृ0 150

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# Waste Cooking Oil Management towards Human Health - An Analysis

**Nurliyana Athirah Mohd Noor[1]; Ang Kean Hua[2]**

[1]Department of Environmental Science and Management, Institute of Biological Science, University of Malaya, 50603 Kuala Lumpur, Malaysia
[2]Faculty of Environmental Studies, Universiti Putra Malaysia, UPM Serdang, Selangor Darul Ehsan

ABSTRACT


Cooking oil is compulsory to prepare the food. Nevertheless, repeatedly used cooking oil will impact to human health. This research study conducted to determine cafeterias operators' perception in waste cooking oil management towards human health. Quantitative approach with questionnaire method applied, with targeting 20 out of 32 cafeterias operators in sampling size due to willingly in cooperation. Two categorized are formatted in collecting the information, namely respondent's demographic profile and cafeterias operators' perception in waste cooking oil management towards human health. Results indicated frequency of oil being used repeatedly in one day for only one time are two cafeterias, while using the oil for three times are 3 cafeterias, and others are stay for two time in repeating using cooking oil. Lastly, the level of knowledge of respondents towards human health indicate the answer for 'yes' are 5 cafeterias, while answering 'no' are 5 cafeterias, and others cafeterias operators stay for answer 'not sure'. Conclusion, cafeterias operators are compulsory to follow the guidelines provided by university, which concerned on environmental perspective that prevention from continuously contaminated the water quality. Apart from that, the guidelines are also highlighted about health food, where majority cafeterias operators should not repeatedly use cooking oil because the oil is already considered as waste cooking oil. The negatively impact from repeatedly used cooking oil not only bring human health decrease, but also reduce the quality of students live in continue study in university.
**Keywords:** Waste Cooking Oil, Human Health, Quality Life, Repeatedly

## I. INTRODUCTION

Cooking oil is essential during preparation of food. Common types of cooking oil used in Malaysia country are palm oil, peanut oil, corn oil, and sunflower oil. Cooking oil is used as a heat-transfer medium in frying to generate nicely cooked foods. Cooking oil is typically liquid, although some oils that contain saturated fat such as coconut oil, palm oil and palm kernel oil are solid at room temperature. Malaysia is among top three exporter of palm oil in the world, where 40% of palm oil are used for cooking oil, margarine, specialty fats and oleochemiclas. Generally, cooking oil is made from

palm oil. The main producer for cooking oil is restaurants, food stalls, night market as well as cafeteria. According to statistic, Malaysia restaurants are the highest user for cooking oil especially restaurants, which in-turn producing larger volume of used cooking oil generated per day (Akademi Science Government, 2012). Estimation for cooking oil in Malaysia was reported 7000 tons a month in 2010 (Akademi Science Government, 2012).

Figure 1: Consumption versus allocation of cooking oil in 2010




Source: Akademi Science Government, 2012

The Figure 1 showed consumption versus allocation of cooking oil in 2010. From the graph indicate highest consumption of cooking oil is on January and on Ramadhan month with more than 73, 000 000 tons. Although the fasting month is carry out within the month, but majority restaurant, hotel night market or even 'Bazar Ramadhan' are open during evening to provide various foods, which become the main reason to increase the graph in consumption of cooking oil. On the other hands, Akademi Science Government (2012) stated that there is top 8 Malaysian favorite food compulsory needed cooking oil for preparation, which can be showed in Table 1.

Table 1: Top 8 Malaysian favorite food

| Favourite food | Oil per serving ( gram ) |
|---|---|
| Nasi Lemak | 10 |
| Nasi goreng | 10 |
| Kuew teow goreng | 15 |
| Mee goreng | 10 |
| Chicken curry | 5 |
| Pisang goreng | 5 |
| Curry puff | 5 |
| Roti canai | 10 |

Source: Akademi Science Government, 2012

It was reported that waste cooking oil is widely produced all over the world (Kulkarni and Dalai, 2005). Improper waste management of cooking oil leads to discharge of waste cooking oil to environment and this will effect environment and bring dangerous to human health. The increasing production of waste cooking oil from household or food industrial source is growing problem in Malaysia. The waste cooking oil is regularly poured down directly to sink or drain which resulting the problems to wastewater treatment plants. Fat, oil and grease cause major problems to drain and sewers. When the cooking oil waste is discarded into the kitchen sinks or drains, it will cause blockage. Indirectly, this action will cause water pollution when the wastes cooking oil are entering the streams and rivers. Oils and grease may cause the clogging of the pipes because they stick to the inner walls and reduce the diameter of the sewer pipes. Sewage spills will occur when the layer is thicker. Afterwards, the worst condition may happen when it's disrupts normal operations sue to the oil reaches the wastewater treatment plants and both maintenance costs and the rates to be paid for the purification of the water will increase (Payri et al., 2004).

Apart from that, repeatedly used of cooking oil can cause adverse effect to the human health. However, this practice becomes common among Malaysian without concerned and aware about the negativity of waste cooking oil can harm the human health (Kubow, 1992). Many local communities are not aware the issues due to lack information and knowledge of waste cooking oil management especially the food outlet business operators. Although the benefits of waste cooking oil to be recycled several times that can contribute the

potential as value-added products such as biodiesel, lubricants, biopolymers or soap, however, the human body could not 'accept' and bring harm to healthy. Therefore, drastic action towards awareness must be taken to overcome possibility harming human health. This research study carried out to determine cafeterias operators' perception in waste cooking oil management towards human health.

## II. METHODOLOGY

This study concentrates on one of the government's university in Malaysia. The total cafeterias that carry out the business are 39. Fortunately, only 20 cafeterias are willing to provide the information for this study. In collecting data, quantitative approach with questionnaire methods is applied by distributing the form to 20 sampling size. The questionnaire only divided into two categories, namely (1) respondent's demographic profile, and (2) respondent's perception in waste cooking oil management towards human health.

## III. RESULTS AND DISCUSSION

Table 1 shows respondent's demographic profile. In gender, female are the highest rating with 55 respondents while male are 25 respondents. In age, 21 to 30 are the highest respondents with 29, continue by 31 to 40 with 28 respondents, 41 to 50 with 14 respondents, and lowest are more than 51 with 9 respondents. Next, majority respondents are working there are non-owner with 57 people while owner only 23 people. Lastly, most of the respondents are only having the education level until primary school with 48 respondents, continue with secondary school with 19 respondents, pra-university level are 8 respondents, and the least are university level with 5 respondents.

Meanwhile, respondent's perception in waste cooking oil management towards human health can be involve with method disposal of waste cooking oil, frequency of oil being used repeatedly in one day, and level of knowledge of respondents towards human health. In method disposal of waste cooking oil, majority cafeterias operators choose to thrown into sink without having any treatment, which involve with college 5 (1,2,3), college 12 (4), college 7, and food court (2,3,4,5); continue by thrown with normal waste which having primary treatment are college 12 (3,5), college 11 (1,2,3), food court 1, and Academy of Islamic Study. Lastly, only minority cafeterias operators like college 12 2, Faculty of Science, and Student Complex are choose to sell the waste cooking oil to the relevant parties for further action. Continuously, frequency of oil being used repeatedly in one day stated college 5 (1) and Faculty of Science are using the oil for one time, while college 12 (3), college 7, and Food Court 4 using the oil for three times, and others are stay for two time in repeating using cooking oil. Lastly, the level of knowledge of respondents towards human health indicate the answer for 'yes' are college 5 (1), college 12 (4), Faculty of Science, Academy of Islamic Study, and Student Complex; while answering 'no' are college 5 (2 and 3), college 11 (2), college 7, and Food Court 4; and others cafeterias operators stay for answer 'not sure'.

Table 1: Respondent's demographic profile.

| Category | Frequency |
|---|---|
| *Gender* | |
| Male | 25 |
| Female | 55 |
| *Age* | |
| 21-30 | 29 |
| 31-40 | 28 |
| 41-50 | 14 |
| >51 | 9 |
| *Occupations Types* | |
| Owner | 23 |
| Non-Owner | 57 |
| *Monthly Income (RM)* | |
| 0 – 500 | 13 |
| 501 – 1000 | 42 |
| 1001 – 1500 | 7 |
| 1501 – 2000 | 9 |
| > 2001 | 9 |
| *Education Level* | |

| | |
|---|---|
| Primary | 48 |
| Secondary | 19 |
| Pra-University | 8 |
| University | 5 |

Table 2: Method disposal of waste cooking oil.

| Cafeteria | Volume of Cooking Oil Consumed per day (L) | Method Disposal of Waste Cooking Oil | Frequencies of oil being used repeatedly per day | Level of knowledge of respondents toward human health |
|---|---|---|---|---|
| College 5 (1) | 21 – 30 | Sink | 1x | yes |
| College 5 (2) | 21 – 30 | Sink | 2x | No |
| College 5 (3) | 10 – 20 | Sink | 2x | No |
| College 12 (1) | 21 – 30 | Sink | 2x | Not sure |
| College 12 (2) | > 31 | Sell | 2x | Not sure |
| College 12 (3) | 21 – 30 | Thrown with Normal Waste | 3x (Deep frying ) | Not sure |
| College 12 (4) | 10 – 20 | Sink | 2x | yes |
| College 12 (5) | 10 – 20 | Thrown with Normal Waste | 2x | Not sure |
| College 11 (1) | > 31 | Thrown with Normal Waste | 2x | Not sure |
| College 11 (2) | > 31 | Thrown with Normal Waste | 2x | No |
| College 11 (3) | 21 – 30 | Thrown with Normal Waste | 2x | Not sure |
| College 7 | 10 – 20 | Sink / Drain | 3x | No |
| Food Court 1 | 21 – 30 | Thrown with Normal Waste | 2x | Not sure |
| Food Court 2 | 21 – 30 | Sink / Drain | 2x | Not sure |
| Food Court 3 | > 31 | Sink / Drain | 2x | No |
| Food Court 4 | 21 – 30 | Sink / Drain | 3x | Not sure |
| Food Court 5 | 21 – 30 | Sink / Drain | 2x | Not sure |
| Faculty of Science | 10 – 20 | Sell | 1x | yes |
| Academy of Islamic Study | > 31 | Thrown with Normal Waste | 2x | yes |
| Student Complex | > 31 | Sell | 2x | yes |

## IV.CONCLUSION

Cafeterias operators are compulsory to follow the guidelines provided by university, which concerned on environmental perspective that prevention from continuously contaminated the water quality. Apart from that, the guidelines are also highlighted about health food, where majority cafeterias operators should not repeatedly use cooking oil because the oil is already considered as waste cooking oil. The negatively impact from repeatedly used cooking oil not only bring human health decrease, but also reduce the quality of students live in continue study in university.

## V. REFERENCES


[1] Akademi Science Government (2012). Prioritizing Policy Options to Prevent

[2] Obesity : Cooking Oil Subsidy. Retrieved from www.moh.gov.my

[3] Kubow S. (1992). Routes of formation and toxic consequences of lipid oxidation products in
[4] foods. Free Radic Biol Med 12(1): 63-81.
[5] Kulkarni, M. G. & Dalai, A. K. (2006). Waste cooking oil-an economical source for biodiesel:
[6] A review. Ind. Eng. Chem. Res, (45): 2901-2913.
[7] Payri, F., Macia'n, V., Arregle, J., Tormos, B., (2004). Heavy-duty diesel engine performance
[8] and emission measurements for biodiesel (from cooking oil) blends used in the ECOBUS Projet. SAE paper 05-01 -2205.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# The Agriculture of Jammu and Kashmir (1951-1960)

**Mohd Amin Sofi**
Ph.D. Scholar, Jamai Millia Islamia, Central University, New Delhi, India

ABSTRACT

**Objectives**: To explore land utilization, crops, and how much area was under cultivation, futility, yield of the land and pressure of the people on the land in Jammu and Kashmir during 1951-1960.

**Methods/Statistical analysis**: Data has been collected from both primary and secondary sources like data available from State and National Archives, Indian Agriculture research and Research libraries, Bulletin on Food Statistics, Digest of Statistics etc.

**Findings:** We find that during our reference period, about 50% of the Net State Domestic product was contributed by Agriculture sector, whereas the secondary and tertiary sectors contributed 19% and 31% respectively. The total area of the state of Jammu and Kashmir, according to the latest figures provided by the survey of India, Dehra Dun, was 138992 square kilo meters, out of this area 138,686.7 square km were rural and 305.4 km, urban. The total area calculated of urban in the province of Kashmir was 189.3km and 115.1 km in Jammu.

**Application:** The study stresses the role of modern techniques and innovations in agriculture sector so as to increase the production and production of major crops of the period under study. Very little have been written on the said period by the scholars and didn't devote their attention on the statistical data and classification of workers. It is in this context in the present paper I have tried to fill this gap.

**Keywords :** Crops, Agriculture, Cultivating Owners, Tenant Cultivators And Agriculture Labors.

## I. INTRODUCTION

मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने के फैसले का बिहार की राजनीति पर भी जबर्दस्त प्रभाव पड़ा। इसने राज्य की राजनीति में पिछड़ों में अभूतपूर्व राजनीतिक एकजुटता को जन्म दिया। लालू अपने कुशल नेतृत्व के कारण पिछड़ों की राजनीतिक एकता को मुखर रूप देने में सफल रहे। बाद के वर्षों में नीतीश कुमार ने बिहार की मंडलवादी राजनीतिक धारा को आगे बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने लालू के नेतृत्व को केवल एक पिछड़ी जाति के वर्चस्व का पर्याय मानते हुए पिछड़ी जातियों को अपने नेतृत्व में गोलबंद करने की कोशिश की। 1995 के विधानसभा चुनावों के बाद बिहार की मंडलवादी राजनीति में एक नई धारा का उभार देखा जा सकता है। 1996 के लोकसभा चुनावों से पिछड़ी जातियों का वोट दो खेमों में बँटने लगा। कुछ हद तक यह प्रक्रिया 1995 के विधानसभा चुनावों में ही शुरू हो गई। लेकिन इन चुनावों में नीतीश लालू को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं पहुँचा सके। लेकिन 1996 के लोकसभा चुनावों में स्थिति बदली। इन चुनावों में लालू के नेतृत्व वाले जनता दल गठबंधन को यादवों का 81 फीसद वोट मिला। इसके विपरीत दो मजबूत पिछड़ी जातियों कुर्मी–कोइरी का 74 फीसद वोट दोनों गठबंधनों के बीच बँटे।[2] इस दशक में हुए बाकी चुनावों में भी कमोबेश यही प्रवृत्ति जारी रही।

मंडल की राजनीति के कारण ही नब्बे के दशक में बिहार की राजनीति में सामाजिक न्याय सबसे बड़ा मुद्दा बन गया। इस दशक में लालू सामाजिक न्याय के योद्धा के रूप में उभरे। उन्हें यादवों, मुस्लिमों, अन्य पिछड़ी जातियों, और दलितों के एक बड़े खेमे का समर्थन मिलता रहा। लालू की सामाजिक न्याय की राजनीति के कारण दलितों का बड़ा हिस्सा भी लालू से जुड़ा रहा। 1998 में रामविलास पासवान के अलग हो जाने के बाद लालू के दल को दलितों के वोट पहले की तुलना में कुछ कम मिले, लेकिन उन्हें अब भी दलितों का अच्छा–खासा वोट मिलता रहा। रोचक तथ्य यह है कि इन चुनावों में लालू–विरोधी गठजोड़ को दलितों और अन्य पिछड़ी जातियों के ज्यादा वोट मिले थे। 2000 के विधानसभा चुनावों में लालू का दल पूर्ण बहुमत से दूर रहा। इन चुनावों में भी लालू को दलितों और अन्य पिछड़ी जातियों के कम वोट मिले। लेकिन लालू पूरी तरह नहीं हारे, क्योंकि 1999 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इन चुनावों में भाजपा गठबंधन के वोटों में भी कमी आई।'[3]

मंडल की तरह मन्दिर ने भी बिहार की राजनीति को प्रभावित किया। लेकिन राष्ट्रीय स्तर की राजनीति के विपरीत यहाँ भाजपा का कोई उभार नहीं हुआ। बिहार में मन्दिर का प्रभाव भी मंडल के प्रभाव से निर्धारित हुआ। आडवाणी को गिरफ्तार कर और बाबरी मस्जिद के ढहाए जाने के बाद भी राज्य को दंगामुक्त रख कर लालू ने मुस्लिमों का विश्वास अर्जित किया। नब्बे के दशक में हुए सभी चुनावों में लालू के नेतृत्व वाले दल को मुस्लिमों के सबसे ज्यादा वोट मिले। बिहार की राजनीति में मंडलवादी राजनीति के कारको की मजबूत उपस्थिति ने यहाँ भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति का प्रसार नहीं होने दिया। 1996 के लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा को नीतीश कुमार का साथ मिला। इसके बाद कई चुनावों में भाजपा को भी अच्छी सफलता मिली। लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि नीतीश और भाजपा का गठजोड़ भाजपा द्वारा मन्दिर मुद्दे को स्थगित करने पर ही आधारित था। इस लिहाज से यह कहा जा सकता है कि मंडल ने बिहार में मन्दिर की चमक फीकी कर दी। कई बार मंडलवादी राजनीतिज्ञों ने मन्दिर का उपयोग अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए किया। उदाहरणार्थ इस दशक में लालू मुस्लिमों को सांप्रदायिक भाजपा का डर दिखाकर अपने साथ जोड़े रखने में कामयाब हुए।

लेकिन 2000 के विधानसभा चुनावों में उनके दल को सबसे ज्यादा सीटें मिलीं। इसका एक कारण जमीनी स्तर पर लालू का आधार मजबूत होना था। यादव, मुसलमान, दलितों और अन्य पिछड़ी जातियों का एक वर्ग अब भी मजबूती के साथ लालू से जुड़ा था। दरअसल लालू की जीत का एक बड़ा कारण राजग के घटकों का आपसी कलह था। बहरहाल, लालू चुनाव जीतकर अपनी पार्टी की सरकार बनवाने में सफल रहे। लेकिन निश्चित तौर पर उनका

राजनीतिक आधार सिकुड़ा। यादवों के अलावा अन्य पिछड़ी जातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की चेतना को समायोजित करना राजद के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई।[4]

लालू प्रसाद ने अपने चुनाव प्रसार में अपने पुराने आधार को मजबूती से कायम करने की कोशिश की। लालू ने फरवरी के चुनावों के बाद सरकार गठित न हो पाने का दोष रामविलास पासवान के सिर मढ़ा। लालू ने रामविलास पासवान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मदद पहुँचाने का आरोप लगाया।[5] लालू ने नीतीश के पीछे सक्रिय सवर्णवादी और सांप्रदायिक भाजपा से मतदाताओं को सावधान किया। राजद नेताओं ने चुनाव प्रचार में इस बात पर जोर दिया कि लालू प्रसाद को हटाने के लिए साजिश की जा रही है क्योंकि वे पिछड़े वर्ग आदमी हैं और उन्होंने पिछड़ों और दलितों का सशक्तिकरण किया है।'[6] लालू का अनुसरण करते हुए रामविलास पासवान ने पिछले विधानसभा में सरकार न बन पाने का दोष राजद के सिर मढ़ा। पासवान ने लालू पर यह आरोप लगाया कि परिवारवाद के मोह में उन्होंने मुस्लिम मुख्यमंत्री के उनके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया और इसी कारण धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन नहीं हो पाया। पासवान ने जातिवाद और सांप्रदायिकता दोनों के ही विरोध पर जोर दिया। पासवान को मुस्लिमों और ऊँची जातियों का व्यापक समर्थन मिलने की उम्मीद थी। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें और उनके चुनावी सहयोगी भाकपा को इतनी सीटें मिल जाएंगी कि वे यह तय कर पाएं कि अगली सरकार कौन बनाएगा।'[7]

इस बार विधानसभा चुनावों में कुछ ऐसे मुद्दे सामने आए, जो राजद को मुश्किल में डाल सकते थे। जद (यू)-भाजपा गठबंधन में नीतीश कुमार के अविवादित नेता के रूप में उभरने से मुस्लिमों और निम्न पिछड़ी जातियों में इस गठबंधन की विश्वसनीयता बढ़ी। पिछड़ी मुस्लिम जातियों के संगठन ऑल इंडिया मुस्लिम पसमांदा महाज ने इस बार नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जद(यू) को समर्थन देने का फैसला किया।[8] महाज ने लोकसभा चुनावों में राजद-काँग्रेस-लोजपा गठबंधन का समर्थन किया था। फरवरी के चुनावों में लोजपा के पक्ष में इसके समर्थन के कारण मुस्लिमों के वोट बाँटने के कारण राजद को सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। महाज ने दलित मुस्लिमों के लिए आरक्षण की मांगी की। सिर्फ जद (यू) ने दलित मुस्लिमों का आरक्षण देने का वायदा किया। राजद, काँग्रेस और लोजपा ने सभी मुस्लिमों को आरक्षण देने का वायदा किया। लेकिन महाज ने इसका विरोध किया, क्योंकि उसका मानना था कि इस तरह से आरक्षण का फायदा ऊँची मुस्लिम जातियों को ही मिलेगा।[9] यह महत्त्वपूर्ण है कि महाज ने अपना समर्थन सिर्फ जद(यू) को दिया। जिन स्थानों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे, वहाँ उसने दूसरे धर्मनिरपेक्ष दलों को समर्थन दिया।

पिछड़ी मुस्लिम जातियों के संगठनों के अलावा निम्न पिछड़ी जातियों में भी इस बार राजद का विकल्प आजमाने की भावना बढ़ी। पिछले चुनावों में निम्न पिछड़ी जातियों के वोट बँटते रहे थे। ऐसा भी नहीं था कि सभी निम्न पिछड़ी जातियाँ एक साथ गोलबंद होकर वोट डालती थीं। लेकिन इन जातियों में यह भावना जोर पकड़ने लगी थी कि राजद के शासन में मुख्य रूप से एक ही पिछड़ी जाति को फायदा हुआ है। ऐसे में इनमें से अधिकांश जातियाँ विकल्प की तलाश में थीं। इसके अलावा, राष्ट्रपति शासन के दौरान हुई गड़बड़ियाँ भी राजद के खिलाफ मुद्दा बन गई थीं। विपक्ष ने जोर-शोर से यह मुद्दा उठाया कि बूटा सिंह का शासन केवल लालू राज का विस्तार मात्र था।"[10]

इन चुनावों में धर्मनिरपेक्षता कोई बड़ा मुद्दा नहीं बन पाया। लोजपा गठबंधन को मिले वोटों का बड़ा हिस्सा उसे इसलिए मिला कि वह लालू की खिलाफत कर रही थी। यह चुनाव कई मायने में लालू बनाम नीतीश के बीच की चुनावी लड़ाई थी। नब्बे के दशक के बाद हुए सारे चुनावों की भाँति इन चुनावों में भी लालू विरोध या समर्थन के आधार पर ही मुख्य गठबंधन बने। लेकिन ये चुनाव नब्बे के दशक में हुए अन्य चुनावों से इस मायने में अलग थे कि नीतीश लालू के कद के नेता के रूप में उभरे। लालू ने पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को ऊँची जातियों और

सांप्रदायिक ताकतों से सावधान किया। उन्होंने दावा किया कि सिर्फ वे ही पिछड़ी जातियों, दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा कर सकते हैं। लालू के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं था। इन विधानसभा चुनावों का नतीजा आने से एक दिन पहले लालू ने स्पष्ट रूप से कहा कि बिहार में विकास कोई मुद्दा नहीं है। चुनाव विकास से नहीं बल्कि मजबूत सामाजिक आधार तैयार करने से जीते जाते हैं। 1990 के बाद लालू की लगातार जीत के राज को अभिव्यक्त करने के लिए प्रसिद्ध समाज–वैज्ञानिक शैबाल गुप्ता ने सांस्कृतिक सब्सिडी शब्द का इस्तेमाल किया है। यह सांस्कृतिक सब्सिडी लालू के पूरे बिहारीपन, लोकजीवन के प्रति उत्साह और अभिजनों और तथाकथित बौद्धिक वर्ग के प्रति उनकी अवमानना पर आधारित थी।"[11] लेकिन अपनी आलोचनाओं को सुनने का धैर्य न होने के कारण लालू कभी भी यह महसूस नहीं कर पाए कि उनका आधार वोट सिकुड़ रहा है। उनका यह विश्वास था कि वे आर्थिक विकास जैसे मुद्दे को पीछे कर सिर्फ सांस्कृतिक सब्सिडी के आधार पर अपना शासन कायम रख सकते हैं। लेकिन ऐसा मानना लालू के जमीनी हकीकत से दूर रहने का प्रमाण ही था।

लालू के विपरीत नीतीश ने सामाजिक आधार की मजबूती के साथ ही साथ विकास के एजेंडे पर भी ध्यान दिया। तकरीबन सभी विश्लेषकों ने इस बात को स्वीकार किया कि नीतीश को अपने अविवादित नेता के रूप में पेश करने का फायदा जद(यू) – भाजपा गठबंधन को हुआ। भाजपा ने अपना हिन्दुत्व का एजेंडा पीछे किया और नीतीश के नेतृत्व में पूरी तरह क्रियाशील हुई। दरअसल, यह जनादेश एक ओर लालू–राबड़ी राज के खिलाफ था, तो दूसरी ओर नीतीश कुमार के पक्ष में था। यों फरवरी में हुए चुनावों में भी यही रूझान था, पर वह इतना ताकतवर नहीं था कि निर्णायक नतीजा आ पाता। इस बार नीतीश कुमार को मौका देने की भावना कहीं ज्यादा थी।[12]

चुनाव नतीजों की खास बात यह थी कि इससे राजद या लोजपा गठबंधन के वोटों में बहुत ज्यादा कटौती नहीं हुई, लेकिन जद (यू) गठबंधन के वोटों में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी हुई। नीतीश ने न सिर्फ अपना आधार–समर्थन मजबूती से कायम रखा, बल्कि उन्हें दूसरे दलों का आधार वोट माने जाने वाले समुदायों का समर्थन भी मिला। साफ तौर पर, इस चुनाव में नीतीश अपने प्रतिद्वंद्वियों से बहुत आगे निकल गए। इन चुनावों में नीतीश को उन तबकों का समर्थन भी मिला जो पिछले चुनावों में सवर्णवादी और संप्रदायवादी शक्तियों से उनके गठबंधन के कारण उन्हें संदेह की नजर से देखते थे। इन चुनावों के नतीजों ने यह दिखाया कि राजनीति में जाति की क्रियाशीलता और विकास का मुद्दा एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। नीतीश कुमार के सशक्त नेता के रूप में उभरने और विकास पुरुष की उनकी छवि ने जद(यू) गठबंधन को फायदा पहुँचाया। नीतीश की मजबूती ने लालू–राबड़ी के शासन से असंतुष्ट निम्न पिछड़ी जातियों में यह भरोसा जगाया कि नीतीश को वोट देकर वे सवर्णवादी भाजपा को सत्ता नहीं सौंप रहे हैं। विकास के नारे ने राजद के शासन से ऊब चुके अलग–अलग समुदायों को एक धारा में लाने में सहायता दी।[13]

अलग–अलग समुदायों ने अलग–अलग कारणों से नीतीश कुमार को समर्थन दिया है। इन समुदायों की विकास की अवधारणा भी अलग–अलग है और कई बार तो इनमें टकराव की गुंजाइश भी है।[14] उदाहरण के तौर पर भूमिहीन निम्न पिछड़ी जातियों और दलितों के लिए विकास की किसी भी संकल्पना का मतलब जमीन पर उनके अधिकार से शुरू होता है। लेकिन भूमिपति ऊँची जातियों का हित किसी भी तरह के भूमि सुधार से बाधित होगा। ऐसे में, वे उसका विरोध करेंगी। लालू की राजनीति में पिछड़ी जातियों की अपनी पहचान की चेतना की प्रमुख भूमिका थी। निम्न पिछड़ी जातियों ने लालू की जगह नीतीश को तरजीह दी। इसका कारण यह था कि उन्होंने यह महसूस कर लिया कि लालू का शासन एक जाति विषेष के समृद्ध तबके के वर्चस्व का पर्याय मात्र था। लेकिन ये जातियाँ कभी नहीं चाहेंगी कि फिर से ऊँची जातियों के वर्चस्व की वापसी हो। नीतीश के शासन में दबंग ऊँची जातियाँ पिछड़ी

जातियों पर अपने वर्चस्व की वापसी की कोशिश कर सकती है।[15] इन्हें नियंत्रित रखना नीतीश के लिए प्रमुख चुनौती है। ऊँची जातियों के वर्चस्व की वापसी की कोई भी आहट निम्न पिछड़ी जातियों को लालू की ओर मोड़ देगी।

बिहार–विभाजन के बाद बिहार की राजनीतिक में पिछड़ी जातियों के बीच सत्ता पर अधिकार के लिए संघर्ष बढ़ा। ऊँची जातियाँ पूरी तरह से सहयोगी की भूमिका में आ गई। रामविलास पासवान ने लोजपा का गठन कर एक ऐसी पार्टी का गठन किया, जिसका आधार वोट एक प्रमुख दलित जाति दुसाध थी। 2004 के चुनाव में राजद–काँग्रेस, लोजपा, माकपा और राष्ट्रवादी काँग्रेस के व्यापक धर्मनिरपेक्ष मोर्चे को जबर्दस्त चुनावी सफलता मिली। लेकिन फरवरी 2005 के विधानसभा चुनावों तक यह गठबंधन पूरी तरह से बिखर गया। फरवरी 2005 के चुनावों में पासवान का दल राजद और जद (यू) गठबंधन के बाद तीसरी ताकत के रूप में उभरा। लेकिन फरवरी 2005 में चुनी गई विधानसभा बिना किसी बैठक के भंग कर देनी पड़ी। अक्टूबर–नवम्बर 2005 और सन् 2010, 2015 के चुनावों में मतदाताओं ने लालू के दल को दरकिनार करते हुए नीतीश को पूर्ण बहुमत दिया। पासवान ने दलित–मुस्लिम सामाजिक आधार मजबूत करने की कोशिश की। लेकिन इस चुनाव में वे सुफल नहीं हुए। वास्तव में सन् 2005, 2010 और 2015 के विधानसभा चुनावों में मतदाताओं में नीतीश और उनके विकास के एजेंडे का आकर्षण बाकी सारी चीजों पर हावी रहा।

निष्कर्ष के तौर पर हम कह सकते हैं कि बिहार विभाजन के बाद के वर्षों में बिहार की राजनीति में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को अपने एजेंडा में महत्त्वपूर्ण बदलाव करना पड़ा। लेकिन इन बदलावों में भी एक स्पष्ट निरन्तरता देखी जा सकती है। नीतीश को अपने आधार वोटों के अलावा निम्न पिछड़ी जातियों का व्यापक समर्थन मिला। सही मायने में लालू–राबड़ी शासन के खत्म होने और नीतीश की ताजपोशी क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के एजेंडा में नए आयाम का प्रतीक है।

## सन्दर्भ ग्रंथ:-

1. वेंकिटेश रामकृष्णन, ‘इक्जामिनिंग रिजर्वेशन’ फ्रंटलाइन 5 मई, 2006, पृ. 4–7
2. संजय कुमार, ‘न्यू फेज इन बैकवर्ड कास्ट पॉलिटिक्स इन बिहार’, घनश्याम शाह (सं.), कास्ट एण्ड डेमोक्रेटिक पॉलिटिक्स इन इंडिया, परमानेण्ट ब्लैक, नई दिल्ली, 2002, पृ॰ 319–320
3. इन्दु सिन्हा, “बिहार चेंज ऑफ कोर्स इंडिकेटेड फॉर आरजेडी’, इकोनोमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली दिसम्बर 4, 1999, पृ॰ 3417
4. संजय कुमार, ‘न्यू फेज इन बैकवर्ड कास्ट पॉलिटिक्स इन बिहार’, पूर्व उद्धृत, पृ॰326
5. सुरेन्द्र किशोर, ’चुनाव की तपिश में फिर झुलसेगा बिहार’, हिन्दुस्तान, 16 सितम्बर 2005, (संपादकीय पृष्ठ), पृ॰ 8
6. पूर्णिमा एस त्रिपाठी, ‘सिफ्टिंग लॉयलटीज’, फ्रंटलाइन, नवम्बर 4, 2005, पृ॰ 29
7. वही, पृ॰ 29
8. पूर्णिमा एस त्रिपाठी, ’बिहार ऑन द ऐज’, फ्रंटलाइन, अक्टूबर 21, 2005, पृ॰ 35
9. पूर्णिमा एस त्रिपाठी, ’बैक टू द पीपुल’, फ्रंटलाइन, अक्टूबर 21, 2005, पृ॰ 35
10. वेंकिटेशन रामकृष्णन, ’ए न्यू एरा इन बिहार’, फ्रंटलाइन, 16 दिसम्बर, 2005, पृ॰ 6
11. पूर्णिमा एस॰ त्रिपाठी, ’ए वोट फार चेंज, फ्रंटलाइन, 16 दिसम्बर, 2005
12. ‘बिहार में बदलाव’, (संपादकीय), जनसत्ता, 23 नवम्बर, 2005

13. संजय कुमार, राजीव कारिन्दकर और योगेन्द्र यादव, 'बिहार में चुनाव', हिन्दुस्तान, 11 नवम्बर, 2005, पृ॰ 6
14. वेंकिटेश रामकृष्णन, 'ए न्यू एरा इन बिहार', पूर्वउद्धृत, पृ॰ 5–8
15. देखें, वी.कृष्णा अनंत, 'बिहार: डॉन ऑफ न्यू कास्ट बैटल्स? इकोनोमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली, 3 दिसम्बर, 2005, पृ॰ 142.43

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# आधुनिक बिहार के आर्थिक विकास में डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह का योगदान



**डॉ0 अजीत सिंह**
**इतिहास विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना**

**शोध सार**

1912 में बिहार प्रांत के गठन के साथ ही बिहार की अपनी स्वतंत्र पहचान बनी, क्योंकि इसके पूर्व यह बंगाल प्रांत का ही एक भाग था। 1936 में उड़ीसा भी बिहार से अलग हो गया, लेकिन अभी भी भारत पर ब्रिटिश शासन कायम था। इस क्रम में उत्तरदायी शासन की स्थापना हेतु 1937 में जब प्रांतीय चुनाव हुए तो बिहार में श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में पहली कांग्रेसी सरकार बनी। बिहार के इस प्रथम मंत्रिमंडल में अनुग्रह नारायण सिंह वित्त तथा स्थानीय शासन के मंत्री बनाये गए। बिहार के वित्तमंत्री की हैसियत से उन्होंने जुलाई 1937 से अक्तूबर 1939 और पुनः 1946 से 1957 तक कार्य किया। वित्त विभाग किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ होती है और तत्कालीन परिस्थितियों में उनका यह उत्तरदायित्त्व अत्यन्त चुनौतिपूर्ण था। अनुग्रह बाबू ने अपने दायित्त्वों का पूरी निष्ठा और बुद्धिमता से निर्वाह किया। बिहार के निर्माण के उस प्रारम्भिक दौर में स्वाभाविक रूप से उनके सामने गंभीर चुनौतियाँ थीं, जिनको लगातार बाढ़ और सुखाड़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं ने और भी गंभीर बना दिया था, लेकिन अनुग्रह बाबू अनुभव के धनी होने के साथ–साथ परिश्रमी और समस्याओं से जुझने वाले नेता थे। प्रशासकीय निर्णय लेने में उन्हें व्यापक जन–सम्पर्क तथा किसानों की समस्याओं की वास्तविक जानकारी का अपेक्षित लाभ भी मिला। फलस्वरूप श्रमिकों के हितों की रक्षा तथा किसानों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार को उन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता दी और राज्यहित में अपने विरोधियों को भी अपने साथ रखने से गुरेज नहीं किया। गरीबी मिटाने के लिए उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक उत्पादन करने की सलाह दी और बढ़ती जनसंख्या को गरीबी का एक प्रमुख कारण बताया। बचत के महत्त्व को स्वीकार करते हुए अनुग्रह बाबू ने कहा कि जनता की छोटी–छोटी बचतों से राष्ट्र–निर्माण के कई कार्य पूर्ण हो सकते हैं। अतः उन्होंने धन–बचत को आंदोलन के रूप में चलाने की बात लोगों को बताई।

**शब्द संकेतः**

द्वैध शासन, औपनिवेशिक शासन, प्रांतीय स्वायत्तता, समाजवाद, साम्राज्यवाद, स्थायी बंदोबस्त, बकाश्त भूमि, बजट–प्राक्कलन, आंदोलन, सत्याग्रह

**परिचय :**

आधुनिक बिहार के निर्माताओं में डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह का अग्रणी स्थान है। वे बिहार प्रांत में हुए राष्ट्रीय आंदोलन के शीर्षस्थ नेताओं में से एक थे। उन्होंने महात्मा गाँधी एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के साथ चंपारण सत्याग्रह में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे बिहार के पहले उप मुख्यमंत्री सह वित्तमंत्री थे। आधुनिक बिहार की अर्थव्यवस्था के

सर्वांगीण विकास की श्रृंखला के वस्तुनिष्ठ विश्लेषण के क्रम में अनुग्रह बाबू के विलक्षण योगदानों के महत्त्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 20 वीं शताब्दी के शुरूआती दशकों से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अनुग्रह बाबू ने अपने त्याग, समर्पण, नेतृत्व एवं कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण जनमानस में जो स्थान प्राप्त किया, वह धरोहर के रूप में जीवन भर उनका मजबूत संबल बना रहा।

**विषय—वस्तु :**

भारत शासन अधिनियम 1935 ई0 के अन्तर्गत ब्रिटिश सरकार भारत के प्रांतों में द्वैध शासन का अंत कर उत्तरदायी शासन के लिए प्रतिबद्ध थी। अतः प्रांतों में चुनाव की घोषणा कर दी गई। यद्यपि 1935 का अधिनियम कांग्रेस के सिद्धान्तों के अनुरूप तो नहीं था यथापि यह उत्तरदायी शासन की ओर बढ़ता हुआ कदम तो था ही। अतः कांग्रेस ने आनेवाले चुनाव में भाग लेने का निर्णय किया। चुनाव—घोषणा के बाद अनुग्रह बाबू का ज्यादा समय चुनाव की तैयारियों में बीतने लगा। पैसे का जुगाड़ करना अनुग्रह बाबू के जिम्मे था और उम्मीदवारों के चुनाव में भी उनकी सक्रिय सहभागिता थी।[1] सरदार पटेल के आदेश पर संकोच के बावजूद उन्होंने चुनाव में डालमिया से चंदा लिया और जब चंदे की रकम कम पड़ी तो अपनी जमानत पर कर्ज भी लिया।

जनवरी 1937 में बिहार के प्रांतीय चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें कांग्रेस पार्टी की भारी विजय हुई। श्रीकृष्ण सिंह सर्वसम्मति से कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गए। हालांकि गाँधीजी का अपना विचार था कि 'नेता' पद का दायित्त्व अनुग्रह बाबू को ही सौंपा जाए। कृष्ण बल्लभ सहाय और प्रो0 अब्दुल बारी भी अनुग्रह बाबू को ही नेता बनाने के पक्षधर थे, लेकिन अनुग्रह बाबू ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद से अपनी राय पहले ही जाहिर कर दी थी कि वे नेता (मुख्यमंत्री) बनना नहीं चाहते। इस बात का जिक्र राजेन्द्र बाबू ने अपनी 'आत्मकथा' में भी किया है, ''मैंने विचार कर अपनी राय निर्धारित कर ली थी कि श्रीकृष्ण सिंह ही पार्टी के नेता बनाये जाएं। यह निश्चय करने में मुझे इस बात से काफी मदद मिली थी कि दूसरे व्यक्ति श्री अनुग्रह नारायण सिंह, जिनके संबंध में कुछ लोग बातें कर रहे थे, मुझसे निजी तौर पर कह चुके थे कि वे इस पद को नहीं चाहते और जो लोग उनके बारे में औरों से कह रहे हैं, वे उनकी इच्छा के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं............... जहाँ तक मैं समझ सकता और देख सकता था, जिलों के लोग श्रीकृष्ण बाबू और अनुग्रह बाबू में से ही एक को नेता बनाना चाहते थे, पर अनुग्रह बाबू इस होड़ में पड़ना नहीं चाहते थे। इसलिए यदि मैंने कुछ किया भी हो तो उसका असर इतना ही मात्र था कि मैंने नाम प्रस्तावित नहीं होने दिए। अंत में एक ही नाम आया और वह श्रीकृष्ण बाबू का, जिसको लोगों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।[2] सच तो यह है कि देशहित और राज्यहित के लिए अनुग्रह बाबू मुख्यमंत्री पद को मामूली समझते थे और मामूली लाभ के लिए वे पार्टी और मित्रों में फूट के विरूद्ध थे। इस बात का पता इससे भी चलता है कि पार्टी—लीडर के लिए श्री बाबू के नाम का प्रस्ताव भी अनुग्रह बाबू ने स्वयं रखा।

इधर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की बैठक दिल्ली में 18 मार्च 1937 ई0 को हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जब तक गवर्नर यह आश्वासन नहीं देंगे कि वे मंत्रियों के वैधानिक कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे, तब तक कांग्रेस सदस्य मंत्रिमंडल में भाग नहीं ले सकते।[3] यही कारण था कि बिहार के गवर्नर एम0जी0हैलेट के द्वारा मंत्रिमंडल गठन हेतु आमंत्रित करने के बावजूद भी कांग्रेस विधायक दल के नेता श्रीकृष्ण सिंह ने अपनी असमर्थता व्यक्त कर दी।

फलतः 1 अप्रैल 1937 ई0 को मुसलमानों की इंडिपेंडेंट पार्टी के नेता मुहम्मद युनुस ने अपने सहयोगियों के साथ अंतरिम मंत्रिमंडल का गठन किया, जिसका बिहार के कांग्रेसी नेताओं ने जबर्दस्त विरोध किया। इसी दौरान 21 जून 1937 को वायसराय ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस की शंका निर्मूल है कि गवर्नर मंत्रिमंडल की नीति तथा दैनिक प्रशासन में हस्तक्षेप करेंगे। वायसराय की स्पष्टीकरण के बाद 7 जुलाई 1937 की वर्धा–कांग्रेस कार्यकारिणी ने बहुमत प्राप्त प्रांतों में कांग्रेसी मंत्रिमंडलों के गठन का प्रस्ताव पास कर दिया। बिहार के मुख्यमंत्री मुहम्मद युनुस ने कांग्रेस के इस निर्णय का स्वागत करते हुए अंतरिम मंत्रिमंडल से त्याग–पत्र दे दिया।[4]

20 जुलाई 1937 ई0 को जब कांग्रेस विधायक दल के नेता श्रीकृष्ण सिंह ने मंत्रिमंडल का गठन किया तब बिहार के इस प्रथम मंत्रिमंडल में अनुग्रह नारायण सिंह वित्त तथा स्थानीय शासन के मंत्री बने।[5] कांग्रेस–मंत्रिमंडल बनने के साथ ही जनता की उम्मीदें बढ़ गई। जनता यह आन्दोलन करने लगी कि किसानों को राहत मिले, कर्ज घटाया जाए, मद्यपान निषेध हो, जमींदारों की जमींदारी पर पाबंदी लगाई जाए, गैर–कानूनी वसूलियाँ बंद की जाएं, जंगल–संबंधी शिकायतें दूर हों, शिक्षा का पुनर्संगठन हो, राष्ट्रीय संस्कृति का पुनरोत्थान हो, ग्राम–पंचायतें फिर से कायम हों, न्याय सस्ता और पारदर्शी हो, हरिजनों और गिरिजनों की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दशा सुधारी जाए। अतः कांग्रेस ने अपनी सरकारों को अक्तूबर 1937 ई0 में आदेश दिया कि वे चुनाव घोषणा–पत्र के अनुसार कार्य आरम्भ करें।[6]

बिहार के वित्तमंत्री की हैसियत से अनुग्रह नारायण सिंह ने जुलाई 1937 से अक्तूबर 1939 और पुनः 1946 से 1957 तक कार्य किया। वित्त विभाग किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ होती है और तत्कालीन परिस्थितियों में उनका यह उत्तरदायित्व अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। 1912 के पहले के कई शताब्दियों से एक प्रांत के रूप में बिहार का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं था। अंग्रेजी शासन के अधीन बंगाल से अलग हटकर एक प्रांत के रूप में सृजन के बावजूद बिहार के वित्तीय प्रबंधन की बागडोर अंग्रेजी सरकार के ही हाथों में रही। द्वैध शासन के अंतर्गत भी वित्त विभाग सीधे अंग्रेजी शासन के नियंत्रण में था। इस पृष्ठभूमि में कांग्रेस के प्रथम मंत्रिमंडल के सामने बिहार की दयनीय आर्थिक स्थिति में सुधार लाने की जिम्मेवारी अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण थी, जिसे अनुग्रह बाबू ने सहर्ष स्वीकार किया।

वित्तमंत्री के रूप में वे यह मानते थे कि बिहार की असंतोषप्रद वित्तीय स्थिति प्रकृति की देन नहीं थी। चूँकि यहाँ की कृषि की जमीन न केवल खेती के लिए अत्यंत उपयुक्त थी बल्कि फसलों की समुचित सिंचाई हेतु भी यहाँ पर्याप्त जल–संसाधन उपलब्ध थे। लेकिन, पैसे के अभाव में सरकार चाह कर भी बाढ़ पर नियंत्रण कर पाने में असमर्थ थी, जिसके कारण हमेशा बड़े पैमाने पर फसलों की बर्बादी होती थी। इस संदर्भ में बाढ़ की समस्याओं पर विचार के लिए 1937 में पटना में बाढ़ सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन गवर्नर ने किया और सभापतित्त्व अनुग्रह बाबू ने किया।[7] कोसी नदी की बाढ़ पर नियंत्रण के लिए वे 10 करोड़ रूपये खर्च करने को तैयार भी थे, लेकिन नेपाल के सहयोग के बिना कोई खास प्रगति संभव नहीं थी। हालांकि उनकी सकारात्मक सोच का ही परिणाम था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद बाढ़–नियंत्रण एवं सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए अनेक वृहत् नदी घाटी योजनाओं का कार्यान्वयन हो पाया।

एक वित्तमंत्री के रूप में उनकी यह मान्यता थी कि बिहार की आर्थिक तरक्की विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों के विकास पर ही निर्भर करती है। चाहे कृषि के लिए सिंचाई के प्रबंधन की जरूरत हो अथवा सड़कों, पुलों के

निर्माण की बात, पैसे की उपलब्धता पर ही इन संसाधनों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता था। उल्लेखनीय है कि स्वयं एक बुद्धिजीवी होने के साथ–साथ अनुग्रह बाबू ने कई अवसरों पर विदेशों का भी भ्रमण किया था और अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड एवं स्वीट्जरलैंड जैसे देशों के आर्थिक जीवन की संतोषप्रद स्थिति का प्रत्यक्षदर्शी के रूप में अवलोकन भी किया था। लेकिन, धन के अभाव में बिहार सरकार चाहने के बावजूद संसाधनों को विकसित करने की दिशा में बहुत कुछ करने में कठिनाई का सामना कर रही थी।

अपने एक बजट भाषण में बिहार के वित्तीय संकट का विश्लेषण करते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि इसके पीछे एक लम्बा इतिहास है, जो अंग्रेजी औपनिवेशिक शासन के साथ शुरू हुआ। इस संदर्भ में उन्होंने 1793 में कार्नवालिस द्वारा शुरू की गई स्थायी–बंदोबस्त व्यवस्था की चर्चा की और कहा कि इस व्यवस्था के कारण सरकार को मिलने वाली जमीन के लगान में क्रमिक वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। 23 अगस्त 1937 को अगले वित्तीय वर्ष के बजट–प्राक्कलन को विधानसभा में पेश करते हुए उन्होंने सर्वप्रथम 1935 के भारत सरकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रांतीय स्वायत्तता की व्यवस्था की चर्चा की और यह स्पष्ट तौर पर कहा कि भारतवासी इस व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं और पूर्ण स्वतंत्रता चाहते हैं। वे भारतीयों द्वारा बनाया भारत का अलग संविधान चाहते हैं, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था पर अभी भी पूरी तरह साम्राज्यवादी प्रभाव मौजूद है। अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत कई प्रकार की सीमाओं की उन्होंने तीव्र आलोचना करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि इनके कारण प्रांत में उत्तरदायी स्वशासन चलाना अत्यन्त कठिन है।[8]

ग्रामीण कृषकों की दयनीय स्थिति की चर्चा करते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि उनका जीवन कठिनाइयों से भरा है, किन्तु उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस दिशा में प्रभावी प्रयास पूर्ण आजादी मिलने के बाद ही संभव हो सकेगा। इस संबंध में तत्काल प्रस्तावित 'बिहार काश्तकारी संशोधन बिल' के अन्तर्गत किसानों–रैयतों को विभिन्न प्रकार के राहत देने की योजनाओं का उन्होंने उल्लेख किया।[9] 1938 में बिहार विधानसभा द्वारा 'बिहार काश्तकारी संशोधन बिल' के अलावा 'बिहार मनीलेण्डर्स एमेण्डमेंट एण्ड एप्लिकेशन टू पेंडिंग सूट्स एण्ड प्रोसिडिंग बिल' पारित कराने में वित्तमंत्री के रूप में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इससे महाजनों के शोषण पर काफी हद तक नियंत्रण स्थापित हो सका। 'चम्पारण कृषि संशोधन कानून' और 'छोटानागपुर कृषि संशोधन कानून' पारित कराकर भी अनुग्रह बाबू ने इन क्षेत्रों के पीड़ित रैयतों को काफी राहत दिलाई।

1937–38 के बजट से वित्तमंत्री के रूप में उनकी दूरदर्शिता साफ झलकती है, क्योंकि वे कृषि के विकास के साथ–साथ बड़े एवं लघु उद्योगों पर भी जोर देते हैं। अपने बजट भाषण में वे कहते हैं, "Bihar is extremely backward in the matter of industrial enterprise and steps must be taken to aid the growth of industries which may absorb many of our agricultural products. While it may be difficult to establish large scale industries, suitable cottage industries may well be started to replace many of the goods which the province has at present to indent from outside. These, I believe would be of greater benefit to the agricultural classes and will give them employment in their leisure hours and add appreciable to their income. Such development measures are under contemplation. Agricultural prosperity is bound up with

a certain degree of industrial enterprise and one of the most important tasks before us is how to establish the balance between the two.''[10]

शराबखोरी बंद करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दुहराते हुए अनुग्रह बाबू अपने बजट भाषण में कहते हैं कि केवल दो मद में ही अधिक धन की उगाही की जा सकती है– स्टॉम्प ड्यूटी एवं आबकारी कर बढ़ाकर। पहले इन दोनों मदों की आमदनी सरकार के लिए बहुत ही उपयोगी थी, लेकिन बदली हुई परिस्थिति, जिसमें भारतीयों द्वारा सरकार चलाया जा रहा है, इन मदों की आमदनी में परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता दुहराते हुए राज्य की आर्थिक स्थिति को भी शोचनीय बताते हुए आवश्यक बताते हैं। वे लिखते हैं, " Intoxication has to be discouraged and, if possible, wiped out. The litigious spirit has also to be curbed."[11]

कांग्रेस के प्रथम मंत्रिमंडल का काल 31 अक्तूबर 1939 को समाप्त हो गया, जब द्वितीय विश्वयुद्ध में शामिल किये जाने के निर्णय से भारतीयों की अवहेलना और पूर्ण स्वतंत्रता की माँग पर मंत्रिमंडल ने इस्तीफा दे दिया। अगला चुनाव 1946 में हुआ, जिसके उपरान्त बिहार में पुनः कांग्रेस मंत्रिमंडल का गठन हुआ। श्रीकृष्ण सिंह पुनः मुख्यमंत्री बने और अनुग्रह बाबू ने वित्तमंत्री का दायित्त्व संभाला। इस हैसियत से वित्तमंत्री ने 1946–47 के बजट को पेश किया, जिसमें आमदनी 1362 लाख रूपया और खर्च 1363 लाख रूपया आँका गया। यह बजट द्वितीय विश्वयुद्ध जनित कठिनाइयों का सामना करने के लिए पेश की गई थी, जिसमें बढ़ती महंगाई, मुनाफाखोरी एवं घूसखोरी जैसी समस्याओं का समाधान ढूँढ़ना था। इस बजट में उन्होंने बाढ़, रेल तथा डाक–हड़ताल जैसी समस्याओं का बिहार पर पड़ते प्रभाव का जिक्र किया।[12] कुल मिलाकर यह बजट जन कल्याणकारी था। 24 फरवरी 1947 को वित्तमंत्री के रूप में अनुग्रह बाबू ने वित्तीय वर्ष 1947–48 का बजट विधानसभा में पेश किया। पहले की तुलना में इस बजट में विभिन्न क्षेत्रों जैसे सिंचाई, सामान्य प्रशासन, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, शिक्षा, उद्योग, जन स्वास्थ्य आदि में अधिक अनुमानित व्यय का ब्यौरा रखा।[13] 1948–49 ई0 के बजट में पहले पहल अबरख और कोयला पर बिक्री कर लगाया गया, जिसका काफी विरोध हुआ। बिहार के आय को बढ़ाने के लिए वे काफी प्रयत्नशील थे। वे 1940 ई0 के बिहार एग्रीकल्चरल इनकम टैक्स में संशोधन कर कृषि कर की निम्नतम सीमा को घटाना चाहते थे और इसके लिए संशोधन भी लाने को तैयार थे।[14] इसी तरह वे बिहार सेल्स टैक्स ऐक्ट 1947 की कुछ माँगों को प्रांत की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए बदलना चाहते थे।[15] आय के स्त्रोत को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा संचालित कुछ उद्यम भी अनुग्रह बाबू ने शुरू की। इस तरह वे पब्लिक सेक्टर की ओर झुके।

आमतौर पर अनुग्रह बाबू को समाजवाद के खिलाफ समझा जाता था, क्योंकि उन्हीं के प्रयास से जमींदारों को जमींदारी उन्मूलन के बाद क्षतिपूर्ति दी गई थी। लेकिन, तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश में राज्य द्वारा संपोषित उद्योग–धंधों का खुलना समाजवादी विचारधारा को बढ़ावा देना ही तो था। जे0 सी0 झा के शब्दों में, ''अनुग्रह बाबू का 1950–51 का बजट उच्च कोटि का था।'' इस बजट के अन्तर्गत कमजोर वर्गों के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम–पंचायत के साथ–साथ आर्थिक स्थिति को सुधारने की दृष्टि से लघु एवं कुटीर उद्योग तथा कृषि की ओर खास ध्यान दिया गया। बिहार लैंड रिफार्म्स ऐक्ट, 1950 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 31 (4) और 255 के अधीन 11 सितम्बर 1950 को राष्ट्रपति की अनुमति मिली और 25 नवम्बर 1950 से इसे लागू कर दिया गया।[16] आरम्भ में

इसके तहत केवल दरभंगा और रामगढ़ की जमींदारियाँ राज्य सरकार ने अपने अधीन कर ली, लेकिन यह मामला पटना हाईकोर्ट में चला गया और आगे यह मामला सुप्रीम कोर्ट में जाकर फैसले के इंतजार में था। बाबू साहब (अनुग्रह बाबू) ने भूदान योजना के अन्तर्गत अपने परिवार के सदस्यों की सहमति से 100 बीघा बकाश्त भूमि, 100 पेड़ और जमींदारी अनुदान में मिले अपने हिस्से के कुल रकम का 1/6 हिस्सा दान देने की घोषणा की,[17] जो गरीबों के प्रति उनके प्रेम को दर्शाता है।

वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने हमेशा इस तथ्य को दुहराया कि बिहार का वित्तीय संकट तब तक दूर नहीं हो सकता जब तक कि केन्द्र सरकार इस प्रांत को यहाँ के खनिज से होने वाले आय–कर का समुचित हिस्सा देने के साथ–साथ इस सूबे की कमजोर वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए विशेष अनुदान राशि मुहैया नहीं करा सके।[18] उन्होंने पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के लिए खर्च किये जाने की चर्चा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 1952–53 के लिए अनुमानित व्यय 55.7 करोड़ है, जिसमें 15.1 करोड़ केन्द्र सरकार को देना है।

1954–55 में कृषि क्षेत्र में किसानों पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए ऋण देने की योजना बनायी गई। 1955–56 का बजट पेश करते हुए उन्होंने पुनः प्रांत में बाढ़ और सूखा से उत्पन्न व्यापक क्षति की चर्चा की। विधानसभा में कई बार विपक्ष के सदस्यों के प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्होंने इस बात को दुहराया था कि विदेश के कई संपन्न देशों की तरह भारत की आर्थिक प्रगति में भी काफी समय लगेगा और इसके लिए राष्ट्रीय भावना से प्रेरित होकर हर भारतवासी को सहयोग करना पड़ेगा। अनुसूचित जाति–जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए 1956–57 के बजट में 1 करोड़ 60 लाख रूपये की व्यवस्था की गई। 1957–58 का बजट पेश करते हुए अनुग्रह बाबू ने बिहार में शिक्षा की स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की, क्योंकि उस समय बिहार की साक्षरता की दर 12% थी जबकि भारत की साक्षरता दर 16.6% थी। 1957–58 के बजट में ही पटना विश्वविद्यालय को पटना स्थित दरभंगा हाउस खरीदने के लिए 6 लाख रूपये उपलब्ध कराये गए। इसी तरह स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गैर–सरकारी कन्या उच्च विद्यालयों को 4 लाख रूपये अनुदान के रूप में उपलब्ध कराने की बात इस बजट में कही गई। इस तरह अपनी मृत्यु के दो माह पूर्व के अपने बजट भाषण में भी उन्होंने एक संतुलित बजट पेश करने की कोशिश की, जिसके अन्तर्गत आर्थिक स्थिति में सुधार को ध्यान में रखते हुए किसानों और कृषि के विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी गई।

**निष्कर्ष :**

निस्संदेह अनुग्रह बाबू आधुनिक बिहार के सफलतम वित्तमंत्री थे, जिन्होंने स्वतंत्रता पूर्व से पश्चात् तक अपनी वित्तीय कुशलता से प्रांत के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं के समाधान के प्रति वे पूरी तरह सजग थे। यही वजह है कि कृषि– विकास और औद्योगीकरण के माध्यम से राज्य के किसानों–मजदूरों की दरिद्रता को दूर करने का उन्होंने हर सम्भव प्रयास किया। इस क्रम में जमींदारी उन्मूलन से लेकर प्रथम पंचवर्षीय योजना के कार्यान्वयन तक उन्होंने अपने उत्तरदायित्त्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। आज बिहार उनके द्वारा निर्धारित वित्तीय मानदंडों पर ही विकास की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ा रहा है।

**संदर्भ सूची :**


1. झा, जे0सी0, बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह : एक जीवनी, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 1988, पृ0 50
2. प्रसाद, राजेन्द्र, आत्मकथा, नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली, 2009, पृ0 658–659
3. द इंडियन नेशन, पटना, 9 जुलाई 1937.
4. वही, 9 जुलाई 1937
5. बिहार सरकार, नियुक्ति विभाग, फाईल संख्या ई0सी0– 8/1937, बिहार राज्य अभिलेखागार, पटना।
6. उमाशंकर, बाबू साहब की देन, पटना, 1956, पृ0 98
7. सिंह, अनुग्रह नारायण, मेरे संस्मरण, बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना, 2012, पृ0 237
8. बिहार लेजिस्लेटिव एसेम्बली डिबेट्स, 23 अगस्त 1937, पृ0 73–74
9. वही, पृ0 75
10. बिहार लेजिस्लेटिव एसेम्बली डिबेट्स, 23 अगस्त, 1937, पृ0 76
11. वही, पृ0 80
12. झा, जे0सी0, पूर्वोक्त, पृ0 82
13. बिहार लेजिस्लेटिव एसेम्बली डिबेट्स, 24 फरवरी, 1947, पृ0 792–794
14. झा, जे0सी0, पूर्वोक्त, पृ0 87
15. वही ।
16. विकासोन्मुख बिहार, बजट के आईने में (1950–82), संसदीय कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित, पटना, 1982, पृ0 23
17. द सर्चलाइट, पटना, 14 अक्तूबर, 1952
18. बिहार लेजिस्लेटिव एसेम्बली डिबेट्स, 14 मार्च, 1952, पृ0 3

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# सांख्य दर्शन का कारणता सिद्धान्त

डॉ0 उधम मौर्य
(भूतपूर्व शोधछात्र)
दर्शन एवं धर्म विभाग, कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, उत्तर प्रदेश,भारत।



**सारांश :** सांख्य दर्शन अपने कारण–कार्य के समबन्ध में सत् कारण से सत् कार्य को उत्पन्न मानता है। इसके अनुसार कार्य अव्यक्त रूप से अपने कारण में सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहता है। कारण में कार्य सूक्ष्म रूप से उपस्थित होने के कारण दिखायी नहीं देता है। यह कारण–कार्य का सिद्धान्त परिणामवाद में परिणीत हो जाता है जिसका अर्थ है – एक तत्त्व का दूसरे तत्त्व में वास्तविक परिवर्तन। जो तत्त्व कारण में पहले से विद्यमान है किन्तु प्रकट नहीं हुआ है, उसका कार्य रूप में प्रकट होना परिणाम है।

**मुख्य शब्द :** अव्यक्त, व्यक्त, तिरोहित, आविर्भाव, असदकारणात्, उपादानग्रहणात्, सर्वसम्भवाभावात्, शक्तस्य शक्यकरणात्, कारणभावात्, परिणामवाद, तत्त्वान्तर।

---

सांख्य दर्शन कारण–कार्य के सम्बन्ध में परिणामवाद को मानता है। इसकी दृष्टि अधिक सूक्ष्म है और यह मानता है कि प्रत्येक कारण के भीतर कार्य पहले से ही विद्यमान रहता है चाहे वह स्थूल रूप से दृष्टिगत् न होता हो। सांख्य दर्शन में सत् कारण से सत् कार्य की उत्पत्ति स्वीकार की गयी है। वह इस सिद्धान्त का दृढ़ता से प्रतिपादन करता है कि असत् से सत् की उत्पत्ति नहीं हो सकती। जो वस्तु पहले से किसी रूप में विद्यमान नहीं है वह किसी उपाय से उत्पन्न नहीं की जा सकती है। गीता में भी इसका समर्थन किया गया है। सांख्य दर्शन के कार्य अपने कारण में पहले से ही अव्यक्त रूप से विद्यमान रहता है, कारण व्यापार के पश्चात् उसका व्यक्त रूप व्यक्त हो जाता है। जिस प्रकार कार्य की नवीन उत्पत्ति नहीं होती उसी प्रकार कार्य का विनाश भी नहीं होता है। व्यक्त कार्य का पुनः अव्यक्त रूप में तिरोहित हो जाना ही विनाश है। व्यक्त रूप से कारण में स्थित कार्य कैसे व्यक्त होता है? इसका वर्णन योगभाष्य में इस प्रकार किया गया है– कुछ बाधक तत्त्व ऐसे हैं जो कारण में अव्यक्त रूप में स्थित कार्य को व्यक्त रूप में नहीं आने देते। कारण सामग्री जब बाधक तत्त्वों को दूर कर देती है, तब कार्य की उत्पत्ति होती है। जैसे किसी खेत के ऊपर तक पानी भर जाने पर क्षेत्रपति उस पानी को अन्य खेतों में पहुँचाने के लिए एक बाँध खोल देता है।[1] अतः स्पष्ट है कि सांख्य सत्कार्यवाद का समर्थन करता है। सत्कार्यवाद की सिद्धि सांख्य दार्शनिकों ने हेतु द्वारा की है।[2] जो इस प्रकार हैं–

असदकारणात्

सांख्य दर्शन के अनुसार यदि कार्य पहले से अर्थात् अपनी उत्पत्ति से पूर्व कारण में विद्यमान न हो तो कर्त्ता के प्रयत्न करने पर भी कार्य उत्पन्न नहीं सकता। जिस प्रकार हजारो शिल्पी मिलकर नीले रंग को पीला नहीं कर सकते, उसी प्रकार हम असत् को सत् नहीं कर सकते।[3] सत् की अभिव्यक्ति अनुभव सिद्ध है और उसके अनेक दृष्टांत भी प्राप्त होते है। जैसे– तिल से तेल की उत्पत्ति होती है, बालू से नहीं।

उपादानग्रहणात्

किसी वस्तु के लिए केवल विशिष्ट साधनों का उपयोग किया जाता है। जैसे– दही की आवश्यकता हो तो हम दूध ही उपादान कारण के रूप में ग्रहण करते हैं, पानी नहीं। इस प्रकार स्पष्ट है कि कार्य–कारण का सम्बन्ध नियत है एवं कार्य उत्पत्ति से पूर्व भी कारण में रहता है तथा सम्बद्ध कार्य की उत्पत्ति होती है।[4]

सर्वसम्भवाभावात्

बिना किसी सम्बन्ध के ही कारण से कार्य की उत्पत्ति को स्वीकार कर लेने पर सभी प्रकार के कार्य सभी कारणों से सम्पन्न होने चाहिए। मिट्टी से कपड़ा, जल से घड़ा और ईख से नमक पैदा होने लगेगें[5] किन्तु कदापि ऐसा नहीं होता है। मिट्टी से घट निर्मित होता है पट नहीं। अतः स्पष्ट है कि सब कारणों से सब कार्यों की उत्पत्ति दृष्टिगोचर नहीं होती।

शक्तस्य शक्यकरणात्

प्रत्येक कारण से प्रत्येक कार्य की उत्पत्ति नहीं हो सकती है। केवल शक्य कारण से ही अभीष्ट कार्य की प्राप्ति हो सकती है। शक्ति कार्य विशेष को उत्पन्न करती है। इसका अर्थ होता है कि वह शक्ति कारण से सम्बन्द्ध है। यह निश्चित है कि कारण से सम्बद्ध होकर कार्य की उत्पत्ति होती है। अतः कार्य अपनी उत्पत्ति से पूर्व भी सत् है ऐसा लेना चाहिए क्योंकि सत् कार्य का सत् कारण के साथ सम्बन्ध हो सकता है।[6]

कारणभावात्

कार्य इसलिए भी सत् अर्थात् अपनी उत्पत्ति से पूर्व विद्यमान मानना चाहिए कि कारणात्मक होता है।[7] कार्य कारण से भिन्न नहीं होता। अतः यदि कारण सत् है तो कार्य भी उससे अभिन्न अर्थात् सत् ही होना चाहिए अथवा जो कारण का स्वभाव होता है, वही कार्य का भी स्वभाव होता है।[8] जैसे तिल में चिकनापन है वही तेल में पाया जाता है। इस प्रकार कार्य–कारण से भिन्न नहीं है।

इन सब प्रमाणों के आधार पर सांख्य दर्शन के अनुसार कार्य व्यापार के पहले भी कारण में कार्य की सत्ता रहती है। इसी कारण सांख्यमतानुसार न किसी वस्तु उत्पत्ति होती है और न विनाश। कर्त्ता के व्यापार से वस्तु का आविर्भावमात्र होता है। अव्यक्त वस्तु व्यक्त रूप धारण करती है। व्यापार के विराम होने पर वस्तु अव्यक्तावस्था प्राप्त होकर स्थूल से सूक्षम में परिणत हो जाती है। सत्यकार्यवाद की नींव पर ही सांख्य की पूरी तत्त्वमीमांसा आधारित है। इस सत्यकार्यवाद के अनुसार समस्त विश्व–प्रपंच कार्य अपने कारण मूल प्रकृति में अव्यक्त रूप में विद्यमान रहता है। इसी अव्यक्त का ही व्यक्त परिणाम विश्व–प्रपंच है जिसे हम सृष्टि कहते हैं। यहाँ प्रश्न उठता है कि अनभिव्यक्त हो जाने पर भी यह जगत् कैसे रहता है? इसका उत्तर है– संसर्गाच्चास्य सौक्ष्म्यम्– अपने कारणभूत द्रव्य या धर्मी में संस्पृष्ट या लीन हो जाने के कारण यह स्थूल नहीं रह जाता सूक्ष्म हो जाता है। सौक्ष्याच्चानुपलब्धिरिति– और स्थूल न रहने के कारण इसकी अभिव्यक्ति नहीं होती इसलिए यह दिखायी नहीं पड़ता।[9]

सांख्य का सत्यकार्यवाद परिणामवाद में परिणित हो जाता है, जिसका अर्थ है एक तत्त्व का दूसरे तत्त्व में वास्तविक परिवर्तन। परिणाम का अर्थ यहाँ उत्पत्ति नहीं अपितु आविर्भाव या प्राकट्य है।[10] जो तत्त्व कारणभूत तत्त्व में पहले से अव्यक्त रूप में विद्यमान है किन्तु प्रकट नहीं है, उसका कार्य रूप में प्रकट होना ही परिणाम है। इस प्रकार परिणाम क्रिया द्वारा अमूर्त से मूर्त का, अस्पष्ट से स्पष्ट का, अव्यक्त से व्यक्त का या सूक्ष्म से स्थूल का आविर्भाव होता है। पूर्व धर्म की निवृत्ति होने तथा नये धर्म के आगम होने पर भी द्रव्य का अवस्थित रहना परिणाम है। परिणाम की इस परिभाषा से स्पष्ट हैं कि जगत् के भावों को प्रतिक्षण परिणामी मानते हुए भी सांख्य दर्शन में उन भावों का प्रतिक्षण विनाश नहीं माना गया है। परिणामवाद के विषय में सर्वदर्शन संग्रह में कहा गया है कि जब सत्ता युक्त द्रव्य एक अवस्था को छोड़कर दूसरी अवस्था में प्रवेश करता है तो इस क्रिया को परिणाम या विकास कहते हैं।[11] सांख्य का मत है कि प्रकृति आदि तत्त्व अपने–अपने कार्य के रूप में परिणत होते हैं, इसमें कारण की अवस्था तथा कार्यावस्था दोनों दशाओं में द्रव्य सत्ता युक्त ही रहता है।

परिणाम को दो रूपों में विभाजित किया जा सकता है–

1. अविशेष का विशेष परिणाम तथा
2. विशेष का विशेष परिणाम

इसमें से प्रथम को तत्त्वान्तर परिणाम कहते है। इसमें कार्य नये रूप में उपस्थित होता है। जब बुद्धि से अहंकार उत्पन्न होता है या अहंकार से इन्द्रियाँ या तन्मात्र से पंचमहाभूत उत्पन्न होते हैं तब यह तत्त्वान्तर परिणाम कहलाता है। जिसका तात्पर्य है कि सृष्टि के पदार्थों का विकास, केवल तत्त्वों के गुणों में परिवर्तनमात्र नहीं। दूसरे प्रकार के परिणाम में विशेष के विशेष में परिवर्तित होने पर किसी पदार्थ की उत्पत्ति नहीं होती। सांख्य के चौबीस तत्त्वों के तत्त्वान्तर परिणाम से पंचमहाभूतों में होने वाला गो, घटादि का परिणाम भिन्न है। कारण यह है कि पंचमहाभूत तत्त्वान्तर के उपादान कारण नहीं हैं।[12] तथा इसके विपरित प्रकृति, महदादि तत्त्वान्तरों के उपादान कारण है।

सतत् परिणाम की इस परम्परा में प्रत्येक वस्तु अनागत से वर्तमान तथा वर्तमान से अतीत में परिवर्तित होती रहती है। प्रत्येक परिणाम अव्यक्त का व्यक्त होना और पुनः अव्यक्त अवस्था में वापस जाना है। सांख्य कारण–कार्य सिद्धान्त एक ऐसे मूल उपादान पर ले जाता है जिसका विकार यह समस्त जगत् है। संसार की समस्त वस्तुएं शरीर, इन्द्रिय, मन, बुद्धि सहित कार्य द्रव्य अनेक उपादानों के संयोग से उत्पन्न होते है। यह जगत् कार्य–कारण का सतत् प्रवाह है अतः इस श्रंखला का मूल उपादान होना आवश्यक है। वस्तुतः यह कारण आत्मा या पुरुष को नहीं माना जा सकता क्योंकि न तो वह किसी वस्तु का कार्य है न कारण। चार्वाक, जैन और न्याय–वैशेषिक के अनुसार पृथिवी, जल, तेज और वायु के परमाणु ही समस्त सांसारिक विषयों के कारण स्वरूप है किन्तु सांख्य इस विचारधारा से सहमत नहीं है। उनका मानना है कि मन, बुद्धि, अहंकार जैसे सूक्ष्म तत्त्वों की उत्पत्ति भौतिक परमाणुओं से नहीं हो सकती। अतएव हमें ऐसा मूल कारण खोजना चाहिए जिससे केवल स्थूल पदार्थों (यथा मिट्टी, जल, वृक्ष आदि) की ही उत्पत्ति सम्भव न हो अपितु सूक्ष्म तत्त्व (मन, बुद्धि, अहंकार आदि) की उत्पत्ति हो सके। ऐसा देखा जाता है कि कारण कार्य की अपेक्षा सूक्ष्म और व्याप्त रहता है। इसलिए जगत् का मूल कारण ऐसा होना चाहिए जो जड़ होने के साथ ही सूक्ष्मातिसूक्ष्म हो तथा अनादि, अनन्त और व्यापक रूप से जगत् के पदार्थों का कारण हो जिससे समस्त विषय उत्पन्न हो सके। इसी मूल कारण को सांख्य प्रकृति कहता है[13] जो सत्त्व, रजस् एवं तमस् गुणों की साम्यावस्था है।[14] प्रकृति के इन गुणों में विक्षोभ होने पर ही जगत् की उत्पत्ति, स्थिति एवं लयादि अवस्थाएं सम्भव होती है। इस प्रकार सांख्य दर्शन कार्य–कारण सिद्धान्त के आधार पर ही अपनी सृष्टि–प्रक्रिया की व्याख्या करता है।

**संदर्भ :**

1. योग भाष्य– 4/3
2. असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाऽभावात्। शक्तस्य शक्यकरणात् कारणवाच्च सत्कार्यम्।। सांख्यकारिका, 09
3. तत्त्वकौमुदी– 09
4. उपादानानि कारणानि, तेषां ग्रहणंकार्येण सम्बन्धः। तत्त्वकौमुदी– 09 सांख्यसूत्र– 1/115
5. (1) तत्त्वकौमुदी– 09 (2) उपादान नियमात्– सांख्यसूत्र– 1/115
6. तत्त्वकौमुदी– 09
7. कारणभावाच्च कार्यस्य कारणत्मकत्वात्। तत्त्वकौमुदी– 09
8. कारणाभावात् कारणस्य सत्त्वादिययं अथवा कारणस्वभावात्। यत्स्वभावं कारणं तत्स्वभावं कार्यम्।। जयमंगला– 09
9. तथा च नात्सन्तनित्यो येन चितिशक्तिवत् कूटस्थनित्या स्यात किन्तु कथचिंनित्यः तथा च परिणामिति सिद्धम्। तत्त्ववैशारदी पृ0 300
10. भारतीय दर्शन, देवराज– पृ0 379
11. सर्वदर्शनसंग्रह– पृ0 527
12. तत्त्वकौमुदी– 03
13. भारतीय दर्शन, दत्ता एवं चटर्जी– पृ0 165–66
14. (1) सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः। सांख्यसूत्र– 1/61 (2) तत्त्वकौमुदी– 03 (3) गरुण पुराण– 266/16

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# बिहार में महिला शिक्षा की स्थिति और महिला समाख्या योजना



**डॉ0 वंदना कुमारी**
**पूर्व शोध छात्रा (शिक्षाशास्त्र)**
**ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,**
**कामेश्वर नगर दरभंगा, बिहार, भारत।**

**सारांश –** वर्तमान समय में नारी शिक्षा के प्रति पूर्व प्रचलित संकुचित दृष्टिकोण को समाप्त करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। आज भारत में पुरूषों के समान स्त्रियों को शैक्षिक अधिकार प्राप्त है । आज महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक क्षेत्रों में पुरूष के समान सक्रिय रूप से भाग ले रही है। केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा भी महिलाओं की शिक्षा के संबंध में अनेक प्रकार की योजनाओं को लागू किया गया है जिसके माध्यम से महिलाओं की सुव्यवस्थित शिक्षा की राह में आ रही कठिनाईयों को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

**मुख्यशब्द –** बिहार, महिला, शिक्षा, महिला, समाख्या, योजना, वर्तमान।

---

प्राचीन काल से आज तक विश्व के सभी विचारकों, दार्शनिकों तथा शिक्षाविदों ने नारी शिक्षा के महत्व को सदैव अनुभव किया है। भारतीय सभ्यता, संस्कृति तथा परम्परा में नारियों को सदैव ही सम्मानजनक स्थान दिया जाता था। उन्हें देवी मॉ या सहचरी कहकर पुकारा जाता था। यह भी कहा गया है–यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते रमन्ते तत्र देवता''। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय संविधान में भी वर्गभेद व लिंग भेद को समाप्त कर सभी को समान शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। परंतु इसके बावजूद कतिपय रूढिवादी कारणों से एक लंबे समय तक महिलाओं को सदियों तक विद्या की देवी मॉ सरस्वती की आराधना करने से विमुख रखा गया। स्वामी विवेकानंद के शब्दों में, '' महिलाओं को सदैव असहायता तथा दूसरों पर दासवत निर्भरता का प्रशिक्षण दिया गया।'' वास्तव में ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीन तथा मध्यकालीन समाज में स्त्रियों को अज्ञानता के आवरण में रखकर पिता, पति या पुत्र के दासत्व को स्वीकार करने के कार्यक्रम के कर्तव्य के अज्ञान देने मात्र को ही उस समय की स्त्री शिक्षा की इतिश्री समझा जाता था।

परंतु आज परिस्थितियॉ बदल गयी है । आज स्त्रियॉ शिक्षा प्राप्त करके समाज के महत्वपूर्ण कार्यो में पुरूषों के साथ योगदान कर रही है। वे आज घर की चहारिदवारी के अंदर घुटकर भाग्य के भरोसे बैठी अनपढ़ कठपुतली मात्र नहीं है। वरन अज्ञानता के आवरण से बाहर आकर तथा ज्ञान के आलोक में परिपूर्ण होकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे पुरूषों से स्पर्धा करने के लिए तत्पर है। वास्तव में वर्तमान समय में स्त्रियों में क्रांतिकारी परिवर्तन तथा महिला सशक्तिकरण का प्रमुख क्षेत्र स्त्री शिक्षा के प्रचार–प्रसार का है।

## नारी शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

### प्राचीन काल में नारी शिक्षाः–

भारत में प्राचीन काल से स्त्रियों की शिक्षा को विशेष महत्व दिया जाता था क्योंकि स्त्री जीवन के हर पहलू में पुरूष का साथ देती है । वैदिक साहित्य में गार्गी, मैत्रयी, आत्रेय, शकुन्तला आदि अनेक विदुषी स्त्रियों की चर्चा मिलती है। इस समय नारी शिक्षा अत्यंत सीमित थी तथा केवल समाज के संभ्रात परिवारों की लड़कियॉ ही शिक्षा प्राप्ति के अवसरों का सदुपयोग कर पाती थी। उस समय स्त्रियों के लिए पृथक शिक्षा संस्थाओं की कोई व्यवस्था नहीं थी और न ही उस काल में स्त्रियों की शिक्षा के लिए कोई सुसंगठित व्यवस्था नहीं थी। फिर भी प्राचीन काल में मैत्रयी, लोपमुद्रा, अपाला, शैव्या, सीता, उर्मिला, विद्योत्तमा, चुडाला जैसी अनेक नारियों ने अपनी विद्वता, त्याग एवं समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

बौद्धकाल में प्रांरभिक वर्षो में स्त्रियों को प्रवेश नहीं दिया जाता था, पंरतु बाद में महात्मा बुद्ध ने स्त्रियों को संघ के रूप में प्रवेश करने की अनुमति देकर स्त्री शिक्षा को एक नया आयाम दिया, जिसके कारण स्त्री शिक्षा को एक नया जीवन मिला। उस समय के संघमित्रा जैसी विदुषी नारियों के नाम विशेष उल्लेखनीय है। शिक्षा केवल घनी–मनी व कुलीन घरानों तक ही सीमित थी।

### मुस्लिम काल में नारी शिक्षाः–

मुस्लिम काल में भी स्त्रियॉ शिक्षा से उपेक्षित ही रहीं। उस काल में बाल विवाह, पर्दा प्रथा जैसी प्रथा प्रचलित होने के कारण छोटी–छोटी बालिकाओं के अतिरिक्त अन्य स्त्रियॉ शिक्षा से वंचित रह जाती थी। शाही घरानों तथा समाज के घनी वर्गो की बालिकायें अपने घरों से शिक्षा प्राप्त करती थी। मुस्लिम बालिकायें मस्जिद से जुड़े मकतबों में तथा संभ्रात, कुलीन तथा शाही परिवार प्रायः अपना घरों में मौलवी को बुंलाकर स्त्रियों की शिक्षा की व्यवस्था की जाती थी। मुस्लिम काल में सामान्य वर्ग की स्त्रियॉ में रजिया सुल्ताना, चॉद बीबी, नूरजहॉ, गुलबदन बेगम, जेबुनिसा, रानी दुर्गावती, जीजाबाई, अहिल्याबाई के नाम विशेष उल्लेखनीय है।

### ब्रिटिश काल में नारी शिक्षाः–

ब्रिटिश काल में कंपनी को भारत में अपना प्रशासन चलाने के लिए स्त्री लिपिकों अथवा प्रशासकों की आवश्यकता नहीं थी। समाज एवं धर्म में अनेक प्रकार के अंधविश्वास प्रचलित होने के कारण कंपनी ने स्त्री

शिक्षा में कोई रूचि नहीं ली। फिर भी कंपनी शासन के दौरान स्त्री शिक्षा का प्रसार मिशनरियों तथा अन्य सामाजिक संस्थानों के द्वारा किये गये प्रयासों से प्रारंभ हुआ।

सन् 1854 में वुड के आदेश पत्र में अधिकारिक तौर पर सबसे पहले स्त्री शिक्षा के महत्व को स्वीकार किया गया तथा स्त्रियों की शिक्षा के प्रसार के सभी संभव प्रयास किये गये। परिणामस्वरूप प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गयी। सन् 1902 ई0 तक स्त्री शिक्षा में एक आंदोलन का रूप ग्रहण कर लिया था। आर्य समाज, ब्रह्म समाज जैसी संस्थाओं ने स्त्री शिक्षा पर विशेष बल दिया।

भारत में अंग्रेजी शासन के दौरान कस्तूरबा गॉधी, मीरा बहन, भीखा जी कामा जैसी अनेक बिदुषी महिलाएॅं ने अपने देश प्रेम, त्याग व योग्यता से महिलाओं की उन्नति की मार्ग प्रशस्त किया।

सन् 1917 से सन् 1947 तक स्त्री शिक्षा का विकास अत्यंत तीव्र गति से हुआ। इस काल में स्त्रियों ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेना शुरू कर दिया। इसी समय भारतीय नारी संगठन तथा राष्ट्रीय महिला परिषद् की स्थापना हुई। 1927 में अखिल भारतीय नारी सम्मेलन हुई। शारदा एक्ट के द्वारा बाल विवाह पर प्रतिबंध लगा दी गयी। परिणामस्वरूप नारी शिक्षा संस्थाओं की संख्या बढ़ी साथ ही बड़ी संख्या में नारियॉ शिक्षा ग्रहण करने लगी।

## नारी शिक्षा की वर्तमान स्थितिः—

सन् 1947 में स्वाधीनता प्राप्त करने के उपरांत महिलाओं की सामाजिक तथा शैक्षिक स्थिति में अनेक क्रांतिकारी परिवर्तन हुए। अज्ञानता, परतंत्रता, रूढिवादिता तथा असहायता के बंधनों से मुक्त होकर भारतीय स्त्रियॉ आज एक सम्मानजनक जीवन जी रही है। स्त्रियों से संबधित सामाजिक मान्यताएं बदल रही है। भारतीय संविधान में पुरूषों तथा स्त्रियों को पूर्ण स्वरूप सम्मान दर्जा देते हुए भी शिक्षा के प्रसार पर बल दिया गया। स्वतंत्रता के उपरांत नारी शिक्षा के मार्ग में आनेवाली बाधाओं को जानने तथा उसका समाधान प्रस्तुत करने हेतु अनेक समितियों एवं आयोगों का गठन किया गया।

## बिहार में महिला शिक्षा की स्थिति

किसी भी राष्ट्र/राज्य की पहचान साक्षरता से होती है, इसकी सभ्यता, संस्कृति से होती है। शांति दूत भगवान बुद्ध और महावीर को बिहार की ही मिट्टी ने ज्ञनोदीप्त किया था, चंपारण आंदोलन प्रारंभ कर बापू ने भी बिहार को कर्मभूमि बनाया, वहीं तक्षशिला तथा नालंदा विश्वविद्यालय को अपने आगोश में स्थापित किये हुए बिहार का गौरव विश्व में स्थापित किया, लेकिन अफसोस की उस गौरवपूर्ण बिहार का गौरव का बरकरार नहीं रहा। गरीबी—बदहाली, अशिक्षा, बाढ़, टूटी—फूटी सड़के, बिजली का अभाव, राहजनी यहॉ का पर्याय बन गया था, लेकिन वर्तमान में पुनः यह राज्य अपने ऐतिहासिक गौरव को प्राप्त करने में कदम दर कदम बढ़ाये जा रहा है।

जिस देश में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया जाता है उसी देश में महिलाओं की शिक्षा व घटती संख्या सोचनीय है। घरेलू हिंसा, दहेज, भ्रूण हत्या एवं अशिक्षा में जकड़ी महिलाओं की मौजूदा हालत राष्ट्र को कलंकित करने के साथ सृष्टि रचना में बाधक बनकर प्रकृति से खिलवाड़ भी करती है। एक रिपोर्ट के अनुसारः—

- स्वभाविक तौर पर 1997 में भारत में 1.36 करोड से 1.38 करोड बालिकाओं का जन्म होना चाहिए था, परंतु भ्रूण हत्या के कारण 6 लाख से 7.4 लाख बालिकाओं का जन्म ही नहीं हुआ। इस प्रकार यदि 10 वर्षो का आंकड़ा तैयार किया जाय तो यह एक करोड़ आता है, जिन्हें दुनिया में आने नहीं दिया गया।
- विश्व के 70 प्रतिशत गरीब तबके और अनपढ लोगों में महिलाएँ आती है।
- विश्व का जहॉ प्रत्येक तीसरा व्यक्ति निरक्षर है, वहीं हर दूसरे महिला निरक्षर की श्रेणी में आती है।
- भारत के कई राज्यों में महिलाओं की साक्षरता देश के औसत साक्षरता से कम है।
- बिहार की कुल साक्षरता 61.8 प्रतिशत है, जबकि देश की 73.00 प्रतिशत जिसमें महिलाओं की साक्षरता मात्र 65.60 प्रतिशत है जबकि पुरूष साक्षरता 80.90 प्रतिशत है। इस प्रकार 2011 की जनगणना के अनुसार बड़ी संख्या में महिलाएँ यहाँ अब भी निरक्षर है।
- भारत के दस न्यूनतम साक्षरता वाले जिलों में बिहार के चार जिले भी सम्मिलित है। देश में लगभग 295 जिले आज भी ऐसे है जहॉ एक भी महिला शिक्षित नहीं है।
- बिहार में महिलाओं की संख्या प्रति 1000 पुरूष पर 918 है, जो राष्ट्रीय औसत 943 से कम है।
- बिहार में अनुसूचित जाति की महिलाओं की संख्या 7961072 है । दलित महिलाओं की साक्षरता पर दृष्टि डाले तो इसमें 2001 से 2011 के मध्य काफी वृद्धि हुई है, जो शिक्षा के प्रति आयी जागरूकता का परिणाम है।
- सर्वेक्षण में पाया गया 80 प्रतिशत अशिक्षित, कमजोर, पिछड़ी महिलाओं के साथ बलात्कार, बलात्कार का प्रयास, छेड़छाड़, पुलिस उत्पीड़न की घटनाएँ होती है।
- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट 2006 के अनुसार वर्ष 2006 में दुष्कर्मो के 1314, अपहरण के 2551, दहेज प्रथा के 7618, पति व रिश्तेदारों के क्रूरता के 5204, छेड़छाड़ के 2414 मामले दर्ज हुए हैं।
- 2005 में बिहार दहेज के लिए 1014 महिलाओं की हत्या हुई। वह उतर प्रदेश 1564 की तुलना में दूसरे नम्बर पर था।
- बिहार में ग्रामीण शिक्षा को हाशिये पर रख दिया गया। जिससे स्कूल न जानेवालों की एक लंबी फौज खड़ी हो गयी और हम शिक्षा में पिछडते गये।

  अभी भी स्कूल से बाहर निरक्षर बच्चों की सर्वाधिक संख्या भारत में है। पूरे देश में 6 से 14 वर्ष तक के आयु के करीब 4 करोड़ 20 लाख बच्चे स्कूल नहीं जाते है जिनमें अधिकांश बालिकाएँ है।
- बिहार में 6–14 वर्ष के सर्वाधिक लगभग 24 लाख बच्चे प्रारंभिक स्कूलों से बाहर खड़े है।
- 6–17 वर्ष की मात्र 51 प्रतिशत बालिका ही विद्यालय जाती है।

**शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न विकास योजनाएँः—**

- बिहार में त्रिस्तरीय पंचायत में महिलाओं की सुनिश्चित भागीदारी हेतु सभी एकल पद सहित 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। ऐसा करनेवाला बिहार देश का पहला राज्य है।
- नगर निकायों में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत का आरक्षण किया गया है।
- ग्राम कचहरी की स्थापना कर न्याय मित्रों के पद हेतु तथा शिक्षकों की भर्ती में भी 50 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण का प्रावधान किया गया है।
- एक नये बटालियन बिहार महिला सशस्त्र पुलिस बल स्वीकृत की गयी है।
- नारी शक्ति नामक योजना महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सशक्तिकरण हेतु प्रारंभ की गयी है। इसमें पूरे राज्य में अल्पावास, गृह सहित हेल्प लाइन योजना का प्रसार, रक्षा गृह की स्थापना, पालनाघर, कामकाजी महिला छात्रावास, सामाजिक पुनर्वास कोष की स्थापना, स्वयं सहायता समूहों का संगठन एवं सुदृढीकरण एवं महिला सूचना एवं संसाधन केंद्रों की स्थापना की योजना बनायी गयी है जिसपर कार्यान्वयन हो रहा हैं ।
- मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना के अंतर्गत लिंगभेद की विषमता को समाप्त करने, शैक्षणिक समानता, शैक्षणिक गुणवता में वृद्धि, महिलाओं को सशक्त बनाकर सामाजिक परिवर्तन लाने हेतु योजना लागू की गयी है। इसमें कक्षा 6 से 8 में अध्ययन करनेवाली छात्राओं को पोशाक के लिए हर साल 700 सौ रूपये देने की योजना है। इसके अंतर्गत छात्राएं दो जोड़ी पोशाक तथा जूते से बची राशि का उपयोग स्टेशनरी के लिए करेंगी। इसके लिए छात्राओं की 80 उपस्थिति अनिवार्य की गयी है। यह राशि छात्राओं के नाम बैंक खाते में हस्तांतरित की जायेगी।

- मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना विशेषकर बालिका शिक्षा के बढ़ावा देने हेतु नौंवी कक्षा में अध्यनरत छात्राओं को उपलब्ध करायी जाती है।
- महिलाओं की घटती संख्या से चिंतित सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना प्रारंभ की है। दहेज, घरेलू हिंसा, बाल विवाह को रोकने, विवाह के निबंधन को प्रोत्साहित करने हेतु गरीब परिवार की कन्या के विवाह के समय जिसकी उम्र 18 वर्ष हो आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना का प्रारंभ राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल के द्वारा किया गया।
- कन्या विवाह योजना में ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्र के वैसे परिवारों को लाभांवित करने का लक्ष्य है जिसकी वार्षिक आय 60 हजार रूपये से कम है।
- इस योजना का लाभ 22 नवंबर 2007 के पश्चात संपन्न विवाहों के लिए दिया जायेगा। कन्या के विवाह का समय 5000 रूपये का भुगतान कन्या के नाम चेक/ड्राफ्ट के द्वारा किया जायेगा।

- मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा पुरस्कार योजना प्रारंभिक विद्यालयों में सर्वाधिक नामांकन और सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आरंभ की गयी है। ऐसा करनेवाले प्रखंड को प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा पुरस्कार देने की योजना का क्रियान्वयन किया गया है।
- मुख्यमंत्री समग्र विद्यालय विकास कार्यक्रम स्कूल के बाहर छुट गये 24 लाख बच्चों को स्कूल के अंदर लाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।

स्कूली शिक्षा का संपूर्ण विकास के अंतर्गत राज्य के सभी 38 जिलों के प्राथमिक तथा मध्य विद्यालयों के एक साथ उत्थान के लिए किया गया है। इसमें किसी स्कूल के लिए एक कक्ष बनाने के स्थान पर प्रत्येक स्कूल के सभी कक्षों एवं संपूर्ण माहौल को सुरूचिपूर्ण एवं बच्चों के अनुकूल बनाने की पहल की गयी हैं । विद्यालय की पहचान एक आदर्श विद्यालय की यथा शौचालय, पीने के पानी की सुविधा, खेल के मैदान युक्त बनायी गयी है।

- समान स्कूल प्रणाली आयोग का गठन नौनिहालों के विकास के लिए किया गया है। फरवरी 2006 में समाजशास्त्री डॉ0 सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय शिक्षा विशेषज्ञों की समिति का गठन किया गया।
- निराश्रित और बेसहारा बालिकाओं के लिए पूरे देश में अनोखा बालिका गृह 'निशान्त' पटना में स्थापित किया गया है।
- बिहार विद्यालय शिक्षा समिति 2007 बनाया गया है।
- सर्वशिक्षा अभियान के तहत 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को स्त्री पुरूष असमानता तथा सामाजिक विभेद को पाटकर वर्ष 2001 से 2002 में बिहार के 17 जिलों में लागू किया गया। जो वित्तीय वर्ष 2002–03 से सभी जिलों में सफलतापूर्वक चल रहा है।
- बालिकाओं के विद्यालयों में पहुंच एवं ठहराव सरल हो, उनकी अधिक से अधिक सहभागिता हो तथा उनके सशक्तिकरण के लिए कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय की स्थापना की गयी है। जहॉ 75 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक समुदाय तथा 25 प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे के परिवार की ऐसी बालिका जिनका स्कूल में दाखिला नहीं हुआ है तथा 10 वर्ष से उपर के उम्र वाली बालिकाओं का प्राथमिकता के आधार पर नामांकन किया जाता है।

## महिला समाख्या योजना

सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़े वर्गो के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक निश्चित कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के लक्ष्यों के अनुसार वर्ष 1989 में महिला समाख्या कार्यक्रम शुरू किया गया। महिला समाख्या स्कीम में समानता के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा के केंद्रीयकरण को मान्यता प्रदान की गयी है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए महिला समाख्या के तहत एक नवाचारी दृष्टिकोण अपनाया गया है। जिसमें मात्र लक्ष्यों को प्राप्त करने बजाए प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिला समाख्या के तहत

शिक्षा को न केवल साक्षरता, कौशल प्राप्त करने के माध्यम के रूप में माना गया हैं अपितु इसे प्रश्न पूछने, मुद्दों और समस्याओं का विशेष रूप से विश्लेषण करने तथा समाधान करने की प्रक्रिया के रूप में माना गया है। इसके तहत महिलाओं के लिए ऐसा वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाता है जिसमें महिलाएं स्वयं अपनी ओर से अध्ययन कर सके। अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित कर सके और अपनी पसंद के अनुसार ज्ञान तथा सूचना प्राप्त कर सके। इसमें महिलाओं में अपने अवधारणा में परिवर्तन लाने तथा महिलाओं की परंपरागत भूमिकाओं के संबंध में समाज की अवधारणा में परिर्वतन लाने का प्रयास किया गया है। यह अनिवार्य रूप से महिलाओं विशेष रूप से सामाजिक और आर्थिक रूप से लाभान्वित तथा अन्य कमजोर वर्ग की महिलाओं को सक्षम बनाना है ताकि वे अलगाव और आत्मविश्वास की कमी कठोर सामाजिक प्रथाओं जिन्हें उनके अध्ययन में शामिल किया गया है, का समाधान कर सके, अस्तित्व के लिए संघर्ष कर सके। इस प्रक्रिया में महिलाएं सशक्त होगी।

## योजना का क्रियान्वयन

महिला समाख्या स्कीम महिला संघों के माध्यम से बुनियादी स्तर पर महिलाओं की अधिकारिता की नींव रखने में सफल हुई है। राज्यों में संघों ने दैनिक न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करने, पेयजल नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने, बच्चों विशेष रूप से बालिकाओं के लिए शिक्षा के अवसर सुनिश्चित करने से लेकर राजनैतिक क्षेत्र में प्रवेश करने, उनकी चिंताओं को दूर करने तथा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा बाल–विवाह दहेज आदि समस्याओं का समाधान करने जैसे विषयों तथा समस्याओं को दूर करने में पहल की है। महिला समाख्या योजना के प्रभावीपन ने महिलाओं को शिक्षा हेतु गतिशील करके सर्वशिक्षा अभियान (एस0एस0ई) के साथ भी निकट अंतरण करने में परिणत हुई है।

वर्तमान में राज्य में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से चल रही महिला सशक्तिकरण योजना महिला समाख्या बंद हो गयी है। इसके बंद होने से 4 लाख अनुसूचित जाति/जनजाति और पिछडे वर्ग की चार लाख महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने  की प्रक्रिया रूक गयी है। महिला समाख्या सोसायटी राज्य के 21 जिलों में काम करती थी। इसके जरिये नक्सल प्रभावित 72 प्रखंडों में नारी अदालत का संचालन किया जाता था। साल 2016 के जून में ही इस योजना को केंद्र सरकार ने बंद कर राज्यों को अपने स्तर से चालू करने को कहा था, कई राज्यों  ने इस योजना को चालू किया, लेकिन राज्य सरकार ने कोई पहल नहीं की। जबकि आई0आई0एम0 हैदराबाद ने महिला समाख्या पर अध्ययन किया था। इसके बाद इसे अबतक की सबसे अच्छी योजना बताया गया। बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के तहत केंद्र प्रदत राशि से राज्य 1992 से महिला समाख्या कार्यक्रम समाज की गरीब, दलित व अभिवंचित महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के लिए चलाया जा रहा है।

महिला समाख्या ने महिलाओं को राजमिस्त्री और चापाकल बनाने के काम  में दक्ष बनाया। राज्य में 563 महिला राजमिस्त्री है। पॉच सालों में महिला समाख्या की महिलाओं द्वारा एक लाख से अधिक शौचालय का निर्माण किया जा चुका हैं। इसके साथ ही सासाराम और बक्सर की सैकड़ों महिलाओं ने चापाकल मरम्मत का काम भी सीखा था। अब भी कई महिलाऍ चापाकल मरम्मत का काम कर रही हैं। बिहार की महिला शिक्षण केंद्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कार्यक्रमों के अंतर्गत 11 सौ विद्यालयों की पॉच लाख किशोरियों को कराटे

प्रशिक्षण व 22 हजार किशोरियों को कराटे प्रशिक्षक के तौर पर पीला बेल्ट दिलवाया गया। राज्य में बेटियों के जन्म पर बीटियॉ जन्मोत्सव मनाने की योजना की शुरूआत महिला समाख्या द्वारा की गयी थी।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वर्तमान समय में नारी शिक्षा के प्रति पूर्व प्रचलित संकुचित दृष्टिकोण को समाप्त करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। आज भारत में पुरूषों के समान स्त्रियों को शैक्षिक अधिकार प्राप्त है । आज महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक क्षेत्रों में पुरूष के समान सक्रिय रूप से भाग ले रही है। केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा भी महिलाओं की शिक्षा के संबंध में अनेक प्रकार की योजनाओं को लागू किया गया है जिसके माध्यम से महिलाओं की सुव्यवस्थित शिक्षा की राह में आ रही कठिनाईयों को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

**<u>संदर्भ</u>**


1. अग्निहोत्री , रविन्द्र (2006)– आधुनिक भारतीय शिक्षा की समस्याएँ और समाधान, जयपुरः राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
2. गुप्ता, एस0पी0 तथा अल्का गुप्ता 2007–भारतीय शिक्षा का ताना–बाना, इलाहाबाादः शारदा पुस्तक भवन।
3. सिंघल, महेश चन्द्र (1971)–भारतीय शिक्षा की वर्तमान समस्याएँ, जयपुरः राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
4. रावत, प्यारे लाल (1975)–प्राचीन और भारतीय शिक्षा का इतिहास, आगराः भारत पब्लिकेशन्स।
5. योजना, सितम्बर 2008 अंक, लोधी रोड, नई दिल्ली।
6. Mahila Samakhya Bihar, Report of Activities (ud)
7. Jain,S. (2003) -Gender equality in education, Community based initiatives in India.
8. Anita Digha, Mahila Shikshan Kendras of Bihar, A Study (1999), Joint GOI-UN System education programme.
9. http:/hi.m.wikipedia.org

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# Historical Evolution of Panchayati Raj



**Rupesh Ranjan**
Doctoral Scholar,
Department of Political Science,
Jamia Millia Islamia.India.

**Abstract-** P V Narsimha Rao government which was infact a minority government has done some historic things in the history of indpendent India. Apart from leading country on the path of economic liberalization, it was his government who gave constitutional status to local government in the country by bringing 73rd and 74th constitutional amendment act. Before that Rajeev Gandhi government also tried to give constitutional status to local government. However, the bill did not pass in Rajya Sabha as it was bypassing the state governemnt. Finally it was pass in 1992.73rd and 74th constitutional amendment act ushered the country in a new path of democratic decentralisation. The rational behind giving constitutional status to local government is to give real power to the people at the grassroot to solve the problems at the local level and carry out development works in their close vicinity wthout waiting for higher authority.It has been 27 years since thousands of Gram sabhas and Municipalities are managing their day to day affairs through power derived by 73rd and 74th constitutional amendment act.These two constitutional amendment act added two new parts PartIX related to panchayats and Part IXA related to municipalities.

**Keywords :** Local Governance, Challenges

---

Empowering Panchayats has been a central debate during the freedom struggle. Gandhi wanted independent India to be organised on the basis on village republic where each village will be self sufficient. The constitutent assembly adopted village panchayat in the Directive Principles of State Policy (article- 40). After independence India under the leadership of Jawahar Lal Nehru went ahead on the path of empowering village panchayat. In 1957, January Government of India appointed a committee under the chairmanship of Balwant Rai Mehta to study the working of community development program which was started in 1952 and National Extension Service 1953. Balwant Rai Mehta committee submitted its report in November 1957 and suggested that the path of democratic decentralization and in common paralance it came t be known as Panchayati Raj.Some of its recommendations were establishment of three tier system in both rural and urban local body. Rural body should consist of Gram Panchayat at the village level , Panchayat samiti at the Block level and Zila Parishad at the district level. Similarly urban local body should consist of Nagar panchayat in small towns, Municipalities in cities and Municipal Corporation in cities which have large population.The recommendation of the Balwant Rai Mehta committee was first adopted by Rajasthan. Pandit Jawahar Lal Nehru inaugurated first Panchayati Raj institution in Nagaur district of Rajasthan on 2 October 1959. Rajasthan was followed by Andhra Pradesh which also adopted it in 1959, Thereafter, many other states also

adopted the Panchayati Raj institutions. In 1960s though many states adopted Panchayati Raj institutions there were differences among them regarding the structure, continuity, power and strength of the local government. In many states regular elections were not taking place. For example while Rajasthan adopted a three tier system, in Tamil Nadu it was two tier only. West Bengal on the other hand went to the extent of adoptinfg a four tier system. In addition to that many states also included the idea of Nyay Panchayat. So their was a lack of uniformity on the functioning of Panchayati raj institutions as a whole.

After emergency for the first time a non Congress government came at the centre. It was called Janta Government and was headed by Moraraji Desai.Though; it only lasted for three years. Janta government also set up a committee to recommend measures to improve the functioning of Panchayati Raj institutions under the chairmanship of Ashok Mehta. It submitted its recommendation in 1978 and in total made 132 recommendations. Its main recommendation were that the three tier system should be replaced by two tier system, Zila Parishad at the district level and below that Mandal Panchayat which should consist of a group of village with a total population around 15000 to 20000. After that Rajeev Gandhi government also appointed various committees to examine the functioning of Panchayati Raj institutions. Prominent among them was G.V.K. Rao committee,LM Singhvi committee. All these expert committees highlighted on the need to provide constitutional status to democratically decentralized institution. Finally it was V P Singh government which provide a constitutional status to both rural and urban local body.

The 73rd amendment act as mentioned above added a new part, part IX, in the constitution. Apart from that it also added a new schedule titled 11th schedule in the constitution of India. It has a total 29 functional items in it. Similarly through 74th constitutional amendment act a new schedule 12 has been added in the constitution which deals with local government in urban areas. It has a total of 18 functional items.

## IMPORTANT CHARACTERSTICS OF 73rd AND 74th CONSTITUTIONAL AMENDMENT ACT.

**Compulsory creation of Urban and rural local bodies**: Article 243 B envisages a three tier system in all states and union territories not exceeding the population of 20 lakh. Those States and union territories which have a population of less than 20 lakh were given the freedom to have 2 tier systems. Similarly, article 243Q provides for three tier structure in urban areas.

**Delegation of power:** Before 73rd and 74th constitutional amendment act came into existence one of the biggest hindrance in the smooth functioning of local bodies were lack of any effective power. They have to be dependent on state government for their functioning. 73rd and 74th constitutional amendment act have done away with this dependence. Article 243G and 243W decentralized powers from state legislatures to panchayats and municipalities.

**Affirmative action for historically marginalized communities:** 73rd and 74th constitutional amendment act provides for reservation for historically marginalized communities like SCs and STs. In addition to that 33 percent seats were reserved for women. Some states like Bihar and kerala have increased reservation for women up to 50 percent.

**State election commission:** In order to ensure free and fair election to the local bodies a separate election commission was created under article 243 K . The tenure of a local body was fixed for 5 years.

**Provision for district planning commission:** In order to ensure a proper and coordinated planning for the development and welfare of district as whole a separate district planning commission was created under article 243ZD.

**Separate state finance commission**: In order to ensure that local bodies did not starved because of lack of fund and are not dependent on state government whim and wishes for its smooth functioning, an independent state centric finance commission was created under article 243 I and 243 Y. Governor of a state are entrusted with the power to create State Finance Commission which is authorized to make provisions for distribution of funds between state and local bodies.

## CHALLENGES FOR LOCAL GOVERNANCE IN INDIA.

**Lack of accountability**: Lackadaisical attitude on the part of elected representatives towards the genuine problem of the masses has been a major problem and local bodies are no exception. Most of the time elected representatives of local bodies are only interested in fulfilling their narrow petty interest. It is at the local bodies where patronage democracy is most visible in India. Coming from a state like Bihar I have seen how most of the times works of only those who vote for the elected representatives are done. The idea of collective welfare is still missing in the functioning of local bodies.

**Incapable leadership:** One of the biggest failures of local bodies in India has been lack of capable leadership at the grass root. One of the rational which pushed government of India to provide constitutional status of local government was that it will serve as a training ground for emerging leadership at the local level who will play a larger role in future state and national politics. However it has not turn out to be this way. No systematic effort has been made to enhance their skill and capability. Local level leaders in states like Uttar Pradesh and Bihar continue to suffer from short sightedness.

**Variation across states:** There exist wide variations across states in terms of engagement whether it is duration, qualification and mode of recruitment, remuneration, travel allowances etc.

Though 73$^{rd}$ and 74$^{th}$ constitutional amendment act provides for a 33 percent reservation for women to enhance women leadership in local bodies. Women representatives at the local level face a whole gamut of problems. Some of them are as follows:

**Inadequate leadership skills**: Though women constitute around 44 percent of total elected representatives at the Panchayati raj institutions. There is a continuous lack of leadership skill among women representatives. It's a sociological problem because of social taboo most of the women representatives hardly express their opinion in Panchayat proceeding. Their presence is just to carry out the formal paper work.

**Male domination:** One of the biggest impediments in the path of strengthening genuine leadership among women in local bodies is the continuous dominance of male members. Even when a woman is elected as representatives, most of their work is being carried out by the male members of the family. This lack of autonomy does not allow women to learn leadership skill. In states like Uttar Pradesh and Bihar a term Pati Pradhan (husband as head) has been used of those women who even are elected representatives continue to remain confined within the four walls of their homes.

**Lack of awareness**: Women in the local bodies are mostly unaware of day to day happenings that took place in the village or district. Illiteracy still remains a major hindrance in the path of women empowerment in the country.

In addition to these above mentioned challenges local bodies in India also faces other problems related to finance. Local revenue generation continue to be inappropriate. This has been highlighted by Economic Survey of 2017-18 as “Low income trap”. It highlighted that local bodies are not extracting the revenue that they can. There are various reason for this one is most of the states in India have not devolved sufficient taxation power to their local bodies. Secondly, even if states devolved taxation power to the local bodies, local leaders are not capable enough to tax the locals and as a result they continue to be dependent on fund devolution. Another aspect of the limited financial growth of local bodies in India is their reluctance to borrow from financial institutions. Notwithstanding having power to borrow loans from various government institutions, local representatives have not done this at a large level.

## WAY AHEAD.

The functioning of local bodies in India presents a mix story. On one hand undoubtedly it had created a new benchmark in the path of democratic decentralization by empowering those at the grass root. However with time as mentioned above various challenges have also emerged which needs an immediate attention in order to ensure the relevance of local bodies. In 2013 Mani Shankar Aiyar led expert committee on “ Leveraging panchayati Raj institutionsfo reffective delivery of goods and services”, suggested that it is Gram Sabha who should be charged with all social sector schemes.According to Aiyar who headed the committee when we made our social sector expenditure panchayat driven then there will be a sense of ownershipwhich goes missing in the current bureaucracy driven top down approch of development. However since not much progress has been made on this front. Recently government of India has made some efforts to address the challenges that Panchayati Raj institutions are. Women and child development ministry is implementing a program “capacity building programme for elected women representatives of panchayati Raj”It aims at developing elected women representatives as change agents by improving their decision making and implementation skill. Similarly Sumit Bose committee has suggested that a mechanism should be derive for performance based payment in various rural development programs. Mission “Antodaya” has been launched by the central government to enhance the effectiveness and working capacity of Pachayati Raj Institutions through effective mobilization of social capital, building capacity of panchayati raj institutions and promoting participation of people in the formulation and implementation of various schemes.

## Bibliography


[1]. Mathur, Kuldeep: *Panchayati raj: Oxford India Short Introduction* Oxford Publication 2013.

[2]. Mathur, Kuldeep*: Public policy and Politics in India* Oxford University Press 2015.

[3]. Sachdeva Pradeep*, Local Government in India*: Pearson Publication 2011.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# सठोत्तरी हिन्दी कविता में यथार्थ बोध

**डा0 राकेश चन्द्र**
असि0प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, जे0वी0 जैन कॉलेज, सहारनपुर

साहित्य समाज का दर्पण होता है। देश, काल और वातावरण के अनुरूप समाज में जब–जब परिवर्तन होता है, लोगों की भावनायें भी बदल जाती हैं। समाज और सामाजिक में होने वाले इस परिवर्तन को साहित्य में लाने का दायित्व लेखक अथवा कवि का होता है। परिवर्तन एक अनिवार्य एवं नैसर्गिक प्रक्रिया है। देश, काल एवं परिस्थितियों में होने वाले परिवर्तन के साथ–साथ कवि की भावनात्मक दुनिया भी बदल जाती है जिसमें वह जीता है। कविता समय, परिवेश और परिस्थितियों से ही उपजती है अर्थात समयानुकूल परिवर्तन के अभाव में कविता कभी भी चिरंजीवी नहीं हो सकती। उसे समय की चुनौती को स्वीकारते हुए ही आगे बढना होता है। जीवन और जगत में होने वाले बदलाव को समाहित करते हुए आम आदमी की पीड़ा, तड़प, छटपटाहट, कुंठा एवं संत्रास की अभिव्यक्ति ही इसे सार्थक बनाती है।

कविता की विभिन्न धाराओं की तरह ही सठोत्तरी, कविता भी पूर्व की कविताओं की भाँति एक अलग भाव–भंगिमा के साथ सामने आती है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि जिस प्रकार 1930, 1940, 1950 के दशक की कविताओं में अन्तर था उसी प्रकार 1960 और उसके बाद की कविताओं में भी पर्याप्त वैचित्र्य एवं बैविध्य दिखाई पड़ता है। 1960 तक आते–आते नयी कविता की जो विद्रोही चेतना लगभग मृतप्राय हो गयी थी और उसके तमाम शब्द, उपमान, प्रतीक, बिम्ब शैली एवं तेवर फीके पड़ गये थे, साठोत्तरी कविताओं में वह फिर से यथार्थ की धरातल पर सजल हो उठे। सठोत्तरी कविताओं में भक्ति, श्रृगार तथा नीति के स्थान पर आम आदमी की पीड़ा, कुंठा, संत्रास, विद्रोह, विक्षोभ एवं आक्रोश दिखाई देता है। सठोत्तरी कवियों ने अपनी रचनाओं में प्रकृति की सुरम्य वादियों को स्थान न देकर आम आदमी के जीवन से साक्षात्कार किया। वस्तुतः सन् साठ के बाद की कविता नवीन सौन्दर्यबोध एवं नये संवेदनों की कविता है। शब्द, उपमान, प्रतीक, बिम्ब विधान, अप्रस्तुत विधान, भाव–भंगिमा एवं अभिव्यक्ति आदि सब कुछ एक नये धरातल का निर्माण करते हुए दिखाई पड़ते हैं। इन कविताओं ने विकास के विभिन्न सोपानों से गुजरते हुए यथार्थ को अपना विषय बनाया है। ये कवितायें मृत मान्यताओं, टूटती परम्पराओं एवं सामाजिक, राजनीतिक भ्रष्टाचार की ज्वलंत अभिव्यक्ति ही नहीं है, बल्कि इन कविताओं में जीवन के प्रति प्रेरणा प्रदान करने की शक्ति भी है। राजकमल चौधरी की कविता 'मुक्ति प्रसंग' जिसे अस्वीकृति की कविता भी कहा गया है, को नयी कविता से अलग हटने का प्रयास माना जाता है।

सठोत्तरी कविता में जहाँ एक ओर बिखरी हुई दुहरी जिन्दगी दिखाई पड़ती है, वहाँ दूसरी ओर बदलते मानवीय सम्बन्धों का विवेचन एवं विश्लेषण भी नजर आता है। इन कविताओं में फूल, पत्तियों, झरनों, पहाड़ों, नदियों के

स्थान पर जूलुस, नारा, लाठी चार्ज, कर्फ्यू, चुनाव, मतदान एवं संसद की बातें हैं, जो समकालीन परिवेश की उपज है।

आज का कवि अपनी अनुभूति को सीधें एवं सपाट लहजे में कह देना चाहता है। यही कारण है कि यह बिम्बों, प्रतीकों और तुकबन्दियों का त्याग करता जा रहा है। आज की कविता में जो परिवेशगत घृणा दिखाई पड़ती है, उसमें भी एक दर्द है। इन कवियों ने भोगे गये यथार्थ को अपनी कविताओं में स्थान देकर आम आदमी की पीड़ा और टीस को उजागर किया है। आज की अस्त–व्यस्त जिन्दगी और व्यवस्था के प्रति, विद्रोह का जो स्वर इन कविताओं में मिलता है, वह वर्तमान का सीधा साक्षात्कार है। आज की कविता साधारण जन के पहचान एवं तलाश की कविता है। इन कविताओं का विषय और स्वर बदला हुआ है। इसमें जन सामान्य का दुःख–सुख ही नहीं वरन् आम आदमी की नियति का भी सीधा साक्षात्कार है। यद्यपि सभी कवियों के तेवर और अन्दाज अलग हैं लेकिन इस युग के सभी कवि सामान्य जन की स्थिति और नियति से परिचित हैं। वे अपने समय की परिस्थितियों से बेखबर नहीं है। यही कारण है कि उनमें एक प्रकार का अर्न्तद्वन्द्व एवं बेचैनी है, जो उन्हें संघर्ष की ओर ले जाती है।

आज की कविता वास्तविकता के धरातल पर खड़े होकर जीवन के अनेक पहलुओं को समेटे हुए आगे बढ रही है। अपने समय और अपने देश की स्थिति का यथार्थ चित्रण धूमिल की कविताओं में बखूबी दिखाई पड़ता है–

और मैं सोचने लगता हूँ कि इस देश में
एकता युद्ध की और दया
अकाल की पूँजी है
क्रान्ति–
यहाँ के असंग लोगों के लिए
किसी अबोध बच्चे के–
हाथों की जूजी है[1]

(अकाल दर्शन)

वर्तमान की बजबजाती हुई सतह पर
हिजड़ों की एक पूरी पीढ़ी लूप और अन्धा कूप के मसले पर
बहस कर रही है कि
आजादी–इस दरिद्र परिवार की बीससाला बिटिया
मासिक धर्म में डूबे हुए क्वारेपन की आग से
अन्धे अतीत और लँगड़े भविष्य की
चिलम भर रही है।[2]

(राजकमल चौधरी के लिए)

इस प्रकार के अनेकों उद्धरणों से समकालीन संसार भरा पड़ा है। कवि अपने आस–पास के जीवन को समझदारी से पकड़ते हैं और उसे एक विवेकपूर्ण अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं। उनकी प्रतिक्रियायें निर्मम हैं तथा समूचे व्यवस्था तत्र को झकझोर कर रख देने वाली हैं। धूमिल की कविता 'मोचीराम' आम आदमी की बिगड़ी हुई हालत और उससे उत्पन्न बेचैनी को बखूबी उजागर करती है–

बाबूजी! सच कहूँ मेरी निगाह में
न कोई छोटा है
न कोई बड़ा है
मेरे लिए हर आदमी एक जोड़ी जूता है
जो मेरे सामने
मरम्मत के लिए खड़ा है।[3]

(मोचीराम)

कवि का 'मोचीराम' जिसके लिए सभी ग्राहक हैं, जिन्दा रहने के पीछे का तर्क खोजता हुआ अपने श्रम को अन्न में बदलने की कोशिश कर रहा हैं।

इसी प्रकार अर्थव्यवस्था ंजो आज के समाज की धुरी बन चुकी है, पर भी सठोत्तरी कवि की लेखनी चुप नहीं रहती। वह देखता है कि किस प्रकार पैसों के आगे एक आम आदमी लाचार और बेबस बन कर रह गया है। लीलाधर जगूड़ी की यह कविता भी वर्तमान अर्थव्यवस्था का साक्षात्कार कराती है–

कोई आत्मा बिक रही होगी
ये सिक्के....................
आत्मा किस अठन्नी का नाम हैं?
इन सिक्कों में से किसमें
मेरी आत्मा की सबसे बड़ी खुशी भरी है?[4]

केदारनाथ सिंह की अनेक कवितायें आर्थिक संदर्भों से जुड़ी हुई हैं। उनकी कविता 'जाड़े के शुरू में आलू' सीधे–सीधे उत्पादन, उत्पादक तथा उपभोक्ता के आर्थिक शोषण को दर्शाती है–

मैं उसका छिलका उठाता हूँ
और झाँककर पूछता हूँ मेरा घर
मेरा घर कहाँ है?[5]

सठोत्तरी हिन्दी कवियों ने वर्ग वैषम्य और लोक चेतना को भी अपनी कविताओं का विषय बनाया है। मध्यवर्गीय समाज की स्थिति इस वर्तमान व्यवस्था में कैसी है? वह किस प्रकार व्यवस्था के ताने बाने में फँसकर रह गया है। इस बात की पड़ताल सठोत्तरी कविता में बखूबी दिखाई पड़ती है–

जब सड़कों पर होता हूँ
बहसों में होता हूँ

रह रहकर चहकता हूँ

लेकिन वापिस हर बार लौटकर

कमरे के अपने एकान्त में

जूते से निकाले गये पाँव सा महकता हूँ।(6)

(कुमार विकल)

विश्वनाथ प्रसाद तिवारी का कवि मन होठों की मुस्कान छीन लेने वाले बेरहम पैशाचिकों के प्रति घृणा करता है और वर्तमान पूँजीवादी तंत्र की कलई–खोलता हुआ कहता है कि–

कुछ नहीं हो सकता

संगीनों के साये में

सिर्फ बलात्कार हो सकता है

यह चारो ओर का अहस्तक्षेप

सिर्फ आदमीयत को नष्ट करने की साजिश है।(7)

सठोत्तरी कवियों ने केवल वर्ग संघर्ष और सामाजिक विषमताओं तक ही अपने को सीमित नहीं रखा हैं, बल्कि उससे बाहर निकलकर समतावादी समाज की स्थापना के लिए भी अपनी कविता के माध्यम से प्रयास किया है–

मैं लड़ रहा हूँ मोर्चे पर

लेखनी की शक्ति गर्जना से

मैं कलेजा शोषकों का फाड़ता हूँ

सूदखोरों, मिलमालिकों

अर्थ पैशाचिकों को

सर्वहारा की नवोदित सभ्यता से जीतता हूँ।(8)

(कुमार विकल)

आज का कवि जनमानस में व्याप्त भय को दूर करके उसके अर्न्तमन में उत्साह का संचार भी करता है–

आदमी के हाथ............

बड़े काम करते हैं भाई

आओ अभी भी वक्त है

अपनी चीख को जमीन में मत गाड़ो

जोड़ो दूसरी चीख से.............

आगे बढ़ो मेरे दोस्त।(9)

इस प्रकार कहा जा सकता है कि सठोत्तरी हिन्दी कविता ने पाठकों को अपनी उपस्थिति के लिए आमंत्रित किया है। सहज अभिव्यक्ति के माध्यम से लोक जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर कर आम आदमी की व्यथा को सामने लाने का कार्य इस युग के कवियों ने बखूबी किया है। विभिन्न प्रकार की विषमताओं और शोषण के

खिलाफ आवाज उठाकर जन मानस के अर्न्तमन में संघर्ष की चिंगारी जगाते हुए एक बेहतर जीवन की आशा का संचार भी इस युग की कविताओं में मिलता है।

## संदर्भ ग्रन्थ


(1) धूमिल : संसद से सड़क तक, राजकमल प्रकाशन–2006, पृ0 18

(2) वही : पृ0 31

(3) वही : पृ0 37

(4) लीलाधर जगूड़ी : धबराये हुए शब्द, राजकमल प्रकाशन– 1998, पृ0 33

(5) केदारनाथ सिंह : जमीन पक रही है, प्रकाशन संस्थान– 2000, पृ0 57

(6) कुमार विकल : एक छोटी सी लड़ाई, पृ0 38

(7) विश्वनाथ प्रसाद तिवारी : साथ चलते हुए, पृ0 09

(8) कुमार विकल : एक छोटी सी लड़ाई, पृ0 32

(9) प्रभात त्रिपाठी : नहीं लिख सका मैं, पृ0 54

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# कालिदास का जीव-जन्तुगत प्रेम एवं पर्यावरण की स्वच्छता



**डॉ० अवधेश कुमार**
**(प्रभारी प्रधानाध्यापक)**
**+ 2 उच्च विद्यालय, महसौरा**
**लखीसराय, बिहार, भारत**

**सारांश-** कालिदास ने मानव के कल्याण के लिए मानवेतर प्राणियों अर्थात विभिन्न स्थलीय जीव–जंतु एवं आकाशीय पक्षियों को संरक्षण देने हेतु हमें प्रेरित किया है। सभी जीव जंतु परस्पर एक आहार श्रृंखला से जुड़े हुए हैं। अतः इसका संरक्षण पर्यावरण स्वच्छता के लिए परम आवश्यक है। तभी पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है।

**प्रमुख शब्द-** जलवायु, हिंसकपशु, परिस्थितीकी, अध्यात्मिकपरम्परा, क्रोन्च, नीलगाय, चातक, मानसरोवर,हंस, नन्दिनी, प्राणवायु, कम्भोदर।

-----------------------------------------------------------------

**जीवजन्तुओं से पर्यावरण का संरक्षण-** जिसप्रकार भारत भूमि से आदिम अरण्य प्रायः तिरोहित हो गये हैं, उसी प्रकार अधिकांश वन्यपशुएँ लगभग समाप्त प्राय हो रहे हैं। इसका कारण है कि किसी भी स्थान के जन्तुओं–पशुओं एवं वनस्पतियों में गहरे सम्बंध होते हैं। वनस्पति से जन्तुओं को न केवल भोजन मिलता है, अपितु सुरक्षित प्राकृतिक आवास भी मिलता है। यद्यपि जीव–जन्तु विभिन्न जगहों में घूमते रहते हैं, लेकिन जन्तुओं की प्रत्येक जाति जलवायु की दशाओं में सीमित परिवर्तनों को ही सहन कर सकती है। उनकी शारीरिक संरचना, रंग–रूप, भोजन की आदतें आदि सब कुछ उनके पर्यावरण के अनुकूल होता है। इस लिए पृथ्वी पर पाये जानेवाले जन्तुओं और पौधों की विभिन्न जातियों के अन्तर्सम्बन्धों को समझना चाहिए। चूँकि कृषि, वानिकी, व्यापारिक, पशु चारण, मछली–पालन तथा आखेट (शिकार) जैसे मानवीय क्रिया–कलापों की गलत योजनाओं के कारण यह संतुलन बिगड़ गया है। फलस्वरूप जन्तुओं की अनेक जातियाँ विनाश (लुप्त होने) के कगार पर खड़ी है।

कालिदास के समय में देश अरण्यों (जंगलों) से भरा हुआ था, जिनमें अनेकानेक जंगली पशु स्वच्छन्द विहार करते थे।[1] यही कारण है कि उनकी कृतियों में विभिन्न प्रकार के पशु–पक्षियों का सुन्दर–चित्रण हुआ है, जिसे हम कवि की

पर्यावरण के प्रति गहरी सोच कह सकते हैं। ध्यातव्य है कि स्थलीय पशु, जलीय जीव एवं आकशीय पक्षी ये सभी पर्यावरण परिरक्षण में अत्यन्त सहयोगी होते हैं यही कारण है कि इन सबों के अस्तित्व की रक्षा के लिए पुरातन ऋषियों ने इन सबों का सम्बंध वाहन आदि के रूप में देवताओं के साथ स्थापित कर दिया। ताकि जन-सामान्य में इसकी रक्षा की भावना उत्पन्न हो सके।

उदाहरण स्वरूप गाय को प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे उत्सर्जित पदार्थ दूध, दही, घी, गोवर, गोमूत्र आदि किसी न किसी रूप में पर्यावरण शोधन में काम आते हैं। धृत, यव आदि हव्य पदार्थों से प्राण-वायु (ऑक्सीजन) परिशुद्ध होती है। साथ ही इसके गोबर रासायनिक उर्वरकों के बदले में प्रयुक्त होते हैं। इससे स्पष्टतः दो लाभ दिखाई पड़ते है। पहला तो उर्वरकों के कम प्रयोग के कारण मृदा की उर्वरा शक्ति संरक्षित रहती है तथा दूसरा खाद्य फसल पोषण युक्त होते हैं जिसके भक्षण से मनुष्य स्वस्थ एवं नीरोग रह पाते हैं। असाध्य रोगों के उपचार में गोमूत्र का उपयोग तो सर्वविदित ही है। अतः गाय, घोड़ा, बन्दर, भेड़ आदि विभिन्न पशुओं से पर्यावरण शोधन सम्भव हो पाते हैं, जिनका संरक्षण जरूरी है।

इसी तरह से बाघ, साँप, चूहा, गिद्ध आदि प्राणियों की रक्षा होनी चाहिए। इन सबों से पर्यावरण प्रभावित होता है। बाघ जैसे हिंसक पशु की न्यूनता या शून्यता उत्पन्न होने से शाकाहारी प्राणियों की संख्या अत्यधिक हो जायेगी, जो वनस्पति आदि पौधों को (अधिकाधिक भक्षण कर) प्रभावित कर सकते है। विभिन्न प्रजाति वाले साँपों की कमी होने से चूहे आदि की संख्या बढ़ जायेगी, जो धन-धान्य, फसल आदि को छतिग्रस्त कर सकता है। किन्तु यदि चूहे का संरक्षण नहीं हो पाये तो उससे भी पर्यावरण प्रभावित होते हैं। चूहे से प्लेग जैसी बीमारियों की पूर्वसूचना प्राप्त होती है। आजकल गिद्ध मरे हुए जानवारों का भक्षण कर पर्यावरण प्रदूषण को आसानी से रोकने में समर्थ होता है। अतएव हम पाते हैं कि इन सभी पशु-पक्षियों का परिरक्षण परमावश्यक है, नहीं तो सम्पूर्ण विश्व के मानव एवं मानवेतर प्राणियों की आहार शृंखला अव्यवस्थित हो जायेगी। सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र इससे प्रभावित हो जायेगा और पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

अतः समस्त पशु-पक्षियों, जीवों की देख-भाल उसका संरक्षण एवं सम्बर्द्धन के प्रति हमें सचेष्ट रहना चाहिए। इस हेतु विवेकशील मानव अपनी आध्यात्मिक परम्परा, अपनी पुरातन मनीषा को आदर्श के रूप में स्वीकार कर उक्त संदर्भ में गहन चिन्तन करें, जिससे पर्यावरण संतुलन कायम रहे। महाकवि कालिदास की सभी रचनाएँ एवं उनकी परिनिष्ठित भावनाएँ इसी तथ्य की ओर संकेत कर रही है।

## कालिदास की कृतियों में वर्णित जीवजन्तु तथा पशु-पक्षी

महाकवि ने अपनी प्रथम कृति ऋतुसंहार के प्रथम सर्ग में प्रचण्ड गर्मी से व्याकुल सर्प और मोर का वर्णन किया है। **अवाङ्मुखो जिह्मगतः श्वसनमुहुः फणी मयूरस्य तले निषीदति।** [1] सभी जीव–जन्तु मित्र–शत्रु के भाव को भी भूल गये है, इसलिए तो गर्मी से पीड़ित सर्प मोर की छाया में आकर कुण्डली मारे बैठा है; तथा गर्मी से बेचैन मोर उसे कुछ नहीं कर रहा है। हाथियों के पास होने पर भी यह सिंह उन्हें मार नहीं रहा है। क्योंकि गर्मी इतनी पड़ रही है कि बहुत प्यास के मारे इसका सब साहस ठंडा हो गया है।

संस्कृत काव्यों में क्रौञ्च का वर्णन अत्यन्त विरल है। महाकवि कालिदास ने अपनी रचना ऋतुसंहार में अनेक बार क्रौञ्च का उल्लेख किया है। हेमन्त ऋतु के वर्णन में उन्होंने लिखा है – अनेक गुणों से रमणीय, अङ्गनाओं के चित्तों को हरनेवाला, परिपक्व धानों की ग्रामों के सीमाओं की शोभा बढ़ानेवाला, चारो ओर माला पड़ा, क्रौञ्च पक्षियों के गीतों से व्याप्त, बरफ–युक्त यह हेमन्तऋतु आप सबको सुख प्रदान करें –

**विनिपतिततुषारः क्रौञ्चनादोपगीतः प्रदिशतु हिमयुक्तः कालः एषः सुखं वः।**[2]

कुमारसम्भवम् के प्रथम सर्ग में हिमालय वर्णन के प्रसङ्ग में कवि ने सर्वप्रथम सिंहों का वर्णन किया है कि यहाँ के सिंह जब हाथियों को मारकर चले जाते है तो रक्त से लाल पंजो की छाप तो हिमधारा से धुल जाती है। पर उन सिहों के नखों से गिरी हुयी गजमुक्ताओं को देखकर ही वहाँ के किरात जान लेते है कि सिंह किधर से गये हैं।

**पदं तुषारस्रुतिधौतरक्तं यस्मिन्नदृष्ट्वाऽपि हतद्विपानाम्।**
**विदन्ति मार्ग नखरन्ध्रमुक्तैर्मुक्ताफलैः केसरिणां किराताः।।** – कुमार॰ 1–6

जिन हिरणियों की पूछों के चँवर बनाते है, वे हरिणियाँ जब यहाँ चन्द्रमा की किरणों के समान अपनी छोटी पूँछे इधर–उधर घूमाती चलती है, तब ऐसा प्रतीत होता है कि मानो वे इस पर्वतराज पर पूँछ के चंवर डुलाकर इसका गिरिराज नाम पुकार रहे है।

शंकर की समाधिस्थल की चर्चा करते हुए कालिदास नन्दी एवं नीलगायों का उल्लेख करते हैं, कि उनका गर्वीला नन्दी गरजते हुए सिंह की दहाड़ को न सह सकने के कारण जब अपनी छरों से हिम की चट्टानों को खोदता हुआ डकारने लगता है तब घबड़ायी हुई नीलगायें उसे देखते ही रह जाती थी, कि यह सिंह जैसा गरजनेवाला दूसरा कौन वीर आ पहुँचा।

**तुषारसङ्घातशिलाः खुराग्रैः समुल्लिखन्दर्पकलः ककुद्यान्।**
**दृष्टः कथञ्चिद् गवयै विविगैरसोढसिंह ध्वनिरुन्ननाद।।** – कुमार. 1.56

पूस की जिन रातों में वहाँ का सरसराता हुआ पवन चारों ओर हिम ही हिम बिखेरता चलता था, उन दिनों वह सारी रात जल में बैठी बीता देती और उनके सामने ही चकवे और चकवी का जोड़ा एक दूसरे से विछुड़ा हुआ चिल्लाया करता जिन्हें वह ढाढस बंधाया करती थी।

**परस्पराक्रन्दिनि चक्रवाकयोः पुरो वियुक्ते मिथुने कृपावती'।** – कुमार. 5-26

पार्वती के तप की परीक्षा लेते हुए ब्रह्मचारी वेशधारी शिव ने कहा कि सबसे बड़ी हँसी की बात तो यह है कि जब आप हाथी को छोड़कर उनके बूढ़े बैल पर चढ़कर अपने ससुराल को चलेगी और नगर के भले मनुष्य सब आपको देख-देखकर हँसी उड़ायेंगे।

**विलोक्यवृद्धोक्षधिष्ठितंत्वया महाजनः स्मेरमुखो भविष्यति।** – कुमार. 5-70

शिव की बारात में अजीव तरह के वरयात्री थे। सप्तमातृकाओं के पीछे भद्रकाली जी आ रही थी, जो ऐसी लग रही थी मानो बगुलों से भरी हुई और दूर तक चमकने वाली बिजली युक्त काले बादलों की छटा उठ चली आ रही हो "बलाकिनी नीलपयोदराजी दूरं पुरः क्षिप्तशतहदेव"। (कुमार-7-39)। गंगा और – यमुना भी अपना नदी का रूप छोड़कर महादेव पर चँवर डुलाने लगी है। वे चँवर ऐसे लगते थे मानों हंस उड़ रहे हों –

**'समुद्रगारूपविपर्ययेऽपि सहंस पाते इव लक्ष्यमाणे'** – कुमार. 7-42

मेघदूत में पहले चातक का ही वर्णन किया गया है। मेघ की यात्रा आरम्भ करने के समय चातक मीठी बोली बोलकर शुभ शकुन कर रहा है। यक्ष कह रहा है कि तुम्हारा सुहावना रूप देखकर बगुलियाँ भी समझ लेगी कि हमारे गर्भाधान का समय आ गया है। इसलिए वे पक्तिबद्ध होकर अपने पँखों से तुम्हें पंखा झुलाने के लिए अवश्य ही आकाश में उड़कर तुम्हारे पास आ पहुँचेगी

**"वामश्चायं नदति मधुरं चातकस्ते सगन्धः"।** – पूर्वमेघ-10

तुम्हारी गरज सुनकर मानसरोवर को जानेवाली हंस भी अपनी चोंचों में कमल की अगली डंठल लिए आकाश में तुम्हारे साथ-साथ उड़ने चले जायेंगे –

**आ कैलासाद्विसकिसलयच्छेद पाथेयवन्तः**

**सम्पत्स्यन्ते नभसि भवतो राजहंसाः सहायाः॥** – पूर्व. 11

उत्तरमेध में अलकापुरी के वर्णन प्रसंग में यक्ष के माध्यम से कवि कहते है कि वहाँ पर सदा फूलने वाले ऐसे बहुत से वृक्ष मिलेंगे जिनपर मतवाले 'भौरे' गुनगुनाते होंगे। वहाँ वारहमासी कमल और कमलिनियों को हंसों की पंक्ति घेरे रहती है। यहाँ पालतू मोरों का भी वर्णन आया है।

**यत्रोन्मत्त भ्रमरमुखराः पादपा नित्य पुष्पा।**

**हंस श्रेणी रचित रशना नित्य पद्मा नलिन्यः॥** – उत्तरमेध-3

अलकापुरी में साँवले धोड़ों और पहाड़ जैसे बडे-बड़े हाथियों का भी चित्रण कालिदास ने किया है।

**पत्रश्यामा दिनकर हयस्पर्द्धिनो यत्र वाहा।**

**शैलोदग्रास्त्वमिव करिणो वृष्टिमन्तः प्रभेदात्।।** – उत्तरमेघ – 13

यक्ष मेघ से कहता है कि मेरे वियोग में मेरी प्रिया अपनी साथी से बिछड़े हुई चकवी के समान लगेगी।

**तां जानीथाः परिमित कथां जीवितं म द्वितीयं**

**दूरीभूते मयि सहचरे चक्रवाकीमिवैकाम्।।** – उत्तरमेघ–23

प्रोषितपतिका के द्वारा मैना, सुग्गा से बोलने की परम्परा भी रही है। वही परम्परा मेधदूत में भी है। यक्षिणी मैना से पूछती है कि क्या तुम भी अपने पति को याद कर रही हो?

**सारिका पञ्जरस्थां कच्चिद्भर्तुः स्मरसि।** – उत्तरमेघ–25

अन्त में यक्ष मेघ से कहता है कि तुम तो उपकार शब्द से नहीं अपितु कर्म से करते हो पपीहों को उत्तर तुम जल की बूंदों से देते हो। यक्ष अपनी प्रिया की सुन्दरता चकित हरिणी की तरह बताता है। इस तरह से मेधदूत में अनेकानेक जन्तुओं का वर्णन किया गया है।

रघुवंश महाकाव्य में कालिदास ने प्रथमतया मगरमच्छ का वर्णन किया है, जैसे मगरमच्छ के डर से समुद्र में प्रवेश करने से डरते है उसी तरह राजा दिलीप के पास आने से नौकर आदि भय खाते थे। क्योंकि वे न्यायप्रिय एवं कठोर कानून पालन करते थे –

**भीम कान्तैर्नृप गुणैः स बभूवोपजीविनाम्।** [4]

इसके बाद उन्होंने मोर का चित्रण किया है। राजा दिलीप और रानी सुदक्षिणा ने देखा की रथ की गडगडाहट सुनकर बहुत से मोर अपना मुह ऊपर उठाकर दूहरे मनोहर षड़ज शब्द सुना रहे थे।

**षड्जसंवादिनीः केका द्विधा भिन्ना शिखण्डिभिः।**[5]

दिलीप द्वारा पुत्र न होने के कारण पूँछने पर वशिष्ट ने कहा कि तुमने कामधेनु का अपमान किया है इसलिए उसने शाप दिया है कि जब तक तुम मेरी सन्तान की सेवा नहीं करोगे तब तक पुत्र नहीं होगा। इसलिए कामधेनु की पुत्री नन्दिनी की सेवा करो यदि वह प्रसन्न हो जायेगी तो इष्ट की प्राप्ति अवश्य होगी।

**सुतां तदीयां सुरभेः कृत्वा प्रतिनिधिं शुचिः।**

**आराधय सपत्नीकः प्रीता कामदुधा हि सा।** – रघु. 1.81

यहाँ कवि ने पशुओं के प्रति मानव के द्वारा किये गये अपराध (अपमान) सहन नहीं किया है। स्पष्ट रूप से उन्होंने गौ का सम्मान एवं उसका रक्षण की बात कही है। क्योंकि इस गो से उत्सर्जित पदार्थ धृत आदि को यज्ञ में हवि के रूप में प्रयोग करते है जिससे प्राणवायु (ऑक्सीजन) शुद्ध होती है । कवि ने दिलीप के लिए गुरू वशिष्ट के माध्यम से प्रथम सर्ग में कहा है कि कामधेनू पाताल लोक में वरुण के यज्ञ में हवि जुटाने हेतु गयी हुई है। उस कामधेनु की सन्तान नन्दनी की सेवा करो– **हविषे दीर्घ सत्रस्य सा चेदानीं प्रचेतसः।**[6]

जंगल में नन्दिनी के साथ जाते हुए राजा दिलीप ने देखा कि सूअरों के झुण्ड तालावों से निकल रहा है, मोर बसेरो की ओर उड़े जा रहे थे, और हरिण थककर हरी–भरी धासों पर जा बैठे थे

**स पल्वलोत्तीर्ण वराह यूथान्यावासवृक्षोन्मुख बर्हिणानि।**

**ययौ भृगाध्यासितशाद्वलानि श्यामायमानिनि पश्यन्।।** – रघु. 2.17

दिलीप की परीक्षा हेतु नन्दिनी गुफा में बैठ गयी। उसी समय एक सिंह ने नन्दिनी को दबोच लिया।

**अलक्षिताभ्युत्पतनो नृपेण प्रसह्य सिंहः किल तां चकर्ष।** – रघु. 2.27

सिंह ने दिलीप से अपनी उपस्थिति का कारण बताते हुए कहा कि शिव ने जंगली हाथियों को डराने के लिए मुझे यहाँ पहाड़ की इस कन्दरा में सिंह के रूप में रखवाला बनाकर बैठा दिया है और मेरा पेट भरने के लिए आज्ञा दे दी है कि यहाँ जो जीव आये उसे तुम मारकर खा लिया करो –

**तदाप्रभृत्येव वनद्विचानां त्रासार्थमस्मिन्नहमद्रिकुक्षौ।**

**व्यापारितः शूलभृता विधाय सिंहत्वमङ्कागत सत्ववृत्तिः।** – रघु. 2.38

इसके पश्चात् राजा दिलीप ने अपने अस्त्र को फेंककर नन्दिनी की रक्षा हेतु अपने शरीर को सिंह के समक्ष (खाने हेतु) सौंप दिया। यहाँ कवि की पशु रक्षायुक्त भावना दृष्टगत होती है। चकवा–चकवी का वर्णन करते हुए महाकवि कहते है कि राजा दिलीप तथा रानी सुदक्षिणा का प्रेम चकवा–चकवी की तरह था।

**रथाङ्गनाम्नोरिव भावबन्धनं बभूव यत्प्रेम परस्पराश्रयम्।**

**विभक्तमप्येकसुतेन तत्तयोर्परस्परस्योपरि पर्यचीयत ।।** – रघु. 3.24

गाय के वर्णन में महाकवि कहते हैं– जैसे गाय का बछड़ा बड़ा होकर साँड हो जाता है तथा हाथी का बच्चा बड़ा होकर गजराज हो जाता है उसी प्रकार गृहस्थाश्रम में प्रवेश करने पर रधु का शरीर और भी खिल उठा।

**महोक्षता वत्सतरः स्पृशन्निव द्विपेन्द्रभावं कलभः श्रयन्निव।**

**रघुः क्रमाद्यौवनभिन्नशैशवः पुपोष गम्भीर्यमनोहरं वपुः।।** – रघु. 3.32

मालविकाग्निमित्रम् नाटक में वर्णित राजा अग्निमित्र की सभा में दो नाट्याचार्य थे, गणदास एवं हददत्त। दोनों में परस्पर विद्वता की बात उठती है: समाध न हेतु दोनों में शास्त्रार्थ का निश्चय हुआ, दोनों को महाकवि कालिदास ने लड़ाक हाथियों से उपमित किया है –

**अन्योन्य कलहप्रिययोर्मत्तहस्तिनोरेकतरस्मिन्नजिर्जिते कुत उपशमः?**[7]

मालविका को देखकर राजा उस पर मुग्ध हो गये है, परन्तु रानी धारिणी के भय स भयभीत भी है। ऐसे में राजा की उपमा कवि ने उस गिद्ध से दी है जो कसाई के घर पर मडराता है – **सूनापरिसरचर इव गृध्र आमिषलोलुपोभिरुकश्च।**[8] माँस के लिए कुत्ते का भी भय उसे लगा रहता है। आम के पल्लव को ढूँढने चली निपुणिका को चीटियों ने काट

लिया। **"चूताङ्कुरं विचिन्वत्योः पिपीलिकाभिर्दष्टम्**। इरावती कहती है कि जैसे व्याधो के गीत सुनकर हरिणी सब सुध–बुध खोकर जाल में फस जाती है वैसे ही मैं भी इनकी बातों पर विश्वास कर बैठी – **"व्याघजनगीतगृहीतचित्तयेव हरिण्यैतन्न विज्ञातं मया ।।**[9]

विक्रमोर्वशीयम् में कालिदास ने सर्वप्रथम भौरों एवं कोयलों का वर्णन किया है। ‘क्या यह फूलों के रसवाण से मदमत भौरों की गुजाधार है है? अथवा यह कोयल की नशीली कूक तो नहीं?

**मत्तानां कुसुमरसेन षट्पदानां शब्दोऽयं परभृतनाद एष धीरः।**

**आकाशे सुरगणसेविते समन्तात् किं नार्यः कलमधुराक्षरं प्रगीताः।।**

– विक्रमो 1.3

उर्वशी को राक्षसों से छुड़ाने के लिए प्रस्थान पुरूरवा का रथ इतने वेग से दौड़ रहा है कि घोड़ों के सिर की चौरियाँ ऐसी खड़ी हो गयी कि मानो चित्र में बनायी गयी हो –

**अग्रे यान्ति रथस्य रेणुपदवीं चूर्णीभवन्तो घना**

**श्चक्रभ्रान्तिररान्तरेषु वितनोत्यन्यामिवारावलीम्।** – विक्रमो 1–5

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में सर्वप्रथम भौरों और हरिण का वर्णन हुआ है। हरिण का पीछा करता हुआ दुष्यन्त कण्व के आश्रम में प्रवेश करता है।

**तवास्मि गीतरागेण हारिणा प्रसभं हृतः।**

**एष राजेव दुष्यन्तः सारङ्गेणातिरंहसा।। (अभि. 1-5)**

वह हरिण इतना तेज दौड़ रहा था कि रथ के घोड़े भी पीछे छूट गये थे –

**यदालोके सूक्ष्म व्रजति सहसा तद्विपुलतां**

**यदर्धे विच्छिन्न भवति कृतसन्धानमिव तत्।**

**प्रकृतया यद्वक्रं तदपि समरेरव नयनयोर्न**

**मे दूरे किञ्चित्क्षणमपि न पाश्र्वे रथजवात्।।**

– अभि. 1–9

हिरण का पीछा करते हुए राजा जब ऋषि–आश्रम तक पहुँच जाते हैं तब उस समय बैखानस की यह उक्ति उल्लेखनीय है (हस्तमुदयम्य) राजन! आश्रम मृगोऽयं न हन्तव्यम्। अर्थात् हाथ उठकार वैखानस कहता है कि हे राजन ! आश्रम का यह मृग मारने योग्य नहीं है इसलिए इन्हें नहीं मारना चाहिए।[10] यहाँ कवि ने तपस्वी के माध्यम से दुष्यन्त को बतलाया है कि वीर क्षत्रियों का शस्त्र तो पीड़ितों की रक्षा करने के लिए प्रयुक्त होता है न कि निरपराध मृगों पर प्रहार करने के लिए।

**आर्तत्राणाय वः वस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि''**– अभि. 1.11

यहाँ कवि ने प्रकारान्तर से पशुओं की हिंसा का घोर विरोध जताया है। उन्हें पशु हत्या पर पूर्ण आपत्ति है। राजा के डर के मारे हाथी आदि वन्यजीव भागकर आश्रम में आ गये थे। कवि ने कमलिनी कोटिक नायिका शकुन्तला के मुख के चोरों ओर मॅडराते हुए भौरों का वर्णन किया है।

शकुन्तला की विदाई के समय कोयल भी जाने की अनुमति देता है

**अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं बनवासबन्धुभिः।**

**परभृतविरुतं कलं यथा प्रतिवचनीकृतमेभिरीदृशम्।।** – अभि. 4.10

मल्लाह को पकड़कर राजपुरुष कहता है कि अब तो तुम गिद्धों का भोजन बनेगा या कुत्तों से नोंचा जाएगा। **(गृध्रबलिर्भविष्यसि, शुनो मुखं वा द्रक्ष्यसि)** राजा जब सभी स्त्रियों को अपने पास से हटा देता है तब विदूषक कहता है कि अच्छा किया सब मक्खियों को आपने उड़ा दी। दुष्यन्त के द्वारा प्रदत्त अंगूठी नदी की धारा में गिर गयी थी, जिसे रोहू मछली ने निगल लिया था। **(रोहितमत्स्यस्योदराभ्यन्तर आसीत्)।**[11] शकुन्तला के वियोग में दुःखी दुष्यन्त को क्रोधित करने के लिए इन्द्र का सारथि मातलि विदूषक को उठाकर ले जाता है तब विदूषक चिल्लाता है कि मैं तो बिल्ली के द्वारा पकड़े गये चूहे की तरह हूँ **(विडालगृहीतो मूषक इव निराशोऽस्मि जीविते संवृतः)**[12]

अतः महाकवि कालिदास की रचनाओं के सम्यक् अध्ययन से ज्ञात होता है कि कवि को विभिन्न प्रकार के जीव-जन्तुओं से अगाध प्रेम था। उन सब जीवों के प्रति उनकी आस्था बिल्कुल स्वाभाविक एवं सौहार्दपूर्ण थी। जीव-जन्तु, पशु-पक्षी आदि मानवेतर प्राणियों का संरक्षण एवं सम्बर्द्धन उनका मूल ध्येय था कवि ने अपने पात्र, चरित्र, कथावस्तु, कथोपकथन आदि के व्याज से किसी न किसी रूप में पर्यावरण स्वच्छता की बात ध्वनित की है, जो सर्वथा परवर्ती अध्येताओं के लिए अवलोकनीय एवं अनुसंधेय है। इससे जनमानस में पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रवृत्ति बढ़ेगी।

इस अध्याय में विवेचन के क्रम में हम देखते हैं कि कालिदास प्रकृति के प्रति अपना प्रेम अभिव्यक्त करने के साथ प्रकृतिगत विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों, जो उनके समय में उपलब्ध थे के वर्णन में भी काफी रूचि लेते हैं। भूचर एवं जलचर, पशुओं के अनेक जातियों का उल्लेख यहाँ हम पाते हैं। जन-सामान्य की दृष्टि में आनेवाले ये पशु दो प्रकार के होते हैं – हिंसक और अहिंसक। हिंसक पशुओं में वे पशु आते हैं, जो अपने आहार के लिए दूसरे जीवों को मार डालते हैं। वे अपना आहार स्वतः अर्जित नहीं कर पाते और वे मांसाहारी होते है, दूसरे जीवों से रक्त एवं मांस का भक्षण कर अपनी क्षुधा तृप्ति करते हैं। इनके अन्तर्गत सिंह, चीता भेड़िया आदि आते हैं।

सुकुमार प्रकृति के उपासक महा कवि कालिदास इन पशुओं का वर्णन तो अपने काव्य में करते ही है किन्तु इन्हें दूसरे प्राणियों की हिंसा करते नहीं देखते है। रघुवंश के दूसरे सर्ग में 'कुम्भोदर' नामक सिंह को गाय पर आक्रमण करते हुए दिखाया जाता है, किन्तु वह सिंह गाय को मारता नहीं और राजा दिलीप द्वारा अपना निहत्था शरीर अर्पित किये जाने पर भी उसका भक्षण नहीं करता। क्योंकि वास्तव में वह सिंह था ही नहीं। राजा की भक्ति की परीक्षा के लिए खुद नन्दिनी ने ही माया सिंह को उपस्थापित किया था। इसलिए उसके हिंसक होने की बात ही नहीं थी। इसी तरह अभिज्ञानशाकुन्तल के अन्तिम दृश्य में सर्वदमन सिंह के बच्चे के साथ खेलता हुआ मंच पर उपस्थित होता है, जो सिंह शावक उसे किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचाता है। इस प्रकार कालिदास के काव्यों में जो हिंसक पशु वर्णित हैं वे अहिंसक रूप में ही दृष्टिगत होते हैं। इतना ही नहीं कालिदास कालीन राजा के लिए वन्य पशुओं का शिकार करना उसकी (राजा की) शान समझा जाता था। इसलिए अभिज्ञानशाकुन्तल में राजा दुष्यत का वर्णन शिकारी के रूप में किया जाता है, किन्तु वे शिकार में रूचि नहीं लेते और सेनापति के द्वारा बार–बार शिकार के लिए प्रेरित किये जाने पर तथा शिकार के अनेक गुण बताये जाने पर भी उस जंगल के पशु–पक्षियों के प्रति अपने स्नेह की अनुभूति के कारण न केवल स्वयं शिकार से विरक्त होते हैं, बल्कि दूसरों को भी इस (शिकार) से मना कर देते हैं।

रघुवंश में रघुवंशी राजा युद्ध एवं शिकार में प्रवृत्त हुए दिखाये जाते हैं, किन्तु उनके द्वारा बड़े पैमाने पर हिंसा का आश्रय नहीं दिया जाता। इस तरह सौन्दर्य के कवि कालिदास हिंसक पशुओं के वर्णन में भी उन्हें उस रूप में वर्णित नहीं करते।

दूसरी ओर अपनी रचनाओं में बहुसंख्य पक्षियों का वर्णन करते हैं, किन्तु उनमें हिंसक प्राणी गरुड़ एवं गिद्ध आदि हिंसक पक्षियों द्वारा की जानी वाली हिंसा कार्यो का वर्णन नहीं के बराबर है। उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है, कि इस अध्याय मैं जिन 63 पशुओं एवं 70 पक्षियों का वर्णन है, वे सभी पर्यावरणीय संरक्षण में काफी योगदान करते हैं। यहाँ वे सामान्य लोगों के लिए अज्ञात ऐसे पशु–पक्षियों का उल्लेख करते हैं जो कम संख्या में पाये जाते है अथवा प्राय: अनुपलब्ध हैं। काल के चक्र में प्रकृति के हर अंग की भाँति पशु–पक्षियों की बहुत सारी प्रजातियाँ विलुप्त हो गयी, जिनकी आवश्यकता आज पर्यावरणविद् सोच रहे हैं। इस तरह कालिदास न केवल प्रकृति एवं सौदर्य तथा प्रेम के पूजारी है, अपितु लोकहित की भावना के ओत–प्रोत कवि अपनी रचनाओं में पर्यावरण के प्रति नितांत सजग एवं संवेदनशील दीखते हैं। उनका पशु–पक्षियों के प्रति निरन्तर स्नेह का संदेश मानवता के लिए चिरकाल तक उपयोगी एवं लाभकारी रहेगा।

**सन्दर्भ ग्रन्थः-**


1. ऋतुसंहारम् – 1.13
2. कालिदास ग्रन्थावली –डॉ. ब्रह्मानन्द त्रिपाठी– पृ. – 335
3. कुमारसंभवम् – 7.39
4. रघुवंशम् – 1.16
5. रघुवंशम् – 1.39
6. रघुवंशम् – 1.80
7. कालिदास ग्रन्थावली – डॉ॰ ब्रह्मानन्द त्रिपाठी– पृ॰ – 581
8. कालिदास ग्रन्थावली – डॉ॰ ब्रह्मानन्द त्रिपाठी– पृ॰ – 593
9. कालिदास ग्रन्थावली – डॉ॰ ब्रह्मानन्द त्रिपाठी– पृ॰ – 611
10. अभिज्ञानशाकुन्तलम्– 1.9 के बाद का गद्य
11. अभिज्ञानशाकुन्तलम् – 6.12 के बाद का गद्य
12. अभिज्ञानशाकुन्तलम् – 6.27 के बाद का गद्य

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# विक्रमोर्वशीय के पात्र



**डॉ॰ किरण लता**
**फ्लैट न॰ – 27, जे॰ एफ – 2,**
**ब्लॉक न॰ – 5, रोड न॰ – 12,**
**राजेन्द्र नगर, पटना,**
**बिहार (भारत)**

**सारांश –** प्रस्तुत शोधपत्र में 'विक्रमोर्वशीयम्' के पात्रों का क्रमश: चित्रण है। नायक पुरूरवा एवं नायिका उर्वशी अपनी-अपनी विशिष्टताओं के कारण सर्वाधिक ध्यान आकृष्ट करते हैं। पुरूरवा पराक्रमी राजा तथा आदर्श प्रेमी का समन्वित रूप है तो उर्वशी नृत्यकला और बुद्धिमत्ता की मूर्ति होने के साथ आदर्श प्रेमी भी है। नायिका का यह रूप कालिदास के आख्यानों में विद्यमान उसके चरित्र से पृथक करके निर्मित किया है। नायक-नायिका के प्रणय के सहयोगी अन्य पात्र भी हृदयावर्जन करते हैं।

**प्रमुख शब्द –** पात्र, चरित्रों, कथानक, नाट्यकार, अनुशीलन, सामाजिकों, अनुरञ्जन, नायक, प्रतिनायक, नाट्यवस्तु, वक्र-कथानक, पारिपार्श्वक, विदूषक।

---

कथात्मक साहित्य चाहे श्रव्य हो या दृश्य, उसमें चरित्र या पात्र अन्यतम तत्त्व होते हैं। इन्हीं के द्वारा कथा की घटनाएँ घटित होती हैं। ये पात्र ही हैं जो कथा की घटनाओं से प्रभावित होते हैं। इन्ही व्यक्तियों के क्रिया-कलाप से कथावस्तु का निर्माण होता है। किसी भी कृति में घटनाओं को बहुलता तथा प्रधानता हो, उसमें चरित्रों का अभाव नहीं हो सकता। वस्तुत: कथा की कल्पना में ही पात्र विद्यमान रहते है।

किसी कथा के पात्रों को किस प्रकार उपस्थापित किया जाय, यह बात रचना के रूप (विधा, Type), लेखक की रुचि तथा योग्यता एवं उसकी रचना के उद्देश्य पर आश्रित है। श्रव्यकाव्य और दृश्यकाव्य में, अथवा आधुनिक युग के काव्य, नाटक, उपन्यास, कहानी आदि में पात्रों के प्रयोग अर्थात् चरित्र-चित्रण के अपने-अपने ढंग तथा विधान होते हैं।

कालिदास के रूपकों में पात्रों की संख्या सामान्य होती है, न अधिक न बहुत कम। आवश्यक पात्र ही रसानुकूल विन्यास से वहाँ सामाजिकों का हृदयावर्जन कहते हैं। यह तथ्य बहुत महत्त्वपूर्ण है कि रूपक में कथावस्तु के बाद पात्रों का ही स्थान होता है। पात्र ही कथानक को गति प्रदान करते हैं। रूपक का लेखक पात्रों के द्वारा ही अपने विचारों को प्रकट करता है। पात्रों को वह विभिन्न सुख-दु:खात्मक परिस्थितियों में रखकर जीवन के घात-प्रतिघातों

को प्रदर्शित करता है। कथानक तो स्वत: प्रच्छन्न रहता है। पात्र ही प्रकाशित रहते हैं। इसीलिये कहा जाता है कि पात्रों के द्वारा ही कथानक प्रकट होता है।

संस्कृत नाट्यशास्त्रियों ने कथावस्तु तथा रस के बीच पात्र (नेता) को स्थान देकर बहुत कौशल दिखाया है।[1] क्योंकि नायक तथा अन्य पात्र रूपक में मध्यममणि का काम करते हैं। एक ओर वे नाट्यकार के उद्देश्य रसोद्भावन को प्रकर्ष प्रदान करते हैं तो दूसरी और कथानक के विकास में भी उनका योगदान होता है।

संस्कृत रूपकों के पात्र अपनी मनोवृत्ति, संस्कार, वातावरण (परिवेश) तथा विविध सम्पर्कों के कारण जिस शील या चरित्र को प्रदर्शित करते हैं, वही उस रूपक का मूलाधार होता है तथा उसी के द्वारा रूपक-लेखक अपना संदेश प्रसारित करता है।[2] नाट्यशास्त्र में भरत ने पात्रों के स्वभाव और गुण का विस्तृत अनुशीलन किया है कि देवताओं तथा मुनष्यों के वर्गों के पात्रों के स्वभाव, गुण एवं क्रिया-कलाप किस प्रकार होते हैं। प्रत्येक पात्र अपने शील और व्यवहार द्वारा सामाजिकों का अनुरञ्जन करता है। नायक की सहायता के लिये भद्र और अभद्र दोनों प्रकार के पात्र रहते हैं। भद्र पात्र नायक को लक्ष्य तक पहुँचाते हैं जबकि अभद्र पात्र उसके मार्ग में विघ्न उत्पन्न कर के कथानक को वक्र और रोचक बनाते हैं। ऐसे पात्र नायक को संघर्ष की प्रेरणा देते हैं जिससे दर्शक भी जीवन के घात-प्रतिघात को झेलने की शिक्षा पाते हैं। जिस कथानक में संघर्ष नहीं होता वह सीधा-सादा (ऋजु) होने के कारण दर्शकों में कुतूहल उत्पन्न नहीं करता। यदि रावण नहीं रहे तो रामकथा रोचक नहीं होगी। राक्षसों का उपद्रव न हो तो देवताओं की कथा का विकास नहीं होगा।

इसीलिये नायक के साथ प्रतिनायक तथा अन्य विघ्नकर पात्रों की योजना की जाती है। नाट्य की अवस्थाओं में 'प्राप्त्याशा' एवं सन्धियों में 'प्रतिमुख' तथा 'गर्भ' की योजना यही सिद्ध करती है कि नाट्यवस्तु के विकास में वक्रता का स्थान अनिवार्य है।

कथानक में वक्रता का विन्यास कुटिल पात्रों के द्वारा प्रस्तुत किये गये विघ्न से होता है। कालिदास के प्रस्तुत नाटक 'विक्रमोर्वशीय' में कुटिल पात्र प्राय: सौम्य कथावस्तु प्रस्तुत करते हैं; जिसके कारण इस नाटक का प्रभाव 'अभिज्ञानशाकुन्तल' के वक्र कथानक की अपेक्षा कम होती है। उस नाटक में दुर्वासा के शाप के रूप में घटना वक्रता का विधान करती है। इस घटना की पृष्ठभूमि में दुर्वासा जैसे कुटिल पात्र लाये गये हैं रूपकों के पात्रों का शील निम्नलिखित चार प्रक्रियाओं से प्रकट होता है -(1) संवाद, (2) क्रिया-कलाप, (3) स्वगत-भाषण तथा (4) अन्य पात्रों के वार्तालाप से।

जिस पात्र का जैसा स्वभाव होता है, वह वैसे ही संवाद बोलता है। अन्य पात्रों से बातचीत के क्रम में कोई पात्र अपनी रुचि, प्रवृत्ति इच्छा, द्वेष आदि आन्तरिक विषयों को सामान्य स्थिति में प्रकासित करता है। कभी-कभी उसे स्वगत-कथन की आवश्यकता होती है जिसमें उसका चिन्तन प्रकट होता है। जिन रहस्यों को वह अन्य पात्रों के समक्ष प्रकट

नहीं कर पाता, उन्हें स्वगत-कथन में वह स्पष्ट कर देता है। संवादों और स्वगतकथनों के प्रयोग का अन्तर कुशल मनोवैज्ञानिक ही कर पाता है।

कुछ रूपककार साहित्यिक क्षमता के साथ मनोवैज्ञानिक सामर्थ्य भी रखते हैं। वे पात्रों के मन की गहराइयों में उतरकर कुशलता से स्वगत-कथन एवं सामान्य-कथन में अन्तर बनाये रखते हैं। सरल पात्रों में यह अन्तर अधिक नहीं होता। उर्वशी का स्वगत-कथन उसके सामान्य-कथन से भिन्न नहीं है जबकि राजा पुरूरवा का विदूषक के सामने किया गया कथन महारानी के समक्ष किये गये कथन से भिन्न होता है। राजा में बुद्धिमत्ता के साथ अवसर की पहचान है अत: वे नाप -तौल कर बोलते हैं। कालिदास ने उनके शील में ऐसे ही तत्त्व निहित किये हैं। कुछ पात्र अपनी सरलता के कारण गोपनीय बातों को भी प्रकट कर देते हैं (जैसे 'विक्रमोर्वशीय' का विदूषक) तो कुछ पात्र प्रकट किये जाने योग्य तथ्यों को भी छिपा लेते हैं या अवसर पर भी मौन धारण कर लेते हैं जैसे ‘अभिज्ञानशाकुन्तल' का विदूषक जो शकुन्तला के प्रति दुष्यन्त के प्रेम को पंचम अंक में प्रकट नहीं करता)। किन्तु ऐसा दिखाने में नाट्यकार का उद्देश्य कथानक को वक्र रूप में प्रस्तुत करना ही होता है।

पात्रों के क्रिया-कलाप का भी चरित्र के प्रकाशन में योगदान होता है। इससे नाट्य में दृढ़ता आती है। यदि पात्रों का कार्यव्यापार नहीं दिखाया गया तो नाट्य शिथिल हो जाता है। पात्रों के क्रिया कलाप से एक ओर नाटक को गाति मिलती है तो दूसरी ओर पात्रों के चरित्र का इनसे प्रत्यक्षीकरण भी होता है। संवाद और स्वगत-कथन तो केवल वाणी के व्यापार हैं, चरित्र के संपूर्ण पक्ष को ये प्रकाशित नहीं भी कर सकते हैं। यह संभव है कि वाणी के द्वारा कोई पात्र अपने वास्तिविक रूप को प्रकट नहीं कर रहा हो। विशेषत: राजनीति में प्रवीण पात्र तो ऐसा करने में परम पटु होते हैं। स्वगत-कथन में कोई चरित्र अपने मौलिक स्वरूप को स्पष्ट करता है किन्तु उसके क्रिया-कलाप तो उसके यथार्थ रूप को सर्वथा अनावृत्त ही कर देते हैं। अत: किसी पात्र के शील के प्रकाशन में कार्य व्यापार में प्रबलतम साधन होता है।

संस्कृत के यशस्वी नाटककारों ने इस विषय में अपने पात्रों के क्रिया-कलापों का बहुत ही सुन्दर अंकन किया है जिनसे उनके शील स्पष्टत: प्रतीत होते हैं। भास, कालिदास, शूद्रक इत्यादि नाट्यकारों के पात्र मन, वचन और कर्म से युग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## विक्रमोर्वशीय के पुरुष पात्र

इस रूपक में दस पुरुष तथा दस ही स्त्री पात्र हैं। इनके अतिरिक्त इन्द्र, केशी (राक्षस) तथा भरत (नाट्य के प्रवर्तक मुनि) इन तीनों का निर्देश मिलता है। ये मंच पर नहीं आते। इन सभी पात्रों का शील-निरूपण कालिदास ने स्वतन्त्र रूप से, परम्परा से प्रभावित हुए बिना, किया है।

पुरुष पात्रों में सूत्रधार और पारिपार्श्वक केवल प्रस्तावना में सीमित हैं अर्थात् नाटक की परम्परा के निर्वाह के लिये लाये गये पात्र है। सूत्रधार समस्त नाट्य प्रयोग को संचालित करनेवाला व्यक्ति होता है। यह नाटक की प्रस्तावना में स्वयं रंगमञ्च पर पात्र के रूप में उपस्थित होता है। वही स्थापना या प्ररोचना के द्वारा नाटक का आरम्भ करता है। सूत्रधार की प्रेरणा तथा कल्पना पर ही समस्त नाट्य-प्रयोग आश्रित होते हैं। भरत ने इसके गुणों का वर्णन विस्तार से किया है। तदनुसार वह नाट्य-प्रयोग में कुशल, अनेक शिल्पों का ज्ञाता, सभी शास्त्रों मे कुशल, स्मृति तथा बुद्धि से पर्याप्त विकसित, धीर, उदार, अपनी वाणी का पालन करनेवाला नीरोग, मधुर स्वभाव का, क्षमाशील इत्यादि होता है। ये सारे गुण सूत्रधार की व्यक्तिगत विशिष्टता के अन्तर्गत होते हैं। मञ्च पर इन्हें प्रकट करने का अवसर सूत्रधार को स्वतः नहीं मिलता। फिर भी नाट्य-प्रयोग की दृष्टि से यह तथ्य विचारणीय है कि नाटक में भूमिका करनेवाले अभिनेताओं का चयन, उनके संवाद और अभिनय का प्रशिक्षण देना, रंगमञ्च की सजावट, पात्रों के गमनागमन पर नियंत्रण रखना इत्यादि उसके ही कार्य हैं। सूत्रधार ही प्रस्तावना में कवि और काव्य का परिचय दर्शकों को देता है तथा नाटक के प्रथम अंक के आरम्भ का निर्देश प्रस्तावना में ही कर देता है। इस प्रकार आधुनिक भाषा में कहें कि सूत्रधार ही नाट्य-समारोह का उद्घाटनकर्ता होता है।

प्रस्तावना में सूत्रधार अकेला नहीं रहता अपितु उसके साथ कोई और पात्र भी नट, नटी या पारिवार्श्वक के रूप में होता है जो सूत्रधार की सहायता करता है। विक्रमोर्वशीय में पारिपार्श्वक ही सूत्रधार, का सहायक पात्र है। भरत ने इसके विषय में कहा है कि जो सूत्रधार के पार्श्व में रहकर उसके निर्देशानुसार कार्य करता है उसे पारिपार्श्वक कहते हैं। प्रस्तुत नाटक में पारिपार्श्वक सूत्रधार से यह आदेश पाता है कि सभी पात्रों को अपने अपने पाठों के प्रति सावधान (जागरूक) रहने के लिये कह दो।[3]

ये दोनों पात्र प्रस्तावना में ही आते हैं, मूल नाटक में नहीं। इसलिये इन दोनों पात्रों के शील-निरूपण का बहुत महत्त्व नहीं होता। इनका महत्त्व अभिनय के सन्दर्भ में ही रहता है।

**(1) पुरूरवा रूपक का नायक -** नाट्य के तत्त्वों में कथानक के बाद नेता या नायक का ही स्थान है। इन दोनों शब्दों में नी (प्रापणे) धातु है जिसका अर्थ है पहुँचाना, ले जाना इत्यादि, इसलिये नायक या नेता का नाट्य-जगत् में अर्थ होता है कि जो कथानक के आरम्भ से अन्त तक फल की ओर ले चले, सम्पूर्ण कथानक को एक मार्ग पर व्यवस्थित करते हुए उसके अन्तिम प्रयोजन की सिद्धि कर सके। नायक को ही नाट्य का फल मिलता है।

धनञ्जय ने दशरूपक में नायक के सामान्य गुणों का वर्णन करते हुए कहा है कि इन सब से या यथासाध्य अधिकाधिक गुणों से रूपक के नायक को सम्पन्न होना चाहिये। तदनुसार नायक विनम्र, मधुर, त्याणी, चतुर (दक्ष), प्रिय बोलनेवाला, लोगों को प्रसन्न रखनेवाला (रक्तलोकः), शुद्ध हृदय से युक्त (शुचिः), वार्तालाप में कुशल (वाग्मी), कुलीन वंश में उत्पन्न तथा चित्त से स्थिर युवक होता है। उसमें बुद्धि, उत्साह, स्मृति, प्रज्ञा, कला तथा मान (स्वाभिमान) भी रहता है। इसके अतिरिक्त वह शूर, दृढ़, तेजस्वी, शास्त्रज्ञ एवं धार्मिक भी होता है।

भरत ने नायक के सम्बन्ध में यह व्यवस्था की है कि वह व्यसन और अभ्युदय की दृष्टि से नाटक के अन्य पात्रों की अपेक्षा प्रधान होता है –

**व्यसनी प्राप्य दु:खं वा युज्यतेऽभ्युदयेन य:।**

**तथा पुरुषमाहुस्तं प्रधानं नायक बुधाः ॥**

तात्पर्य यह है कि नायक को ही नाटक के बीच में दु:ख भोगना पड़ता है, उसके सहायक पात्र तो उसके दु:ख के सहभागी होने के कारण परोक्षतः दु:खी होते हैं। इसी प्रकार अभ्युदय (उन्नति, सुख–भोग या फलप्राप्ति) में भी वही अग्रणी होता है। उसी को नाट्य का अन्तिम फल – धर्म, अर्थ, काम के रूप में मिलता है। इसीलिये अन्य पात्रों के ऊपर होने से वह नायक कहा जाता है। सभी नायकों में उपर्युक्त विनम्रता आदि गुण होते हैं; फिर भी विशेष प्रकार के रूपकों में नायकों का वैविध्य रहता है। इसलिये नाट्यशास्त्रियों ने नायकों के भेद किये हैं जो दृष्टिभेद तथा अन्य कारणों से अनेक प्रकार के होते हैं।

नायक को शील, प्रकृति तथा स्वभाव के आधार पर तीन प्रकार से वर्गीकृत किया जाता है। शील की दृष्टि से नायक– चार प्रकार के होते हैं – धीरोदात्त, धोरोद्धत, धीरप्रशान्त तथा धीरललित। प्रकृति के अनुसार नायक के तीन भेद हैं – उत्तम, मध्यम तथा अधम। कुल के अनुसार भी नायक तीन प्रकार के होते हैं – दिव्य (देवता, विष्णु, इन्द्र आदि), अदिव्य (मनुष्य) तथा दिव्यादिव्य (अवतार)।'

इन प्रकारों में पुरूरवा धीरोदात्त, उत्तम प्रकृति तथा अदिव्य (मनुष्य) कोटि का नायक है। इसलिये इन कोटियों का स्पष्टीकरण आवश्यक है। धीरोदात्त नायक महासत्त्ववाला (अर्थात् क्रोध शोक आदि से अप्रभावित रहनेवाला), अत्यन्त गम्भीर, क्षमाशील (सहिष्णु) आत्मश्लाघा न करनेवाला (अविकत्थन:) स्थिर बुद्धिवाला (चंचलता से रहित) विनम्रता से अपने अभिमान को दबा रखने वाला (स्वाभिमानी – निगूढाहंकार:) एवं अपने व्रत को अन्त तक निबाहनेवाला व्यक्ति होता है। हम देखेंगे कि पुरूरवा में ये गुण किस रूप में अवस्थित हैं।

प्रकृति के अनुसार जो उत्तम नायक होता है वह स्वभाव से मधुर, त्यागी, नायिका के प्रति उदात्त भाव रखनेवाला अर्थात् नायिका के अपमान को न सहनेवाला होता है। इसी प्रकार अदिव्य नायक मनुष्य के रूप में उत्तमोत्तम गुणों से सम्पन्न होता है। विक्रमोर्वशीय का नायक राजा पुरूरवा इसी कोटि में अवस्थित नायक है।

इस प्रकार राजा पुरूरवा के चरित्र के विभिन्न पक्षों का अनुशीलन समुचित परिप्रेक्ष्य तथा प्रसंग में किया जा सकता है।
**कामसहायक विदूषक -** विदूषक को नाट्यशास्त्रियों ने हास्य उत्पन्न करनेवाला एवं राजा का अन्यतम शृंगार सहायक कहा है।[4] आकार–प्रकार में वह कुरूप होता है, जाति से वह ब्राह्मण होने पर भी निरक्षर तथा मूर्ख होता है। निरन्तर अपमानित होने पर भी वह कुपित नहीं होता। अपने मित्र राजा के मानसिक तनाव को वह दूर करता है। इसीलिये राजा अपने हृदय की सभी बातें उससे खुलकर कहते हैं। अपनी असावधानी से वह ऐसे काम कर बैठता है जिनसे

राजा को क्रोध हो सकता था किन्तु नाट्य के कथानक को वक्र बनाने में विदूषक के प्रमाद की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

विक्रमोर्वशीय का विदूषक भी कुरूप है। द्वितीय अंक के प्रवेशक में निपुणिका उसका वर्णन करती है कि आर्य माणवक चित्रांकित वानर के समान कुछ सोचते यहाँ छिपे हैं (आलेख्यवानर इव किमपि मन्त्रयन्)। विदूषक की निरक्षरता तब प्रकट होती है जब वह उर्वशी द्वारा लिखे गये प्रेमपत्र को पढ़ नहीं पाता किन्तु पत्र को सुनना अवश्य चाहता है (यदत्र लिखितं तत् श्रोतुमिच्छामि)।

विदूषक की भोजन-प्रियता - संस्कृत नाटकों का विदूषक विशेष रूप से भोजन के प्रेमी के रूप में चित्रित किया गया है। भास के नाटकों से यह परम्परा प्रारंभ होती है। इस नाटक का विदूषक भी निरन्तर भोजन के उपक्रम में लगा रहता है। वह उर्वशी का परिचय निपुणिका को देते हुए कहता है। कि उसके दर्शन से राजा ने केवल महारानी को कष्ट दे रहे हैं अपितु मेरा भी भोजन पानी छुड़वाकर दुःख दे रहे हैं (मामपि ब्राह्मण माशितव्यविमुखं दृढ़ पीड़यति)। राजा के सभी संकटों का निवारण वह रसोई घर में चलने का परामर्श देकर दूर करना चाहता है (महानसं गच्छाव:)। राजा को जब महारानी औशीनरी उर्वशी के प्रेम में आशक्त जानकर कुछ अव्यवस्थित रूप में देखती है, तो विदूषक तुरत कहता है कि महाराज के भोजन के प्रबन्ध में शीध्रता कीजिये जिससे इनके पित्त का शमन हो सके। वह आगे भी कहता है कि पिशाच भी भोजन से प्रसन्न हो जाते हैं। विदूषक मांसाहारी है क्योंकि एक स्थान पर वह कहता है कि जब कभी माँगने पर भी हरिणी का मधुर माँस खाने को नहीं मिलता तब मैं उसका केवल नाम लेकर अपने को आश्वस्त कर लेता हूँ (अहमपि प्रार्थयमानो यदा मिष्टहरिणीमांसभोजनं न लभे तदैतत्सङ्कीर्तयन्नाश्वासयाम्यात्मानम्)।

**विदूषक की अल्पबुद्धि -** विदूषक राजा का मित्र है किन्तु अपनी मूर्खता के कारण कभी-कभी राजा का तात्कालिक अहित भी कर देता है। इस नाटक में वह दो बार ऐसा करता है। पहली बार तो द्वितीय अंक के प्रवेशक में वह राजा के उर्वशी-विषयक प्रेम का रहस्य किसी के समक्ष उद्घाटित करने के लिये व्याकुल है। रहस्य को छिपाने में वह असमर्थ है। महारानी की चेटी निपुणिका उससे यह रहस्य उगलवाकर महारानी को कह आती है। दूसरी असावधानी विदूषक से तब होती है जब उर्वशी के प्रेमपत्र को वह अपने हाथों में रखकर भी प्रमादवश खो देता है। राजा के द्वारा डाँटे जाने पर वह सरलता से कहता है कि वह तो दिव्य भोजपत्र था वह भी उर्वशी के साथ ही चला गया।[5]

मूर्ख और सरल स्वभाव का होने पर भी वह उर्वशी के दर्शन से विस्मित है इसलिये उसके हाथ से भोजपत्र कब गिर गया उसे पता ही नहीं चला। इस प्रकार वह अल्प बुद्धि का सरल व्यक्ति है। अपनी अल्पबुद्धि का उसे आभास भी है। जब वह राजा को उर्वशी से मिलने के दो सहज उपायों को सुझाता है कि गहरी नींद में सोकर स्वप्न में उससे भेंट कीजिये अथवा चित्रफलक पर उसका चित्र बनाकर देखते रहिये (**स्पप्नसमागमकारिणी निद्रां सेवतां भवान्, अथवा तत्रभवत्या उर्वश्या: प्रतिकृतिं चित्रफलके आलिख्य अवलोकयन् तिष्ठतु**) तो राजा के द्वारा इन दोनों उपायों को व्यर्थ

बताने पर वह तुरत कहता है– **एतावानेव मे मतिविभवः।** अर्थात् मेरी बुद्धि की पूँजी तो इतनी ही है, इससे आगे मैं सोच ही नहीं सकता।

लोकोक्तियों का सार्थक प्रयोग – विदूषक भले ही मूर्ख और अल्पमति का हो किन्तु समय आने पर वह बहुत सुन्दर लोकोक्तियों का प्रयोग करता है। जब उर्वशी का प्रेमपत्र महारानी के हाथ में आ जाता है और राजा पकड़े जाते हैं तब विदूषक से वे बचने का उपाय पूछते हैं। विदूषक कहता है कि चोरी के माल के साथ पकड़ा गया चोर उत्तर ही क्या दे सकता है (लोत्रेण गृहीतस्य कुम्भीरकस्यास्ति वा प्रतिवचनम्)?' राजा को स्वयं बातें बनाकर इस संकट से मुक्त होना पड़ता है। दूसरी बार विदूषक तृतीय अंक में महारानी औशीनरी के द्वारा राजा को अन्य स्त्री से प्रीति की अनुमति दिये जाने पर राजा से कहता है कि महारानी के पास उपाय ही क्या था? जब मछली हाथ से फिसलकर पानी में भाग जाय तो मछुआ भी कहता है कि जाओ, मुझे धर्म ही होगा (भिन्नहस्ते मत्स्ये पलायिते निर्विष्णो धीवरो भणति–गच्छ, धर्मो मे भविष्यतीति)।' इस उक्ति को ईसप की नीतिकथाओं में 'खट्टे अंगूर कौन खाये (Grapes are sour) के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार विदूषक के द्वारा लोकोक्तियों का सार्थक प्रयोग उसकी व्यावहारिक दृष्टि का परिचायक है।

**(3) अन्य पुरुषपात्र -** विक्रमोर्वशीय के प्रथम अंक में गन्धर्वराज चित्ररथ आते हैं। ये केवल सूचना देने के लिये आते हैं कि गन्धर्वों की सेना को इन्द्र ने आदेश दिया था कि केशी राक्षस से उर्वशी को छुड़ा लाएँ। चित्ररथ राजा पुरूरवा के दर्शनार्थ आ गये हैं क्योंकि उन्होंने चारणों से राजा की विजय से सम्बद्ध गीत सुने। चित्ररथ राजा से अनुरोध करते हैं कि आप मित्र के नाते इस उर्वशी को इन्द्र के हाथों में समर्पित कर दीजिये। चित्ररथ का एक वाक्य बहुत महत्त्वपूर्ण है जिसमें वे कहते हैं कि पराक्रमी व्यक्ति की शोभा उसकी विनम्रता है – अनुत्सेकः खलु विक्रमालंकारः।

इस नाटक के दूसरे महत्त्वपूर्ण पात्र नारद हैं जिनका एक बार पंचम अंक में मञ्च पर आगमन होता है तथा इसके पूर्व एक बार उनकी चर्चा होती है। नारद सूचनाओं के प्रसारण से सम्बद्ध पात्र हैं। इन्द्र ने उर्वशी के हरण का वृत्तान्त नारद से ही सुना था। इसकी चर्चा चित्ररथ करते हैं। अन्तिम अंक में नारद का प्रवेश कथानक को सुखमय परिवर्तन प्रदान करने के लिये होता है। उस समय उर्वशी अपनी संविदा के अनुसार राजा को उनका पुत्र समर्पित करके स्वर्गलोक में लौटने की तैयारी कर रही थी, राजा भी उसके वियोग को न सह पाने के कारण अपने पुत्र को राज्य समर्पित करके स्वयं वानप्रस्थ आश्रम में जाने के लिये प्रस्तुत हो रहे थे इसी बीच नारद आनन्दमय समाचार लेकर आते हैं। वे इन्द्र का संदेश सुनाते हैं कि उर्वशी आजीवन आपकी सहधर्मचारिणी बनी रहेगी। आपको शस्त्र त्याग कर वन में जाने का विचार नहीं करना है। इस प्रकार नारद राजा को हर्षमिश्रित आश्चर्य प्रदान करते हैं। वे राजकुमार आयुक युवराज पद पर अभिषेक का भी उपक्रम सम्पन्न करते हैं। वे कहते हैं कि इन्द्र ने कुमार कार्तिकेय को जिस प्रकार सेनापति बनया था उसी प्रकार आज आयु का अभिषेक हुआ। नारद की प्रवृत्ति यहाँ सुखात्मक है। इन्हीं के कारण यह नाटक कुतूहल और वक्रता से सम्पन्न होता है।

राजकुमार आयु राजा पुरूरवा का उर्वशी से उत्पन्न पुत्र है, जिसके जन्म का वृत्तान्त राजा से बहुत दिनों तक छिपाया जाता है। आयु ऐतिहासिक (वैदिक तथा पौराणिक) पात्र है। इस नाटक में उर्वशी को इन्द्र ने यह कहा था कि मृत्युलोक में तुम तभी तक रहोगी जब तक तुम राजा को अपने पुत्र का मुख न दिखा दो। इन्द्र का यह कथन भरतमुनि के शाप के संशोधन के रूप में था। जब उर्वशी मृत्युलोक में राजा के प्रति अत्यधिक आसक्त हो गयी तो उनके वियोग के भय से अपने पुत्र को उसने राजा के समक्ष प्रकट नहीं होने दिया। आयु का लालन–पालन तथा शिक्षा–दीक्षा च्यवन ऋषि के आश्रम में सम्पन्न हुई। वह क्षत्रियोचित अस्त्र–शस्त्र से भी सम्पन्न हो गया।

आयु की अस्त्र–विद्या का प्रमाण तब मिलता है जब वह संगमनीय मणि को चोंच में लेकर उड़नेवाले गीध का वध आकाश में ही कर देता है। इस प्रकार अस्त्र–विद्या की दृष्टि से वह 'चललक्ष्यवेधी' है। वह शिष्टाचार की मूर्ति भी है क्योंकि तापसी के कहने पर वह राजा के पैर छूता है और विदूषक को भी प्रणाम करता है। बहुत दिनों के बाद वह अपनी माता उर्वशी को देखता है, उनका भी अभिवादन करता है। आयु बालसुलभ सरलता से भी सम्पन्न है वह तापसी के साथ पुनः आश्रम में लौटना चाहता है। जब तापसी मना करती है जो वह उस मोर को यहाँ भेज देने का अनुरोध करता है जिसे आश्रम में वह अपनी गोद में सुलाकर हाथों से खुजलाता था।

आयु के चरित्र की एक अन्य विशेषता विनय के रूप में प्राप्त होती है। जैसे ही राजा उर्वशी के भावी वियोग की दृष्टि से कहते हैं कि मैं आज ही अपने पुत्र पर राज्यभार सौप कर वनो में चला जाऊँगा, तो आयु तुरत कहता है कि रथ के जिस जुए को बड़ा बैल खींचता हो उसे छोटे बछड़े के कंधे पर डालदेना उचित नहीं है (**नार्हति तातः पुङ्गवधारितायां धुरि दम्यं नियोजयितुम्**)।' उसे प्रोत्साहित करने के लिये राजा गजशावक (कलभ) तथा सर्पशिशु के उपमानों से समझाते हैं कि कर्तव्यपालन की शक्ति वय से नहीं अपितु जाति से ही होती है न खलु वयसा जात्यैवायं स्वकार्यसहो भरः। इस प्रकार आयु के चरित्र के अनेक वैशिष्ट्य इस नाटक में प्रकट होते हैं। जिस आयु का नामोल्लेख मात्र करके पुराणों की कथाएँ आगे बढ़ गयी हैं, उसके विशिष्ट शील पर कालिदास ने ध्यान दिया है।

इस नाटक के तृतीय अंक के आरम्भ में भरतमुनि के दो शिष्य गालव तथा पेलव (पल्लव) रिक्त कथावस्तु की पूर्ति के लिये विष्कम्भक में आते हैं। इनमें गालव प्रबुद्ध होने के कारण संस्कृत बोलता है जबकि पेलव प्राकृत भाषा–भाषी है। पेलव ही यह सूचना देता है कि उर्वशी ने 'लक्ष्मी–स्वयंवर' नाटक के अभिनय करते हुए पुरुषोत्तम विष्णु के स्थान पर पुरूरवा शब्द का उच्चारण कर दिया जिससे नाट्याचार्य भरत ने उसे मृत्युलोक में जाने का शाप दे दिया। यह तो नाटक के समाप्ति के बाद इन्द्र ने कृपा की और कहा कि तुम मेरे युद्ध सहायक राजर्षि पुरूरवा के पास रहकर उसे संतान देकर आ जाना। इस प्रकार ये दोनों शिष्य कथानक को जोड़नेवाले अंश में भूमिका रखते हैं।

इसी प्रकार कुछ अन्य पात्र हैं – राजा का सारथि (सूत), कञ्चुकी, किरात तथा वैतालिक। इनकी भूमिका अत्यन्त संक्षिप्त है।

## विक्रमोर्वशीय में स्त्री-पात्र

नाटक को स्वाभाविक धरातल पर प्रवृत्त करने के लिये पुरुष पात्रों के साथ स्त्री पात्रों की भी आवश्यकता होती है। जीवन का यथार्थ स्त्री–पुरुषमय होता है। शृंगारप्रधान नाटकों में नायिका तथा उसकी सहेलियाँ तथा कथानक को आगे बढ़ानेवाले अन्य स्त्री–पात्र अनिवार्य हैं। विक्रमोर्वशीय में भी दस स्त्री–पात्रों का प्रयोग कालिदास ने किया है – उर्वशी, औशीनरी, चित्रलेखा, रम्भा, मेनका, सहजन्या, निपुणिका, तापसी, यवनी तथा चेटी। इनमें उर्वशी नाटक की नायिका है, औशीनरी राजा की ज्येष्ठा रानी है। चित्रलेखा उर्वशी की प्रिय सखी है जो उसके साथ देवलोक से राजा के पास तक आती है। रम्भा, मेनका और सहजन्या देवलोक की अप्सराएँ हैं। निपुणिका महारानी औशीनरी की दासी है। तापसी च्यवनाश्रम में रहनेवाली तपस्विनी नारी है जो उर्वशी के पुत्र आयु का पालन पोषण करती है। यवनी और चेटी राजा की सेविकाएँ हैं। महत्त्व के अनुसार प्रमुख स्त्री–पात्रों का शील–निरूपण यहाँ किया जाता है।

**(1) उर्वशी - नाटक की नायिका**

जिस सुन्दरी को देखकर नायक के हृदय में रतिभाव उत्पन्न हो उसे नायिका कहते हैं।[6] शृंगारप्रधान रूपकों में नायिका अनिवार्य होती है। काव्यशास्त्र के आचार्यों ने नायिका में शोभा, कान्ति, दीप्ति और यौवन ये गुण आवश्यक कहे हैं। नायिका के भेदों के वर्णन में काव्यशास्त्रियों ने अपनी उर्वर प्रतिभा और कल्पना–शक्ति का पूर्ण निवेश किया है। नायिकाभेद के कई आधार हैं जिनमें कुछ बहुत महत्त्व रखते हैं। सामाजिक व्यवहार के अनुसार नायिका स्वीया (पत्नी), परकीया (प्रेमिका) तथा सामान्या (गणिका) इन तीन भेदों में मानी जाती है। अवस्था के अनुसार उसे मुग्धा, मध्या तथा प्रगल्भा के रूप में तीन वर्गों में रखते हैं। पति के प्रेम के अनुसार वह ज्येष्ठा या कनिष्ठा हो सकती है। विक्रमोर्वशीय में औशीनरी ज्येष्ठा नायिका है जबकि उर्वशी कनिष्ठा नायिका है। औशीनरी को स्वीया (स्वकीया) नायिका के रूप में रखते हैं जबकि उर्वशी को सामान्या की कोटि में काले महोदय ने रखा है। वे कहते हैं कि साधारण स्त्री होने के कारण उसका स्वाभिमान राजा से होनेवाली भेंट के समय मुखर नहीं होता। विवाह के बाद ही वह राजा को लेकर गंधमादन वन में विहार के लिये जाती है जहाँ वह राजा पर विद्याधर–कन्या को देर तक देखते रहने के कारण कुपित हो जाती है। इस प्रकार वह आती तो है साधारण स्त्री के रूप में किन्तु आगे चलकर वह स्वकीया का अधिकार प्राप्त कर लेती है। वह मृच्छकटिक की वसन्तसेना के समान साधारण स्त्री नहीं है।

उर्वशी को पुरातन आख्यानों में एक जटिल तथा कठोरहृदय सुन्दरी के रूप में चित्रित किया गया था। किन्तु कालिदास ने उर्वशी को भीतर और बाहर दोनों दृष्टियों से नया सौम्य रूप प्रदान किया। वह पूर्णतः पुरूरवा पर समर्पित प्रेमिका है। दिव्य श्रेणी की विजातीय अप्सरा होने पर भी उसमें मानवीय गुण भरपूर हैं।

**सुकमारता तथा सुन्दरता** - कालिदास की उर्वशी अत्यन्त सुकुमार तथा अनुपम सुन्दरी है। कालिदास ने अपनी अन्य नायिकाओं में भी सुन्दरता का समावेश प्रदर्शित किया है। किन्तु सुकुमारता की दृष्टि से परखने का अवसर उन्हें केवल उर्वशी के प्रसंग में मिला है। उर्वशी राक्षस के द्वारा अपहृत होकर भय के कारण प्रायः चेतनाशून्य जैसी हो गयी है। उसकी सखी चित्रलेखा निरन्तर कहती है कि केवल सांस लेने से वह जीवित लगती है। अन्यथा वह चेतना प्राप्त नहीं कर रही है। राजा भी उसकी सुकुमारता का वर्णन करते हैं कि इसके कुसुमकोमल हृदय से भय की विभीषिका

दूर नहीं हो रही है (**मुञ्चति न तावदस्या भयकम्पः कुसुमकोमलं हृदयम्**)। उसके कोमल हृदय का ही एक परिणाम अपनी सखी चित्रलेखा के प्रति सौहार्दभाव के रूप में प्रकट होता है।

सुन्दरता की दृष्टि से वह कोमलता आकर्षण एवं रूप- इन तीनों गुणों से सम्पन्न है। इसीलिये तो पुरूरवा उसके निर्माण के लिये कान्तिप्रद चन्द्रमा को अथवा शृंगार में आनन्द लेनेवाले अथवा पुष्पसमृद्धि से भरे हुए वसंत को प्रकल्पित करते हैं। चन्द्रमा से लावण्य, कामदेव से आकर्षकता तथा वसंत से सुकुमारता का आधान उर्वशी के रूप वैभव में प्राप्त होता है। अप्सराएं नृत्य, संगीत और अभिनय से जुड़ी होने के कारण स्वभावत: तथा आहार्य रचना के कारण सुन्दरी होती हैं किन्तु उर्वशी को देखकर सारी अप्सराएँ अपने रूप-वैभव की निष्फलता समझ कर लज्जित हो गयीं।

उर्वशी के सौन्दर्य का निरूपण परोक्ष रूप से भी राजा के द्वारा किया गया है। विदूषक के समक्ष राजा कहते हैं कि उसके एक-एक अंग का वर्णन करना तो असंभव ही है। संक्षेप में यही समझो कि उसका शरीर अलंकारों का अलंकार है (अर्थात् कोई भी अलंकार उसके शरीर पर रहने से अपना ही उत्कर्ष प्राप्त करते हैं), वह शृंगार के उपादानों का भी शृंगार है (अर्थात् ये समस्त उपादान उसके शरीर पर ही शोभान्वित होते हैं) तथा समस्त उपमानों की भी उपमा उसी से दी जा सकती है (अर्थात् चन्द्र आदि उपमान स्वयं उपमेय होकर उर्वशी के अवयवों को ही उपमान बनाते हैं)। भाव यह है कि उपमेय की अपेक्षा उपमान में गुण अधिक होते हैं इसलिये समस्त उपमान उर्वशी के अंगों को ही उपमान बनाते हैं। उपमानों के आधार पर नारी-सौन्दर्य की कल्पना में कालिदास की विशेष अभिरुचि है। हिमालयपुत्री उमा के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए कविसम्राट ने कहा है -

**सर्वोपमाद्रव्यसमुच्चयेन यथाप्रदेशं विनिवेशितेन।**
**सा निर्मिता विश्वसृजा प्रयत्नादेकस्थसौन्दर्यदिदृक्षयेव।।**

अर्थात् संसार के निर्माता ब्रह्मा पृथ्वी की समस्त सुन्दरता को एक स्थान पर देखना चाहते थे। इसीलिये उन्होंने सुन्दर अंगों के उपमान के रूप में आनेवाले सभी पदार्थों को प्रयत्नपूर्वक संकलित किया तथा उन्होंने सब अंगों पर यथास्थान सजाकर सुन्दरता की मूर्ति पार्वती का निर्माण किया था।

**कला-प्रेम** - उर्वशी अप्सरा होने के नाते देवलोक की नृत्यांगना तथा अभिनेत्री भी थी। उसका यह कलाकार-रूप उसे देवलोक में सबका प्रिय बनाये हुए था। इन्द्र भी उसकी उपस्थिति अपनी सभा में अनिवार्य मानते थे।

पुरूरवा के पास जब प्रेमपत्र प्रेषित करके वह उनके समक्ष आ जाती है तथा उन दोनों के बीच प्रेमालाप आरम्भ ही होता है कि उसके अभिनय को देखने के लिये इन्द्रलोक से आदेश आ जाता है। देवदूत नेपथ्य से चित्रलेखा को कहता है कि उर्वशी को शीघ्र देवलोक में ले जाओ। उर्वशी के समक्ष धर्मसंकट (Casuistry) है कि वह राजा के समक्ष रहे या भरतमुनि के नाटक में अभिनय करने के लिये जाये। कवि ने उर्वशी की मन:स्थिति का सम्यक् विश्लेषण करके

चित्रलेखा से राजा के सामने उर्वशी के पक्ष से निवेदन कराया है – परवशोऽयं जन:, तन्महाराजेन अभ्यनुज्ञाता इच्छामि देवेषु अनपराद्धम् आत्मानं कर्तुम्।' उर्वशी में स्वयं यह साहस नहीं होता कि महाराज से अनुमति माँगे। उसके जीवन में यह प्रथम प्रेम का अवसर है अत: वह मुग्धा नायिका के समान अपने अभिनयनियोग का कथन स्वयं नहीं कर सकती। राजकार्य के समान वह उचित माध्यम से राजा को अपनी भावना बताती है। उसका कला–प्रेम व्यावसायिक है। उसके 'परवशोऽयंजन:' इस कथन में सारी बातें स्पष्ट हो जाती है। वह नहीं चाहती कि देवताओं के समक्ष अभिनय में अपराधी बने। भरतमुनि से उसने अभिनय की पूर्णशिक्षा प्राप्त की है जिसके प्रयोग ( Performance) का अवसर वह छोड़ना नहीं चाहती।

**उर्वशी का प्रेमिका -** रूप उर्वशी के पुरातन आख्यानों में उसे एक व्यावहारिक तथा कुछ दूर तक स्वार्थप्रवण नारी के रूप में चित्रित किया गया है किन्तु कालिदास ने इस नाटक में उसके चरित्र को दूसरी दिशा में प्रस्तुत करके उसका प्रेमिका रूप अभिव्यक्त किया है। फिर भी पुरूरवा के प्रेम के समक्ष उसकी भावनाएँ ईषत् न्यून ही लगती हैं जैसा कि पूर्व के आख्यानों में पुरूरवा को उत्कृष्ट प्रेमी के रूप में देखा गया था। कालिदास ने उर्वशी के प्रेम के अनेक पक्षों को अनावृत्त किया है।

वह सर्वप्रथम राजा को अपने रक्षक के रूप में देखती है। चेतना प्राप्त करने पर आँखें खोल कर वह चित्रलेखा से यही पूछती है कि क्या इन्द्र ने मेरी रक्षा की? राजा के कई आश्वासनों तथा वचनों के बाद वह उनके वचन को अमृत मानती है। जब उसे महाराज के बाह्य सौन्दर्य का ध्यान होता है। राजा उर्वशी को अपने रथ पर चढ़ा कर हेमकूट पर्वत पर ले आते हैं जहाँ उसकी सभी सखियाँ वर्त्तमान हैं। यहाँ भी उर्वशी अपने हृदय की भावना को राजा के समक्ष स्वत: प्रकट नहीं कर पाती, चित्रलेखा को ही माध्यम बनाती है (**तत् त्वमेव मे मुखं भव**)। यह मनोविश्लेषण का विषय है कि वह बार–बार चित्रलेखा को ही क्यों माध्यम बनाती है? स्वयं राजा से क्यों नहीं बोलती? इसके दो ही उत्तर हो सकते हैं। या तो कालिदास ने उसके प्रथम प्रेम की दृष्टि से उसके मुग्धारूप को अत्यधिक अभिव्यक्त करना चाहा है अथवा उर्वशी में आत्मविश्वास का अभाव दिखाना चाहा है। कलाकारों में प्राय: ऐसा शील और विनय देखा जाता है। अभिज्ञानशाकुन्तल का सूत्रधार इसी आशय का वाक्य कहता है –

**बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेत:।**

उर्वशी भी एक अभिनेत्री है, दूसरों के सिखाये गये वाक्यों का चतुर्विध अभिनय उसका नियमित कार्य है जहाँ शिक्षा और अभ्यास पर बहुत बल दिया जाता है। इसी अभिनय क्रम में वह अपने वास्तविक प्रथम प्रेम में भी आत्मविश्वास प्राप्त नहीं कर पाती। इसीलिये चित्रलेखा के द्वारा राजा से अनुमति मांगती है। बाद में तो वह अभ्यस्त कलाकार के समान आत्मविश्वास से युक्त हो जाती है तथा राजा और उसके बीच हास–परिहास, मान, मान–भंग इत्यादि के दृश्य प्राप्त होते हैं।

उर्वशी का प्रेम राजा से अनुमति लेकर जाने के समय भी प्रकट होता है। अपने प्रथम प्रेम में भी तथा अभिनय के लिये देवलोक से बुलावा आने पर भी राजा के समक्ष वह अधिक-से-अधिक क्षणों तक रहना चाहती है। इसीलिये वह अपनी माला को लता की एक शाखा में फँसा देती है तथा राजा को अपलक देखती रहती है। चित्रलेखा किसी प्रकार उसकी माला छुड़ा पाती है। उर्वशी की इस चेष्टा पर राजा का ध्यान जाता है और वे लता को धन्यवाद देते हैं कि कुछ क्षणों के लिये उसके जाने में विघ्न उत्पन्न करके तुमने मेरा बहुत उपकार किया। अभिज्ञानशाकुन्तल में भी कालिदास ने इस अभिप्राय (Motif) को प्रकट किया है।[8]

अपने प्रेमी के दर्शनार्थ उर्वशी द्वितीय अंक में चित्रलेखा को लेकर पुन: आती है। यहाँ उसका प्रेम सभी स्थलों की अपेक्षा उत्कृष्ट है। यहाँ वह तृतीय अंक के समान अभिशप्त होकर नहीं आयी है। अपितु राजा के प्रति शुद्ध प्रेम की डोर में बँधकर स्वेच्छा से आती है। कुछ देर वह अपने आत्मविश्वास को प्राप्त करने के लिये प्रच्छन्न होकर राजा की स्थिति और बात-चीत का अवलोकन करती है। उसे पूर्ण विश्वास हो जाता है कि राजा उसके प्रति अत्यधिक आसक्त हैं, तब वह अपने प्रेमपत्र को लिखकर राजा के समक्ष गिरा देती है। उसके पत्र में मार्मिक प्रेम निवेदन है "स्वामिन्, आपने जिस प्रकार मुझे आदर दिया है मैं भी तदनुरूप आपके प्रति सानुराग हूँ। फिर भी यदि आप मुझे वैसी समझते हैं जैसा कि आप अभी कह रहे थे, तो भला आप ही बताइये कि जब मैं कोमल पारिजात के फूलों की शय्या पर लेटती हूँ तो उस समय नन्दनवन का शीतल पवन मेरे शरीर को क्यों जलाता है?

उसका प्रेम इतना उत्कट है कि बड़ी महारानी के होने पर भी तथा राजा का अपनी रानी के प्रति दाक्षिण्यभाव जानकर भी वह राजा के प्रति अपनी अनुरक्ति बढ़ाती ही जाती है। राजा से अपना वियोग वह होने देना नहीं चाहती। इसीलिये पुत्र हो जाने के बाद भी इन्द्र के कथन को परिणत होने से अधिकाधिक समय के लिये रोकना चाहती है। राजा से वियुक्त होने की उसे तनिक भी इच्छा नहीं, भले ही उसे पुत्र के वात्सल्य से वंचित होना पड़े। यहाँ भी उर्वशी के शील में धर्मसंकट की स्थिति आयी है जिसमें प्रेम की विजय होती है।

उर्वशी का प्रेम-पत्र लिखना भी एक विचित्र स्थिति में होता है क्योंकि राजा का विलाप सुनकर वह बहुत दु:खी होती है। राजा ने विदूषक से कहा था कि या तो वह मेरे मन की व्याकुलता को नहीं जानती या उसे अप्सरा होने का अभिमान है जिससे वह मेरे सहज प्रेम को ठुकरा रही है। इसपर उर्वशी अपने को धिक्कारती है कि राजा मुझे-ऐसी नीच समझते हैं कि मैं अहंकारिणी हूँ। उसमें अभी इतनी पौढ़ी तथा मुखरता नहीं है कि राजा के समक्ष जाकर उत्तर दे सके (असमर्थास्मि अस्याग्रतो भूत्वा अस्य प्रतिवचनस्य)। ऐसी स्थिति में ही भोजपत्र उत्पन्न करके उसी पर उन आरोपों का उत्तर देना चाहती है जो उसपर लगाये गये हैं। इसी प्रसंग में वह प्रेमपत्र लिखती है।

प्रेमपत्र का प्रसंग अभिज्ञानशाकुन्तल के तृतीय अंक में भी आया है किन्तु वह वर्तमान प्रसंग के विपरीत है। वर्तमान प्रसंग में राजा के कथन का उत्तर देने के लिये नायिका प्रेम-पत्र लिखकर राजा के समाने छोड़े देती है। परिस्थितियाँ उसे प्रकट होने के अनुकूल नहीं लगती। दूसरी ओर अभिज्ञानशाकुन्तल में शकुन्तला अपनी विरह-व्यथा का आख्यान नलिनी-पत्र पर नखों से लिखकर रखती है। और राजा दुष्यन्त सहसा प्रकट होकर अपनी विरह-व्यथा को उससे कहीं

अधिक सिद्ध कर देते हैं।[9] शकुन्तला का लज्जा–भाव दुष्यन्त ही दूर करते हैं। किन्तु उर्वशी लज्जावश राजा को स्वयं उत्तर नहीं दे पाती; प्रेम–पत्र ही उसके उत्तर का माध्यम बनता है। यह उसकी संकोचशीलता तथा अपने ऊपर लगाये गये आरोपों के प्रति असहिष्णुता इन दोनों का संयुक्त साधन बनता है। उसका संकोच, राजा के समक्ष पहले प्रेमपत्र तब चित्रलेखा को भेजने के बाद ही समाप्त होता है तथा विशुद्ध प्रेमिका के रूप में 'जयतु–जयतु महाराज:' कहकर ही वह अपने प्रेमी के समक्ष प्रकट होती है। किन्तु यह भेंट भी स्वर्ग से प्राप्त अभिनय – निमन्त्रण के कारण क्षणमात्र में ही समाप्त हो जाती है, फिर भी इससे उर्वशी के प्रणय के सोपानों का तथा उसके आत्मनियन्त्रण का अनुमान तो हो ही जाता है।

**उर्वशी की गुणग्राहकता -** उर्वशी अपने समक्ष आनेवाले सभी लोगों के गुणों की प्रशंसा करती है। जब वह पहली बार पुरूरवा की महारानी औशीनरी को देखती है और राजा के द्वारा देवी के रूप में उसका स्वागत भी पाती है तो वह कहती है कि इस समय इनका स्वागत 'देवी' शब्द के द्वारा बिल्कुल उचित है क्योंकि अपने तेज के कारण ये शची (इन्द्राणी) से किसी प्रकार कम नहीं लग रही हैं।' सामान्यत: सपत्नियों में ईर्ष्या होती है किन्तु उर्वशी के द्वारा ज्येष्ठा रानी की प्रशंसा चित्रलेखा को भी यह कहने के लिये विवश कर देती है कि तुमने ईर्ष्या छोड़कर यह बिल्कुल सही बात कही है (साधु असूया–पराङ्मुखं मन्त्रितं त्वया)।

अपने प्रिय राजा के द्वारा ज्येष्ठा रानी के प्रति किये गये आदर पर भी उसका ध्यान जाता है तथा राजा के दाक्षिण्य की भी वह प्रशंसा करती है – महान् खलु अस्य एतस्यां बहुमान:। इससे सिद्ध होता है कि कुछ भी गुण देखकर वह मुखर हो उठती है।

**मानवती उर्वशी** – यद्यपि उर्वशी साधारण स्त्री होने के कारण कहीं भी प्रत्यक्ष रूप से मान का प्रदर्शन नहीं करती, अपितु अपने ऊपर लगे हुए अहंकार के आरोप को बड़े सुकुमार ढंग से प्रेमपत्र के द्वारा निरस्त करती है, तथापि चतुर्थ अंक के प्रवेशक में सहजन्या और चित्रलेखा के वार्तालाप से यह ज्ञात होता है कि वह मान और कोप भी करती है। चित्रलेखा बताती है कि गंधमादन पर्वत पर विहार के लिये उर्वशी राजा को लेकर गयी थी। वहाँ वह मंदाकिनी के तट पर बालू से बालसुलभ क्रीड़ा कर रही थी। वहाँ उसने देखा कि राजा उदयवती नामक एक विद्याधर कन्या को निर्निमेष देख रहे थे। इसी पर उर्वशी कुपित हो जाती है और राजा का अनुनय भी ठुकरा देती है। सहजन्या ने इसपर ठीक ही टिप्पणी की है कि जब प्रेम बहुत बढ जाता है तब ऐसी बातें सहन नहीं होती (**दूरारूढ: खलु प्रणयोऽसहन:**)।
यहाँ यह ध्यातव्य है कि जबतक उर्वशी राजा की प्रेमिकामात्र रही थी तबतक उसमें ज्येष्ठा रानी को भी सहने की क्षमता थी। वही उर्वशी जब गन्धमादन में राजा के साथ निभृत–विहार के लिये आयी है तो राजा की सामान्य–दृष्टि भी दूसरी पर पड़े यह उसके लिये असह्य है।

इस प्रकार उर्वशी के चरित्र के अनेक पक्ष कालिदास ने इस नाटक में प्रस्तुत किये हैं जो आख्यानों में प्राप्त उर्वशी चरित्र से अधिक वैविध्यपूर्ण हैं।

**(2) रानी औशीनरी**

राजा पुरूरवा की ज्येष्ठा रानी के रूप में काशिराजपुत्री औशीनरी उर्वशी–विषयक आख्यानों में अज्ञात होने के कारण महाकवि कालिदास की विशुद्ध कल्पना से उत्पन्न स्त्री–पात्र है। नाटिका में जिस प्रकार ज्येष्ठा तथा नवप्रेमिका के रूप में दो नायिकाओं की उपस्थिति होती है उसी प्रकार कालिदास ने इस रूपक को भी तदुन्मुख बनाने के लिये ज्येष्ठ रानी की कल्पना की है। वह इस नाटक के दो अंकों में ही आती है। द्वितीय अंक में वह अपनी चेटी निपुणिका से यह ज्ञात करा लेती है कि राजा किसी उर्वशी के प्रेम में आसक्त हो गये हैं। वह छिपकर राजा के विदूषक से होनेवाले वार्तालाप को सुनती है तथा पता लगाती है कि निपुणिका की सूचना प्रामाणिक है या नहीं।[11] इससे औशीनरी के शील का यह पक्ष ज्ञात होता है कि वह किसी पर विश्वास तभी करती है जब उसकी बात प्रमाण से सिद्ध हो जाय। अपने पति पुरूरवा के विषय में कोई आरोप लगा रहा हो तो उस पर वह सहसा विश्वास नहीं कर सकती थी। इससे औशीनरी का प्रतिप्रेम उत्कृष्ट रूप से प्रकट होता है। उसके इस गुण का निरूपण आगे चलकर भी होता है।

सहसा देवी के हाथों में उर्वशी का लिखा हुआ प्रेमपत्र आ जाता है। निपुणिका उसे पढ़कर समाझाती है कि महाराज को लक्ष्य करके उर्वशी ने ही यह प्रेमपत्र लिखा है। देवी की इस पर कोई तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं होती है। उस प्रेमपत्र को (जो भोजपत्र पर अंकित है) रानी औशीनरी पुरूरवा को दे देती है। वह स्वयं शांत ही रहती है और केवल यही कहती है कि आपके लिये सर्वथा उचित है कि अपना सौभाग्य (प्रेम का विषय) मुझसे छिपाएँ। विदूषक के द्वारा राजा के पित्त के दूषित होने का बहाना बनाये जाने पर भी वह शान्तचित्त ही रहती है और यह कहकर चली जाती है कि यह मेरा ही अपराध है कि मैं अनुचित समय में आपके कार्य में बाधा बनकर उपस्थित हो गयी। देवी का यह व्यंग्य राजा को आहत कर देता है और वे उसके चरणों पर गिर जाते हैं। देवी स्वगत–कथन करती हुई चली जाती है कि मैं इतनी सरल नहीं हूँ कि अनुनयपूर्ण बातों का आदर करूँ। मुझे केवल भय है तो अपने अशिष्ट व्यवहार से क्योंकि उसके बाद पश्चात्ताप करना पड़ता है (किन्तु अदाक्षिण्यकृतात् पश्चात्तापाद् बिभेमि)। औशीनरी का यह स्वगत–कथन उसके कुलीनस्वभाव का सूचक है। राजा के प्रति वह राजकुलोचित शिष्टाचार का ध्यान रखती है।

अशिष्ट व्यवहार से (चाहे पति के प्रति हो या नयी प्रेमिका के प्रति) अनेक ज्येष्ठा नायिकाओं ने संस्कृत नाटिकाओं में विचित्र स्थितियाँ उत्पन्न की हैं किन्तु औशीनरी का शालीन व्यवहार उन सबसे भिन्न है।

औशीनरी एक दु:खी नायिका तो है किन्तु अपने प्रियतम को प्रसन्न करने के लिये धार्मिक कार्यों में विश्वास करती है, वह मान नहीं करती। तृतीय अंक में वह प्रियानु–

प्रसादन–व्रत करती है जिससे उसके स्वामी उसके प्रति मधुरभाव रखें। राजा के अनुनय–वचन (3.13) पर वह सरल हृदय से कहती है कि व्रत धारण करने का ही यह प्रभाव है जो आर्यपुत्र ने मेरे अनुकूल इतना तो कहा (**नन्वेतस्य व्रतपरिग्रहस्यायं प्रभावो यदेतावन्मन्त्रित आर्यपुत्र:**)[12] इससे औशीनरी का न केवल धर्म के प्रति विश्वास प्रकट होता है अपितु हृदय की सरलता भी स्पष्ट होती है।

इस नाटक में औशीनरी राजा के उर्वशी प्रेम के समक्ष आत्मसमर्पण कर देती है और कहती है कि जिस किसी स्त्री के प्रति आर्यपुत्र का स्नेह होगा अथवा जो स्त्री उनके समागम की इच्छुक होगी उसके प्रति मैं सदा प्रेमपूर्वक व्यवहार करूँगी। यह बात वह रोहिणी और चन्द्रमा को साक्षी बनाकर कहती है। इस प्रकार का आत्मसमर्पण ज्येष्ठा नायिका के द्वारा किसी अन्य संस्कृत रूपक में नहीं मिलता। प्राय: ज्येष्ठा रानी अपने सम्बन्ध विशेष के कारण अथवा किसी दिव्य वाणी के कारण या राजा के भावी अभ्युदय की दृष्टि से नयी नायिका को स्वीकार करती है। औशीनरी के समक्ष ऐसा कोई कारण नहीं था फिर भी वह एक विवश पत्नी के रूप में तथा अपनी शालीनता के कारण उर्वशी को राजा की प्रेमिका बनने में बाधक नहीं होती। उसके प्रति सामाजिकों की सहानुभूति बहुत अधिक उत्पन्न होती है।

**चित्रलेखा - उर्वशी की सखी**

नाटक की नायिका उर्वशी का सदा साथ देनेवाली चित्रलेखा अप्सरा जाति की कन्या है वह पञ्चम अंक को छोड़कर सभी अंकों में या कम–से–कम प्रवेशक में आती है। राक्षस द्वारा उर्वशी का जब अपहरण होता है और राजा पुरूरवा उसे बचाकर लाते हैं उस समय से वह उर्वशी के साथ–साथ तबतक रहती है जबतक उर्वशी का स्थायी समागम राजा के साथ नहीं हो जाता। उसके बाद चतुर्थ अंक के प्रवेशक में वह सहजन्या से वार्तालाप करती है और उर्वशी के लतारूप में परिणत हो जाने की सूचना देकर अपने संताप को भी व्यक्त करती है। इस प्रकार वह अभिज्ञानशाकुन्तल की अनसूया–प्रियंवदा के समान 'काव्य की उपेक्षिता' नारी नहीं है। अपनी सहेली के परिणय के बाद भी वह उसके दु:ख–सुख की सूचना रखती है।

चित्रलेखा में सखी–स्नेह का प्रकर्ष है। वह समय के अनुकूल बोलना जानती है। उर्वशी को भयमुक्त और सचेत करने के लिये वह कहती है – **सखि उर्वशि ! पर्यवस्थापयात्मानम्, अनप्सरेव प्रतिभासि।**[13] चित्रलेखा का तात्पर्य यह है कि धैर्य छोड़ देना मनुष्यों के लिये भले उचित हो किन्तु देवयोनि में उत्पन्न अप्सराओं के लिये यह शोभाजनक नहीं है कि धैर्य छोड़ दें। अपनी सखी के इस प्रोत्साहन–वाक्य पर ही उर्वशी सचेत हो जाती है। इस प्रकार अवसरानुकूल कथन में चित्रलेखा पटु है। वह उर्वशी को राजा की प्रशंसा सुनाती है कि इन्द्र के समान ही प्रभावशाली राजर्षि पुरूरवा ने तुम्हारी रक्षा की है।

उर्वशी की ओर से राजा को कुछ कहना होता है तो वही माध्यम बनती है। प्रथम अंक में महाराज से स्वर्ग में वापस जाने की अनुमति प्राप्त करने के लिये वह अत्यन्त सुन्दर वक्रोक्ति का प्रयोग करती है– "महाराज ! उर्वशी विज्ञापयति महाराजेन अभ्यनुज्ञाता – इच्छामि प्रियसखीमिव महाराजस्य कीर्तिं सुरलोकं नेतुम्"। इसमें केवल स्वर्ग लौटने की अनुमति माँगी गयी है किन्तु इस तथ्य को वक्रता–विशेष से प्रस्तुत किया गया है। यह चित्रलेखा की वाक्पटुता के पक्ष में जाता है। इसी प्रकार द्वितीय अंक में भी उर्वशी चित्रलेखा के माध्यम से ही राजा से लौटने की अनुमति माँगती है।

चित्रलेखा परिहास में भी निपुण है। उर्वशी जब प्रथम अंक में राजा से अनुमति लेकर लौटने लगती है तो उसकी माला लता की शाखा में फँस जाती है और चित्रलेखा से छुड़ाने का अनुरोध करती है। इसपर चित्रलेखा हँसकर कहती है कि यह माला तो बहुत उलझ गयी है, इसे छुड़ाना बहुत कठिन है (दृढं खलु लग्ना सा, अशक्या मोचयितुम्)।[14] उर्वशी स्पष्ट समझ जाती है कि यह परिहास कर रही है।

द्वितीय अंक में जब उर्वशी स्वयं पुरूरवा से मिलने का निश्चय कर के पृथ्वी पर आती है तो उस समय भी चित्रलेखा उसके साथ है। राजा चित्रलेखा को अकेली देख कर कहते हैं कि तुम्हारी सदा-संगिनी उर्वशी कहाँ है? तुम्हारी अकेली शोभा नहीं हो रही है। उस समय चित्रलेखा अपनी वाक्पटुता दिखाती हुई कहती है कि पहले मेघमाला ही आकाश में छा जाती है तब बिजली की चमक दिखाई पड़ती है (ननु प्रथमं मेघराजिः दृश्यते, पश्चाद् विद्युल्लता)। इस स्थान पर भी उर्वशी के प्रणयनिवेदन में चित्रलेखा ही माध्यम बनती है और उर्वशी के हृदय के भावों को राजा के समक्ष रखती है।

तृतीय अंक में भी उर्वशी चित्रलेखा के साथ ही राजा के पास आती है। राजा और विदूषक के वार्तालाप की व्याख्या करके उर्वशी को वही आश्वस्त करती है। पुनः देवी औशीनरी के आने पर भी उसी के द्वारा उर्वशी की सौभाग्यकामना की जाती है। चित्रलेखा उर्वशी को राजा के हाथों में सौंप कर स्वर्ग लौट जाती है किन्तु अपनी सखी का प्रेम राजा से यह निवेदन करने को विवश कर देता है कि ग्रीष्मकाल में उर्वशी को स्वर्ग जाने की उत्कंठा न हो जाय ऐसी व्यवस्था आपको करनी चाहिये। इस प्रकार अपनी सखी से ऐसा स्नेह चित्रलेखा को है कि वह उसके सुख की व्यवस्था की उपेक्षा नहीं चाहती।

चतुर्थ अंक में उसकी भूमिका केवल सूचना देने की है। अपनी सखी सहजन्या के समक्ष वह अपनी वेदना प्रकट करती है कि बहुत दिनों के बाद उर्वशी का समाचार जानने के लिये मैने जब ध्यान किया तो ज्ञात हुआ कि वह लता के रूप में परिणत हो गयी है। इसी से वह बहुत संतप्त है। नेपथ्य से गीत सुनाई पड़ता है जिसमें अपनी सखी के विरह में दो हंसिनियों द्वारा सरोवर के तट पर सिसकने की प्रतीकात्मक सूचना मिलती है।

**अन्य स्त्री-पात्र**

इस नाटक में सहायक भूमिका में आनेवाली तथा गौण स्थान रखनेवाली स्त्रियों में देवी की दासी (चेटी) निपुणिका है जो विदूषक से राजा के अभिनव प्रेम की बात उगलवा लेती है इस प्रकार उसकी भूमिका एक राजनयज्ञ के समान है। अपनी स्वामिनी का कार्य वह अच्छी तरह निभाती है। फिर भी देवी उसकी सूचना की प्रामाणिकता की स्वयं परीक्षा करती हैं। पञ्चम अंक में सत्यवती नामक तापसी आती है जिसकी भूमिका परोक्ष में बहुत महत्त्वपूर्ण है। वह च्यवन ऋषि के आश्रम में रहती है तथा उर्वशी के पुत्र राजकुमार आयु का पालन-पोषण धात्री के रूप में करती है। जब आयु बड़ा होकर शस्त्र-शास्त्र में निष्णात हो जाता है तब उसे लेकर सत्यवती राजा के पास आती है। वह तुरत लौट जाती है क्योंकि आश्रम के कार्यों को वह बहुत देर तक नहीं छोड़ सकती (उपरुध्यते ममाश्रमधर्मः)।

इस नाटक की नायिका उर्वशी अप्सरा जाति की है। इसलिये स्वभावतः कुछ पुराणप्रसिद्ध अप्सराएँ छोटी भूमिकाओं में आयी हैं। रम्भा और मेनका प्रसिद्ध अप्सराएँ हैं। सहजन्या कालिदास की कल्पना है। वह चित्रलेखा के साथ चतुर्थ अंक के प्रवेशक में आती है तथा चित्रलेखा से उर्वशी–विषयक सूचना प्राप्त करके उससे सहानुभूति दिखाती है। इसप्रकार इस नाट्य–रचना में कालिदास जिन पात्रों का प्रयोग किया है वे अपने शील से तथा व्यक्तिगत विशेषताओं से सामाजिक के समक्ष एक आदर्शपूर्ण परिवेश की प्रस्तुति करते हैं।

## सन्दर्भ ग्रन्थ


1. दशरूपक 1.11 वस्तु नेता रसस्तेषां भेदकः।
2. नाट्यशास्त्र, अध्याय – 24.
3. विक्रमोर्वशीय 1.2 के पूर्व। सूत्रधार – तदुच्यतां पात्रवर्ग : स्वेषु स्वेषु पाठेष्वसंमूढैर्भवितव्यमिति।
4. दशरूपक 2.9 (द्वितीय चरण)– हास्यकृच्च विदूषकः। साहित्यदर्पण 3.40.
5. विक्रमोर्वशीय 2.18 के बाद। दिव्यं खलु तद् भूर्जपत्रं गतमुर्वश्या मार्गेण।
6. डॉ॰ उमाशंकर शर्मा ‘ऋषि' संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ॰ 447.
7. कुमारसंभव 1.49
8. अभिज्ञानशाकुन्तल 2.12 दर्भाकुरेण चरणः क्षत इत्यकाण्डे . ...इत्यादि।
9. अभिज्ञानशाकुन्तल 3.14–15 शकु॰
   तव न जाने हृदयं मम पुनः कामो दिवापि रात्रिमपि।
   निघृण ! तपति बलीयस्तव वृत्तमनोरथान्यङ्गानि।।
   दुष्यन्त– तपति तनुगात्रि ! मदनस्त्वामनिशं मां पुनर्दहत्येव।
   ग्लपयति यथा शशाङ्कन तथा हि कुमुद्वती दिवसः।।
10. विक्रमोर्वशीय 3.12 के बाद। उर्वशी का कथन – स्थाने खलु इयं देवीशब्देनोपचर्यते। न किमपि परिहीयते शय्या ओजस्वितया।
11. विक्रमोर्वशीय 2.18 के बाद। देवी – तेन हि लताविटपान्तरिता श्रोष्यामि तावदस्य विश्रब्धामन्त्रितानि यत्त्वया कथितं तत्सत्यं न वेति।
12. विक्रमोर्वशीय 3.13 के बाद देवी का कथन।
13. विक्रमोर्वशीय 1.7 के बाद।
14. विक्रमोर्वशीय 1.18 के पूर्व।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# बिहार की संगीत परंपराः एक अवलोकन



**डॉ0 विजय कुमार सिंह**
**संगीत शिक्षक,**
**रामबाबू +2 उच्च वि0 हिलसा, नालंदा।**

**3. Indian Banking System digital even more-** The Banking Sector in India has made many efforts to provide their sophisticated offerings to digital channels where the need is easier to engage more impatient Indian online consumers. Indian consumers have always benefited from the opportunities for web development and mobile banking, simultaneously implementing these services as free add-ons to their browsing account. Nowadays the number of Indian buyers who like to search online for products and providers has increased by about 15%, although most of them still go to bank branches to complete their transactions according to their old habits. It takes a lot of effort to buy and meet Indian customers online, and overall sales growth is greatly affected by the success of this effort. Often even in India it has become apparent the growing trend of electronic cash flows for the renewal of telephone bills such as universal providers of Vodafone-Telecom Jio Mobile and Plus companies, TV Private Programs payments, fines, bills, taxes, Services that have led to a reduction of money, by supplying with the rest of the electrical channels all 150-200 milion, within a few years and there is a growing number of transactions. The Indian market has a unique opportunity, combining a very small legacy of classic technologies, as well as products with a clear vanilla banking system. India like Europe and the rest of the world is embracing this digital revolution by opening up new everyone opportunities in the Indian Banking System and their customers. In this context, the Government of India is committed to supporting and promoting digital programs as a powerful tool for the state's growing awareness and openness of our society that promotes economic development and enriching citizens. What about the situation of Digital Banking in India, where we are and what will be the next future strategy to implement such a digital transformation project? Global momentum is somehow delayed, as there are not many programs in this area. We are seeing an increase in customer demand for quality, mobility and an increase in price sensitivity. And the percentage of people accessing the Internet, either from home or from their mobiles is increasing rapidly especially from mobiles. On the positive side, it seems that the Indian market has a unique opportunity, by combining a very small legacy of old technology, a combination of vanilla products and obvious services. This situation allows India projects especially those related to the digital environment to be much simpler and less expensive, faithfully costing billions in mature markets. Many big banks like ICICI, Axis, HDFC, SBI, IDBI, Punjab national bank etc. Digital transformation becomes a strategic guide for all through the implementation of Digital Banking Projects. Most of the new initiatives and the dedicated budget go into this direction, and based on their digital strategies other major banks are making significant investments in the same area, in the same area. The radical modernization of electronic channels is still not evident on a large scale, and we see some important developments in branch transformation, such as innovations that allow for self-service access to banking services, and the modernization of supporting processes, but there is still a long way to go. In the meantime, digital signature initiatives with identity cards show strong promise, but further investments in the regulatory environment, increased knowledge and education of the judicial system, as well as the eventual opening of digital signature to other competitors, which could result in lower costs, are needed. Promoting cooperation among banking operators, financial institutions, and providers has resulted in the need to develop structures and close certain gaps in the legal structure in order to establish an acceptable environment for citizens, service providers, and the banking system to use modern payment instruments and reduce operating costs and cash use. The Indian government strongly backed and supported digital initiatives and projects as the most successful tool for modernizing governance, growing society's awareness and transparency, stimulating economic growth, and enhancing

citizen services. Even then, the number of digital services necessitates more changes, such as overcoming the old way of operating and overcoming the mindset of using booklets, while also creating strict security and operational rules in order to make citizens' lives simpler, lower service prices, and ensure total security in digital systems. As previously mentioned, some Indian banks are working to integrate their systems. Bank and Society General have started pilot programs in this area, with many banks piloting the authentication service at one of its main branches since January 2016, with the aim of identifying customers who make external bank transfers by reading their ID cards with biometric readers, and Society General in India is working to integrate the electronic card. There are also attempts to incorporate the authentication service with the bank's services.

**Conclusions**: - As we discussed and commented, the banking sector structure was mainly focused on transactions and money handling, but today, banking has changed from transactions to interactions, which are centered on data management - the more information you glean from data, the greater your ability to offer engaging client experiences," Muralitharan says. Digital bank not only provides detailed guidance and history on the digital revolution in banking, but also monitors the developments and how the mobile internet is changing the nature of customer and corporate relationships with their banks. The implication is that banks must digitize, which is a challenge because becoming a Digital Bank necessitates new services based on 21st-century technologies, and these businesses – both giants and start ups – are aggressively entering the financial sector, leveraging technology and delivering continuous innovation to constantly upgrade their arsenal and compete – or collaborate – with banks. Financial institutions must undergo a business transformation, investing in the gradual upgrade of their legacy systems in order to provide the digital services demanded by customers. Customers, competitors, regulatory agencies, and, most importantly, governments will push banks in India and around the world to become more digital, and it is only a matter of time. The promise of anytime, anywhere banking with transparency and convenience will eventually bring together today's branch-based traditional players with the no-frills offers of direct banks and i-Banks.

**References -**


1. Skinner C., "Digital Bank-Strategies to succeed to a digital bank". 2013.

2.TEMENOS-White Paper, "The rise of Digital Banking" *2015*.

3. Kearney A.T, "Banking in a Digital World", 2013.

4. Kerney A.T and EFMA. (2014). Going Digital: The Banking Transformation Road Map.

5. Corporate Banking Customer Satisfaction Survey, Finextra, October 10, 2010,

6. Global CFO Study – The New Value Integrator, IBM, 2010.

7. Global CIO Study – The Essential CIO, IBM, 2011

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# मुग़ल चारबाग़ शैली

**अंकुर वर्मा**
**शोध छात्र,**
**मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत।**

---

मानव की विकास यात्रा पर गौर किया जाए तो इसमें बगीचों का योगदान विशेष रूप से उभर कर सामने आता है। यदि बाइबिल की मानी जाए तो आदम और ईवा भी बगीचे में ही थे जब उन्होंने एक भूल से इस सृष्टि का सृजन कर डाला। लगभग सभी धार्मिक साहित्यों में किसी न किसी रूप में बागों की कल्पना को स्थान दिया गया है। धार्मिक साहित्य से इतर राजनैतिक अतीत पर नज़र डालें तो भी बगीचों की महत्ता नज़र आती है। शासकों द्वारा उद्यानों का निर्माण सदैव कराया जाता रहा है– कभी यात्रियों के ठहरने के उद्देश्य से तो कभी निजी आमोद प्रमोद हेतु, तो कभी किसी प्रिय की स्मृति में। भारत के संदर्भ में पिछले ढाई हज़ार वर्षों के इतिहास की चर्चा करें तो बौद्धकाल में राजकुमार जैत की कथा से लेकर ब्रिटिश काल तक उद्यानों की सांस्कृतिक महत्ता सदैव बनी रही है। इसमें भी मध्यकाल पर विशेष दृष्टि डालें तो भारत के महानतम सम्राज्यों में गिने जाने वाले मुग़ल साम्राज्य की भूमिका सर्वप्रमुख रूप से दिखाई देती है। मुग़लों ने तीन शताब्दियों से अधिक समय तक भारतीय उपमहाद्वीप के एक विशाल भाग पर शासन किया और राजनीति के साथ–साथ कला–संस्कृति के क्षेत्र में भी अद्वितीय उत्कृष्टता को प्राप्त किया। मुग़ल बादशाहों, विशेष रूप से अकबर, जहाँगीर और शाहजहाँ के समय स्थापत्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किये गये। इनमें ही एक पक्ष "मुग़ल उद्यानों" का था जो कि बेहद वैज्ञानिक तरीके से ज्यामितीय गणनाओं व सौंदर्य पक्ष को ध्यान में रखते हुए निर्मित किये गए थे। मुग़लों ने दिल्ली, आगरा, कश्मीर, लाहौर समेत पूरे साम्राज्य में अनेक आलीशान बगीचों की स्थापना करवाई जिनमें से कई आजतक अपनी बेजोड़ तकनीक की गवाही देने के लिए हमारे सामने मौजूद हैं। मुग़लों द्वारा इन उद्यानों के निर्माण में जिन सिद्धांतों एवं तकनीकों का प्रयोग किया उन्हें ही संक्षेप में "चारबाग शैली" के नाम से जाना जाता है।

चारबाग़ को मूलतः धार्मिक ग्रन्थों में वर्णित स्वर्ग की कल्पना से सम्बद्ध किया जाता है । इसे फ़ारसी भाषा के शब्द "पैरिदाइज़ा" जिसका अर्थ 'दीवारयुक्त बगीचा' होता है, से जोड़कर देखा जा सकता है। फलों से लदे वृक्षों, घनी झाड़ियों एवं पुष्पयुक्त पौधों वाला ज्यामितीय रूपरेखा में सुसज्जित एक बगीचा जो जलकतारों द्वारा चार वर्गाकार भागों में विभाजित हो जाता था।[1] बाइबिल में स्वर्ग की व्याख्या कुछ इस प्रकार की गई है कि "ईश्वर ने पूर्व दिशा में ईडन में एक बगीचा लगाया जिसमें विविध प्रकार के सुंदर पेड़–पौधों को स्थान दिया गया जो कि फलों से लदे हुए थे। बाग के बीचोबीच अच्छे–बुरे के वृक्ष एवं एक जीवन वृक्ष की स्थापना की गयी थी जहाँ ईडेन से बहकर एक नदी आती थी और फिर चार दिशाओं में अलग–अलग जलधाराओं के रूप में विभाजित

1. कार्नेल, विन्सेंट जे. (2007). *वॉइसेज ऑफ इस्लाम: वॉइसेज ऑफ आर्ट, ब्यूटी एंड साइंस*, पृ. 94-95 ।

हो जाती थी।"[2] क़ुरान में भी कुछ ऐसा ही वर्णन मिलता है कि "जहाँ धरती से फव्वारे फूटते हैं, जहाँ छायादार खूबसूरत पौधे कतारों में मौजूद होते हैं, जहाँ पेड़ों पर फल हमेशा पके हुए होते हैं और हर एक की पहुँच में होते हैं, जहाँ प्रवाहिकाएं सदैव जल, मदिरा, दुग्ध एवं शहद से भरी हुई होती हैं, जहाँ ऊँचे दरख़्तों के साये में तपिश से राहत मिलती है और फूलों के अनन्त सागर अपनी सुगन्ध से वायु को लगातार आनंदमयी बनाये रखते हैं, वह स्थान पवित्र 'ज़न्नत' है जो प्रत्येक आस्थावान योग्य व्यक्ति के लिये सदैव प्रतीक्षारत रहता है।"[3] सम्भवत: ऐसा ही कोई विवरण रहा होगा जिसने प्रथम मुग़ल बादशाह बाबर को 'बाग-ए-वफ़ा' जैसा उद्यान स्थापित करवाने के लिए प्रेरणा दी होगी। धार्मिक विवरणों से इतर अगर पुरातात्विक प्रमाणों की बात करें तो चारबाग़ के प्रारंभिक प्रमाण अखमनी साम्राज्य के सायरस महान के मक़बरे से प्राप्त होते हैं[4] जहाँ प्रांगण को जलधाराओं द्वारा विभाजित किये जाने के प्रमाण प्राप्त होते हैं। सिकन्दर द्वारा इस मक़बरे को दो बार देखे जाने का जिक्र प्राप्त होता है। कालांतर में ईरान और भारत समेत पूरे पश्चिम व दक्षिण एशिया में ऐसे बागों का निर्माण शासकों द्वारा कराया गया।[5]

**<u>चारबाग़ की संरचना एवं स्थापत्य:</u>**

फ़ारसी परम्परा में बाग से आशय एक ऐसे स्थान से लगाया जाता था जो रेगिस्तान की गर्मी एवं तपिश से लोगों को राहत प्रदान करता था। शायद हिंदुस्तान की भयंकर गर्मी व शुष्क जलवायु ने ही बाबर को इस उपमहाद्वीप में स्वर्ग का अपना एक टुकड़ा स्थापित करवाने के लिये प्रोत्साहित किया होगा। मुग़ल साहित्य में बाबर के फलों के प्रति अगाध प्रेम तथा बगीचों के प्रति लगाव के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं तथा बाबर खुद अपनी आत्मकथा में यहाँ की जलवायु से असंतुष्टि प्रकट करता है।[6] उसने आगरा के आसपास अनेक बागों की स्थापना करवायी और भारत में चारबाग़ परम्परा का सूत्रपात किया जोकि आगे चलकर उसके उत्तराधिकारियों के समय निरन्तर समृद्ध होती चली गयी।

बगीचों का आकार सामान्यत: वर्ग अथवा आयत के रूप में होता था जो पुन: कई वर्गाकार क्यारीनुमा खण्डों में विभाजित हो जाता था। यह विभाजन नहरों के माध्यम से किया जाता था जो गुरुत्वीय दवाब के सिद्धांत पर पर प्रवाहित होती थीं।[7] उद्यान के बीचोबीच एक महल अथवा मुख्य इमारत का निर्माण किया जाता था। उद्यान को दीवारों से घेराबंद किया जाता था तथा इनपर सुंदर प्रवेशद्वारों का निर्माण भी किया जाता था। कुछ उद्यानों में तो चार-चार प्रवेशद्वार तक हुआ करते थे। बगीचों का सौंदर्य और भी बढ़ाने के लिये इसमें पेड़-पौधों को ज्यामितीय क्रम से लगाया जाता था जिससे पूरे बाग का दृश्य बेहद आकर्षक लगता था। बाग में लोगों के एकत्र होने और उत्सवों आदि के लिये पवेलियन बनाये जाते थे तथा कई बागों में तो महिलाओं के लिए अलग से हरम का निर्माण भी किया जाता था।

जल की समस्त व्यवस्था, विशेषत: नहरें, इस चारबाग़ शैली की सबसे प्रमुख विशेषता थी[8] क्योंकि इनका काम केवल उद्यान की शोभा बढ़ाना ही नहीं बल्कि गर्मी से राहत देने तथा तापमान को नियंत्रित रखने में योगदान देने का भी था। जल से टकराकर गुजरने वाली वायु परिवेश को वातानुकूलित बनाये रखती थी। नहरें एवं जलाशय सदैव जल से परिपूर्ण रहते थे। इनसे जल को उथले

---

2. डेविसन, रॉबर्ट (1973). *जेनेसिस 1-11* ,कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस।

3. हुदा, "*हैवेन इन द क़ुरान*", *लर्न रिलीजन्स,* 1 अक्टूबर 2018 ।

4 हॉबहाउस, पेनलोप(2004), *द गार्डेन्स ऑफ पर्शिया।*

5 बेगड़े, प्रभाकर(1978). *एनशिएंट एंड मेडिवल टाउन प्लानिंग इन इंडिया,* सागर प्रकाशन, पृ. 173 ।

6. *बाबरनामा, अनु. बेवरिज,* लुज़ाक़ एंड कं. (1922) ।

7. डिकी,जेम्स , *द मुग़ल गार्डन,* पृ. 128 ।

8. फातिमा, सदफ(2012). *वाटरवर्क्स इन मुग़ल गार्डेन्स, प्रोसीडिंग्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस।*

जलमार्गों में प्रवाहित किया जाता था जिनके साथ ही पैदल टहलने के लिए पथ बनाये जाते थे। इन बगीचों में फ़ारसी कनात प्रणाली को भी कई जगह अपनाया गया जो कि जल संरक्षण व जल की नियमित उपलब्धता बनाये रखने के लिए एक बेहतरीन तकनीक साबित हुई, विशेष रूप से कम वर्षा वाले भागों में इनकी महत्ता अधिक थी। इसमें भूमिगत नहर अथवा सुरंग के माध्यम से जल को किसी दूरस्थ स्रोत से उद्यान तक लाया जाता था।[9] जटिल गणनाओं और अद्वितीय स्थापत्य पर आधारित इस प्रणाली में केवल गुरुत्वाकर्षण के सहारे जल को मीलों दूर से लाकर एकत्रित किया जाता था।

नहरें जल को बहाकर एक जलाशय में ले जाती थीं जिसे 'हौज़' कहा जाता था। ये हौज़ कई तलों वाले फव्वारों से युक्त होते थे और जब जल की चादरें एक तल से दूसरे तल पर गिरती थीं तो मंत्रमुग्ध कर देने वाला नयनाभिराम दृश्य उत्पन्न होता था। मुख्य पवेलियन का निर्माण अक्सर सबसे बड़े हौज़ के पास किया जाता था।

क़ुरान में वर्णित स्वर्ग का आठ मंजिल वाला बगीचा उद्यान निर्माण हेतु आदर्श के रूप में माना जाता था। ये आठ मंजिलें जीवन, मृत्यु व शाश्वतता को प्रदर्शित करती थीं। मुग़लों ने चारबागों का निर्माण मुख्यत: मक़बरों अथवा किलों के साथ करवाया। मक़बरों के साथ बाग के निर्माण के पीछे सम्भवत: अवधारणा यह थी कि अगर कभी मक़बरे में चिरनिद्रा में सोया हुआ व्यक्ति जागेगा तो वह निश्चित रूप से फूलों व पक्षियों के कलरव से परिपूर्ण उद्यान में भ्रमण करना पसंद करेगा और यह भी सम्भव है कि वह स्वादिष्ट फलों का भी आनंद लेना चाहेगा।

**मुग़ल चारबाग़ शैली के प्रमुख उदाहरण:**

मुग़लों के समय वैसे तो पूरे राज्य में ही उद्यानों की स्थापना होती रही किंतु कुछ विशेष महत्ता वाले स्थानों जैसे आगरा, दिल्ली, कश्मीर एवं लाहौर इत्यादि में कई यादगार बागों का निर्माण किया गया। इनमें से कुछ का विवरण इस प्रकार है–

**आगरा:** मुग़लों के लिए आगरा प्रारम्भ से ही एक महत्वपूर्ण नगर रहा है। पहले मुग़ल बादशाह बाबर ने अपनी राजधानी यहीं स्थापित की थी, बाद में कुछ दूरी पर अकबर द्वारा तथा कालांतर में शाहजहाँ द्वारा भी आगरा में राजधानी निर्मित की गयी। जिस समय बाबर आगरा पहुँचा था, वहाँ यमुना के अलावा कोई भी जल का मुख्य स्रोत मौजूद नहीं था अत: बाबर को बाग लगवाने के समय मजबूरन कुओं की खुदाई का काम भी करवाना पड़ा। आज बाबर के समय के अधिकांश बाग नष्ट हो चुके हैं या फिर अपना असली रूप खो चुके हैं। अब उनमें बाबर की चाह के अनुसार न तो साइप्रस[*] के पेड़ मिलते हैं और न ही मजबूत बारादरियों के दर्शन होते हैं। कई विद्वानों का मानना है कि अगरा में लगभग चवालीस उद्यान थे, हालाँकि एबा कोच जैसे इतिहासकार यह संख्या छब्बीस तक बताते हैं।[10] कई उद्यान नगर विस्तार की प्रक्रिया में भी नष्ट हो गए। सटीक संख्या चाहे जो भी रही हो पर ये आँकड़े इतना अनुमान तो दे ही देते हैं कि बाबर का बगीचों के प्रति समर्पण कितना गहरा था।

आगरा में स्थित **रामबाग** जिसे आराम बाग भी कहा जाता है को भारत में निर्मित प्रथम मुग़ल उद्यान माना जाता है। यह आदर्श बगीचे की क़ुरान वाली कल्पना को ध्यान में रखकर निर्मित किया गया था, इसे आठ तलों(टेरेस) के साथ एक ढालदार भूमि पर निर्मित किया गया था तथा सबसे ऊँचे तल की ओर पवेलियन निर्मित किया गया था। वर्ष 1621 में नूरजहाँ, जिसे मुग़लों में सबसे बड़ा

9. खैराबादी, मसूद(1991). *ईरानियन सिटीज़: फार्मेशन एंड डेवलपमेंट*, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास प्रेस।

10. "आगरा अगेन इन ब्लूम",डब्ल्यूएमएफ.ओआरजी, वर्ल्ड मॉन्यूमेंट्स फण्ड (4 जनवरी 2019)।

* साइप्रस के वृक्षों को स्वर्ग उद्यान में की कल्पना में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है क्योंकि इनको अमरत्व से जोड़कर देखा जाता है।

उद्यानप्रेमी माना जाता था, ने इस बाग की मरम्मत एवं संशोधन का काम करवाया और इसे 'बाग-ए-नूर अफ़सान' का नाम प्रदान किया।[11]

इसे अपना वर्तमान नाम सम्भवत: मराठों से प्राप्त हुआ था। काबुल में दफनाये जाने से पूर्व बाबर का पार्थिव शरीर यहीं पर मौजूद था जिस कारण से इसे आराम बाग कहा जाता था, यही धीरे-धीरे रामबाग हो गया। रामबाग ने भविष्य के मुग़ल उद्यानों के लिये एक मार्गदर्शक का काम किया जिसके सहारे बाद में भव्य बागों का निर्माण किया गया।

आगरा में स्थित दूसरा बाबरकालीन उद्यान **महताब बाग** था जिसका निर्माण 1530 के आसपास यमुना के किनारे आज के ताजमहल प्रांगण की विपरीत दिशा में करवाया गया था।[12]

यह भी कहा जाता है कि बादशाह शाहजहाँ को यमुना के दूसरी ओर एक चन्द्राकर (चापाकार) भूमि दिखाई पड़ी जो घास से आच्छादित थी। यह जगह बादशाह को ताज का दीदार करने के लिहाज़ से मुफीद लगी। इस प्रकार यहाँ एक बाग स्थापित किया गया और चन्द्राकर होने व चाँदनी जैसी छटा का आनंद देने के कारण इसे महताब बाग कहा गया। इसमें खूबसूरत पलस्तरदार भ्रमणपथ, हवादार पवेलियन, जलाशय, फव्वारे और फल-फूलों से युक्त अनेक पेड़-पौधों को स्थापित किया गया।[13] माना जाता है कि यह उद्यान ताजमहल कॉम्प्लेक्स का ही भाग था। विदेशी यात्री ट्रेवेनियर ने कुछ काले पत्थरों को देखकर यह अनुमान लगा डाला कि शाहजहाँ चाहता था कि यमुना की दूसरी ओर एक काले ताजमहल का निर्माण किया जाये जो सफेद ताजमहल की जुड़वां इमारत हो। इस मिथक को बाद में ब्रिटिश पुरातत्वविद ए सी एल कार्लाइल ने और हवा दे दी जब उन्होंने यहाँ मिले एक जलाशय व फव्वारे को उस कल्पित ढाँचे का भाग समझ लिया।[14] हालाँकि ये मिथक बाद में ख़ारिज हो गए और ट्रेवेनियर ने जिसे काला संगमरमर समझ लिया था वह असल में सफेद संगमरमर निकला जो समय के साथ काला पड़ गया था जबकि वह जलाशय व फव्वारा असल में महताब बाग़ के थे। 1993 में यहाँ एक अष्टभुजाकार जलाशय एवं पच्चीस फव्वारों की खोज हुई जिसने मुग़ल उद्यान शैली में नए मानकों को शामिल किया।

महताब बाग के विपरीत ताजमहल प्रांगण स्थित है जो कि स्वयं एक खूबसूरत चारबाग़ है। यह उठे हुए खियाबानों( पैदल पथों) द्वारा चार मुख्य तथा फिर कुल सोलह वर्गाकार खण्डों में विभाजित है। इन खण्डों को फूलों की चादरों अर्थात पुष्पवाटिकाओं से आच्छादित किया जाता था। मुख्य मक़बरे एवं प्रवेशद्वार वाले मार्ग के बीच एक जलाशय का निर्माण किया गया था जो कि उत्तर- दक्षिण दिशा में कुछ इस प्रकार था कि इसके छिछले जल में ताजमहल की छाया स्पष्ट नज़र आती थी। इस जलाशय का नाम 'हौद-अल-कॉथर' रखा गया था जो कि क़ुरान से प्रेरित था।[15] इस उद्यान की खासियत यह है कि अन्य मुग़ल चारबागों की भाँति इसमें मुख्य इमारत केंद्र में नहीं है बल्कि बाग के अंतिम छोर पर स्थित है। महताब बाग की खोज के बाद यह अनुमान लगाया जाने लगा है कि सम्भवत: यमुना नदी इस उद्यान की योजना का एक अंग थी और स्वर्ग की कल्पित नदियों में से एक की भाँति शामिल की गई थी[16] और यह

11. *तुज़ुक-ए-जहाँगीरी*, अनु. रोजर्स, संपा. बेवरिज, रॉयल एशियाटिक सोसायटी लंदन (1909)।

12. अविजित, अंशुल(2012). *नर्सरी ऑफ हिस्ट्री: द एएसआई'ज एफर्ट्स टू रिस्टोर द ताजमहल्स फैबुलस मेडिवल गार्डेन बियरिंग फ्रूट, इंडिया टुडे वीकली मैगज़ीन।*

13. स्टुअर्ट,डेविड(2004). *क्लासिक गार्डेन प्लान्स*, फ्रांसिस लिंकन लि. ,पृ. 33 ।

14. अविजित, अंशुल(2012). *नर्सरी ऑफ हिस्ट्री: द एएसआई'ज एफर्ट्स टू रिस्टोर द ताजमहल्स फैबुलस मेडिवल गार्डेन बियरिंग फ्रूट, इंडिया टुडे वीकली मैगज़ीन।*

15. बीगले, वेन ई.(मार्च,1979)."*द मिथ ऑफ द ताजमहल एंड ए न्यू थ्योरी ऑफ इट्स सिम्बॉलिक मीनिंग*", द आर्ट बुलेटिन।

16. राईट, कैरेन(जुलाई,2000). "*वर्क इन प्रोग्रेस*",डिस्कवर मैगज़ीन।

बाग व महताब बाग असल में एक साझी योजना का भाग थे जिनका वास्तुविद भी एक ही व्यक्ति अली मर्दान था।[17] दोनों को साथ देखा जाए तो एक सम्पूर्ण चारबाग़ की आकृति उभर कर आती है जिसमें मुख्य भवन भी केंद्र में दिखाई देने लगता है।

1628 में बनकर तैयार हुए **एत्मादुद्दौला के मक़बरे** का मुगलकालीन स्थापत्य में विशेष स्थान है। यह पूर्णत: संगमरमर से बनी पहली मुगल इमारत थी जिसका निर्माण नूरजहाँ के पिता मिर्ज़ा गियास बेग अथवा एतमादुद्दौला की स्मृति में करवाया गया था। यह मक़बरा भी एक चारबाग़ के बीचोबीच स्थित है जिसे पैदल पथों व जलवाहिकाओं द्वारा कई वर्गाकार खण्डों में विभाजित किया गया है। यमुना के तट पर स्थित इस बाग का प्रवेशद्वार पूर्व की ओर है जबकि शेष दिशाओं में इसे दीवार से घेरा गया है। उत्तरी व दक्षिणी छोरों के मध्य अलंकृत प्रवेश मार्ग व घासयुक्त भूखण्ड हैं जबकि पश्चिम में एक बहुमंजिला पवेलियन बनाया गया था जहाँ से यमुना का शानदार नज़ारा दिखाई पड़ता था। उद्यान में पुष्पवाटिकाओं को उठे चबूतरों पर जबकि बड़े पेड़ों को किनारे दीवारों के साथ लगाया गया था ताकि पूरे प्रांगण व मुख्य इमारत का खुला एवं भव्य दृश्य उभर कर आ सके।

आगरा के ही पास सिकन्दरा में महानतम मुग़ल बादशाह अकबर की कब्रगाह है जिसका निर्माण जहाँगीर द्वारा करवाया गया था जो कि 1613-14 के आसपास जाकर पूर्ण हो सका।[18] माना जाता है कि इसके लिये जगह का चयन स्वयं अकबर ने अपने जीवनकाल में ही कर लिया था। मक़बरा दीवार से घिरे एक चारबाग़ में स्थित था जिसको लाल बलुआ पत्थर से निर्मित सेतुपथों द्वारा वर्गाकार उपखण्डों में बाँटा गया था। इस उद्यान में भी व्यवस्थित जलप्रबंधन देखने को मिलता है।[19] कालांतर में हुए जाट आक्रमण के चलते इस स्थान को काफी क्षतिग्रस्त हो गया जिसे ब्रिटिशकाल में ही कुछ सही करने का प्रयास हो पाया।

**कश्मीर:** मुग़लों ने अपने सबसे शानदार उद्यानों का निर्माण कश्मीर की खूबसूरत वादियों के बीच में करवाया था। कश्मीर से जहाँगीर को विशेष प्रेम था। वह यहाँ की प्राकृतिक छटा पर मंत्रमुग्ध था और चित्रकला प्रेमी होने के कारण यह स्थान उसके लिए कल्पनालोक के समान हो जाता था। यहाँ के ज्यादातर बगीचों को जहाँगीर व उसकी पत्नी नूरजहाँ के ही संरक्षण में स्थापित किया गया था। गर्मियों में मैदान की तपिश से राहत पाने के उद्देश्य से यह मुग़लों की पसंदीदा जगह थी, इसी कारण से संख्या के लिहाज़ से कश्मीर में सबसे ज्यादा बगीचे स्थापित कराये गये।

जबरवान पर्वतमाला के निचले भाग में डल झील के पूर्वी तट पर स्थित **निशात बाग** का निर्माण वर्ष 1633 में आसफ ख़ाँ द्वारा करवाया गया था।[20] कश्मीर घाटी में मौजूद यह सबसे बड़ा मुग़ल उद्यान है। 'निशात बाग' का शाब्दिक अर्थ 'प्रसन्नता अथवा आनंद का उद्यान' होता है[21] जो वास्तव में इस बगीचे पर बिल्कुल सटीक बैठता है।

इस उद्यान में भी यद्यपि मूल भवना स्वर्ग की कल्पनायुक्त चारबाग़ की ही थी लेकिन उच्चावच को देखते हुए कई बदलाव भी किये गये, जैसे पर्वतीय ढाल के अनुरूप अक्षीय प्रवाह प्रणाली को अपना ली गयी जिसमें पर्वतों से नीचे की ओर आता था। इसी कारण से बाग़ का स्वरूप आयताकार हो गया।[22] इसमें कुल बारह तल/टेरेस बनाये गये थे जो कि 12 राशियों का प्रतीक थे। बाग़ में अनेक वृक्ष

---

17. एलेन, जॉन(1958). *द कैम्ब्रिज शॉर्टर हिस्ट्री ऑफ इंडिया(प्रथम संस्करण)।*

18. *तुज़ुक-ए-जहाँगीरी*, अनु. रोजर्स, संपा. बेवरिज, रॉयल एशियाटिक सोसायटी लंदन(1909), पृ.152।

19. ब्रिटिश लाइब्रेरी ऑनलाइन गैलेरी, *द गार्डेन ऐट अकबर्स टॉम्ब, सिकन्दरा।*

20. विंडलॉस,जो; सिंह,सरीना (2007).*इंडिया:श्रीनगर*, लोनली प्लैनेट, पृ.353-354।

21..एम . ऑफ्द . 168-169।

22. उपरोक्त।

थे जिनमें साइप्रस एवं चिनार प्रमुख थे। आज भी बग़ीचे के समीप मुगलकालीन कई इमारतें दिख जाती हैं जो कि शेष रह गयी हैं।[23] इसी उद्यान में ही मुग़ल बादशाह आलमगीर द्वितीय की पुत्री शाहजादी ज़ोहरा बेगम की कब्र भी मौजूद है।

कश्मीर स्थित दूसरा मुख्य उद्यान **शालीमार बाग** है जिसका इतिहास छठी शताब्दी तक जाता है। राजा प्रवरसेन द्वितीय ने यहाँ एक भवन का निर्माण करवाया था। कालांतर में जैनुलआब्दीन ने यहाँ एक तटबंध का निर्माण करवाया ।जहाँगीर ने उद्यान के निचले भाग ( फरह बख़्श ) तथा शाहजहाँ ने बाद में इसी में ऊपरी भाग (फ़ैज़ बख़्श) का निर्माण चारबाग़ शैली में करवाया जो कि ज़नाना के भाग के रूप में जाना गया। यहाँ काले संगमरमर की एक बारादरी भी बनवाई गयी। इस उद्यान में कुल पाँच टेरेस हैं, जिनमे से निचले तीन दीवान–ए–आम हेतु जबकि ऊपरी दो दीवान–ए–ख़ास एवं ज़नाना हेतु थे। कश्मीर का मुकुट माना जाने वाला शालीमार उद्यान वैसे तो चारबाग़ के मूल सिद्धांतों पर ही निर्मित था पर यहाँ भी पर्वतीय स्थिति के चलते अक्षीय प्रवाहतन्त्र अपनाया गया था।[24] इसी वजह से इसका आकार भी आयताकार ही था। केंद्रीय प्रवाहिका 'शाहनहर' इस पूरी जल प्रणाली की धुरी थी जो कि तीन सीढ़ीदार टेरेसों से होकर बहती थी। इन टेरेस पर फ़व्वारे तथा किनारे पंक्ति में चिनार व साइप्रस रोपित किये गये थे।

शालीमार बाग अपने 'चीनीखानों' के लिये भी जाना जाता है जो वास्तव में बगीचे के झरनों के पीछे तरफ निर्मित मेहराबदार झरोखे थे जिनको रात में तेल के दियों के जरिये रौशन किया जाता था। ऐसे में झरने के पानी के पीछे जलते दीपकों का संयोग एक अद्वितीय नयनाभिराम दृश्य प्रस्तुत करता था।[25]

यहाँ जहाँगीर के समय निर्मित काले पवेलियन के सबसे ऊपरी तल पर ही अमीर खुसरो द्वारा रचित पङ्क्तियाँ अंकित हैं जो कालांतर में कश्मीर की सुंदरता की द्योतक बन गयीं ("गर फ़िरदौस बर–रुए ज़मीं अस्त, हमीं अस्तो हमीं अस्तो हमीं अस्त")।[26]

कश्मीर का **अचबल बाग** पहले से ही निर्मित एक उद्यान था जिसे नूरजहाँ ने 1620 ई. में पुनर्निर्मित करवाया और एक भव्य बगीचे में परिवर्तित कर दिया। बगीचे का मुख्य आकर्षण इसका झरना है जो एक जलाशय में बहकर गिरते हुए आकर्षक दृश्य उत्पन्न करता है। यह उद्यान एक विशेष जलस्रोत/चश्मे के लिये भी जाना जाता है जिसे बृंगी नामक एक स्थानीय नदी का पुनर्प्रकटीकरण माना जाता है जो कि वानी दिवलगाम नामक गाँव के पास पहाड़ी दरारों में कहीं विलुप्त हो जाती है।[27]

शाही मुगल उद्यानों में कश्मीर में सबसे छोटा **चश्मेशाही बाग** है। इसका निर्माण अली मर्दान ख़ाँ द्वारा 1632 ई. के लगभग एक प्राकृतिक चश्मे के पास कराया गया था।[28] इसमें तीन टेरेसों का निर्माण किया गया था जिनसे होकर बहता चश्मे का पानी सुन्दर दृश्य उत्पन्न करता है। पहली टेरेस पर एक दुमंजिली कश्मीरी झोपड़ी बनायी गयी थी जहाँ से इस चश्मे का उद्भव होता था। दूसरी टेरेस पर एक जलाशय था जिसके मध्य में एक फव्वारा लगा हुआ था। यहाँ से बहता हुआ जल एक रैम्प के जरिये तीसरे टेरेस पर जाता था जो असल मे एक पाँच फ़व्वारे वाला वर्गाकार जलाशय था और प्रवेशद्वार के सबसे समीप स्थित था।[29] [30]

---

23. प्लम्पटर, जॉर्ज(1993). *द वाटर गार्डेन,* पृ. 38-39।

24. *शालीमार गार्डन्स इन श्रीनगर,* आर्कनेट.ओआरजी (25 दिसम्बर 2009)।

25. *हिस्ट्री ऑफ शालीमार बाग*(2009), सर्चकश्मीर.ओआरजी ।

26. कौसर, सज्जाद (2005). *मीनिंग ऑफ मुगल लैण्डस्केप,* पृ.1 ।

27. कौल, पंडित आनंद (1935). *आर्कियोलॉजिकल रिमेन्स इन कश्मीर,* पृ.94।

28. मूर,चार्ल्स डब्ल्यू. ;मिशेल,विलियम जे. ;टर्नबुल, विलियम (1993). *द पोएटिक्स ऑफ गार्डेन,* एमआईटी प्रेस, पृ.167 ।

29. *आर्किटेक्चर ऑफ चश्मेशाही*(2012), आर्कनेट. ओआरजी।

30. *कश्मीर वर्सेज पर्शियन इंफ्लुएंस ऑन कश्मीरी आर्ट*(2012), ईरानिका ऑनलाइन।

इस उद्यान का निर्माण शाहजहाँ ने अपने बड़े बेटे दाराशिकोह के लिये करवाया था जहाँ वह ज्योतिष विज्ञान का अध्ययन किया करता था।[31]

चश्मेशाही के ही निकट श्रीनगर के पश्चिमी भाग में **परी महल** स्थित है जिसको दाराशिकोह के लिये एक पुस्तकालय एवं आवास के रूप में वर्ष 1650 में बनवाया गया था।[32] दारा यहाँ ज्योतिष एवं अंतरिक्ष विज्ञान का अध्ययन किया करता था। इस स्थान का उपयोग वेधशाला के रूप में भी किया जाता था। दारा की पत्नी नादिरा बेगम अथवा परी बेगम के नाम पर ही इसका नाम परी महल रखा गया था। उद्यान में 6 टेरेस तथा गुम्बदाकार छतों वाले दो पवेलियन बनाये गये थे। उद्यान में जल का प्रबन्ध एक समीपवर्ती जलस्रोत से पाइप के माध्यम से होता था।

**वेरीनाग** एक अष्टभुजाकार पवेलियन से घिरे जलाशय वाला जहाँगीरकालीन उद्यान था जो कि उस प्राकृतिक जलस्रोत के चारों ओर बनाया गया था जिसे झेलम नदी के उद्गम से सम्बद्ध किया जाता है। पवेलियन व जलाशय का निर्माण ईरानी कारीगरों द्वारा किया गया था। शाहजहाँ द्वारा इस पवेलियन से लगे चारबाग़ प्रकार के आयताकार उद्यान के बीचोबीच एवं चारों ओर नहरों का निर्माण करवाया गया, साथ ही सीढ़ियाँ भी बनवायी गयीं। तीन सौ गज लम्बाई वाली केंद्रीय नहर जो कि प्राकृतिक चश्मे से बने जलाशय से जल प्राप्त करती है, आगे जाकर बीहट नदी में मिल जाती है। उद्यान के पूर्व में गर्म व शीत स्नानगृह भी बनवाये गये थे। जहाँगीर को यह स्थान इतना प्रिय था कि उसने मरने के बाद यहीं पर दफनाये जाने की इच्छा व्यक्त की थी, हालांकि यह पूरी न हो सकी।[33] समकालीन स्रोतों में आइन–ए–अकबरी में वेरीनाग को अद्वितीय सुंदरता वाला एक ऐसा स्थान बताया गया है, जिसके जलस्रोत की गहराई का मापन करना लगभव असंभव है।[34] जहाँगीर भी अपनी आत्मकथा में विस्तार से लिखते हुए बताता है कि उसने इस स्थान की जाँच पड़ताल करवाने के बाद यहाँ पर निर्माण कार्य करने के आदेश दिये तथा एक ऐसे खूबसूरत स्थान का निर्माण करवाया कि पूरी दुनिया का भ्रमण करने वाले यात्री भी ऐसे किसी दूसरे स्थान की मिसाल न दे पायें।[35]

**दिल्ली:** दिल्ली पिछले एक हज़ार वर्षो में भारत का सबसे प्रमुख नगर रहा है। ऐसे में मुग़लों के समय भी इसकी महत्ता निरन्तर बढ़ती रही। यहाँ भी कई चारबागों की स्थापना मुग़ल बादशाहों अथवा उनके अधीनस्थों द्वारा करवायी गयी। हालाँकि दुर्भाग्यवश अब ज्यादातर उद्यान अपने वास्तविक स्वरूप को खो चुके हैं और खण्डहरों में तब्दील हो गये हैं। दिल्ली स्थित **हुमायूँ का मक़बरा** भव्य मुग़ल इमारतों की कड़ी में प्रथम माना जा सकता है जो आगे चलकर ताजमहल की रूपरेखा के लिये प्रेरणास्रोत भी बना। यह एक चारबाग के केंद्र में स्थित है। दक्षिण एशिया में इस प्रकार का इतने बड़े पैमाने पर बनाया गया यह पहला चारबाग़ शैली का बगीचा था जो कि लगभग तीस एकड़ भूमि में विस्तृत था। अत्यधिक ज्यामितीय गणना पर आधारित इस उद्यान को पैदलपथों(खियाबान) एवं दो परस्पर काटती केंद्रीय नहरों द्वारा चार प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है जो कि ज़न्नत की कल्पना में वर्णित चार नदियों जैसा दृश्य उत्पन्न करने का एक प्रयास था। ये चारों भाग पुन: कई उपखण्डों में विभाजित थे और इस प्रकार कुल वर्गाकार भागों की संख्या यहाँ छत्तीस हो जाती है। मुख्य जलवाहिका केन्द्र में स्थित मुख्य मक़बरे के नीचे से होकर इस प्रकार गुजरती थी कि मानो वहाँ अदृश्य

---

31. पराशर, परमानंद (2004). *कश्मीर द पैराडाइज ऑफ इंडिया*, पृ. 230 ।

32. अग्रवाल, एस. पी.(1995). *मॉडर्न हिस्ट्री ऑफ जम्मू एंड कश्मीर: एनशिएंट टाइम्स टू शिमला एग्रीमेंट*, पृ.10 ।

33. कौल, पंडित आनंद (1935). *आर्कियोलॉजिकल रिमेन्स इन कश्मीर*, पृ.98 ।

34. फ़ज़ल, अबुल ,*आइन-ए-अकबरी* (अनु. जैरेट), ख.II, पृ.361, एशियाटिक सोसायटी बंगाल (1891) ।

35. *तुज़ुक-ए-जहाँगीरी*, अनु. रोजर्स, संपा. बेवरिज, पृ.92, रॉयल एशियाटिक सोसायटी लंदन (1909)।

हो गयी हो और पुन: मक़बरे के पीछे उसी पंक्ति में उद्भूत हो जाती थी।[36] यह क़ुरान में वर्णित कल्पना के बिल्कुल अनुरूप था। बाग़ तीन ओर से ईंट-पत्थर की दीवारों से घिरा था तथा चौथी दिशा में यमुना नदी प्रवाहित होती थी जो अब काफी दूर जा चुकी है।

केंद्रीय पैदल पथ दो द्वारों पर जाकर समाप्त होते थे जिनमें से मुख्य वाला दक्षिणी दीवार तथा दूसरा छोटा वाला पश्चिमी दीवार पर स्थित थे। दक्षिणी द्वार का उपयोग मुगल काल में किया जाता था जो कि अब बंद रहता है। पूर्वी दीवार पर एक बारादरी का निर्माण किया गया था जो कि असल में 12 दरवाजे वाला एक पवेलियन था, जिसमें ताजी हवा के सुचारू प्रवाह की दृष्टि से रूपरेखा बनाई गई थी। उत्तरी दीवार पर एक हमाम अर्थात स्नानगृह का निर्माण किया गया था।[37]

इसी कड़ी में **रौशनआरा बाग** का नाम उल्लेखनीय है जिसका निर्माण शाहजहाँ की पुत्री रौशनआरा द्वारा 1650ई. के आसपास करवाया गया था जहां उसे मृत्यु के बाद 1671 ई. में दफन भी किया गया। उद्यान में एक नहर का निर्माण किया गया था जो थोड़ी सी उठी हुई थी। इसके दोनों ओर पुष्पयुक्त पौधों की कतारें लगाई गई थी। कालांतर में यहां रौशनआरा कि स्मृति में एक संगमरमर के पवेलियन का निर्माण भी कराया गया। इसी के केंद्र में रौशनआरा की क़ब्र स्थित है।

दिल्ली में ही स्थित **तालकटोरा बाग** भी एक मुगलकालीन चारबाग़ शैली का उद्यान था। यह 'ताल' अर्थात एक जलाशय एवं 'कटोरा' अर्थात दिल्ली कटक के निचले भाग के चलते प्राकृतिक रूप से बनी कटोरे जैसी आकृति के कारण तालकटोरा कहलाता है।[38]यद्यपि जलाशय अब विलुप्त हो चुका है फिर भी बाग के उत्तरी पश्चिमी छोर पर एक लंबी दीवार एवं गुंबदाकार अष्टभुजाकार पवेलियन दोनों छोरों पर मौजूद है। यह उस समय सेतुबंध के रूप में काम करते थे और वर्षा का जल रोककर जलाशय की ओर लौटाते थे। इस स्थान का उपयोग मराठा सेना द्वारा दिल्ली के युद्ध (1736-37) में सेना का शिविर लगाने के लिए किया गया था।[39]

एक अन्य उद्यान दिल्ली में ही मुख्य राजधानी से कुछ दूरी पर जीटी रोड के समीप स्थित है शाहजहां की पत्नी अजीज़-उन-निशा द्वारा निर्मित कराया गया था, उसके नाम पर ही आजिज़ाबाद कहा जाता था। इसे ही दिल्ली का शालीमार बाग भी कहा जाता है। बहुत से विद्वान मानते हैं कि शाहजहाँ ने ही इसकी नींव रखी थी। इस स्थान का महत्व इस लिहाज से काफी अधिक है कि यही वह स्थान है जहां पर उत्तराधिकार युद्ध में विजयी हुए औरंगज़ेब ने 1658 ई. में खुद को बादशाह घोषित किया था।[40] इसमें एक शीश महल एवं पुष्पवाटिका का निर्माण कराया गया था जो कि एक जलाशय के साथ निर्मित थे।

दिल्ली में ही निर्मित **सफदरजंग के मकबरे** का उद्यान भी मुगल चारबाग शैली का ही एक उदाहरण है। यद्यपि इसका निर्माण मुगलों ने नहीं बल्कि अवध के नवाब शुजाउद्दौला द्वारा बादशाह से अनुमति माँगकर करवाया गया था। उद्यान की रूपरेखा वर्गाकार थी जो चार बड़े वर्गाकार भागों में पैदलपथों और जलाशयों के माध्यम से पुन: अनेक छोटे उपखण्डों में विभाजित था। यह आकृति में हुमायूँ के मकबरे से मिलता-जुलता हुआ माना जा सकता है, किंतु आकार में उससे काफी छोटा है। यहाँ स्थित मुख्य जलप्रवाहिका प्रवेश द्वार की तरफ जाती थी, जबकि बाकी तीनों प्रवाहिकायें पवेलियनों की ओर प्रवाहित होती थीं। बीच में स्थित मकबरा जिस चबूतरे पर निर्मित है उसकी लंबाई प्रत्येक दिशा में लगभग 50 मीटर थी।[41] दीवारें पत्थरों से बनायी गयी थीं तथा अंदर की ओर मेहराबदार ताकों से युक्त थीं। पूर्वी दिशा में एक खूबसूरत भव्य द्वार निर्मित किया गया था, जिससे जुड़े हुए कई कक्ष, एक मस्जिद तथा प्रांगण भी

---

36. मूर,चार्ल्स डब्ल्यू. ;मिशेल,विलियम जे. ;टर्नबुल, विलियम (2000). *द पोएटिक्स ऑफ गार्डेन*, एमआईटी प्रेस, पृ.17 ।

37. टर्नर, टॉम(2005). *गार्डेन हिस्ट्री: फिलॉसॉफी एंड डिजायन*, पृ.163 ।

38. *मुग़ल एरा लिंक टू स्वैंकी स्टेडियम इन हार्ट ऑफ कैपिटल*, हिंदुस्तान टाइम्स, 30 मार्च 2013 ।

39. छाबड़ा, जी.एस. , *एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया (खण्ड 1, 1707-1803) ।*

40. *द मुग़ल शालीमार गार्डेन्स नार्थ ऑफ देलही*, ब्रिटिश लाइब्रेरी ऑनलाइन गैलेरी, 26 मार्च 2009 ।

41. बत्रा, रवि(2012), *द स्प्लेंडर ऑफ लोदी रोड: माय ब्रश विद हेरिटेज*, टेरी प्रेस।

बनाए गए थे। शेष दिशाओं में पवेलियनों को स्थान दिया गया जिन्हें जंगली महल (पश्चिमी), मोती महल(उत्तरी) एवं बादशाह पसंद (दक्षिणी) कहा जाता था। नवाब का परिवार इन्हीं में निवास किया करता था।[42]

**अन्य उद्यान:** चारबाग़ शैली के कुछ अन्य मुग़ल बगीचों की चर्चा की जाए तो इसमें वर्तमान पाकिस्तान स्थित पंजाब के हसन अब्दाल में मौजूद **बाग़-ए-वाह** का जिक्र किया जा सकता है जो कि एक अकबरकालीन उद्यान था। अकबर के नवरत्नों में से एक राजा मानसिंह को इसके निर्माण का श्रेय दिया जाता है।[43] उसकी नियुक्ति 1581 से 1586 ई. मध्य इस क्षेत्र में बाह्य आक्रमण रोकने के उद्देश्य से की गयी थी। काबुल जाते समय मार्ग में जहाँगीर यहाँ पर 1607 ई. में ठहरा था। वह लिखता है कि 1016 हि. को वह बाबा हसनअब्दाल में रुका।[44]वहाँ से दो मील की दूरी पर उसको एक झरने का पता चला। आगे वह झरने के पानी और उससे निर्मित जलाशय में मछलियों के बारे में लिखता है। जहाँगीर वहाँ तीन दिन रुका और मछलियाँ भी पकड़ीं जिनको उनकी नाक में मोती लगाकर वापस पानी में वापस छोड़ दिया गया।[45] शाहजहाँ भी काबुल जाते वक़्त 1639 ई. में यहाँ रुका था और उसने उद्यान में इमारतों के पुनर्निर्माण का आदेश दिया। अहमद लाहौरी नामक प्रसिद्ध वास्तुविद ने इसकी रूपरेखा बनायी तथा चारबाग़ सिद्धांतों के अंतर्गत ही अगले दो वर्षों तक इसमें बाग, महलों व सरायों के निर्माण का कार्य होता रहा। लाहौरी ने यहाँ बारह सुंदर द्वारों का निर्माण करवाया तथा नहरों व झरनों की सुंदर व्यवस्था की। गर्म एवं ठण्डे जल वाले सुंदर स्नानगृह भी बनाये गये तथा उनकी अंदरूनी दीवारों को पलस्तर पर फूल-पत्तियों की आकृति से सुसज्जित किया गया।

लाहौर स्थित **शहादरा बाग़** चारबाग का एक शानदार उदाहरण है। इसकी स्थापना रावी नदी के तट पर की गयी थी। मुगलकाल में शहादरा को लाहौर का प्रवेशद्वार माना जाता था। यहाँ पर जहाँगीर के प्रसिद्ध मक़बरे के साथ-साथ अकबरी सराय, नूरजहाँ का मक़बरा, आसफ ख़ाँ का मक़बरा तथा कामरान की बारादरी जैसी इमारतें भी अलग-अलग समय पर निर्मित की गयीं। बगीचा स्वर्ग उद्यान की फ़ारसी कल्पना को आधार बनाता हुआ निर्मित है जहाँ दो आपस में काटती नहरें एवं पैदलपथों(खियाबान) के द्वारा सम्पूर्ण बाग को चार बड़े वर्गाकार खण्डों में विभाजित किया गया। इस चतुष्कोणीय उद्यान की लम्बाई प्रत्येक दिशा में लगभग पाँच सौ मीटर है।[46]

लाहौर में ही स्थित एक अन्य उद्यान **शालीमार बाग** जिसे कश्मीर स्थित शालीमार बाग से ही प्रेरित होकर माना जाता है, का निर्माण शाहजहाँ द्वारा 1641-42 ई. के आसपास करवाया गया था। ये वह दौर था जिस समय मुग़ल सौंदर्य की कल्पना, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं भव्यता अपने चरम पर थे[47] और इस उद्यान में भी इसके दर्शन होते हैं। यह उद्यान ज़न्नत के बाग की उस मानवीय कल्पना को हक़ीक़त में उतारने का एक शानदार प्रयास था जिसमें मनुष्य सभी अन्य प्राकृतिक तत्वों के साथ सहिष्णुता के साथ निवास करते हों।[48]

तीन भागों में विभाजित इस बाग के सबसे दक्षिणी भाग में ऊपरी टेरेस निर्मित था जो हरम के लिये आरक्षित था। मध्य वाले भाग में निर्मित टेरेस बादशाह के लिये होता था जो कि एक संकरा आयताकार किंतु सबसे प्रमुख हिस्सा था जहाँ उद्यान का केंद्र

---

42. उपरोक्त।

43. शिमेल, एनमेरी (2004). *द एम्पायर ऑफ द ग्रेट मुगल्स: हिस्ट्री, आर्ट एंड कल्चर*, पृ.295 ।

44. *तुज़ुक-ए-जहाँगीरी*, अनु. रोजर्स, संपा. बेवरिज, रॉयल एशियाटिक सोसायटी लंदन (1909)।

45. उपरोक्त।

46. वुलमैन, जोशिम; वेस्कॉट, जेम्स एल.(1996) *मुग़ल गार्डेन्स:सोर्स, प्लेसेज, रिप्रेजेंटेशन एंड प्रोस्पेक्ट्स।*

47. *फोर्ट एंड शालीमार गार्डेन्स इन लाहौर*(2017), यूनेस्को।

48. रहमान, अब्दुल(2009). *"चेंजिंग कॉन्सेप्ट्स ऑफ गार्डेन डिजायन इन लाहौर फ्रॉम मुग़ल टू कंटेम्परेरी टाइम्स".गार्डेन हिस्ट्री,* पृ.205-217, □□□□□ ।

स्थित था। सबसे निचला वाला टेरेस जो उद्यान के प्रवेश द्वार से सम्बद्ध था, कभी-कभी आम जनता के लिये खोला जाता था।[49] प्रत्येक दो टेरेस के बीच ऊँचाई में लगभग पन्द्रह फ़ीट का अंतर होता था। पहले व तीसरे टेरेस वर्गाकार थे जिन्हें पैदलपथों के जरिये छोटे-छोटे कई वर्गाकार खण्डों में विभाजित किया गया था तथा इनमें फव्वारों को इस प्रकार से क्रम में सजाया गया था कि बाग का एक नयनाभिराम दृश्य उत्पन्न किया जा सके।[50] बीच वाले टेरेस में चौड़ी सुंदर सीढ़ियाँ बनायी गयी थीं जिनसे होकर जल प्रवाहित हुआ करता था और एक जलाशय में एकत्रित होता था। इस जलाशय के ठीक ऊपर एक पवेलियन बैठने के लिहाज से निर्मित किया गया था। उद्यान में सेव, खुबानी, चेरी, आम, पॉपलर, साइप्रस, अनार, पीच इत्यादि वृक्षों की अनेक कतारें रोपित की गयी थीं। वर्तमान में यह बगीचा यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की सूची में शामिल है।

आज के हरियाणा के पंचकुला के क्षेत्र में स्थित **पिंजौर बाग** को मुग़लकालीन उद्यानों की ही श्रेणी में शामिल किया जाता है। हिमालय के गिरिपदों में अवस्थित इस उद्यान को औरंगज़ेब के ग्रीष्म एकांतवास की दृष्टि से बनाया गया था।[51] श्रीनगर के शालीमार बाग की तर्ज़ पर बने इस बाग को सात टेरेसों के सहारे बनाया गया था जिनमें से पहला व सबसे ऊँचा टेरेस प्रवेशद्वार से जुड़ा था, साथ ही इस पर मुगल-राजपूत शैली में एक शीशमहल भी बनाया गया था[52] जो कि एक हवामहल से भी जुड़ा हुआ था। दूसरे टेरेस पर मेहराबदार द्वारों वाला एक रंगमहल निर्मित था। तीसरे टेरेस पर एक पुष्पयुक्त क्यारी थी जिसके साथ में साइप्रस वृक्षों की कतारें लगायी गयी थीं। अगले टेरस पर एक जलमहल था जिसमे एक वर्गाकार चबूतरे पर एक फव्वारा स्थापित था। अगले टेरेस में फव्वारों व वृक्षों का क्रम था तथा सबसे निचले टेरेस में एक तश्तरीनुमा खुला हवादार थियेटर निर्मित किया गया था।

उपरोक्त अध्ययन के उपरांत यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि पूरे मुगल सम्राज्य में बागों की एक समृद्ध परम्परा विद्यमान थी। अन्य अनेक उद्यानों जैसे बाबर का काबुल निर्मित बाग हो या फिर ढाका में मोहम्मद आज़म द्वारा शुरू कराया गया लालबाग हो अथवा इलाहाबाद स्थित बदनसीब मुग़लों की क़ब्रगाह खुसरो बाग़ हो, सभी में उद्यान निर्माण की मुग़लिया शैली की झलक स्पष्टतया दिखायी पड़ती है। मुग़ल बगीचे न केवल स्थापत्यकला के अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं बल्कि यह प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति मुग़लों के प्रेम का भी प्रकटीकरण करते हैं। इनका एक अन्य पहलू यह भी था इन उद्यानों के ही माध्यम से हिंदुस्तान में अनेक ऐसी प्रजातियों के पेड़-पौधों का आगमन हुआ जो पहले भारत में नहीं पाये जाते थे। अखमनी साम्राज्य के सायरस महान के मक़बरे से प्रारम्भ हुई यह चारबाग़ शैली जो पश्चिमी एशिया से होती हुई हिंदुस्तान आयी और मुग़लों के अधीन अपने सौंदर्य, भव्यता एवं ज्यामितीय कुशलता के चरम पर पहुँच गयी। अंत में अमीर खुसरो की ही उन प्रसिद्ध पंक्तियों को मुग़ल उद्यानों के बारे में दुहराकर बात समाप्त की जा सकती है जिनके अनुसार 'धरती पर अगर कहीं स्वर्ग है तो वह यहीं है', इन खूबसूरत बगीचों में।

## सन्दर्भ सूची :


1. कार्नेल, विन्सेंट जे. (2007). *वॉइसेज ऑफ इस्लाम: वॉइसेज ऑफ आर्ट, ब्यूटी एंड साइंस ।*
2. डेविसन, रॉबर्ट (1973). *जेनेसिस* 1-11 ,कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस।
3. हुदा, "*हैवेन इन द क़ुरान*", *लर्न रिलीजन्स,* (1 अक्टूबर 2018)।
4. हॉबहाउस, पेनलोप(2004), *द गार्डेन्स ऑफ पर्शिया ।*
5. बेगड़े, प्रभाकर(1978). *एनशिएंट एंड मेडिवल टाउन प्लानिंग इन इंडिया,* सागर प्रकाशन।
6. *बाबरनामा, अनु. बेवरिज,* लुज़ाक़ एंड कं. (1922) ।


49. उपरोक्त।

50. शिमेल, एनमेरी (2004). *द एम्पायर ऑफ द ग्रेट मुगल्स: हिस्ट्री, आर्ट एंड कल्चर,* पृ.295 ।

51. अशर, कैथरीन बी, *आर्किटेक्चर ऑफ मुगल इंडिया, भाग 1, ख.4* ,पृ. 272 ।

52. हरियाणा संवाद पत्रिका, अक्टूबर 2018 ।

7. डिकी,जेम्स , द *मुग़ल गार्डन* ।

8. फातिमा, सदफ(2012). *वाटरवर्क्स इन मुग़ल गार्डेन्स, प्रोसीडिंग्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस।*

9. खैराबादी, मसूद(1991). *ईरानियन सिटीज: फार्मेशन एंड डेवलपमेंट,* यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास प्रेस।

10. आगरा अगेन इन ब्लूम",डब्ल्यूएमएफ.ओआरजी, वर्ल्ड मॉन्यूमेंट्स फण्ड (4 जनवरी 2019)।

11. *तुज़ुक-ए-जहाँगीरी,* अनु. रोजर्स, संपा. बेवरिज, रॉयल एशियाटिक सोसायटी लंदन (1909)।

12. अविजित, अंशुल(2012). *नर्सरी ऑफ हिस्ट्री: द एएसआई'ज एफर्ट्स टू रिस्टोर द ताजमहल्स फैबुलस मेडिवल गार्डेन बियरिंग फ्रूट, इंडिया टुडे वीकली मैगज़ीन।*

13. स्टुअर्ट,डेविड(2004). *क्लासिक गार्डेन प्लान्स,* फ्रांसिस लिंकन लि.।

14. बीगले, वेन ई.(मार्च,1979)."द *मिथ ऑफ द ताजमहल एंड ए न्यू थ्योरी ऑफ इट्स सिम्बॉलिक मीनिंग*", द आर्ट बुलेटिन।

15. राईट, कैरेन(जुलाई,2000). "*वर्क इन प्रोग्रेस*",डिस्कवर मैगज़ीन।

16. एलेन, जॉन(1958). द *कैम्ब्रिज शॉर्टर हिस्ट्री ऑफ इंडिया( प्रथम संस्करण) ।*

17. द *गार्डेन ऐट अकबर्स टॉम्ब, सिकन्दरा* ,ब्रिटिश लाइब्रेरी ऑनलाइन गैलेरी।

18. विंडलॉस,जो; सिंह,सरीना (2007).*इंडिया.श्रीनगर,* लोनली प्लैनेट।

19. स्टुअर्ट,सी.एम.विलियर्स, *गार्डेन्स ऑफ द ग्रेट मुगल्स।*

20. प्लम्पटर, जॉर्ज(1993). द *वाटर गार्डेन* ।

21. *शालीमार गार्डन्स इन श्रीनगर,* आर्कनेट.ओआरजी (25 दिसम्बर 2009)।

22. *हिस्ट्री ऑफ शालीमार बाग*(2009), सर्चकश्मीर.ओआरजी ।

23. कौसर, सज्जाद (2005). *मीनिंग ऑफ मुग़ल लैण्डस्केप ।*

24. कौल, पंडित आनंद (1935). *आर्कियोलॉजिकल रिमेन्स इन कश्मीर,* पृ.94।

25. मूर,चार्ल्स डब्ल्यू. ;मिशेल,विलियम जे. ; टर्नबुल, विलियम (1993). द *पोएटिक्स ऑफ गार्डेन,* एमआईटी प्रेस, पृ.167 ।

26. *आर्किटेक्चर ऑफ चश्मेशाही*(2012), आर्कनेट. ओआरजी।

27. *कश्मीर वर्सेज पर्शियन इंफ्लुएंस ऑन कश्मीरी आर्ट*(2012), ईरानिका ऑनलाइन।

28. अग्रवाल, एस. पी.(1995).*मॉडर्न हिस्ट्री ऑफ जम्मू एंड कश्मीर: एनशिएंट टाइम्स टू शिमला एग्रीमेंट,* पृ.10 ।

29. पराशर, परमानंद (2004). *कश्मीर द पैराडाइज ऑफ इंडिया,* पृ. 230 ।

30. फ़ज़ल, अबुल ,*आइन-ए-अकबरी* (अनु. जैरेट), ख.II, पृ.361, एशियाटिक सोसायटी बंगाल (1891) ।

31. टर्नर, टॉम(2005). *गार्डेन हिस्ट्री:फिलॉसॉफी एंड डिजायन,* पृ.163 ।

32. *मुग़ल एरा लिंक टू स्वैंकी स्टेडियम इन हार्ट ऑफ कैपिटल,* हिंदुस्तान टाइम्स, 30 मार्च 2013 ।

33. छाबड़ा, जी.एस. , *एडवांस्ड स्टडी इन द हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया (खण्ड 1, 1707-1803) ।*

34. द *मुग़ल शालीमार गार्डेन्स नार्थ ऑफ देलही,* ब्रिटिश लाइब्रेरी ऑनलाइन गैलेरी।

35. बत्रा, रवि(2012), द *स्प्लेंडर ऑफ लोदी रोड: माय ब्रश विद हेरिटेज,* टेरी प्रेस।

36. शिमेल, एनमेरी (2004). द *एम्पायर ऑफ द ग्रेट मुगल्स: हिस्ट्री, आर्ट एंड कल्चर,* पृ.295।

37. वुलमैन, जोशिम; वेस्कॉट, जेम्स एल.(1996) *मुग़ल गार्डेन्स:सोर्स, प्लेसेज, रिप्रेजेंटेशन एंड प्रोस्पेक्ट्स।*

38. *फोर्ट एंड शालीमार गार्डेन्स इन लाहौर*(2017), यूनेस्को।

39. रहमान, अब्दुल(2009)."*चेंजिंग कॉन्सेप्ट्स ऑफ गार्डेन डिजायन इन लाहौर फ्रॉम मुग़ल टू कंटेम्परेरी टाइम्स".गार्डेन हिस्ट्री,* पृ.205-217, JSTOR ।

40. अशर, कैथरीन बी, *आर्किटेक्चर ऑफ मुगल इंडिया, भाग 1, ख.4* ,पृ. 272 ।

41. हरियाणा संवाद पत्रिका, अक्टूबर 2018 ।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# India-Indonesia Relation

**Surya Bhan Prasad**
**Associate Professor, Department of Political Science, M.G.K. Vidyapith, Varanasi, Uttar Pradesh**

**Abstract** - The area of Indonesia is 1904569 square kilometer, the number of islands in this continental country is about 17508. In which there is a population of 6000 islands, The five main islands are Java, Sumatra, Kali Martan, Sulawesi and Iripan Jaya. Its capital is Jarkata, whose ancient name is Barbia. Due to these islands, the country is a major center of maritime strategic power and international trade. The population here is populated by relocation and conquest of foreigners. The present size of this country is determined by the Dutch East Indies Company. India and Indonesia relations are very important for both countries.
Key Words : Indonasia & India's comprative study.

**Introduction**- Indonesia is a neighbor of India connected by the Andaman Sea. Relations between India and Indonesia go back two million years. Here Javanese human remains are 1.5 million years old. The Austronesian people who are in the majority here are originally from Taiwan and who reached Indonesia in 2000 BC. The Kashi Vijay Empire of the 7th century, which was a water power, was influenced by Hinduism and Buddhism. The rise and fall of the Mataram Empire related to Hindu culture, the Shailendra Empire, which was full of Buddhism, took place in Java. The last non-Muslim Hindu kingdom here was the Majapahit kingdom, which had influence over the whole of Indonesia in the 13th century. Islam religion entered here around the 13th century, and by the 16th century, the whole of Indonesia was influenced by Islam.

Europeans started coming here in the 15th century and the Dutch established the Dutch East India Company in 1602 AD, which became a famous European power by 1610 AD. After ending Dutch East India in 1800 AD due to scandal, Netherlands established the Dutch-East Indies Company under the government in the beginning of 20th century. The current borders of Indonesia are determined by the Dutch. During the Second World War, when Japan took over here in 1942-45, the Dutch rule ended. During this time the freedom movement also started here. In August 1945, two days after the surrender of Japan, national leader Surkan declared independence and declared himself independent and became the President. The Netherlands again tried to establish rule here, but national and international pressure recognized Indonesia's independence in December 1949. On 17 August 1950, Indonesia became a republic and Dr. Surkano became the President. When Indonesia held a referendum in East Timor in 1999, the people there voted in favor of independence.

The Indian Foreign Policy Bandung Conference is important because the conference held here in April 1955 not only influenced the relations between India, China and Indonesia, but also affected the entire world and the world. This conference shook Nehru's foreign policy. In April 1955, when Indonesia did not want to invite China to the Bandug Nagar Asho-Afre conference, but invited China on the insistence of Nehru. This

was an expression of the intensity of Indo-China relations, but in the end this conference proved to be unfavorable for India. Because Nehru considered himself superior to Chow-en-lai, which Chau-en-lai did not like and the result of which is the war of 1962, in which we lost and China's superiority was established.

Early human remains have been found in Indonesia. The remains of Homo erectus here are famous as Java man, which was discovered by the Dutch metaphysicist Eugene Dubois. After this, the remains of Javanese human were found in other places as well. In 2003 AD, the remains of Flores human have also been found. Flores was on the island about 1200 BC before the modern-day Homo Soviet-era humans. After this it reached other islands here. The Dagson culture and the Buchi culture were prevalent here. Buni culture was prevalent here from 400 BC to 100 BC. Buni culture was prevalent in the state of Turumnagara which was an early Hindu state.

Peace of other countries of South East Asia Indonesia was also influenced by Indian culture. In the early epic Ramayana of India, it is described that the head of Lord Shri Ram's army, Sugriva had sent his expedition to Java in search of Sita. The most prosperous and inhabited island among the various islands of Indonesia, whose ancient name was Yavadweep was the knowledge of its history begins when an Indian colony was established there, whose capital was Nagpuram, in Java the first century Ganesh established a Hindu kingdom. In the second century BC, the king of Bhavadweep was Devvarman, who in 132 AD sent his ambassador to the court of the emperor of China. Four inscriptions written from Sanskrit language have been found in West Java, which date back to the sixth century. The famous Chinese traveler Fahyan was returning from India in the state of Java around 414 AD, in which 200 Indian merchants were with him in the ship from which he landed. Indian colony was established in the 15th century in the island of Bali, near Java. In 518 AD, the Indian king there also sent a messenger to the army of the Chinese emperor.

In the fourth century, an Indian colony was established in Sumatra, which was named Sri Vijay. The main credit for the propagation of Buddhism in this region goes to Gunavarman, who preferred to be a beggar than to become the king of Kashmir and went to Java and propagated Buddhism. During the time of the Absadi Caliphate, Muslim traders brought a large number of Muslim traders to North Sumatra in the 13th century for the spice trade. In the 15th century, a large number of Muslim merchants came here and started promoting Islam along with the trade of religion, but the result was that Buddhism was the end of the mythological religion. In the 16th century, the Portuguese started traveling to the islands of Indonesia. At this time, two small kings who believed in Islam used to fight among themselves. Which was taken advantage of by the Portuguese and the Portuguese succeeded in establishing political dominance with their trade. In 1511 AD, the Portuguese did not conquer the Malacca Strait, which was very important from the commercial point of view. The Portuguese made it the center of major maritime power by converting the Malaska Strait into a fortress. In the 17th century the Dutch of Holland started coming to the islands of S.E.A. and in 1605 AD the Dutch conquered the island of Amboyna and in 1641 AD the Dutch. The Portuguese won the Straits of Malacca and the Dutch were now eager to establish their political dominance here. Therefore, the Dutch Company started a political flourishing by making Batelia of Java its base and in the name of protecting its business interests, by taking advantage of the political weakness of the rulers and their mutual quarrels, established their political dominance. In the last part of the 18th century. The French Revolutionary Revolution took place and the French revolutionary armies occupied Holland and this government ended the

Dutch East India Company in 1798 AD and took the rule of Indonesia under its control, but the Neolithic European conquest did so far beyond the sea. The occupation of the countries was made difficult and Britain occupied Indonesia, showing the invincibility of its maritime power. But these territories were again given to Holland by the Vienna Congress of 1814-15. When Britain again established its dominance in 1819 AD, there were many such regions in Indonesia where the people felt dissatisfied with the rule of Holland. Due to this, there was a rebellion in Java in 1825, this rebellion continued for five years. In 1830, the rebellion in Java was quelled and the mainland came under the control of the Dutch. After 1830, the Duchos also took control of Sumatra. And after a long struggle, in 1880, the Dutch people brought the Chinese settlement of Bornia under their suzerainty and took control of the whole of Bornia by 1931 AD. The Hindu people of Bali revolted against Holland, which was pacified by the Dutch with great difficulty. The people and sultans of Selbes Island also fought against Dutch rule, until 1910 AD, after several wars between Holland and Sultans, Holland was able to establish dominance on this island. It begins with these conflicts that the people of the various islands of Indonesia had a sense of national independence and were therefore ready to defend their independence in the early part of the 20th century, but due to the chaotic political situation of Indonesia, the Dutch government Here rule has been established.

After the wealth of the Napoleonic Wars, the Dutch had to make great economic pain in establishing their hegemony over Indonesia again. To compensate for this economic loss, the Dutch government introduced a new economic method, known in history as the 'culture system'. to be sold easily. In this, reed, coffee, rice were the main ones. Due to this culture system, the condition of the farmers became like 'half-slaves', so voice started rising against it. The end of slavery by the resolution of the Vienna Congress of 1814 and the abolition of slavery in 1860 AD, in which the novel 'Tam Kaka Ki Kutiya' played an important role. All these elements put an end to the culture system in the last phase of the 19th century in 1870 AD and the Dutch issued a new policy which was called 'Ecical Policy'. The main element of this policy was to encourage private sector businesses and industries.

Peace of other countries of the world In the 20th century, the struggle for political rights started in Indonesia. Western educated Indonesian youth started a movement for their national independence. This movement got special emphasis on the occasion of the First World War of 1914-18 AD. Because the Allies were declaring that they were fighting a war against the Axis powers for the principle of war democracy and national independence. And when U.S.A. joined the war in 1917, Wilson's theory of self-determination gave further impetus to the independence movement. Therefore, the property of the Great War, the movement for national independence became fierce, so there were rebellions in many places on the property of the Great War, in which it is notable against Java and Sumatra in 1920 AD. Therefore, the Dutch government stepped in the direction of partial self-government, in 1916, the Indonesian Falxrad (Parliament/Assembly) was established. Civil Service was formed. In 1927, an attempt was made to give Partial Swaraj by dividing Indonesia into provinces. But the Dutch considered this partial swaraj insufficient, so they started fighting for complete independence.

In 1939, the Second World War started, due to which the national sentiments of the Indonesian people again began to shake. There were many national parties here. In which Dr. Ahmed Surkan's party was the head, which was banned in 1929 AD. During the Second World War, Holland was defeated by Germany in 1941.

But this had no effect on the colonial government of Holland. She kept crushing the national movement. But in the end, the Dutch government was compelled to appoint the Wiseman Commission, to find out who should make such reforms in the governance of Indonesia. So that the national aspirations of the people can be destroyed. And when in December 1941, Japan joined the Second World War. Japan claimed that it would defeat the western countries from East and South-East Asia and establish an independent government there. Due to which the patriots of Indonesia helped Japan and by March 1942, the whole of Indonesia came under the occupation of the Japanese army and immediately Japan established military rule for peace and order in Indonesia. But Japan did not want to keep Indonesia under its subjugation permanently, so it soon established the 'National Government' under the leadership of Dr. Surkan. In August 1945, after being defeated in the Great War, Japan surrendered to the Allied States. Now the British troops occupied Indonesia and handed over the territory to the Dutch government. But when the British forces came to Java, Madura and Sumatra, they captured the Japanese officers and soldiers here. But the well-established republican government in these islands did not resist. Therefore, except Java, Sumatra and Madura, other islands were dominated by the Dutch. And a war broke out between the two governments. Therefore, in November 1946, there was a timely treaty between the Dutch Government and the Republic Government of Indonesia, so both the governments chose the path of dialogue. Therefore, on March 25, 1947, the gender-caste agreement was reached, but the national leaders of Indonesia were not satisfied with this gender-caste agreement. Therefore, in March 1947, the conflict started again in the government of Holland and Indonesia. India presented the case of Indonesia at the same time. And the Security Council of 'Nachhan' after considering and suggested the formation of a three-member committee. And also where both the countries independently choose one member each of the committee, then both the countries jointly choose one member of the committee. So Holland chose Belgium, Indonesia, Australia, America was chosen jointly by both the countries. Overthrow Surkan's government. At this time civil war started in many regions of Indonesia. Taking advantage of this situation, in December 1948, Dutch forces attacked Indonesia. Dutch armies captured Jakarta and arrested many leaders of the Republican government, which again raised the matter before the UNO. But this time Holland continued the war without caring about Nchwan. But the pressure of increasing international public opinion and the pressure of the people, Holland released the leaders of Indonesia and 'Dr. Surkan and the Dutch government on 3 August 1949 AD. An agreement was reached in which the main thing was to organize a round table conference in Heva, the capital of Holland, for a permanent solution to the problem. The Round Table Conference held in the year ended its work on 2 November 1949. Where Indonesia got its former independence through this conference, its relations with Holland also remained intact. Due to this the relations of both were vested in a union on the basis of mutual equality. It had appropriate authority over the union in national policy and economic matters. The president of this union will be Juliana, the sovereign of Holland and her descendants. After mutual independence, Indonesia had to face the following problems in peace with other third world countries.

(1) Governance according to democracy

(2) Freedom from foreign interference and influence

(3) The growing influence of the Communists and

(4) escalating civil war

In August 1954, the union of Holland and Indonesia came to an end, due to which now Indonesia became a truly independent and sovereign state in the true sense. But soon Indonesia had to face many difficulties. Because military revolts started on its various islands and independent governments were not safe on these islands, in this condition, Surkan started the struggle against the military leaders by declaring military rule, finally in September 1957, a conference was held in Jakarta. In this conference, the country was converted into a relationship which was not in conformity with the constitution of 1950 AD. Even after this, rebellions flourished in many places, although the rebellions were suppressed till 1958. And in 1960, by issuing an ordinance, Surkan took the right to control and dismiss political parties. At the same time, a new assembly was formed by the name of Janata Consultation Mahasabha, whose first session was held in November 1960, in which Surkan got the title of great leader of the revolution. After this, Indonesia attained national unity by joining Western Iripan in 1963 AD. Surkan said that the basis of Indonesia is three and after nationality, religion (Islam) and communion. Obviously, Surkan's view is different from that of India. This is the reason that Indonesia helped Pakistan in the 1965 war. In such a situation India-Indonesia relations were not very good. But the new economic policy and India's East-Looking Policy have given a new direction to the relationship.

With the disintegration of the former Soviet Union in 1991 and the adoption of a new economic policy by India, a new dimension has been added to the relations between India and Indonesia. Therefore, India-Indonesia is giving a new dimension to its political, economic, strategic, and cultural relations. At present Indonesia has become India's third largest partner in Asean. Both have set a target of increasing their bilateral trade to $20 million by 2015. India and Indonesia have signed an agreement on the Free Trade Zone on 1 October 2010. India is investing in Indonesia in the field of rail, port construction, palm oil, etc. in Indonesia. India and Indonesia have respect and interest in W.T.O. Apart from this, Indonesia is also investing in various sectors in India. In the field of energy Nuclear energy was signed by both the countries in 1980 AD, which stopped due to some reasons, but can be revived at any time. Because in the field of nuclear energy, Indonesia is excited about India's agreement in this field with the agreement of U.S.A. and India.

During the visit of President Yughoyono to India in 2005, both the countries tried to give a new dimension to the strategic relationship. Indonesia is keen on naval cooperation from India in the Adaman Sea. Both countries have emphasized on joint naval surveillance in the Adaman Sea, Bay of Bengal, and the Straits of Malacca. India is training Indonesian pilots in dry aircraft. The two countries also signed an agreement on the subject of terrorism in 2004. Both countries are considering an extradition treaty. India is willing to cooperate with Indonesia in relation to maritime security.

In the field of science and technology, both the countries signed in the field of scientific and technical cooperation in the year 1982, India's space agency others and Indonesia's Bayan signed an agreement in 1988 AD, under which Telemetry Tracking Command and Network Mound Station was done jointly.

The basis of the cultural relations of India-Indonesia is a cultural treaty made in 1955. Which was given a new shape in the visit of Atal Behari Bajpayee in January 2001, it has been mentioned earlier that there was cultural and religious ties between the two countries since ancient times. Buddhism and Hinduism spread in

Indonesia is still a proof of this. For this, the Indian Ramayana and Mahabharata are still very popular here, the famous Buddhist pagoda, Borovdur Pagoda of the Shailendra dynasty, Param Banan Temple of Java, a Hindu temple located in Java is noteworthy. It was the Indians who taught the Indonesians to write. Indian dress, dance, art and music are very popular here.

It is clear from the above discussion that there was cultural, commercial, religious relations between the two countries since ancient times. But during the Muslim rule and These relations came to an end during the Vesik period. But both the countries have increased relations in every field after independence, even before independence there was personal friendship between Nehru and President Sukarni, this friendship did the work of awakening against colonial rule in the entire Asian continent. President Surkan congratulated India on the first Republic Day of India. The relationship between the two became very important in the 21st century after the disintegration of the former Soviet Union. Keeping this objective in mind, India adopted an east-oriented policy and had close relations with Indonesia and Asean countries and the emerging Chinese power could be balanced. This is the reason why India and Indonesia are emphasizing on building not only economic, cultural but also strategic relations.

**References-**


1. Gautam Kumar Jha, Son Kuswadi, India Indonesia Legacy of Intimate Encounters,Suryodaya Books, 2016.
2. Dr. Madan Kumar Verma, India's International Relations, SR Publishers and Distributors, New Delhi, 2018.
3. Suranjan Das, Subhadeep Bhattacharya, Then and Now India's Relations with Indonesia, K W Publishers Pvt Ltd, 2019.
4. Christophe Z. Guilmoto, Gavin W. Jones, Contemporary Demographic Transformations in China, India and Indonesia (Demographic Transformation and Socio-Economic Development, Springer, 2016.
5. Mushirul Hasan, India and Indonesia from the 1830s to 1914: The Heyday of Colonial Rule, Brill, 1987.
6. Gauranganath Banerjee, India as Known to the Ancient World, Gyan Publishing House, 2018.
7. Google Search etc.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के भारतीय, संस्कृति, सभ्या और परिस्थितियों के अनुरुप आर्थिक चिंतन में राष्ट्रवाद



डॉ. जगदीश प्रसाद जाटः
एसोसिएट प्रोफेसर
स्वः लक्ष्मी कुमारी बधाला गर्ल्स पी.जी. कॉलेज गोविन्दगढ़
चौमूँ (जयपुरम्)

पं. दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन उच्च कोटि का तथा भारतीय संस्कृति, सभ्यता और परिस्थितियों के अनुरुप है। दीन दयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के नेता और भारतीय राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन को वैचारिक दिशा देने वाले पुरोधा थे। दीनदयाल जी समाजवाद और साम्यवाद को कागजी और अव्यावहारिक सिद्धान्त के रुप में देखते थे उनका स्पष्ट मानना था कि भारतीय प्रिरिप्रेक्ष्य में ये विचार न तो भारतीयता के अनुरुप है और ना ही व्यावहारिक है। भारत को चलाने के लिए भारतीय दर्शन ही कारगर वैचारिक उपकरण हो सकता है, चाहे राजनीति का प्रश्न हो, चाहे अर्थव्यवस्था का प्रश्न सब की समाधानयुक्त विवेचना अपने वैचारिक लेखों में की है। भारतीय राजनीति कैसी हो, इसका स्वरुप क्या हो, इन सारे विषयों को पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय अर्थनीति विकास की दिशा में रखा है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय ने लिखा है कि "देश का दारिद्रय दूर होना चाहिए इसमें दो मत नही किन्तु प्रश्न यह है कि गरीबी कैसे दूर हो, हम अमेरिका के मार्ग पर चलें या रुस के मार्ग पर अथवा यूरोपिय देशों का अनुकरण करें। सभी ने मशीनों को ही आर्थिक प्रगति का साधन माना है। मशीन का सर्वप्रधान गुण है कम मनुष्यों द्वारा अधिकतम उत्पादन करवाना। परिणामतः इन देशों को स्वदेश में बढ़ते हुए उत्पादन को बेचने के लिए विदेशों में बाजार ढूढ़ने पड़े। हमें स्वीकार करना होगा कि भारत की आर्थिक प्रगति का रास्ता मशीन का रास्ता नही है। कुटीर उद्योगों को भारतीय अर्थनीति का आधार मानकर विकेन्द्रित अर्थव्यवसी का विकास करने से ही देश की आर्थिक प्रगति संभव है।" (पांचजन्य, 12 दिसं0 1955)

दीन दयाल उपाध्याय की महत्वपूर्ण मान्यता व्यक्ति के संबंध में है उनके अनुसार पूँजीवादी अर्थशास्त्र मनुष्य को एक अर्थलोलुप प्राणी मानकर चलता है। उसके सभी निर्णय आर्थिक दृष्टिकोण से होते हैं, वह अर्थोत्पादन की प्रेरणा से ही काम करता है।(उपाध्याय, 1998 पृ090) दूसरी ओर मार्क्स तथा साम्यवादी व्यवसी में मनुष्य को रोटीमय बना दिया। दोनों व्यवस्थाएँ व्यक्ति के प्रजातंत्रीय अधिकार एवं उसके स्वस्थ विकास के प्रतिकूल है। दीन दयाल उपाध्याय जी लोकतंत्र को केवल राजनीतिक जीवन का आयाम नही मानते। उनका मत है कि 'प्रत्येक को वोट' जैसे राजनीतिक प्रजातंत्र का निष्कर्ष है वैसे ही 'प्रत्येक को काम' यह आर्थिक प्रजातंत्र का मापदण्ड है। अतः दीन दयाल उपाध्याय जी मानते हैं कि 'प्रत्येक को काम' का अधिकार मिलना चाहिए। दीन दयाल जी का आग्रह स्वदेशी, स्वावलम्बी एवं विकेन्द्रित अर्थतंत्र एवं उत्पादन तंत्र अपनाने पर था । उपाध्याय जी राष्ट्रीय औद्योगिक क्षेत्र में विदेशी पूँजी के बल पर औद्योगीकृत नहीं किया जाना चाहिए विदेशी पूँजी के राजनैतिक के अलावा आर्थिक प्रभाव भी अशुभ होते हैं। विदेशी पूँजी का विनियोग स्वदेशी श्रम का शोषण करता है। बड़े उद्योग व विदेशी पूँजी का विनियोग हमारे यहाँ पश्चिमी प्रकार के शोषणवादी पूजीवाद को उत्पन्न करेगा। पूजीवाद के सभी दोषों का हमारे समाज में प्रवेश

SISRRJ1818911 : Received : 15 Jan 2018 | Accepted : 22 Feb 2018 | January-February-2018 [ (1) 1: 145-149]

हमारी सामाजिक संस्कृति के लिए बहुत विषैला होगा। उपाध्याय जी मनुष्य तत्व पर मशीन के हावी हो जाने के विरोधी हैं। उनका मत है-

जहाँ एक ओर मशीन के श्रद्धालु भक्त हैं तो दूसरी ओर कट्टर दुश्मन भी मौजूद है। एक मशीन के अभिनवीकरण के अभाव को ही भारत की गरीबी का कारण मानकर चलते है तो दूसरे अभिनवीकरण और यंत्रीकरण को ही देश के विनाश के लिए जिम्मेदार मानते हैं। वास्तव में मशीन न तो मनुष्य का शत्रु है न मित्र। वह एक साधन है तथा उसकी उपादेयता समाज की अनेक शक्तियों की क्रिया-प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। दीनदयाल जी कहते हैं "हमारी मशीन हमारी आर्थिक आवश्यकताओं के अनुकूल नहीं, अपितु हमारे सांस्कृतिक एवं राजनैतिक जीवन मूल्यों की पोषक नही तो कम से कम अविरोधी अवश्य होनी चाहिए।" इस तरह दीन दयाल उपाध्याय न तो मशीन के भक्त थे और न विरोधी। वे मशीनों को समाज एवं अर्थव्यवस्था पर हावी नही होने देना चाहते थे।

पं. दीनदयाल उपाध्याय जी मानते है किसान के स्वामित्व के आधार पर खेती का पुर्ननियोजन की व्यावहारिक व हमारी मानसिक रचना के अनुकूल है। जापान एवं अन्य देशों में इससे सर्वाधिक अच्छा परिणाम निकला है। पोलैण्ड को सहकारिता कृषि के प्रयोग में असफलता प्राप्त करने के बाद फिर से इसी पद्धति का सहारा लेना पड़ा। (उपाध्याय,1991 पृ039) अतः उपाध्याय जी बड़े उद्योगों के आधार पर रचित अर्थव्यवस्था को भारतीय परिस्थिति में उचित नही समझते थे। कृषि के क्षेत्र में छोटे तथा स्वामित्ववान खेतों के हिमायत थे।दीन दयाल उपाध्याय जी उद्योगों में समुचित प्रकार की विभिन्नता लाना चाहते थे उनका दृढ़ मत था कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पर आधारित ऐसे उद्योग स्थापित किये जाए जिसमें स्वदेशी शिल्प विज्ञान के प्रयोग के साथ विद्युत की उत्पादन प्रक्रियाओं के विकेन्द्रीकरण पर अधिक बल देते हुए गाँव के प्रत्येक घर को उत्पादन का केन्द्र बनाया जाए। कृषि के समुचित विकास के लिए उन्नत बीज, खाद एवं उर्वरक, कीट व्याधिनाशक रसायन, सिचाई व्यवस्था, उन्नत विकसित विधाओं का वास्तविक उपज से अधिक मूल्य की उपलब्धि, गतिशील सुव्यवस्थित विपणन व्यवस्था विशेष रुप से उत्तरदायी है। (उत्तर प्रदेश संदेश,सितं01991)

विकास के आयातित सिद्धान्त की आलोचना में पं0 जी के विचार उल्लेखनीय है उन्होंने भारतीय अर्थनीति विकास की एक दिशा नामक अपनी पुस्तक में कहा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारे दृष्टिकोण मे अन्तर आया है। अब हम प्रत्येक प्रश्न को आर्थिक दृष्टिकोण से देखते हैं। उनका मानना था कि हमारी परंपरा और संस्कृति हमें यह बताती है कि मनुष्य केवल भौतिक आवश्यकताओं तथा इच्छाओं का पिंड नही अपितु एक आध्यात्मिक तत्व है, देश और काल की विभिन्न परिस्थितियों के कारण भी हमारे विकास का मार्ग पश्चिम से भिन्न होना चाहिए। हम मार्शल और मार्क्स से बुरी तरह बंध गए हैं। अर्थशास्त्र के जिन नियमों की उन्होंने विवेचना की है हम उन्हें शाश्वत मानकर चल रहे हैं। पंडित जी ने भारतीयता की जिस विचारधारा को एकांगी और आयातित मानकर खारिज करते हैं भारतीयता की जिस विकासवादी दृष्टिकोण को अपने सिद्धान्तों में प्रतिपादित किया, अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरा होने पर न्यू इण्डिया के तहत तय लक्ष्यों की पूर्ति के लिए संकल्प लेते हुए वर्ष 2022 तक पूरा करने की मंशा जतायी। उनका कहना था कि न्यू इण्डिया के संकल्प का यही सही समय है। हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जहाँ गरीब के पास पक्का घर होगा, बिजली होगी, पानी होगा, देश का किसान चिंता से नही चैन से सोयेगा। दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत अन्त्योदय की अवधारणा में मनुष्य को आर्थिक प्राणी के रुप में देखकर उसकी तमाम जरुरतों की पूर्ति का समग्रता में चिंतन किया गया। शासन की नीतियाँ जब कतार पर बैठे अंतिम व्यक्ति की समग्र जरुरतों को ध्यान में रखते हुए बनाई जाए और उसकी पहुँच को उस समय तक सुनिश्चित किया जाए तब जाकर सही मायने में अन्त्योदय की अवधारणा को व्यावहारिक जामा पहनाया जा सकता है। दीन दयाल जी का मानना था कि अर्थ की अति प्रधानता और अर्थ का अभाव दोनों ही उचित नही है। आज अर्थ तंत्र का मूल्यांकन करें तो समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा एक विशाल तबका मुख्य धारा से लाभान्वित नही हो पा रहा है। बैंकिंग क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण के बावजूद एक वर्ग ऐसा था जो बैंक खाता नही खोल पाया है। 2011 की जनगणना तक 42 फीसदी परिवार कपास एक भी बैंक खाता नही था। 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री ने

प्रधानमंत्री जनधन योजना की शुरुआत की, वर्तमान समय में जनधन योजना के तहत लगभग 25 करोड़ लोगों को बैंक खाते के माध्यम से अर्थतंत्र का हिस्सा बनाया गया है। देश की अर्थ व्यवस्था में आम गरीब लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो गयी है।अंतिम व्यक्ति को अर्थतंत्र से जोड़ने का प्रयास किया गया। आज स्वच्छता जन आन्दोलन बन गई है। इसके अंतर्गत ग्रामीण स्वच्छता कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अक्टूबर 2014 में 39 प्रतिशत से 2018 में 95 प्रतिशत हो गयी है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार भारतीय समाज में महान परिवर्तन होने वाले हैं, परन्तु आदर्शों से आज पथ निर्देशन नहीं हो पा रहा है। इसलिए आज नये नेतृत्व की आवश्यकता है। समाजवाद ही नया नेतृत्व प्रदान कर सकता है। जनता के विस्तृत तथा व्यापक हित के आधार पर निर्मित यह सम्पूर्ण सामाजिक सिद्धान्त ही हमारा पथ प्रदर्शन कर सकता है। जन जागरण तथा जनक्रान्ति की नीति ही समाज को समुचित विकास का साधन बना सकती है। राजनीतिक न्याय से अभिप्राय राष्ट्र में 'उचित की स्थापना करना' करने से है जिसका अर्थ है : राजनीतिक जीवन में विवेक के अनुसार आचरण करना। अन्य शब्दों में यह कहा जा सकता है कि जब कोई समाज अपने वर्गो- उपवर्गों के साथ पक्षपात रहित व्यवहार करता है तो उसे राजनीतिक न्याय कहते हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय के मतानुसार 'सामाजिक न्याय की अवधारणा उनके' स्वतंत्रता, समानता, और बन्धुत्व' के सिद्धान्त में समाहित है। वे वर्ण व्यवस्था और जाति व्यवस्था पर आधारित किसी भी समाज को न्यायोचित नहीं मानते हैं। उनकी स्वतंत्रता का विचार सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक सहित मानव के व्यक्तिगत जीवन तक व्याप्त है। स्वतंत्रता सामाजिक न्याय का महत्वपूर्ण अंग है। यदि समाज की रचना ही असमानता पर हुई हो तो समानता और भी अधिक आवश्यक है। सामाजिक समानता व आर्थिक समानता परस्पर घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित हैं; दोनों एक दूसरे के कार्य कारण हैं। साथ ही आर्थिक समानता, सामाजिक समानता की गारन्टी है। बन्धुत्व; पंण्डित जी के राजनीतिक न्याय की धारणा का आवश्यक अंग है। क्योंकि बन्धुत्व (भ्रातृत्व) के अभाव में स्वतंत्रता व समानता कृत्रिम हो जायेंगी। आपने लिखा है कि 'समाज में स्वतंत्रता और समानता की स्थापना कानून और संविधान के द्वारा ही की जा सकती है। किन्तु कानून के द्वारा लोगों में भाईचारे की भावना पैदा नहीं की जा सकती। इसलिए समाज में जहाँ स्वतंत्रता और समानता की प्राप्ति सरल है भ्रातृत्व का विकास कठिन है। पंण्डित जी के अनुसार स्वतंत्रता और समानता भी भ्रातृत्व के लिए ही हैं। स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व और न्याय की प्राप्ति के लिए पंण्डित जी ने जीवन भर संघर्ष किया। आपने लिखा है कि सामाजिक न्याय बगैर शिक्षा भी सम्भव नहीं है। इसलिए आपने शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से न्याय प्राप्ति की वकालात की है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय के दृष्टिकोण से , 'भारत एक भौगोलिक नाम या प्राकृतिक भूखण्ड मात्र नहीं है, अपितु एक ऐसी शरीरधारिणी देवी और शक्तिमयी माँ है जो सदियों तक अपने पालने में करोड़ों भारतीयों को झुलाती रही है और उनका पालन पोषण करती रही है।' पं. दीनदयाल उपाध्याय करोड़ों भारतवासियों के उत्कृष्टतम तेजोमय अंशों से जन्म लेने वाले राष्ट्र की महान् शक्ति द्वारा विदेशी दासतावादी मानसिकता का अन्त करना चाहते थे। उन्होंने अपनी राजनीतिक डायरी नामक सुप्रसिद्ध पुस्तक में राष्ट्र के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए लिखा था, 'राष्ट्र क्या है, हमारी मातृभूमि क्या है ? वह भूखण्ड नहीं है, वाक्-विलास नहीं है और न ही मन की कोरी कल्पना है। यह एक ऐसी महाशक्ति है जो राष्ट्र का निर्माण करने वाली पवित्र कर्तव्य साधारण जनता का उत्थान करना और उसे ज्ञान देना है। हमारे बीच अनेक ऐसे महानुभाव हैं जिनकी कार्य प्रणाली गलत भले ही हो, किन्तु उनमें निष्ठा तथा विचारों की श्रेष्ठता है। मैं ऐसे महानुभवों का आह्वान करता हूँ कि वे अपने परिश्रम और शक्ति को उन व्यापक कार्यों में लगाएं जिनसे संतप्त और उत्पीड़ित राष्ट्र को राहत मिल सके।' देश व देशवासियों के प्रति यह निष्ठापूर्ण कर्तव्य ज्ञान ही श्री दीनदयाल उपाध्याय जी का नया राष्ट्रवाद था।

श्री दीनदयाल उपाध्याय जी राष्ट्रवाद को ईश्वरीय देन व आदेश समझते थे। उनके शब्दों में, 'राष्ट्रीयता क्या है ? यह केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। राष्ट्रवाद तो एक सनातन धर्म है जो हमें ईश्वर से प्राप्त हुआ है। यह एक विश्वास है जिसे लेकर आपको जीवित रहना है। राष्ट्रवाद अमर है, वह मर नहीं सकता क्योंकि वह कोई मानवीय वस्तु नहीं है। ईश्वर को मारा नहीं जा सकता, ईश्वर को जेल में भी डाला नहीं जा सकता। राष्ट्रवादी बनने के लिए, राष्ट्रीयता के इस धर्म को स्वीकार करने के लिए हमें

धार्मिक भावना का पूर्ण पालन करना होगा। हमें स्मरण रखना चाहिए कि हम निमित्त मात्र हैं, भगवान् के साधन मात्र हैं।' उन्होंने लिखा था, 'हम तो केवल मातृभूमि के दिव्य रूप को पूज्य मानते हैं, किसी प्रकार के वर्तमान राजनीतिक लक्ष्य को नहीं।' इस संघर्ष में भारत माता के हित के लिए हर सन्तान को अपने सर्वस्व का बलिदान करने के लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि उसने यह सर्वस्व उसी माता से ही प्राप्त किया है। राष्ट्रीय मुक्ति का प्रयत्न एक परम यज्ञ है। इस यज्ञ का सफल स्वतन्त्रता है जिसे हम देवी भारतमाता को अर्पित करेंगे। सप्तजिव्हा यज्ञाग्नि की ज्वालाओं में हमको अपनी और अपने सर्वस्व की आहुति देनी होगी, अपने रूधिर और प्रियजनों के सुख की भी आहुति देकर उस अग्नि को प्रज्वलित रखना होगा, क्योंकि मातृभूमि वह देवी है, जो अपूर्ण और विकलांग बलि से सन्तुष्ट नहीं होती है और अपूर्ण मन से बलिदान करने वाले को देवता कभी मुक्ति का वरदान नहीं देते हैं।'

वे समाज के किसी वर्ग के उत्पीड़न की अनुमति कभी भी देने के लिए तैयार नहीं थे। श्री अरविन्द ने वन्देमातरम् लेख में लिखा है, 'राष्ट्रवाद राष्ट्र में दैवी एकता को प्राप्त करने की उत्कट अभिलाषा है। यह एक ऐसी एकता है जिसके अन्तर्गत राष्ट्र के सभी व्यक्ति वास्तव में और बुनियादी तौर पर एक ओर समान हैं, चाहे वे अपने राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक कार्यों में कितने ही भिन्न तथा असमान क्यों न प्रतीत होते हों।

श्री दीनदयाल उपाध्याय जी का राष्ट्रवाद व्यापक तथा सार्वभौमिक था। उनका विचार था कि समग्र मानव में एकता एक विश्व संगठन के द्वारा स्थापित की जानी चाहिए। राष्ट्र ऐसे नागरिकों का समूह है जो एक लक्ष्य, एक मिशन व एक आदर्श के साथ जीते हैं; जो राष्ट्र को मातृभूमि मानते हैं। यदि आदर्श को मातृभूमि से पृथक कर दिया जाय तो राष्ट्र का अस्तित्व सम्भव नहीं है। वे एक ऐसे विश्व राज की कल्पना करते थे जो स्वतन्त्र राष्ट्रों द्वारा संगठित एक संघ होगा, जिसमें दासता व असमानता का नाम तक नहीं होगा, जिसमें सब स्वतन्त्र होंगे, सबको जीवनयापन की समान सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा सबके लिए सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय सुलभ होगा। उनके ही शब्दों में, 'उस विश्व राज का सर्वोत्तम रूप स्वतन्त्र राष्ट्रों का एक ऐसा संघ होगा जिसके अन्तर्गत हर प्रकार की पराधीनता, बल पर आधारित असमानता और दासता का विलोम हो जाएगा।' इस प्रकार श्री अरविन्द का राष्ट्रवाद संकीर्ण तथा कट्टरतापूर्ण नहीं था, बल्कि अत्यन्त व्यापक, उदार तथा विश्वराज्यवादी था।

पिछले दो ढाई दशक में जिस रफ्तार से भारत में विकास हुआ है उसकी तुलना में गरीबी तथा असमानता की रफ्तार कम नही हुई है। आज भी 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं लेकिन सूचकांक में यह व्यक्त किया गया है कि भारत में गरीबी दर 10 साल की अवधि में 55 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत हो गया है। भुखमरी में भारत की स्थिति बहुत ही खराब है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत को 119 देशो की सूची में 103वाँ स्थान मिला है। सूचकांक में भारत को गंभीर वर्ग में रखा गया है। वर्ष 2009 से नौकरियों की कमी होती जा रही है। केन्द्र सरकार ने छोटे उद्यम शुरु करने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरु की। इसके तहत लोगों को अपना उद्यम शुरु करने के लिए छोटी रकम का लाभ दिया जाता है। मुद्रा योजना की खास बात है कि इसके तहत लोन लेने वाले लोगों में 3 महिलाएँ हैं। 23 मार्च 2018 तक 228144 करोड़ लोन मंजूर किये गए हैं। दीन दयाल ग्राम ज्योति योजना की शुरुआत हुई थी तब 1275 गाँव ऐसे थे जिनमें अंधेरा था, ऐसे घरों में प्रकाश का प्रबंध किया गया। 17 अप्रैल 2016 तक 5684 अतिरिक्त गाँवों का विद्युतीकरण किया गया। सरकार किसानों के लिए चिंतित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा से किसानों को लाभ मिला है। फसल में से किसी नुकसान की स्थिति में किसानों को बीमा कवर और वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया। कृषि क्षेत्र में ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना देश के सभी घरों तक एल0पी0जी0 कनेक्शन पहुँचाने के लिए एक बड़ी कोशिश है। इन योजनाओं की सहायता से सरकार गरीबी रेखा से नीचे के कम से कम 5 करोड़ परिवारों तक एल०पी०जी० गैस कनेक्शन पहुँचाने का प्रयत्न कर रही है। इस तरह दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का उद्देश्य स्वदेशी, सामाजिक आर्थिक मॉडल प्रस्तुत करना है जिसके विकास के केन्द्र में मानव हो। सामाजिक आर्थिक रुप से जब व्यक्ति का उत्थान होगा तो व्यक्ति–व्यक्ति मिलकर समाज का उत्थान करेंगे और फिर राष्ट्र समाज के माध्यम से उत्थान करने की ओर अग्रसर होगा। दीन दयाल उपाध्याय जी ने कहा है "विश्व का ज्ञान और आज तक की

अपनी संपूर्ण परंपरा के आधार पर हम ऐसा भारत निर्माण करेंगे जो हमारे पूर्वजों के भारत से अधिक गौरवशाली होगा जिसमें जन्मा मानव अपने व्यक्तित्व का विकास करता हुआ संपूर्ण मानव ही नहीं अपितु सृष्टि के साथ साक्षात्कार कर नर से नारायण बनने में समर्थ होगा।

सन्दर्भग्रन्थाः –


1. कुलकर्णी शरद अनन्त (1987) 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार-दर्शन' खण्ड 4 नई दिल्ली, सुरुचि प्रकाशन
2. पिलानी शेखावटी जनसंघ सम्मेलन में पं०दीनदयाल उपाध्याय जी का उद्घाटन भाषण, पाँचजन्य 12 दिसम्बर 1955
3. उपाध्याय दीन दयाल (1998) 'भारतीय अर्थनीति : विकास की एक दिशा' लखनऊ, राष्ट्र धर्म पुस्तक प्रकाशन
4. उपाध्याय दीनदयाल (1991) पालिटिकल डायरी, नई दिल्ली, सुरुचि प्रकाशन
5. त्रिपाठी नाथ कैलाश 'भारतीय कृषि एवं उद्योग पर दीनदयाल जी के विचार' सितम्बर 1991 उत्तर प्रदेश संदेश योजना अक्टूबर 2017

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2018 SISRRJ | Volume 1 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# जयपुर रियासत का सामाजिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन (1600 ई.–1900 ई.) (अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर)

मुकेश कुमार शर्मा
शोधार्थी
ज.ना.व्यास विवि. जोधपुर

**सारांश–** राजस्थान के पूर्वोत्तर में अरावली पर्वत श्रंखला के मध्य स्थित प्राचीन जयपुर रियासत अपने गौरवशाली इतिहास और समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत के लिये प्रसिद्ध रहा है। इस प्राचीन भू–भाग ने अनेक संस्कृतियों के उत्थान से साक्षात्कार किया है। यहाँ का इतिहास, कला वैभव, साहित्य, दर्शन दीर्घकालीन सामाजिक व सांस्कृतिक जनजीवन की वे धरोहर है, जो तत्कालीन मानवीय जीवन के सभी रंग रूपो से वर्तमान का परिचय कराती है।

जयपुर रियासत में 16 वी से 19 वी शताब्दी तक अभिलेखीय निर्माण की एक दीर्घकालीन सुव्यवस्थित परम्परा रही है। यहाँ के शासकों, सामंतो एवं समृद्ध व्यक्तियों के द्वारा अपनी रूचि एवं उपलब्ध साधनों के आधार पर ये अभिलेख शिलालेखों, स्मारकों और ताम्रपत्रों पर उत्कीर्ण करवाये गये। जिससे हमें तत्कालीन राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त होती है। अभिलेखों के रूप में उत्कीर्ण अतीत की यह समृद्ध विरासत न केवल रियासतकालीन जयपुर के सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था का ही ज्ञान कराते है, बल्कि जयपुर के इतिहास निर्माण पर भी एक महत्वपूर्ण प्रकाश डालते है।

**मुख्य शब्द –** शिलालेख, अभिलेख, स्मारक, बावड़ी, सामाजिक, सती प्रथा, सांस्कृतिक, जयपुर रियासत।

**प्रस्तावना–** जयपुर रियासत के कछवाहा वंशी शासकों ने प्राचीन भारतीय शासकों की भाँति शिलालेख एवं स्मारक निर्माण परम्परा में अपनी महत्ती रूची दिखाई है। यहाँ के शासकों ने अपने समय की विशिष्ठ उपलब्धियों जैसे युद्ध में विजयी होने, यशोगाथाओं, वंशक्रम, तिथिक्रम और तत्कालीन सामाजिक व धार्मिक स्थिति की जानकारी को चिरस्थायी बनाये रखने हेतु अभिलेखों को उत्कीर्ण करवाया। ये अभिलेख हमें गढ़, महल, हवेली, मंदिर, स्मारक, धर्मशाला, बावड़ी, कुँए, तालाब आदि स्थानों से प्राप्त हुये है जो तत्कालीन इतिहास को जानने के सबसे प्रमाणिक एवं विश्वसनीय स्त्रोत माने जाते है। वर्तमान में कुछ शिलालेख प्रशासनिक संरक्षण के अभाव में जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जबकि कुछ शिलालेख अपनी यथास्थिति में उपलब्ध होते है। शोध से प्राप्त अनछुये अभिलेखीय साक्ष्य जयपुर रियासत के इतिहास निर्माण पर एक नवीन अन्तदृष्टि प्रदान करते है।

**अध्ययन का उद्देश्य**

**1. मौलिक तथ्यों और शोध सामग्री के आधार पर रियासतकालीन जयपुर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जन–जीवन का अध्ययन करना।**

**2. अभिलेखों में उल्लेखित राजनैतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का अध्ययन कर उसके सुव्यवस्थाओं का पता लगाकर वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता को स्पष्ट करना।**

**3. रियासतकालीन शिलालेखों में वर्णित धार्मिक मान्यताओं, परम्पराओं और विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों का तात्कालीन सामाजिक–सांस्कृतिक महत्व की दृष्टि से विश्लेषणात्मक अध्ययन करना।**

**4. नवीन अन्वेषण पर आधारित ऐतिहासिक एवं पुरा महत्व के शिलालेखों से प्राप्त ऐतिहासिक जानकारी का अन्वेषण कर जयपुर के इतिहास निर्माण पर नवीन अर्न्तदृष्टि प्रदान करना।**

**साहित्यालोकन**

जयपुर रियासत के इतिहास से संबंधित प्रमाणिक ग्रंथों व लेख प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। प्रस्तुत शोध पत्र में राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर एवं शाखा जयपुर में उपलब्ध मूल स्त्रोतों, प्रकाशित एवं अप्रकाशित शोध सामग्री तथा शोध यात्रा के दौरान स्वयं के द्वारा अवलोकन कर संकलित किये गये अभिलेखीय साक्ष्यों का तथ्यपूर्वक अध्ययन कर उपयोग किया गया है। शोध प्रबंध में निम्न उपलब्ध साहित्य का भी अवलोकन एवं विश्लेषण किया गया है। :–

- **डॉ. गोपीनाथ शर्मा** की कृति ***'राजस्थान इतिहास के स्रोत'*** जो राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी जयपुर से 2015 प्रकाशित हुई है। प्रस्तुत ग्रंथ में राजस्थान के विभिन्न रियासतों से संबंधित प्राचीन काल से लेकर 18 वी शताब्दी तक के अभिलेखों का संक्षिप्त उल्लेख मिलता है।
- **प्रो. रतनलाल मिश्र** की पुस्तक ***'एपिग्राफिकल स्टडीज ऑफ राजस्थान इन्सक्रिपशन्स'*** में आदिकाल से लेकर 19 वी सदी तक के राजस्थान के विभिन्न स्थानों से प्राप्त अभिलेखीय साक्ष्यों का तथ्यपूर्ण वर्णन प्राप्त होता है। जिसमें जयपुर क्षेत्र से प्राप्त विभिन्न शिलालेखों का संक्षिप्त उल्लेख मिलता है।
- **प्रो. बी.एल. पनगड़िया** की कृति ***'पोलिटिकल–सोशियल इकोनोमिक एण्ड कल्चरल हिस्ट्री ऑफ राजस्थान'*** में 11 वीं– 20 वीं सदी में राजस्थान में मुगल और ब्रिटिश प्रभावस्वरूप प्रशासनिक आर्थिक, धार्मिक क्षेत्रों के साथ–साथ सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में हुये परिवर्तनों का तथ्यपूर्ण विवेचना की गई है।
- **प्रो.के.सी. जैन** की पुस्तक ***'एनसियेन्ट सिटीज एण्ड टाउन्स ऑफ राजस्थान'*** जो राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर से 2018 में प्रकाशित है। प्रस्तुत ग्रंथ में राजस्थान के प्राचीन नगरों (मुख्यतया प्राचीन आमेर रियासत) और वहां से प्राप्त पुरातात्विक स्त्रोतों का अध्ययन प्रस्तुत कर तत्कालीन प्रशासनिक, आर्थिक, सामाजिक–सांस्कृतिक जनजीवन सहित सभी पहलूओं का उल्लेख किया गया है।

राजस्थान हिस्ट्री कांग्रेस के विभिन्न प्रोसेडिंग्स, अभिलेखागारों से प्राप्त पुरालेखीय एवं अपुरालेखीय रिकॉर्ड, द्वितीयक स्रोतों एवं अन्य अध्ययन सामग्री के आधार पर 16 वी से 19 वी शताब्दी तक के रियासतकालीन जयपुर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जन जीवन का तथ्यपरक अध्ययन किया गया है।

ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से राजस्थान भारत के उन प्रदेशों में से है, जिसका नाम अपनी प्राचीन गौरवमय परम्परा के लिए प्रसिद्ध रहा है। इसी राजस्थान की जयपुर रियासत 16 वीं से 19 वीं शताब्दी के दौरान अपने रूप निर्माण, रंग –योजना तथा स्थापत्य आदि के लिए विश्व विख्यात है।[1] जयपुर रियासत में जयपुर, शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, नवलगढ़, खंडेला ,खेतड़ी ,जोबनेर, बगरू, सामोद, चौमूं अचरोल,मनोहरपुरा, बरनाला, ईसरदा, खाचरियावास , खाटू, डिग्गी, मंडावा, डूंडलोद, बिसाऊ, उनियारा, सिवाड़, चेनपुरा, नायला, पाटण, बाँसखो, कानौता, दूदू, झिलाय, गीजगढ़, दूनी, धूला और आदि सीमावर्ती क्षेत्र सम्मिलित थे। इस रियासत के अभिलेखीय साक्ष्यों में तत्कालीन समय की प्रमुख जाति और वंशों, राजनैतिक एवं प्रशासनिक पदों, समाज में स्त्रियों के स्थान सतीप्रथा ,बहुपत्नीप्रथा, उत्सव व मेलों, खान–पान, आमोद–प्रमोद और मनोरंजन के साधन , लोक कल्याणकारी कार्य आदि का उल्लेख किया गया है। जिससे हमें सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन की जानकारी प्राप्त होती है। इनके अन्तर्गत सर्वप्रथम तत्कालीन समाज में विभिन्न जातियों और वंषो का उल्लेख मिलता है। चौमूं स्थित सीताराम जी के मंदिर के शिलालेख[2] संवत् 1803 (1746ई.) में महाजन जाति का उल्लेख मिलता है। मोरीजा स्थित सीताराम जी के मंदिर के शिलालेख[3] संवत् 1830–35 (1773–1778ई.) से हमें चारण जाति का उल्लेख मिलता है। सांभरिया (कानौता, जयपुर) के सीताराम जी के मंदिर का शिलालेख[4] संवत् 1792 , जमुवारामगढ़ (जयपुर) के गणेश जी के मंदिर के शिलालेख संवत् (1819) , गीजगढ़ (सिकन्दरा) के छतरी वाले शिव मंदिर के लेख[5] संवत् 1952,

शहर (करौली) के तालाब स्थित शिव मंदिर के शिलालेख से हमें कारीगर जाति की जानकारी प्राप्त होती है। इसी प्रकार बाँसखो (जयपुर) के बिहारी मन्दिर के शिलालेख संवत् 1937 और झिर (बाँसखो) की बावडी के प्रवेश द्वार के शिलालेख[6] संवत् 1769 से हमें तत्कालीन समाज में पुजारी (ब्राह्मण) जाति के साक्ष्य प्राप्त होते है साथ ही दौसा शहर के नरसिंह जी के मंदिर की दीवार पर महाराजा सवाई जयसिंह के शिलालेख[7] संवत् 1876 और लवाण (बाँसखो) में तालाब के शिलालेख से हमें तत्कालीन समाज में मुसलमान जाति के प्रमाण मिले है। इसी प्रकार नाई, सिलावट और राजपूतों के अनेक वंशों व उनकी शाखाओं की जानकारी प्राप्त होती है।

जयपुर रियासतकालीन इन शिलालेखों में महत्वपूर्ण राजनैतिक एंव प्रशासनिक पदों व उपाधियों का जैसे श्रीमहाराजाधिराज, बादशाह, कामदार, कोतवाल, नायब, दरोगा, कीलादार, पहरेदार, पटेल का भी उल्लेख मिलता है। चौमूं (जयपुर) स्थित सीताराम जी के मंदिर के शिलालेख में जयपुर के राजा सवाई ईश्वरीसिंह के महाराजाधिराज की उपाधि धारण करने के साक्ष्य मिलते है। पुराना घाट (घाट की गुनी) जयपुर स्थित महादेव कुण्ड के शिलालेख[8] से जयपुर दरबार सवाई जगतसिंह के नाम के आगे श्रीमहाराजाधिराज उपाधि का प्रयोग होने की जानकारी प्राप्त होती है। जमुवारामगढ़ (जयपुर) स्थित गणेश मंदिर के शिलालेख से भी तत्कालीन राजा सवाई माधोसिंह के नाम के पूर्व महाराजाधिराज की पदवी अंकित होने की जानकारी मिलती है। इसी गणेश मंदिर के शिलालेख व झर (झिर) स्थित बावड़ी के शिलालेख से तत्कालीन मुगल बादशाहों क्रमशः आलमशाह व फरूर्खसियर का उल्लेख होता है। चौमूं स्थित सीताराम जी के मंदिर के शिलालेख में हमें साहदतराम, संकरराम और किसनराम जैसे कामदारों का उल्लेख मिलता है। जमुवारामगढ़ स्थित प्राचीन गणेश मंदिर के शिलालेख[9] संवत् ़ 1819 में जयपुर के राजा सवाई माधोसिंह के समय में किसी गुलाबराय सिसोदिया नाम के कोतवाल का उल्लेख मिलता है। उपर्युक्त इसी शिलालेख से ही किसी नायब भय्या के द्वारा दूल्हराय मंदिर बनाने की जानकारी प्राप्त होती है। झर (झिर) स्थित बावड़ी के शिलालेख (संवत् 1769), तूंगा स्थित सूरजमल शेखावत के स्मारक शिलालेख[10] संवत् 1886 और खण्ड़ेला (सीकर) स्थित शिलालेख संवत् 1749 से दरोगा पद की पुष्टि होती है। दौसा स्थित रघुनाथ मंदिर के शिलालेख संवत् 1864 में कीलादार पदाधिकारी की जानकारी प्राप्त होती है। दौसा स्थित उपर्युक्त शिलालेख से ही पहरेदार नामक पदाधिकारी का उल्लेख भी मिलता है। शहर (करौली) के तालाब वाले शिव मंदिर के शिलालेख[11] संवत् 1824 व बोराज (जयपुर) स्थित जवान सिंह स्मारक–शिलालेख[12] संवत् 1843 से हमें पटेल पदाधिकारी की जानकारी प्राप्त होती है।

16वी से 19वी शताब्दी के दौरान जयपुर रियासत के शिलालेखों से तत्कालीन समाज में नारी की स्थिति पर आवश्यक रूप से प्रकाश पड़ता है। अचरोल स्थित बावड़ी के शिलालेख में ठाकुर रणजीतसिंह अपनी पुत्री ईंद कंवर के विवाह के उपलक्ष्य में बावड़ी का निर्माण करवाया । इस शिलालेख से राज परिवारों में लड़कियों की सम्पन्न व सम्माननीय स्थिति तथा उनकी लोककल्याण की भावना पर भी प्रकाश पड़ता है। पुराना घाट (घाट की गुणी) के शिलालेख , इसके थोड़ी दूर महादेव की बावड़ी स्थित शिलालेख बाँसखों, बिहारी जी के मंदिर के शिलालेख और जोबनेर स्थित रूपकंवरि की बावड़ी के शिलालेख[13] से भी हमें तत्कालीन समय में दासियों , राजकुमारीयों, रानियों आदि का समाज में आदरपूर्ण एंव सम्माननीय स्थान था।

इसके अतिरिक्त अभिलेखीय साक्ष्यों से जयपुर रियासत में सती प्रथा के साक्ष्य भी मिलते है। सतीप्रथा के सम्बन्ध में यह ज्ञातव्य है कि मध्ययुग में साधारणतः स्त्रियाँ पातिव्रत्य प्रेम के वशीभूत होकर प्रायः स्वेच्छा से सती होती थी । हमारे अध्ययन कालीन शिलालेखों एवं स्मारकों में अचरोल स्थित ठाकुर शिवसिंह की छतरी का शिलालेख[14] सवंत् 1819 प्रमुख है जिससे ज्ञात होता है कि ठाकुर शिवसिंह जयपुर महाराजा की ओर से मराठों के विरूद्ध लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होने पर उनकी कूँपावत रानी सती हुई थी । नींदड़ (हरमाड़ा) के जुझार सिंह के स्मारक शिलालेख[15] (संवत् 1782) से रावत जुझार सिंह की मृत्युपरान्त उनकी रानी सदाकुँवर के सती होने का उल्लेख मिलता है। साथ ही झुंझुनु स्थित संवत् 1828 के शेखावतों के सती–स्मारक[16] से खेतड़ी के शासक भोपालसिंह के लोहारू युद्ध में मृत्युपरान्त उनकी पत्नी सूरजकंवर चाँपावत के सती होने के प्रमाण मिले है।

अध्ययन क्षेत्र के अभिलेखों से ज्ञात होता है कि राजघरानों में बहुपत्नीत्व प्रथा का प्रचलन था। सांगानेर के समीप वाटिका में कुंवर कल्याण सिंह के स्मारक–शिलालेख[17] संवत् 1920 से जानकारी होती है कि 1863 ई. में वहाँ के कुंवर कल्याण सिंह की मृत्युपरान्त उनकी दो पत्नियाँ मेड़तण जी जैतकंवर और राणावत जी विजयकंवर सती हुई । दूदू (जयुपर) खंगारोत शासकों के सती शिलालेख[18] 1813 ई. से ठाकुर जीवन सिंह के पुत्र कुंवर फतेहसिंह की मृत्युपरान्त उनकी दो कुंवरानियों के सती होने का उल्लेख मिलता है ।

अभिलेखीय साक्ष्यों में सामाजिक– सांस्कृतिक जीवन की श्रृंखला में उत्सवों व मेलों के आयोजन की जानकारी प्राप्त होती है। दौसा स्थित रघुनाथ मंदिर में उत्कीर्ण शिलालेख[19] संवत् 1864 से बसंत पंचमी के मेले की जानकारी प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त बाँसखों में बिहारी जी के मंदिर के शिलालेख संवत् 1937 से अन्नकूट उत्सव का भी उल्लेख मिलता है। रियासतकालीन उत्सवों में अन्नकूट उत्सव का महत्वपूर्ण स्थान था।

16 से 19 वीं शताब्दी कालीन जयपुर रियासत के अभिलेखीय साक्ष्यों में बाँसखो के बिहारी मंदिर का शिलालेख[20] 1937 संवत् प्रमुख हैं जिसके अन्तर्गत बाँसखो की ठकुरानी जगमालोत कुम्भाणी के द्वारा बिहारी जी के मंदिर की प्रतिष्ठा करवाने और बिहारी जी के भोग के लिए राज्य के कोठार (अन्न भण्डार) से घी, बाजरा, चीनी, पतासा, तेल, नमक,गुड, चोंला (मोठ) , धनिया, आटा और चावल आदि खाद्य–सामग्री का उल्लेख होता है। लवाण (बांसखो) में तालाब स्थित शिलालेख[21] से सिंघाड़े की खेती के प्रमाण भी मिले है।

अभिलेख में खान–पान के अतिरिक्त आमोद–प्रमोद और मनोरंजन के साधनों का भी उल्लेख किया गया है। मोरीजा स्थित ठाकुर फतेहसिंह के छतरी–स्मारक[22] (संवत् 1885 ) की भीत्तरी दीवारों पर हाथियों की लड़ाई मल्लयुद्ध, आखेट(शिकार) आदि उत्कीर्ण चित्र प्राप्त हुये है जो कि उस समय के प्रमुख मनोरंजन साधनों में थे। सीकर स्थित (कटराथल) का शिलालेख[23] संवत् 1824 और पाटोदा स्थित जुझार शिलालेख[24] संवत् 1885 से घुड़सवारों की आकृति का उल्लेख होता है। शायद रियासतकाल में घुड़सवारी भी मनोविनोद का साधन रहा हो।

शिलालेखों एंव स्मारकों के हमारे अध्ययनकालीन जयपुर रियासत के शासकों द्वारा लोकोपकारी कार्यो के किये जाने का उल्लेख मिलता है। इन कार्यो में तालाब, कुँए , बावड़ी आदि का निर्माण प्रमुख थे जिनका उद्देश्य सामान्य जनता के लिए पेयजल व कृषि की सिंचाई हेतु पानी की सुविधा उपलब्ध करवाना था।[25] अचरोल स्थित बावड़ी शिलालेख[26] संवत् 1920 से विदित होता है ठाकुर रणजीतसिंह ने अपनी पुत्री ईद कंवर के विवाह के अवसर पर बावड़ी बनवाकर प्रजा के लिए पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने की जानकारी प्राप्त होती है। घाट की गुणी (जयपुर) के बावड़ी शिलालेख संवत् 1886 से ज्ञात होता है कि इस कुण्ड ( बावड़ी) को महाराजा सवाई जयसिंह तृतीय की एक धाय रंग बरस ने जन सेवार्थ बनवाया था। जोबनेर स्थित रूपकुंवरि की बावड़ी के शिलालेख से ज्ञात होता है कि यहां के शासक मनोहर दास की पुत्री रूपकुंवरि द्वारा पुण्यार्थ बावड़ी का निर्माण करवाये जाने का उल्लेख मिलता है। इनके अतिरिक्त खण्ड़ेला स्थित माजी की बावड़ी के शिलालेख[27] संवत् 1749 से ज्ञात होता है कि इस बावड़ी का निर्माण खण्ड़ेला के राजा बहादुर सिंह की पत्नी ने जनता की पेयजल सुविधा हेतु करवाया था। इस प्रकार अभिलेखीय साक्ष्यों में जयपुर रियासत का सामाजिक –सांस्कृतिक जीवन की झांकी विविध रूपों में देखने को मिलती है। ये अभिलेख शासकीय है अतः इनका अध्ययन सावधानीपूर्वक किया जा रहा है । इनमें प्रसंगवश तत्कालीन समाज , सामाजिक व्यवस्था और परम्पराओं का जिक्र मिलता है जो तत्कालीन संस्कृति को समझने के लिए महत्वपूर्ण स्त्रोत है। राजपरिवारों की महिलाओं द्वारा बावड़ियों, मंदिरों का निर्माण करवाना या दान देने से उच्च वर्ग की महिलाओं की स्थिति का द्योतक है तो समाज में सती प्रथा जैसी व्यवस्था भी दिखाई देती है।[28]

जयपुर रियासत कालीन ये अभिलेख हमें तत्कालीन सांस्कृतिक व्यवस्था से अवगत करवाते है। तत्कालीन समाज में मेलों, उत्सवों और परम्पराओं की जानकारी मिलती है तथा प्रसंगवश विभिन्न जातियों

